एकीकृत
वार्षिक रिपोर्ट 2021-22

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स
BHARAT ELECTRONICS
QUALITY, TECHNOLOGY, INNOVATION

सीमाओं का विस्तार

वैश्विक आकार निर्माण

विषय-सूची

01
कार्पोरेट अवलोकन

02 कंपनी का अवलोकन

08 हमारी गहन व विविधीकृत सक्षमताएं

10 वर्ष की प्रमुख बातें

12 अध्यक्ष का पत्र

16 निदेशक मंडल

18 वरिष्ठ प्रबंधन

22 हमारा कारोबारी मॉडल

24 अपने पणधारकों के साथ हमारे संबंध

27 हमारे प्रचालनीय परिवेश में जोखिमों को प्रभावी ढंग से कम करना

28 वित्तीय पूंजी

30 निर्मित पूंजी

33 बौद्धिक पूंजी

36 मानव पूंजी

38 सामाजिक एवं संबंध पूंजी

40 प्राकृतिक पंजी

42 दशक में संधारणीयता निष्पादन

43
सांविधिक रिपोर्ट

43 मंडल की रिपोर्ट

57 अनुलग्नक 1
फॉर्म नं. एओसी-II

58 अनुलग्नक 2
सीएसआर कार्यकलापों पर वार्षिक रिपोर्ट

67 अनुलग्नक 3
सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट

70 अनुलग्नक 4
प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट

89 अनुलग्नक 5
कार्पोरेट अभिशासन रिपोर्ट

109 अनुलग्नक 6
संधारणीयता रिपोर्ट

112 अनुलग्नक 7
कारोबारी दायित्व रिपोर्ट (बीआरआर)

121
वित्तीय विवरण

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण

121 स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट

136 सी एंड एजी की टिप्पणियां

138 तुलन-पत्र

140 लाभ व हानि का विवरण

141 इक्विटी परिवर्तन का विवरण

143 नकदी प्राप्ति विवरण

145 लेखों की टिप्पणियां

207 उल्लेखनीय लेखा नीतियां

समेकित वित्तीय विवरण

217 स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट

226 सी एंड एजी की टिप्पणियां

228 तुलन-पत्र

230 लाभ व हानि का विवरण

232 इक्विटी परिवर्तन का विवरण

234 नकदी प्राप्ति विवरण

236 लेखों की टिप्पणियां

302 उल्लेखनीय लेखा नीतियां

अधिक जानकारी के लिए, देखें
www.bel-india.in

हमारी वार्षिक रिपोर्ट 2021-22 डाउनलोड करने के लिए क्यू.आर. कोड स्कैन करें

प्रगामी विवरण

इस रिपोर्ट में हमारे कारोबारी प्रचालनों से संबंधित कुछेक विवरण प्रगामी विवरण हैं। इनमें ऐतिहासिक तथ्य के अलावा सभी विवरण शामिल हैं जिनमें वित्तीय स्थिति, कारोबारी रणनीति, प्रबंधन की योजनाएं और भावी प्रचालनों के उद्देश्य से संबंधित विवरण शामिल हैं। प्रगामी विवरणों को 'विश्वास', 'प्राक्कलन', 'प्रत्याशा', 'अपेक्षा', 'आशय', 'हो सकता है', 'होगा', 'योजनाएं', 'दृष्टिकोण' और भावी प्रचालन या वित्तीय निष्पादन की चर्चा के संबंध में यही अर्थ देने वाले अन्य शब्दों द्वारा अभिचिह्नित किए जा सकते हैं।

प्रगामी विवरण आवश्यक रूप से ऐसी मान्यताओं, डेटा या विधियों पर निर्भर होते हैं जो गलत या अस्पष्ट हो सकते हैं और जिन्हें साकार नहीं किया जा सकता, इसलिए, ये भावी परिणामों की गारंटी के लिए आशयित नहीं होते लेकिन उचित मान्यताओं के आधार पर हमारी चालू अपेक्षाएं तय करते हैं। वास्तविक परिणाम विभिन्न घटनाओं, जोखिमों, अनिश्चितताओं तथा अन्य कारकों के कारण किसी प्रगामी विवरण में अनुमानित बातों से महत्वपूर्ण रूप से अलग हो सकते हैं। हम नई सूचना, भावी घटनाओं या अन्यथा के परिणामस्वरूप, किसी भी प्रगामी विवरण के संबंध में कोई दायित्व नहीं लेते हैं और न ही उसे अद्यतन या पुनरीक्षित करने का आशय रखते हैं।

रिपोर्ट के बारे में

रिपोर्टिंग का आधार

वित्त वर्ष 2021-22 से शुरु करते हुए हमने भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) में एसएएसबी के साथ विलय होने के परिणामस्वरूप गठित पूर्ववर्ती इंटरनेशनल इंटीग्रेटेड रिपोर्टिंग काउंसिल जो अब वैल्यू रिपोर्टिंग फाउंडेशन (वीआरएफ) है, के एकीकृत रिपोर्टिंग <आईआर> सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए अधिक पूर्ण रिपोर्टिंग की ओर अपना पहला कदम उठाया है। हमारी इस पहली रिपोर्ट में, हमने <आईआर> व्यवस्था में बताए गए अनुसार कुछ मार्गदर्शी सिद्धांतों और सामग्री को शामिल किया है। आगे की रिपोर्टों में हम अधिक सामग्री शामिल करना चाहते हैं।

इस रिपोर्टिंग द्वारा, हम छह पूंजियों - वित्तीय, निर्मित, मानव, बौद्धिक, सामाजिक व संबंध तथा प्राकृतिक पूंजियों का उपयोग करते हुए अपनी मूल्य सृजन प्रक्रिया पर समग्र दृष्टि डालना चाहते हैं। समय के साथ-साथ मूल्य सृजित करने के लिए हम अपने दृष्टिकोण में रणनीतिक चर्चा के साथ-साथ अपने प्रचालनीय परिवेश और प्रशमन कार्यों में शामिल जोखिमों का भी विवरण प्रदान करेंगे। इस प्रकार की रिपोर्टिंग दुनिया भर में सर्वोत्तम पद्धति के रूप में उभरी है क्योंकि इससे सांविधिक मानदंडों के अतिरिक्त सूचना (वित्तीय और गैर-वित्तीय दोनों) प्राप्त होती है और वित्तीय पूंजी प्रदाताओं को कंपनी के साथ उनकी संबद्धता से संबंधित निर्णय बेहतर तरीके से लेने में मदद मिलती है।

रिपोर्टिंग के सिद्धांत

हमने यह रिपोर्ट कंपनी अधिनियम, 2013 (और उसके तहत बनाए गए नियम), भारतीय लेखा मानक, सेबी (सूचीकरण के दायित्व एवं प्रकटीकरण की आवश्यकताएं) विनियम, 2015 और सचिवीय मानकों के अनुसार तैयार किए हैं। हमने वीआरएफ की <आईआर> व्यवस्था का भी पालन किया है।

रिपोर्टिंग की सीमा, अवधि और कार्यक्षेत्र

इस रिपोर्ट में 1 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022 तक की अवधि के लिए बीईएल और उसकी सहायक कंपनी बीईएल ऑप्ट्रानिक डिवाइसेस लिमिटेड (बेलॉप) और बीईएल-थालेस सिस्टम्स लिमिटेड (बीटीएसएल) की वित्तीय और गैर-वित्तीय सूचनाएं और कार्यकलाप शामिल हैं। इसमें 16 जुलाई 2022 तक की मंडल की बैठकों की महत्वपूर्ण सूचना, यदि कोई हो, दी गई है।

पूंजी का परिचय

वित्तीय पूंजी

यह हमारे पास उपलब्ध विभिन्न प्रकार की पूंजी (ऋण एवं इक्विटी) को और जिसे हम दीर्घकालीन कारोबारी विकास करने के लिए और अपने शेयरधारकों के लिए अधिशेष सृजित करने के लिए अपने कारोबार में दूरदर्शिता को दर्शाती है।

निर्मित पूंजी

यह हमारी भौतिक अवसंरचना को दर्शाती है जिसमें उत्पादन बढ़ाने के लिए हमारे द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रचालनीय उपायों के साथ-साथ निर्माणी संयंत्र और उपकरण शामिल हैं।

मानव पूंजी

यह हमारे कर्मचारियों की जानकारी, कौशल और अनुभव तथा हमारे द्वारा उनके नियोजन और अभिप्रेरण के लिए किए गए निवेश को दर्शाती है। वे कंपनी का प्रतिनिधित्व करते हैं और मूल्य वर्धन में हमारी मदद करते हैं।

रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक नवरत्न सार्वजनिक क्षेत्र की उद्यम, बीईएल दुनिया भर में मान्यताप्राप्त इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरी कंपनी है। इलेक्ट्रॉनिक्स और साफ्टवेयर में हमारी विशेषज्ञता से चलित और नवोन्मेष की गहन आकांक्षा से, हम महत्वपूर्ण समाधानों से भारतीय रक्षा बलों और अपने देश को सशक्त बनाने में अग्रणी रहे हैं। हमने इस विशेषज्ञता को असैनिक तथा निर्यात ग्राहकों के लिए बहु-विषयक समाधान विकसित करने हेतु विविधीकरण करने के लिए इस विशेज्ञता को बढ़ाया भी है।

बाज़ार में अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों के विकसित होने और विश्व में भारत का महत्व स्थिरता से बढ़ने से, हम मानते हैं कि अपनी स्थिति को अधिक मज़बूत बनाने और अगले स्तर पर जाने का यह उपयुक्त समय है।

नई पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए हम लगातार आर एंड डी में निवेश करते आ रहे हैं और दुनिया की अग्रणी फर्मों के साथ गठबंधन करते आ रहे हैं। विकास और संविदा निर्माण की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए हम अपनी निर्माणी क्षमताओं को बढ़ा रहे हैं। हम वैश्विक कार्यालय खोल रहे हैं और वैश्विक सरकारों और ओ.ई.एम. के साथ संबंध बढ़ा रहे हैं। मज़बूत क्षमता निर्माण प्रोग्राम के साथ हम अपनी मानव पूंजी को सशक्त बना रहे हैं।

बीईएल में, हम रणनीतिक रक्षा और ऑफसेट साझेदार के रूप में अधिक बड़ी भूमिका निभाने (और मेक इन इंडिया में सहयोग देने), वैश्विक आकार बढ़ाने और अपने पणधारकों के लिए मूल्य सृजन करने के लिए पूरी तरह तत्पर हैं।

बौद्धिक पूंजी

यह गहन जानकारी, प्रक्रियाएं, अनुसंधान व विकास (आर एंड डी) सक्षमताओं और सूचना प्रौद्योगिकी की अवसंरचना जिसमें हम अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता को सशक्त बनाने के लिए निरंतर निवेश कर रहे हैं, को दर्शाती है। रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में प्रौद्योगिकीय नेतृत्व के साथ यह प्रमुख भूमिका निभाती है।

सामाजिक एवं संबंध पूंजी

यह सौहार्द्रपूर्ण और सहयोगी संबंधों को दर्शाती है जो हमारे पूर्ति कड़ी साझेदारों, ग्राहकों (रक्षा और गैर-रक्षा), अन्य कारोबारी साझेदारों तथा पणधारकों और समग्र रूप से समुदाय के साथ बनते हैं। इन संबंधों से हमें कारोबार प्रभावी ढंग से संचालित करने और एक विश्वसनीय साझेदार के रूप में अपनी प्रतिष्ठा को सशक्त बनाने में मदद मिलती है। समुदाय हमें अपना कारोबार संचालित करने में सामाजिक रूप से मदद करते हैं।

प्राकृतिक पूंजी

यह विभिन्न अक्षय और गैर-अक्षय संसाधनों को दर्शाता है जिनका उपयोग हम परिणामी पर्यावरण प्रभाव के साथ-साथ मूल्य वर्धन के लिए अपने कारोबार में करते हैं।

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स - दुनिया भर में मान्यताप्राप्त इलेक्ट्रॉनिक कंपनी

हम बहु-उत्पाद, बहु-प्रौद्योगिकी और बहु-यूनिट वाली कंपनी है जिसे छह दशकों से अधिक समय का अनुभव है। हमारे पास विविध क्षेत्र में दुनिया भर के ग्राहकों की बढ़ती ज़रूरतों को पूरा करने के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों सहित, रणनीतिक इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों/प्रणालियों की व्यापक श्रृंखला की डिज़ाइन, विकास निर्माण और आपूर्ति की क्षमताएं हैं।

हम भारतीय रक्षा खंड में मुख्य आपूर्तिकर्ता हैं और असैनिक व निर्यात खंड में हमारी मौजूदगी बढ़ रही है। हमारी प्रौद्योगिकी और गुणता उत्कृष्टता और उत्कृष्ट निष्पादन देने वाले नवोन्मेषी समाधान विकसित करने की क्षमता से हमारी अच्छी प्रतिष्ठा है।

₹15,044 करोड़

कुल कारोबार*

₹57,570 करोड़

1 अप्रैल 2022 को आदेश बही (यूएसडी 269 मिलियन के निर्यात आदेश सहित)

*वित्त वर्ष 2021-22

दृष्टि

पेशेवर इलेक्ट्रॉनिकी में विश्व-स्तरीय उद्यम बनना ।

ध्येय

रक्षा इलेक्ट्रॉनिकी और पेशेवर इलेक्ट्रॉनिकी के अन्य चुने हुए क्षेत्रों में गुणता, प्रौद्योगिकी और नवीनता के जरिए ग्राहक-केन्द्रित, वैश्विक प्रतिस्पर्धी कंपनी बनना ।

मूल्य

- ग्राहक को सर्वोपरि रखना।
- पारदर्शिता, ईमानदारी और सत्यनिष्ठा से कार्य करना।
- व्यक्तियों पर विश्वास करना और उनका सम्मान करना।
- टीम भावना को पोषित करना।
- अत्यधिक कर्मचारी-संतुष्टि प्राप्त करने का प्रयास करना।
- लोचता और नवीनता को प्रोत्साहित करना ।
- अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों को पूरा करने का प्रयत्न करना ।
- संगठन का हिस्सा होने पर गर्व होना।

उद्देश्य

- गुणता, सुपुर्दगी और सेवा की मांगों को पूरा करते हुए अत्याधुनिक उत्पादों व समाधानों को प्रतिस्पर्धी कीमतों में प्रदान करते हुए ग्राहक-केन्द्रित कंपनी बनना ।
- लाभप्रद विकास हेतु आंतरिक संसाधनों को सृजित करना ।
- संस्थागत अनुसंधान व विकास, रक्षा / अनुसंधान प्रयोगशालाओं तथा शैक्षणिक संस्थानों के साथ साझेदारी के जरिए रक्षा इलेक्ट्रॉनिकी में प्रौद्योगिकीय नेतृत्व हासिल करना ।
- निर्यात पर जोर देना ।
- लोगों के लिए सतत् शिक्षण व टीम-कार्य के जरिए उनकी पूरी क्षमता को प्राप्त कराने हेतु सुविधापूर्ण परिवेश सृजित करना ।
- ग्राहकों को उनके धन का पूरा प्रतिफल प्रदान करना और शेयरधारकों हेतु संपदा सृजित करना ।
- कंपनी के निष्पादन को अंतर्राष्ट्रीय रूप से सर्वोत्कृष्ट श्रेणी के साथ सतत् रूप से निर्देश-चिह्नित करना ।
- विपणन क्षमताओं को वैश्विक मानकों तक बढ़ाना ।
- स्वदेशीकरण के माध्यम से आत्म-निर्भरता का प्रयत्न करना ।

8,853

कर्मचारी#

₹ 11,984 करोड़

निवल मालियत#

यथा 31 मार्च 2022

हमारी प्रचालन संरचना

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड

बीईएल ऑप्ट्रानिक डिवाइसेस लिमिटेड (बेलॉप)
(पूर्ण-स्वामित्व की सहायक कंपनी)
रात्रि दर्शी युक्तियों में प्रयुक्त इमेज इन्टेंसीफायर ट्यूब और शीतलित थर्मल इमेजर अनुप्रयोगों के लिए डेवार असेंबली की निर्माता।

बीईएल-थालेस सिस्टम्स लिमिटेड (बीटीएसएल)
(सहायक कंपनी - 74% हिस्सा)
भारतीय तथा वैश्विक बाज़ार के लिए और अन्य अंतिम प्रयोक्ताओं के लिए असैनिक और चयनित रक्षा रेडारों की डिज़ाइन, विकास, विपणन, आपूर्ति और समर्थन।

जीई बीई प्राइवेट लिमिटेड (जीईबीईएल)
(जे.वी. - 26% शेयरधारण)
मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स के पुर्जे और एक्स-रे ट्यूबों का निर्माण

डिफेंस इन्नोवेशन ऑर्गेनाइज़ेशन (डीआईओ)
(50% शेयरधारण)
रक्षा क्षेत्र में नवोन्मेष का वित्त-पोषण करने वाली 'अलाभार्थ' कंपनी

मेक इन इंडिया की मुख्य योगदानकर्ता

निजी सहभागिता को प्रोत्साहन

- भारतीय संस्थानों से अधिक खरीद और बाह्यस्रोतण।
- नियुक्त नोडल अधिकारियों के साथ बाह्यस्रोतण और पूर्तिकर्ता विकास नीति।
- लागत अनुलाभ प्राप्त करने और निजी क्षेत्र की सक्षमताओं का लाभ लेने के लिए बाह्यस्रोतण।

सहयोगात्मक आर एंड डी और स्वदेशीकरण

- आर एंड डी और उत्पाद डिज़ाइन प्रयासों को बढ़ाने के लिए कंपनियों, संस्थानों, शैक्षिक संस्थानों और विशेषज्ञों / सलाहकारों के साथ सहयोग बढ़ाना।
- स्वदेशीकरण करने की मदों की पहचान।

परीक्षण सेवाएं

- निजी संस्थाओं और स्टार्ट-अप को सामग्री / उप-प्रणाली/ उपकरण परीक्षण की सुविधा।

एमएसएमई और स्टार्ट-अप से खरीद

- एमएसएमई के लिए 358 मदों को आरक्षित करते हुए उनके लिए सार्वजनिक खरीद नीति।
- वित्त वर्ष 2021-22 में 25% की अनिवार्यता के समक्ष कुल घरेलू खरीद का 31% एमएसई से।
- सरकारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए TReDS प्लेटफार्म, जेम, एमएसएमई संबंध और एमएसएमई समाधान पोर्टलों का उपयोग।
- स्टार्ट-अप से खरीदे गए रक्षा इलेक्ट्रॉनिक एप्लीकेशनों के लिए मशीन लर्निंग, सायबर सुरक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, एम्बेडेड कंप्यूटिंग और अन्य नवीनतम प्रौद्योगिकियां।

हमारी वैश्विक पहचान



मुख्यालय

बेंगलूरु

निर्माणी यूनिटें

बेंगलूरु, गाज़ियाबाद, पुणे, मछिलिपट्टणम, पंचकूला, चेन्नै, कोटद्वार, हैदराबाद, नवी मुंबई

विदेश स्थित कार्यालय

यूएसए (न्यूयॉर्क), सिंगापूर, ओमान, श्रीलंका, वियतनाम, म्यांमार

विपणन कार्यालय

राष्ट्रीय विपणन - नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय विपणन - नई दिल्ली

सिविलियन विपणन - नई दिल्ली

क्षेत्रीय/संपर्क कार्यालय

बेंगलूरु, दिल्ली, मुंबई, विशाखापट्टणम, कोलकाता, नागपूर, आगरा

क्षेत्रीय उत्पाद समर्थन केंद्र (आरपीएससी)

दिल्ली, कोच्चि, गुवाहाटी, कोलकाता, पोर्ट ब्लेयर, मुंबई, विशाखापट्टणम, जम्मू, चंडीगढ़, इलाहाबाद, जोधपुर, सुलूर, भटिंडा, वडसार, बागडोगरा

केंद्रीय अनुसंधान प्रयोगशालाएं (सीआरएल)

बेंगलूरु, गाज़ियाबाद

वाटर फ्रंट सपोर्ट सेंटर (डबल्यूएफएससी)

चेन्नै, पोर्ट ब्लेयर, कोच्चि, कारवार, वैजाग, कोलकाता, मुंबई

उत्पाद विकास एवं नवोन्मेष केंद्र (पीडी एंड आईसी)

बेंगलूरु

हमारी गहन व विविधीकृत सक्षमताएं

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड में, हमने भारतीय और अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों में रक्षा और गैर-रक्षा दोनों खंडों में मज़बूत प्रतिस्पर्धी स्थिति तैयार की है। इस विविधीकरण से प्रचालन की स्थिरता सुनिश्चित होती है और दीर्घकाल में कार्यक्षेत्र बढ़ाने के अवसर मिलते हैं।

रक्षा

संक्षिप्त विवरण - हम भारतीय रक्षा बलों के लिए व्यापक श्रेणी के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, प्रणालियां और सेवाएं विकसित करते हैं। ये हमारी नौ यूनिटों में निर्मित किए जाते हैं जहां 24 रणनीतिक कारोबारी यूनिटें (एसबीयू) हैं।

उत्पाद की सक्षमताएं

रेडार और फायर कंट्रोल सिस्टम, शस्त्र प्रणालियां, संचार, नेटवर्क केंद्रित प्रणालियां (सी4आई), इलेक्ट्रॉनिक युद्धपद्धति प्रणालियां, वैमानिकी, पनडुब्बी-रोधी युद्धपद्धति प्रणालियां और सोनार, इलेक्ट्रो-ऑप्टिक्स, टैंक इलेक्ट्रॉनिक्स, गन अपग्रेड, रणनीतिक घटकों में हमारे पास गहन प्रक्षेत्र ज्ञान और प्रमुख सक्षमताएं हैं।

हमने हाल ही में हथियार और गोला-बारूद, सीकर और मिसाइल, नेटवर्क और सायबर सुरक्षा तथा मानवरहित प्रणालियों में विविधीकरण किया है।

वित्त वर्ष 2021-22 की झलकियां

- एलसीए तेजस लड़ाकू विमान के लिए हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से रु. 2,400 करोड़ का अब तक का सबसे बड़ा वैमानिकी आदेश प्राप्त किया
- भारतीय वायु सेना (आईएएफ) से अब तक का सबसे बड़ा ठेका प्राप्त किया - लड़ाकू विमान के लिए उन्नत इलेक्ट्रॉनिक युद्धपद्धति सुट के लिए रु. 1,993 करोड़ और इंस्ट्रुमेंटेड इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर रेंज (आईईडबल्यूआर) के लिए रु. 1,109 करोड़ का ठेका
- एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए (i) एसएफसी-एनर्जी-एजी (जर्मनी) और एफसी टेक-इंडिया (फ्यूल सेल) (ii) भारतीय थलसेना (रक्षा अनुप्रयोगों के लिए ए.आई. समाधान) और (iii) एआईएफ (रक्षा शस्त्र और सोनार, रेडार, आईएसीसीएस, अंतरिक्ष, सायबर, ईडबल्यू एंड ए, यूएएस और काउंटर यूएएस, आईटी)
- भारतीय नौसेना के साथ संयुक्त प्रौद्योगिकी इनक्यूबेशन फोरम (टीआईएफ) स्थापित

गैर-रक्षा

संक्षिप्त विवरण - हम चयनित एसबीयू के माध्यम से असैनिक बाज़ार के लिए उत्पाद और समाधान विकसित करते हैं। हमारे पास होमलैंड सुरक्षा और स्मार्ट सिटी (एचएस और एससी) कारोबार के लिए विशेष एसबीयू है और विकास के अधिक अवसरों के लिए बेंगलूरु यूनिट में मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स एवं समाधान हेतु विशेष संस्थापना है।

उत्पाद की सक्षमताएं

हमारे पास इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीन (ईवीएम) और वीवीपैट, एचएस एंड एससी, साप्टवेयर समाधान / सेवाएं, स्वास्थ्य देखभाल समाधान, नागरी विमानन और सोलार सेल / शक्ति संयंत्रों के मुख्य क्षेत्रों की सक्षमताएं हैं।

हमने रेलवे/मेट्रो/विमानपत्तन समाधान, अंतरिक्ष इलेक्ट्रॉनिक्स एवं प्रणालियां, विद्युत वाहन चार्जिंग की अवसंरचना, वैकल्पिक ऊर्जा के समाधान, सेक्योर संचार समाधान और साफ्टवेयर में भी विविधीकरण किया है।

वित्त वर्ष 2021-22 की झलकियां

- एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए (i) डीएमआरसी (मेट्रो के लिए सुपर एससीएडीए) (ii) बीपीएल मेडिकल टेक्नालाजीस (ऑक्सीजन कान्सेंट्रेटर के लिए) (iii) ड्रोनडेक कार्पोरेशन, यूएसए (स्मार्ट मेलबॉक्स के लिए) (iv) बॉश ग्लोबल साफ्टवेयर टेक्नालाजीस (ई-गवर्नेंस, ईआरपी और क्लाउट समाधान के लिए) (v) एएआई (एकीकृत एटीएम स्वचालन प्रणाली और उन्नत सतह संचलन गाइडेंस और कंट्रोल सिस्टम के लिए)
- **सर्वोत्तम निष्पादन** - एचएस एंड एससी परियोजनाएं, केरल फायबर ऑप्टिक नेटवर्क, मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स आदि
- कॉम्पैक्ट इनडोर रोबोटिक विहाइकल और ऑक्सीजन कानसेंट्रेटर के नए उत्पाद सफलतापूर्वक विकसित किए।

हमारे उत्पादों और सेवाओं के बारे में अधिक जानकारी हमारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

मुख्य राजस्व स्रोत

उत्पादों की बिक्री से आय

रक्षा और गैर-रक्षा उत्पादों की बिक्री हमारे राजस्व का मुख्य स्रोत है। कारोबार के मौजूदा क्षेत्रों और विविधीकरण के नए क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों का लाभ लेने के लिए हम निर्माणी और आर एंड डी सुविधाओं के आधुनिकीकरण / सृजन और विपणन नेटवर्क में लगातार निवेश कर रहे हैं।

सेवाओं से आय

रक्षा / गैर-रक्षा की आवश्यकताओं में उत्पाद समर्थन आवश्यकताएं प्रदान करने के लिए हमारे पास अपने वैश्विक ग्राहकों के समीप समर्थन केंद्रों (आरपीएससी, डबल्यूएफएससी और संपर्क कार्यालय) का व्यापक नेटवर्क है। लगभग 300 सेवा इंजीनियरों और पर्याप्त पुर्जों के समर्थन से, वे रक्षा की जटिल प्रणालियों का समय पर अनुरक्षण करते हैं।

निर्यात

हम विदेशों और वैश्विक ओईएम को उत्पाद और प्रणालियों का निर्यात करते हैं। उनकी आवश्यकताओं के आधार पर, विदेश मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय के साथ वार्ता की जाती है। हमने वर्तमान और भावी ग्राहकों के साथ अच्छे संबंध स्थापित किए हैं और ऑफसेट के दायित्वों को पूरा करने के लिए ओईएम को मदद करने के अवसरों पर ध्यान दे रहे हैं। हम दुनिया भर के बाज़ारों में नागरी और चिकित्सा संबंधी उपकरणों के अवसरों का भी पता लगा रहे हैं।

वित्त वर्ष 2021-22 की झलकियां

- **कीन्या, चिली, सूरीनाम, मलेशिया, नेपाल और बांग्लादेश में नए स्थानीय साझेदारों के साथ सहयोग**
- **जी2जी और सरकारी निविदा के अवसरों का अनुसरण**
- **ओईएम के साथ वैश्विक आपूर्ति कड़ी साझेदारों का पैनल तैयार करते हुए संविदा निर्माण पोर्टफोलियो बढ़ाया**
- **साफ्टवेयर सक्षमताओं और ए.आई. पर आधारित टर्नकी समाधान अवसरों का पता लगाया**
- **भारतीय प्लेटफार्म निर्माताओं के साथ रणनीतिक सहयोग और देश में एक मज़बूत समर्थन तैयार करने के लिए करार पर हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया शुरु की**
- **वैश्विक बाज़ारों की ज़रूरतें पूरी करने के लिए विदेशी ओईएम के सथ रणनीतिक गठबंधन प्रस्तावित**

कुल कारोबार के अलग-अलग आंकड़े

ग्राहक प्रकार द्वारा



रक्षा
₹ 13,504 करोड़

गैर रक्षा
₹ 1,540 करोड़

स्रोत द्वारा



उत्पादों की बिक्री
₹ 13,353 करोड़

सेवाएं
₹ 1,455 करोड़

निर्यात
₹ 236 करोड़

वर्ष की प्रमुख घटनाएं

वित्त वर्ष 2021-22 भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के लिए रोमांचक वर्ष रहा और हमने अनेक चुनौतीपूर्ण परियोजनाएं पूरी की और निर्यात सहित अनेक प्रतिष्ठित परियोजनाएं प्राप्त की जो हमारी वैश्विक मौजूदगी को मज़बूत करेंगे।

क्रिटिकल टू कस्टमर (सीटीसी) परियोजनाओं का सफल निष्पादन

- रक्षा बलों के लिए मिसाइल, नियंत्रण व चौकसी प्रणालियां
- सी4आई प्रणाली
- एएफनेट निष्पादन / सुरक्षा वर्धन तथा सैटकॉम नेटवर्क
- एकीकृत पेरीमीटर सेक्योरिटी सिस्टम
- वाहन आधारित शेल्टर नेटवर्क (सम्युक्ता)
- इलेक्ट्रॉनिक युद्धपद्धति सुट
- केरल फायबर ऑप्टिक नेटवर्क
- प्रगत / एकीकृत संचार प्रणाली
- तोपखाना समाघात कमान व नियंत्रण प्रणालियां
- संचार प्रणालियां

प्रतिष्ठित आदेश प्राप्त

- प्रतिष्ठित सी 295 एयरक्रॉफ्ट प्रोग्राम के तहत रेडार चेतावनी रिसीवर (आरडबल्यूआर) और मिसाइल एप्रोच वार्निंग सिस्टम (एमएडबल्यूएस) के निर्माण व आपूर्ति के लिए एयरबस डिफेंस एंड स्पेस से यूएसडी 93.15 मिलियन का अब तक का सबसे बड़ा निर्यात आदेश
- एलसीए तेजस लड़ाकू विमान प्रोग्राम के लिए 20 प्रकार के महत्वपूर्ण वायुवाहित इलेक्ट्रॉनिक सिस्टमों के निर्माण व आपूर्ति के लिए एचएएल से ₹ 2,400 करोड़ मूल्य का अब तक का सबसे बड़ा वैमानिकी आदेश
- भारतीय वायु सेना के लिए रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार से आदेश
  - इंस्ट्रुमेंटेड इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर रेंज (आईईडबल्यूआर) के लिए ₹ 1,109 करोड़ का आदेश
  - लड़ाकू विमान के लिए उन्नत इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर (ईडबल्यू) की आपूर्ति के लिए रु. 1,993 करोड़ का आदेश

कोविड-19 और सेमी कंडक्टर की कमी की चुनौतियों के बावजूद रिकार्ड वित्तीय निष्पादन

- ₹ 15,044 करोड़ का अब तक का सर्वोच्च कुल कारोबार
- ₹ 19,016 करोड़ की नई आदेश बुकिंग के साथ 1 अप्रैल, 2022 को ₹ 57,570 करोड़ की अब तक की सर्वोच्च आदेश बही

सुविधाएं तैयार करने के लिए ₹ 565 करोड़ के कैपेक्स की प्रतिबद्धता

- एलआरसैम के लिए अवसंरचना और परीक्षण सुविधाएं
- आकाश मिसाइल प्रणालियों की सुविधाओं में बढ़ोत्तरी
- वर्चुअल डेस्कटॉप इंफ्रास्ट्रक्चर (वीडीआई)
- क्षेत्रीय उत्पाद समर्थन केंद्र

बीईएल को लगातार दूसरे वर्ष पीएसयू वर्ग ('ग' क्षेत्र) में 'राजभाषा कीर्ति' पुरस्कार (द्वितीय) प्रदान किया गया। 14 सितंबर, 2021 को हिंदी दिवस के अवसर पर विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित वार्षिक पुरस्कार समारोह में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री अजय कुमार मिश्रा और श्री निशिथ प्रामाणिक द्वारा बीईएल की ओर से ये पुरस्कार श्रीमती आनंदी रामलिंगम, सीएमडी ने ग्रहण किया।

प्रतिष्ठित पुरस्कार जीते

- कार्पोरेट उत्कृष्टता के लिए बिज़नस स्टैंडर्ड के वार्षिक पुरस्कार - स्टार पीएसयू ऑफ दि ईयर 2021
- पीएसयू वर्ग में सीआईआई सीएफओ ऑफ दि ईयर पुरस्कार तथा ग्रीनटेक कार्पोरेट गवर्नेंस प्रोफेशनल ऑफ दि ईयर पुरस्कार
- लगातार दूसरी बार 'राजभाषा कीर्ति' पुरस्कार और 'राजभाषा गौरव' पुरस्कार
- आईईआई उद्योग उत्कृष्टता का पुरस्कार
- साफ्टवेयर के विकास में निष्पादन हेतु आईईटीई का कार्पोरेट पुरस्कार (2021)
- गोल्डन स्टार आउटस्टैंडिंग आर एंड डी लीडरशिप पुरस्कार
- राष्ट्र निर्माण, मानव संसाधन उत्कृष्टता और डिज़िटल सुरक्षा के लिए गवर्नेंस नाऊ के पुरस्कार
- ग्रीनटेक एनर्जी कंज़र्वेशन पुरस्कार 2021
- मैन्युफैक्चरिंग टुडे द्वारा 'मैन्युफैक्चरिंग कंपनी ऑफ दि ईयर पुरस्कार' और 'वुमेन मैन्युफैक्चरर ऑफ दि ईयर पुरस्कार'
- मीडिया फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा पीएसयू उत्कृष्टता पुरस्कार 2022
- स्वच्छता पखवाड़ा पुरस्कार 2020
- मीडिया फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा कम्यूनिकेटर ऑफ दि ईयर पुरस्कार
- 'कार्पोरेट सामाजिक दायित्व' के लिए आईसीसी पीएसई उत्कृष्टता पुरस्कार



माननीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने 13 अगस्त, 2021 को पी एम केयर्स पहल के तहत बीईएल द्वारा निर्मित ऑक्सीजन कानसेंट्रेटर का वीडियो कॉनफ्रेंसिंग द्वारा उद्घाटन किया।

16 दिसंबर, 2021 को बेंगलूरु में आयोजित पुरस्कार समारोह में पीएसयू वर्ग में प्रतिष्ठित सीआईआई सीएफओ ऑफ दि ईयर का पुरस्कार श्री दिनेश कुमार बत्रा, निदेशक (वित्त) एवं सीएफओ ने श्री टी वी मोहनदास पै, अध्यक्ष, मणिपाल ग्लोबल एजुकेशन सर्विसेस से ग्रहण किया।

अध्यक्ष का पत्र

प्रिय शेयरधारक,

इस पत्र के माध्यम से मुझे पिछले वर्ष के दौरान हमारी उपलब्धियों और वित्तीय झलकियों को प्रस्तुत करते हुए बड़ी खुशी हो रही है।

वित्त वर्ष 2021-22 की शुरुआत कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के आक्रमण की चुनौती से हुई जिससे जान-माल की हानि हुई। अनेक देशों द्वारा कारोबारी गतिविधियों में इस नई लहर और अवरोधों का सामना करते हुए इस वर्ष में वैश्विक आपूर्ति कड़ी में प्रमुख सामानों की उपलब्धता और कीमतों को प्रभावित करते हुए अत्यधिक बाधा देखने को मिली।

अत्यधिक चुनौतियों के बावजूद आपकी कंपनी आप सभी के समर्थन से समुचित आपूर्ति करने में और मज़बूत बनकर उभरने में सफल रही। हमने व्यापक वृद्धि दर्ज की और अनु. व वि., गुणता, प्रौद्योगिकी व अवसंरचना के आधुनिकीकरण, प्रचालनों में संधारणीयता और उत्कृष्टता पर ज़ोर देना जारी रखा। आपको बताते हुए मुझे खुशी हो रही है कि 31 मार्च 2022 को बीईएल ने ₹ 51,375 करोड़ का बाज़ार पूंजीकरण हासिल किया और शेयरधारकों को समुचित प्रतिफल प्रदान करने के अपने प्रयासों को जारी रखा। लेकिन इससे अधिक महत्वपूर्ण, हमें इस बात का गर्व है कि हम दूसरी लहर के दौरान आईसीयू श्रेणी के वेन्टीलेटरों और ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटरों की सुपुर्दगी करते हुए देश की मदद कर सके।

मैं इस अवसर पर पिछले वर्ष के कार्य-निष्पादन की प्रमुख बातें और कंपनी की भावी दृष्टि आपके साथ साझा करना चाहूंगी।

वर्ष के रिकार्ड कार्य-निष्पादन

वित्त वर्ष 2021-22 में आपकी कंपनी ने ₹ 15,043.67 करोड़ का कुल कारोबार हासिल किया जो वित्त वर्ष 2020-21 में ₹ 13,818.16 करोड़ था और इस प्रकार 8.87% की प्रगति दर्ज की। हमारी सभी नौ यूनिटों का कार्य-निष्पादन अच्छा रहा।

बीईएल ने यूएसडी 33.3 मिलियन की निर्यात बिक्री की और यूएसए, फ्रांस, चीन, जर्मनी, स्विट्ज़रलैंड, आसियान, मॉरीशस, अर्मेनिया गणतंत्र, श्रीलंका, स्वीडन और इज़रिल जैसे देशों को निर्यात किया। निर्यात किए गए प्रमुख उत्पादों / प्रणालियों में तटीय रेडार प्रणाली, संचार उपकरण, डेटा लिंक, रेडार फिंगर प्रिंटिंग प्रणाली, टीआर मॉड्यूल, लो बैंड रिसीवर एलआरयू, यांत्रिक पुर्जे (संविदा विनिर्माण सेवाएं), रेडार स्टेशन स्थलों में सोलार हाइब्रिड शक्ति संयंत्र, ईओएस, केबल लूम, रेडार के पुर्जे, मिसाइल प्रणालियों की उप-असेंबली, शेल्टर के पुर्जे, पीसीबी असेंबली आदि शामिल हैं।

कर पश्चात लाभ वित्त वर्ष 2020-21 के ₹ 2,065.42 करोड़ के मुकाबले 13.73% बढ़कर वित्त वर्ष 2021-22 में ₹ 2,348.93 करोड़ हुआ। हमारी निवल मालियत पिछले वर्ष के ₹ 10,807.89 करोड़ के मुकाबले अब ₹ 11,984.26 करोड़ होकर अधिक मज़बूत हुई है। प्रति कर्मचारी आवर्त वित्त वर्ष 2020-21 में ₹ 1.51 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2021-22 में ₹ 1.70 करोड़ हुआ।

आदेश प्राप्त करने की दृष्टि से भी वित्त वर्ष 2021-22 असाधारण वर्ष रहा। 1 अप्रैल 2022 को ₹ 57,570 करोड़ की संविदाएं प्राप्त करते हुए हमारे आदेश बही की स्थिति और सशक्त हुई है। हमें लगभग ₹ 19,016 करोड़ मूल्य के नए आदेश प्राप्त हुए हैं। प्राप्त कुछेक नए आदेशों में एलसीए के लिए एवियानिक्स पैकेज, लड़ाकू विमान के लिए प्रगत ईडबल्यू सुट, इंस्ट्रुमेंटेड इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर रेंज (आईईडबल्यूआर), सीडीआर टीआई सह डे-लाइट साइट, धनुष गन अपग्रेड, नयन ईडबल्यू प्रणालियां, डबल्यूएलआर (माउंटेन), इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीन और वीवीपैट आदि शामिल हैं। यह आपकी कंपनी के लिए गर्व का क्षण है जब इसे सी-295 एयरक्राफ्ट के लिए एमएडबल्यूएस एवं आरडबल्यूआर के निर्माण व आपूर्ति के लिए एयरबस डिफेंस एंड स्पेस (यूएसए) से अब तक का सर्वोच्च निर्यात आदेश प्राप्त हुआ। हमें आगामी 2-3 वर्षों में अच्छे आदेश प्राप्त होने की आशा है।

रक्षा कंपनी का मुख्य आधार होने के कारण, बिक्री राजस्व में वित्त वर्ष 2020-21 में 78% के समक्ष वित्त वर्ष 2021-22 में

90%

योगदान दिया है।

वित्त वर्ष 2021-22 में आपकी कंपनी ने ₹ 15,043.67 करोड़ का कुल कारोबार हासिल किया जो वित्त वर्ष 2020-21 में ₹ 13,818.16 करोड़ था और इस प्रकार 8.87% की प्रगति दर्ज की। हमारी सभी नौ यूनिटों का कार्य-निष्पादन अच्छा रहा।

अनु. व वि. तथा बौद्धिक संपत्ति का प्रवर्धन

बीईएल में, हम ग्राहकों को अलग-अलग प्रकार के उत्पादों और समाधान प्रस्तुत करने तथा अपने सभी उत्पादों / प्रणालियों में स्वदेशीकरण की मात्रा बढ़ाने और मूल्य वर्धन करने की अपनी प्रतिबद्धता की ओर प्रगति करने के लिए उन्नत और प्रतिस्पर्धी प्रौद्योगिकियों में लगातार निवेश करते आ रहे हैं। वर्ष के दौरान कुल कारोबार के प्रतिशत के रूप में अनु. व वि. में हमारा कुल निवेश 6.95% था। स्वदेशी विकास के लिए हमारे निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप हम स्वदेशी उत्पादों से अपने कुल कारोबार का 78% हिस्सा प्राप्त कर सके। विदेशी ओईएम से टीओटी के माध्यम से निर्मित उत्पादों से जनित राजस्व 22% है। मुख्य कारोबार रक्षा क्षेत्र होने के कारण कंपनी ने 2021-22 में 90% बिक्री राजस्व रक्षा क्षेत्र से हासिल किया जो 2020-21 में 78% था जबकि शेष 10% गैर-रक्षा खंड से प्राप्त हुआ।

आपकी कंपनी ग्राहकों के लिए नवोन्मेषी और गुणतायुक्त उत्पाद लगातार विकसित करने में हमेशा अग्रणी रही है। वित्त वर्ष 2021-22 में शुरु किए गए कुछ प्रमुख उत्पादों / प्रणालियों में एसडीआर के परिवर्त, शिप (लिंक2-एमओडी3) के लिए डेटा लिंक सिस्टम का वर्धित वर्शन, वीएसहोराड के सेन्सर, एमआरसैम के लिए आईएफएफ मार्क XII, नेवीगेशनल कॉम्पलेक्स सिस्टम, हेलीना / नाग / प्रोस्पिना के लिए आईआईआर सीकर, टी-90 के

लिए गनर टीआई साइट, डिजि़टल कैमेरा के साथ स्पॉटर स्कोप, लगातार ज़ूम लैन्स 20-860 mm, ईओ के लिए इमेज स्टेबिलाइज़र, मल्टी-फंक्शन रेडार - वीएलएसआरसैम, वेपन कंट्रोल (पी15बी) के लिए इलेक्ट्रिकल पावर सिस्टम (ईपीएस), हैंड हेल्ड लेज़र डैज़लर, 1135.6 के लिए एसीसीएस/एसवीएल के लिए एसीसीएस शामिल हैं।

अपनी बौद्धिक संपत्ति को सशक्त बनाने के संदर्भ में भी वित्त वर्ष 2021-22 रोमांचक रहा और हमने एम्बेडेड सिस्टम, इलेक्ट्रो ऑप्टिक्स, साफ्टवेयर, संचार, रेडार, नेटवर्क और संचार आदि के क्षेत्रों में 137 आईपीआर (65 पेटेंट सहित) दाखिल किए। हमें 11 पेटेंट प्रदान किए गए और इस तरह पेटेंक की कुल संख्या 24 हुई। वर्ष के दौरान, बीईएल के वैज्ञानिकों और अनु. व वि. अभियंताओं द्वारा विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय जर्नलों / संगोष्ठियों / सम्मेलनों में 51 तकनीकी पत्र प्रकाशित किए गए।

क्षमताओं और सक्षमताओं का समर्थन

आपकी कंपनी भविष्य निर्माण पर गहन ध्यान देना जारी रखे हुए है। हमने एलआरसैम की अवसंरचना और परीक्षण सुविधाएं तैयार करने और आकाश मिसाइल प्रणाली सुविधा बढ़ाने में निवेश किया है। सैन्य संचार प्रणाली, इलेक्ट्रो ऑप्टिक्स एवं लेज़र तथा रेडार और शस्त्र प्रणालियों के लिए तीन उत्कृष्टता केंद्र बनाए गए।

हमने सहयोगात्मक अनु. व वि. के लिए 303 साझेदारों का पैनल भी तैयार किया है जिसमें अनु. व वि. के 40 साझेदार, 192 डिज़ाइन सेवा प्रदाता, 38 सलाहकार और 39 उत्पादन सेवा प्रदाता शामिल किए गए हैं। हमें अपने उत्पादों के लिए 19 एएस9100 डी मानक प्रमाणीकरण और पांच ग्रीन चैनल प्रमाणीकरण भी प्राप्त हुए हैं।

अनेक पुरस्कार

आपको जानकर खुशी होगी कि आपकी कंपनी के संधारणीय प्रयासों से इसे कार्पोरेट उत्कृष्टता, गवर्नेंस, अनु. व वि., साफ्टवेयर विकास और संधारणीयता के क्षेत्रों में अनेक मंचों से पुरस्कार प्रदान किए गए हैं।

इनमें उल्लेखनीय हैं -

- कार्पोरेट उत्कृष्टता के लिए बिज़नस स्टैंडर्ड पुरस्कार - स्टार पीएसयू ऑफ दि ईयर 2021
- पीएसयू वर्ग में सीआईआई सीएफओ ऑफ दि ईयर का पुरस्कार और ग्रीनटेक कार्पोरेट गवर्नेंस प्रोफेशनल ऑफ दि ईयर का पुरस्कार
- बीईएल के सीएमड को 2021 के लिए "सी वी रामन महिला विज्ञान" पुरस्कार और पीआरसीआई का चाणक्य पुरस्कार
- लगातार दूसरे वर्ष 'राजभाषा कीर्ति पुरस्कार' और राजभाषा गौरव पुरस्कार

137 आईपीआर

के लिए दाखिल आवेदन

- आईईआई उद्योग उत्कृष्टता पुरस्कार
- साफ्टवेयर विकास में निष्पादन के लिए आईईटीई कार्पोरेट पुरस्कार (2021)
- गोल्डन स्टार उत्कृष्ट आर एंड डी लीडरशिप पुरस्कार
- राष्ट्र निर्माण, एच.आर. उत्कृष्टता और डिजि़टल सुरक्षा के लिए गवर्नेंस नाऊ के पुरस्कार
- ग्रीनटेक एनर्जी कंज़र्वेशन पुरस्कार 2021
- मैन्युफैक्चरिंग टुडे द्वारा 'मैन्युफैक्चरिंग कंपनी ऑफ दि ईयर पुरस्कार' और 'वुमन मैन्युफैक्चरर ऑफ दि ईयर पुरस्कार'
- मीडिया फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा पीएसयू उत्कृष्टता पुरस्कार 2022 और कम्यूनिकेटर ऑफ दि ईयर पुरस्कार
- स्वच्छता पखवाड़ा पुरस्कार 2020

मुझे पूरा विश्वास है कि आगामी वर्षों में आपकी कंपनी नए कीर्तिमान स्थापित करना जारी रखेगी और ऐसे अनेक पुरस्कार प्राप्त करेगी।

भावी दृष्टि

यदि हम बीईएल के भविष्य की ओर देखें तो चुनौतियों के साथ-साथ हमें अनेक आशाजनक अवसर दिखते हैं।

निर्माण के क्षेत्र में आत्म निर्भरता के प्रति 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' पर सरकार के ज़ोर दिए जाने से आयात प्रतिस्थापन और रक्षा उपकरणों के लिए नवोन्मेषी स्वदेशी समाधान बढ़ाने के लिए प्रचुर अवसर प्राप्त हो रहे हैं। इसके लिए, सरकार ने रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया 2020 (डीएपी 2020) में संशोधन भी जारी किया है जिसमें निर्माण प्रक्रियाओं, डिज़ाइन और विकास तथा रणनीतिक साझेदारी द्वारा स्वदेशीकरण और नवोन्मेष सुकर बनाने का प्रावधान किया गया है। इसे निजी सहभागिता के लिए भी खोले जाने की संभावना है।

अनेक सक्षमताओं और मज़बूत अनु. व वि. सक्षमताओं के विद्यमान होने से बीईएल रक्षा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी है। हमने डीएपी 2020 के तहत अनेक 'मेक-II' परियोजनाओं पर पहले ही कार्य करना शुरु कर दिया है और इनमें सहभागिता बढ़ाने का लक्ष्य तय किया है। हम उप-प्रणालियों, प्रणालियों और सेवाओं के स्वदेशी विकास में प्रगति करने भी ज़ोर दे रहे हैं जिनके लिए क्षमताएं और सक्षमताएं तैयार की जा रही हैं। इनमें अवसंरचना निर्माण और आधुनिकीकरण, कौशल विकास में निवेश करना और भारतीय उद्योगों, विशेषकर एमएसएमी को बाह्यस्रोतण करना शामिल हैं।

इसके अलावा, बढ़ी हुई निजी प्रतिभागिता को देखते हुए, हम एक भरोसेमंद और प्रतिबद्ध साझेदार के रूप में दीर्घकालीन संबंध स्थापित करने के लिए भारतीय रक्षा उद्योग में मुख्य पणधारकों के साथ विभिन्न स्तरों में वर्धित वार्ताएं कर रहे हैं। हम उभरती प्रौद्योगिकियों में नए उत्पाद और प्रणालियां विकसित करने के लिए डीआरडीओ की प्रयोगशालाओं, अनुसंधान व प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों और अग्रणी प्रौद्योगिकी संस्थानों के साथ भी कार्य करेंगे।

अपने गैर-रक्षा कारोबार में, हम अपनी विद्यमान सक्षमताओं को बढ़ाना जारी रखे हुए हैं।

इनके अलावा, हम मौजूदा और नए भूभागों में नए ग्राहकों का पता लगाते हुए अपने कारोबार को बढ़ाने के अवसरों का लगातार पता लगा रहे हैं। इसके लिए ओपेक्स, सर्विस मॉडल और सरकार-स्वामित्व कंपनी प्रचालित (जीओसीओ) जैसे नए कारोबारी मॉडलों का पता लगाया जा रहा है। निर्यात पर अधिक ज़ोर देने के लिए, हम अपने विपणन कार्यालयों का नेटवर्क बढ़ाने की योजना बना रहे हैं जो वर्तमान में छह देशों में स्थित हैं। ग्राहकों के साथ लगातार बातचीत करते हुए और अन्य भारतीय कंपनियों तथा स्थानीय साझेदारों के साथ सहयोग करते हुए दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य-पूर्व देशों, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका में कारोबारी अवसर बढ़ाने का लक्ष्य है।

कुल मिलाकर, हम रणनीतिक इलेक्ट्रॉनिक्स में नेतृत्व की स्थिति बनाए रखना चाहते हैं। हमने प्रतिस्पर्धा से सफलतापूर्वक निपटने और प्रौद्योगिकी तीक्ष्णता बनाए रखने की रणनीतियां तैयार की हैं और संबंधित कार्रवाई की है। नवीनतम प्रौद्योगिकियों के साथ गति बनाए रखते हुए और किफायती तथा नवोन्मेषी समाधान पर ज़ोर देते हुए ग्राहकों की बदलती ज़रूरतें पूरा करते हुए ऐसा करना चाहते हैं। भावी उत्पादों, प्रौद्योगिकी के नए क्षेत्रों, आईपीआर सृजन और मुख्य प्रौद्योगिकियों को अर्जित करने की योजना तैयार की गई है।

वित्त वर्ष 2022-23 में, हमने रक्षा और गैर-रक्षा दोनों कारोबार से 12-15% की बेहतर प्रगति का लक्ष्य तय किया है। हमारे पास अनेक प्रतिष्ठित आदेश हैं जिनका निष्पादन हम निपुणता और समय पर करने पर ध्यान देंगे। एक ओर जहां अनेक अवसर हैं, वहीं हम भू-राजनीतिक परिस्थितियों, उभरती नई प्रौद्योगिकियों, बदलती नीतियों और विनियामक परिस्थितियों, प्रतिस्पर्धा और ग्राहकों की बढ़ती अपेक्षाओं के कारण चुनौतियों की भी प्रत्याशा करते हैं। इसके लिए हम चौकन्ने बने रहेंगे और आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

पर्यावरणीय, सामाजिक और गवर्नेंस (ईएसजी) पर ध्यान केंद्रण

ईएसजी ऐसा क्षेत्र है जिसे जिम्मेदार संगठन की स्थिरता के संसूचक के रूप में पूरी दुनिया में महत्ता दी जा रही है। बीईएल में, हम लंबे समय से इन क्षेत्रों में अपेक्षित कार्य करते आ रहे हैं और इन्हें बढ़ाना चाहते हैं।

हमारी समुदाय विकास पहल के रूप में, हम स्वास्थ्य देखभाल, पोषण, पर्यावरणीय संधारणीयता, शिक्षा और व्यावसायिक कौशल विकास के क्षेत्रों में ध्यान दे रहे हैं। वित्त वर्ष 2021-22 में, इन पहलों में कुल ₹ 30.73 करोड़ का खर्च किया गया। मेडिकल ऑक्सीजन जनरेशन संयंत्र की स्थापना और दूरस्थ सरकारी अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी सुविधाएं बढ़ाने जैसे विषयगत कार्य करते हुए हमने कोविड-19 के विरुद्ध देश की लड़ाई का पूरी मेहनत के साथ समर्थन किया।

आपकी कंपनी को मूल्य और सिद्धांतों के सर्वोच्च मानक लगातार अपनाने और उन्हें बनाए रखने पर गर्व करती है। आपकी कंपनी को वित्त वर्ष 2021-22 में सी एंड एजी से 'शून्य' टिप्पणी का प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। कार्पोरेट गवर्नेंस के दिशा-निर्देशों के अनुपालन पर एक विस्तृत रिपोर्ट मंडल की रिपोर्ट में पढ़ी जा सकती है।

संधारणीय संचालन के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, मुझे आपको बताते हुए खुशी होती है कि हमने कैप्टिव खपत और विभिन्न इमारतों की छत पर ग्रिड कनेक्टेड सौर शक्ति संयंत्रों के लिए कर्नाटक के दावणगेरे और हासन में पवन शक्ति संयंत्र स्थापित किए हैं। इससे 26,205.46 मीट्रिक टन के समतुल्य कार्बन ऑक्साइड की कटौती हुई है। बीईएल में, संधारणीयता के प्रयास नैतिक आचरण करने और आर्थिक विकास के प्रति योगदान देने और अपने सभी पणधारकों की जीवन शैली में सुधार लाने की हमारी प्रतिबद्धता में शामिल हैं। हरित भविष्य तैयार करने के लिए पुनर्चक्रण, पुनर्प्रयोग और कटौती के सिद्धांतों का भी पालन जारी रहेगा।

अभिस्वीकृति

इस चुनौतीपूर्ण समय में अपना अथक समर्थन और मार्गदर्शन देने के लिए मैं निदेशक मंडल, प्रबंध समिति के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करती हूं। रक्षा मंत्रालय और रक्षा सेवाएं लगातार अपना बहुमूल्य मार्गदर्शन और समर्थन देते आ रहे हैं और हम पर अपना विश्वास जताते आ रहे हैं। मैं अपने शेयरधारकों, सम्मानित ग्राहकों और कारोबारी सहयोगियों की सराहना करती हूं जिन्होंने हमें उनका विश्वास जीतने का अवसर दिया।

हमारे कर्मचारियों और अधिकारियों का समर्पण और सहनशीलता हमारी बड़ी ताकत है जो हमें ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के समाधान प्रस्तुत करने में मदद करती है। हम नई पहल करने और भावी चुनौतियों का सामना करने तथा आगामी वर्षों में लाभप्रद विकास जारी रखने के लिए इस ताकत को और बढ़ाएंगे।

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड को आपके निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद।

शुभकामनाओं सहित,

भवदीया,

श्रीमती आनंदी रामलिंगम
अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार)

बेंगलूरु
28 जुलाई 2022

निदेशक मंडल

(यथा 25 जुलाई 2022)

कार्यकारी / पूर्णकालिक निदेशक

श्रीमती आनंदी रामलिंगम
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार)
निदेशक (विपणन)
निदेशक (एचआर) (अतिरिक्त प्रभार)

श्री विनय कुमार कत्याल
निदेशक
(बेंगलूरु कॉम्प्लेक्स)

श्री दिनेश कुमार बत्रा
निदेशक
(वित्त) एवं सीएफओ

श्री राजशेखर एम वी
निदेशक
(अनुसंधान व विकास)

श्री भानु प्रकाश श्रीवास्तव
निदेशक (अन्य यूनिटें)

सरकार नामित निदेशक

श्री अनुराग बाजपेई
संयुक्त सचिव (पी एंड सी),
रक्षा मंत्रालय

डॉ बिनॉय कुमार दास
डीजी (ईसीएस), डीआरडीओ

स्वतंत्र निदेशक

डॉ. पार्थसारथी पी वी

श्री मनसुखभाई एस खचारिया

डॉ. संतोषकुमार एन

श्री प्रफुल्ल कुमार चौधुरी

डॉ. शिवनाथ यादव

श्री गोकुलन बंगकंडी

श्रीमती श्यामा सिंह

श्री एस श्रीनिवास
कंपनी सचिव

मंडल का संगठन



निदेशकों के प्रोफाइल https://bel-india.in/Leadership.aspx?MId=3&CId=1&LId=1&link=0 पर देखे जा सकते हैं।

वरिष्ठ प्रबंधन

(यथा 25 जुलाई 2022)

श्री श्रीकांत वालगद, भा.प्र.से.
मुख्य सतर्कता अधिकारी

श्री मनोज कुमार
ईडी (एनएम) - दिल्ली

श्री जयदीप मजूमदार
ईडी (एनसीएस)-गा.बाद और यू.प्र.

श्री जगदीश चंद
जीएम (रेडार) - गा.बाद

श्री विक्रमन एन
जीएम (एचआर) - सीओ

श्री मनोज जैन
जीएम (ईडबल्यू एंड ए) - बेंगलूरु

श्री शेखर आर एल
जीएम (एससी एंड यूएस) - बेंगलूरु

श्री अनिल पंत
जीएम (आईएम) - दिल्ली

श्रीमती दुर्गा जी के
जीएम (सॉफ्टवेयर) - बेंगलूरु

श्री शंकरसुब्रमणियन आर
जीएम (एमएस) - बेंगलूरु

श्री पुगलेंति आर
जीएम (एचएलएस एंड एससीबी) - बेंगलूरु

श्री लोयोला पेड्रो विएनी जी
जीएम-चेन्नै

श्री सुरेश कुमार के वी
जीएम (पीडी एंड आईसी)

श्रीमती प्रभा गोयल
जीएम-पंचकूला

श्री मुरली वी
जीएम (वित्त) - बेंगलूरु

श्री प्रभाकर राव बी
जीएम-मचिलिपट्नम

श्री रुधिरामूर्ति ए
जीएम - नवी मुंबई

श्रीमती एन्सी जेम्स
जीएम (ईएम) - बेंगलूरु

श्री अनूप कुमार राय
सीएस (सीआरएल) - गा.बाद

श्री उमेश के एस
जीएम (एडीएसएन) - बेंगलूरु

श्री नरेश कुमार एस
जीएम (कंपो.) - बेंगलूरु

श्री रामन आर
जीएम (आईए) - सीओ

श्री संपतकुमार पी
सीटीओ (संचार) - सीओ

श्री मोहन आर पी
जीएम (एचआर) - बेंगलूरु

श्री पाहुजा बी पी
जी एम (ईएस) - बेंगलूरु

श्री रामकृष्णन एल
सीएस (सीआरएल) - बेंगलूरु

श्रीमती रश्मि कथूरिया
जीएम (एससीसीएस) - गा.बाद

श्री सूर्यनारायण मूर्ति जी
जीएम-पुणे

श्री विश्वेश्वर पुच्चा
जीएम-कोटद्वार

श्री नंद कुमार टीडी
जीएम (एनएस/एस एंड सीएस)-बेंगलूरु

श्री श्रीनिवास के
जीएम- हैदराबाद

श्री दामोदर भट्टड एस
जीएम (वित्त)-सीओ

श्री राजेंद्र ऐवाले
जीएम (मिलकॉम) - बेंगलूरु

श्री हरि कुमार आर
जीएम (टीपी) - सीओ

श्रीमती सरला बी
सीटीओ (आर एंड डबल्यूएस) - सीओ

लेखा परीक्षक

सांविधिक लेखा परीक्षक
मेसर्स गुरु एंड जना,
सनदी लेखाकार,
बेंगलूरु

शाखा लेखा परीक्षक
मैसर्स ताम्बी एंड जयपुरकर,
सनदी लेखाकार, पुणे
मेसर्स जे पी कपूर एंड ओबेराय,
सनदी लेखाकार, नई दिल्ली
मेसर्स पी आई रमणा एंड एसोसिएट्स,
सनदी लेखाकार, विजयवाडा

लागत लेखाकार
मेसर्स मूर्ति एंड कं. एलएलपी,
लागत लेखाकार,
बेंगलूरु

सचिवीय लेखा परीक्षक
मेसर्स तिरुपाल गोरिगे एंड
एसोसिएट्स एलएलपी, पेशेवर
कंपनी सचिव, बेंगलूरु

हमारा कारोबारी मॉडल

इनपुट

वित्तीय पूँजी
₹ 10,149 की पूँजी नियोजित

निर्मित पूँजी
- 9 अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधाएं
- कल्याण व्यय के लिए रु. 156.72 करोड़ का निवेश
- भारतीय सशस्त्र बलों और अन्य नागरिक संगठनों के साथ सहयोगात्मक कार्य
- एमएसएमई, स्टार्टअप और भारतीय कार्पोरेट्स के लिए नीतियों के साथ मेक-इन-इंडिया साझेदार

बौद्धिक पूँजी
- 12 आर एंड डी केंद्र
- 2,571 अत्यंत कुशल आर एंड डी कार्मिक
- आर एंड डी में ₹ 1,045 करोड़ का निवेश
- नवोन्मेष का बढ़ावा देने के लिए प्रयोगशालाएं, अकादमिया, स्टार्ट अप और कार्पोरेट्स के साथ रणनीतिक सहयोग
- प्रमाणन कार्यक्रमों और केंद्रित समूहों के माध्यम से उभरती प्रौद्योगिकियों में दक्षता
- दृढ बौद्धिक संपत्ति
  - 137 आईपीआर दाखिल (पेटेंट- 65, कॉपी राइट- 64, औद्योगिक डिजाइन- 6, एसआईसीएलडी- 2)
  - 51 तकनीकी पेपर प्रस्तुत किया / प्रकाशित किया
  - 11 पेटेंट प्रदान किया

मानव पूँजी
- 8,853 नियोजित कार्मिक
- 21.75% महिला कार्मिक
- 60,761 घंटे का प्रशिक्षण प्रदान किया गया
- प्रशिक्षण और विकास के लिए ₹ 7.64 करोड़ का व्यय

सामाजिक एवं संबंध पूँजी
- सीएसआर के लिए ₹ 53.29 आवंटित

प्राकृतिक पूँजी
- निर्वहनीय पहल के लिए ₹ 4.29 करोड़ का निवेश
- 19 मेगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता (पवन ऊर्जा संयंत्रों से 13.9 मेगावाट और ग्रिड कनेक्ट सोलर पीवी ऊर्जा संयंत्रों से 5.1 मेगावाट)
- विद्यमान वनरोपण क्षेत्र में 4,730 पौधे
- 47 नए आरओएचएस अनुरूप उत्पाद पेश किए गए

मूल्य सृजन प्रक्रिया

ग्राहक की आवश्यकताओं की पहचान
- भारतीय सशस्त्र बलों के साथ सुदीर्घ संबंध और उनके साथ सहयोगात्मक कार्य
- वैश्विक ओईएम और सरकार के साथ सहयोगात्मक जुड़ाव
- उभरती रुझानों की पहचान करने के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकी के साथ अद्यतन रहने हेतु हमारे अनुभव और विशेषज्ञता का लाभ उठाना

ग्राहकों के साथ हमारे संबंधों के बारे में अधिक जानकारी पृष्ठ 24 में पढ़ी जा सकती है

अनुसंधान व विकास
- नवोन्मेष हमारी प्रमुख कारोबारी रणनीति है, जो संस्थागत टीम और निरंतर आर एंड डी निवेश और प्रौद्योगिकी के विकास द्वारा समर्थित है।
- भविष्य के उत्पाद विकास के लिए नए प्रौद्योगिकीयों पर गति प्राप्त करने हेतु बाहरी सहयोग

हमारे आर एंड डी पर अधिक जानकारी पृष्ठ 33 पर पढ़ी जा सकती है

उत्पाद डिजाइन, विकास एवं इंजीनियरिंग
- अभिनव एवं सुविधापूर्ण उत्पाद डिजाइन
- आर एंड डी प्रक्रिया के मध्यम से प्राप्त प्रौद्योगिकियों के साथ ग्राहक की आवश्यकताओं को शामिल करना
- सॉफ्टवेयर विकास विशेषज्ञता, जो महत्वपूर्ण और टर्नकी रणनीतिक परियोजनाओं को सक्षम बनाती है।
- गहन क्षेत्र विशेषज्ञता के साथ विकास और इंजीनियरिंग, फील्ड प्रमाणित, युद्ध के लिए तैयार उत्पादों को साकार करना।

आउटपुट

हम रक्षा और गैर-रक्षा खंडों के लिए विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक समाधान का विकास करते हैं।

उत्पाद / प्रणाली का जीवनकाल समर्थन प्रदान करना

- उत्पाद समर्थन और तकनीकी सहायता प्रदान करने, उत्पाद / प्रणालियों के उच्च सेवाक्षमता सुनिश्चित करने के लिए सहायता केंद्रों का व्यापक नेटवर्क
- ग्राहक की आवश्यकता के प्रति अनुक्रियता

विनिर्माण एवं गुणता आश्वासन

- प्रक्रिया, गुणता और प्रचालनीय उत्कृष्टता पर दृढ ध्यान केंद्रण
- अवसंरचना में निवेश के नेतृत्व में अत्याधुनिक विनिर्माण प्रक्रिया और तकनीकों के माध्यम से विनिर्माण में उत्कृष्टता
- सीआईआई-एक्सिम बैंक कारोबार उत्कृष्टता मॉडल (रणनीतिक और प्रचालनीय उत्कृष्टता के लिए) और कुल गुणता प्रबंधन अपनाना

हमारी विनिर्माण के बारे में अधिक जानकारी पृष्ठ 30 पर पढ़ी जा सकती है।

बोली और संविदा

- कंपनी भर में उद्यम संसाधन योजना प्रणाली शामिल करते हुए सुस्थापित प्रक्रिया
- खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए स्रोतण की आवश्यकताओं का अनुपालन

इन्हें इस रिपोर्ट की पृष्ठ सं. 8-9 में दिया गया है।

परिणाम

वित्तीय पूँजी

- ₹ 15,043.67 करोड़ का कुल कारोबार (रक्षा क्षेत्र से ₹ 13,503.63 करोड़ और गैर-रक्षा क्षेत्र से ₹ 1,540.04 करोड़)
- ईबीआईटीडीए ₹ 3,309.24 करोड़
- ईबीआईटी ₹ 2,929.06 करोड़
- पीएटी ₹ 2,348.93 करोड़
- बाज़ार पूँजीकरण ₹ 51,375.56 करोड़
- लाभांश ₹ 1,096.47 करोड़

निर्मित पूँजी

- स्वदेशी रूप में विकसित उत्पादों से कुल कारोबार का 78%
- वित्त वर्ष 2020-21 में रक्षा आपूर्तियों में 78% के समक्ष 90% का कुल कारोबार
- एमएसई से 31% की खरीद

बौद्धिक पूँजी

- 50+ नए उत्पद / प्रौद्योगिकी का विकास
- पहली बार व्यावसायीकरण के लिए ₹ 1,280.58 करोड़
- 350 उत्पाद अपेक्षित है

मानव पूँजी

- प्रति कार्मिक को ₹ 1.70 करोड़ का कुल कारोबार
- एलएफटीआईआर 0.412
- कर्मचारी नियोजन एवं संतुष्टि सूचकांक 81%

सामाजिक एवं संबंध पूँजी

- 10 लाख सीएसआर लाभार्थि
- 2,092 एमएसएमई और स्टार्ट अप समर्थित
- रणनीतिक साझेदारों (स्टार्ट-अप, अकादमिया, निजी रक्षा उद्योग आदि) के व्यापक प्रोफाइल

प्राकृतिक पूँजी

- प्राकृतिक संसाधन संरक्षण
- 26,205.46 एमटी CO_2 उत्सर्जन को रोक
- कार्बन सिंक में वृद्धि और ऑक्सिजन का उत्पाद
- खतरनाक कचरे के उत्पादन को कम करना

हमारे पणधारकों के साथ नियोजन

एक विश्वस्तरीय इलेक्ट्रॉनिक कंपनी बनने पर हमारा ध्यान पणधारकों के लिए मूर्त मूल्य बनाने की हमारी प्रणाली पर आधारित है। हम सभी पणधारकों की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं को पूरा करने और दीर्घकालिक संबंध स्थापित करने के लिए उनके साथ निकटता से जुड़े हुए हैं। हम विभिन्न तंत्रों के माध्यम से गुणता को निरंतर मापते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि दीर्घकालिक मूल्य सृजन सुनिश्चित करने के लिए पणधारक हमारे साथ बने रहें।

पणधारक	संबंधित मामले	नियोजन की विधि	उनकी समस्याएं हम कैसे दूर करते हैं
शेयरधारक और निवेशक	• राजस्व, लाभप्रदता और ईपीएस में स्थिर विकास • लाभांश, शेयर मूल्य में वृद्धि और पुनर्खरीद द्वारा प्राप्ति • समुचित और समय पर सूचना का प्रसार • शेयरधारक बैठकों और कार्पोरेट गवर्नेंस निर्णयों में प्रतिभागिता • निदेशक मंडल से प्रश्न पूछने का अवसर • शेयरधारकों की शिकायतें दूर करना	• तिमाही, अर्धवार्षिक और वार्षिक परिणाम • विश्लेषक और निवेशक बैठक • वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) • प्रेस विज्ञप्तियां • वार्षिक रिपोर्ट • कंपनी की वेबसाइट	• सुदृढ़ वित्तीय निष्पादन और भावी विकास का आधार तय करना सुनिश्चित करते हुए • प्रत्येक वित्त वर्ष में नियमित लाभांश भुगतान • तिमाही, अर्धवार्षिक और वार्षिक वित्तीय परिणाम समय पर प्रस्तुत करना • विश्लेषक और निवेशकों की बैठक हर वर्ष और यथा आवश्यक आयोजित की जाती है • महामारी में वीसी द्वारा समय पर एजीएम आयोजित की गई और शेयरधारकों को बातचीत करने का अवसर प्रदान किया • शेयरधारकों की शिकायतें दूर करने के साथ-साथ सभी शेयरधारकों को ई-मतदान की सुविधा प्रदान की गई • स्टॉक एक्सचेंजों को अपेक्षित, समुचित और समय पर सूचना का प्रसार तथा उन्हें वेबसाइट में अद्यतन करना
ग्राहक **रक्षा-** सशस्त्र बल (थलसेना, नौसेना, वायुसेना), रक्षा मंत्रालय (अधिग्रहण व संबंधित विभाग), डीपीएसई, सीपीएसई, निजी रक्षा कंपनियां **निर्यात ग्राहक -** विदेशी रक्षा मंत्रालय, होमलैंड सुरक्षा के मंत्रालय, अन्य सरकारी / गैर-सरकारी एजेंसियां, ओईएम, आयात / निर्यात एजेंसियां	• अत्युन्नत उत्पादों व सेवाओं के स्वदेशी डिज़ाइन / विकास / निर्माण द्वारा समकालीन प्रौद्योगिकियों से व्यापक समाधान • उत्पाद व सेवाओं की समय पर सुपुर्दगी • ऑनसाइट उत्पाद समर्थन, प्रभावी अप्रचलन प्रबंधन, डिज़ाइन संशोधन आदि द्वारा उत्पाद / सिस्टम के जीवनकाल (दुश्मन के साथ शांति और संघर्ष काल) के दौरान उत्पाद समर्थन • महत्वपूर्ण परियोजनाओं की विश्वसनीयता	• वर्तमान व भावी आवश्यकताओं को समझने के लिए नियमित नियोजन तथा समकालीन प्रौद्योगिकियों के साथ नवोन्मेषी, स्वदेशी समाधान प्रदान करना • वरिष्ठ प्रबंधन द्वारा मुख्य नीति निर्माताओं तथा ग्राहकों के अंतिम प्रयोक्ताओं के साथ आवधिक संस्थागत बैठकें • वरिष्ठ प्रबंधन, विपणन, डी एंड डी, परियोजना टीमें ग्राहकों के साथ उनकी आवश्यकताओं, अपेक्षाओं और समर्थन पर चर्चा करने के लिए नियमित रूप से बातचीत करती हैं • ग्राहकों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखने, उनकी आवश्यकताओं को समझने और संतोषजनक समाधान प्रस्तुत करने के लिए मुख्य क्षेत्रों में विदेशी विपणन कार्यालय (ओएमए) स्थापित	• रणनीतिक साझेदारों के साथ संस्थागत विकास / सहयोग द्वारा समय-सीमा पूरा करने वाली परियोजनाएं शुरु की गईं (अपना समाधान विकसित करने वाले और प्रायोगिक परीक्षण चाहने वाले ग्राहकों सहित) • जहां विभिन्न स्तरों तथा ग्राहक की एजेंसियों के स्तर पर और परियोजना की संयुक्त समीक्षा आवश्यक हो, परियोजना के क्रम में सुधार की सलाह मांगना • ग्राहक की संतुष्टि तक, प्रोग्राम प्रबंधन तकनीक, उत्पादन और गुणता आश्वासन प्रक्रियाओं, में सुधार तथा आपूर्ति कड़ी प्रक्रम सुधार प्राथमिकता के साथ करते हुए संविदाजन्य समय-सीमा और गुणता बनाए रखना • उत्पाद का तकनीकी समर्थन, आपूरित उपकरण के उच्च सेवा स्तरों, पुर्जे और सर्विस प्रदान करने और अप्रचलन प्रबंधन करना सुनिश्चित करने के लिए ऑनसाइट उपस्थिति बढ़ाने हेतु आरपीएससी स्थापित और विस्तारित • अंतिम प्रयोक्ताओं के साथ ओएमओ तथा उनकी प्रचालनीय / फील्ड चुनौतियों को दूर करना

पणधारक	संबंधित मामले	नियोजन की विधि	उनकी समस्याएं हम कैसे दूर करते हैं
ग्राहक **गैर-रक्षा** - गृह मंत्रालय, ईसीआई, एमओएचयूए, मेट्रो प्राधिकरण, एएआई, इसरो (एनएसआईएल), वाणिज्यिक कारोबार, राज्य सरकारें तथा अन्य सरकारी एजेंसियां	• परियोजना कार्यान्वयन की स्थिति • बीईएल में विकसित / विकसित हो रहे नवीनतम उत्पाद / प्रौद्योगिकियां और उन्हें आवश्यकताओं में परिवर्तित करना तथा समाधान विकसित करना • बीईएल की नई कारोबारी विकास पहल	• आवधिक या आवश्यकता आधारित एकैक / संस्थागत बैठकें • ग्राहकों की ज़रूरतों को समझने के लिए प्रौद्योगिकी / कारोबारी कार्यशालाएं • बीईएल की सक्षमताओं और शक्तियों के बारे में आवधिक संप्रेषण और प्रस्तुतीकरण • प्रदर्शनी / संगोष्ठियों / कार्यशालाओं में सहभागिता • गहन परीक्षण और प्रूफ ऑफ कॉन्सेप्ट (पीओसी) डेमो संचालित करना	• ग्राहकों की समस्याओं को संबंधित एसबीयू तथा कार्पोरेट प्रबंधन के साथ निकट संपर्क करते हुए दूर करना जैसे परियोजना कार्यान्वयन में देरी, उत्पाद समर्थन संबंधी मामले तथा कीमत निर्धारण
कर्मचारी	• स्वास्थ्य और संरक्षा • वेतन और मजदूरी • अनुकूल कार्य परिवेश • करियर वृद्धि के अवसर	• प्रवेश कार्यक्रम • प्रशिक्षण कार्यक्रम • कार्य-निष्पादन समीक्षा / टाउनहाल बैठकें • बेहतर चिकित्सा योजना • कर्मचारी अभिमुखी नीतियां और योजनाएं • सुनिर्धारित पदोन्नति नीति	• अनेक प्रशिक्षण व विकास अवसर • कोविड-19 सहायता - घर पर चिकित्सा देखभाल की सुविधाएं, अस्पताल के उपचार के लिए चिकित्सा अग्रिम और कर्मचारियों और उनके आश्रितों को टीकाकरण की सहायता; मृत्यु के मामले में सरल अंतिम निपटान की एसओपी • कार्यपालकों (टीसी कार्मिकों सहित) और गैर-कार्यपालकों के लिए मृत्यु अनुलाभ योजना जिसमें जिसमें क्रमश: ₹ 25 लाख और ₹ 10 लाख का कवरेज; अतिरिक्त सहायता प्रदान करने के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स मृत कर्मचारी के परिवार को सहायता योजना (बीसेफ)
आपूर्तिकर्ता / विक्रेता/ ठेकेदार	• समय पर भुगतान • स्वीकृति / अस्वीकृति की स्थिति • मद की सुपुर्दगी की स्थिति • सामग्रियों और सेवाओं की आपूर्ति में पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली (ईएमएस) का अनुपालन	• मद की स्वीकृति / अस्वीकृति तथा भुगतान की स्थिति अद्यतन करना • आपूर्ति की जाने वाली मदों की सूचना • खरीद आदेश द्वारा ईएमएस सूचना	• एसआरएम पोर्टल में डेटा अद्यतन करना तथा भुगतान की स्थिति पर सिस्टम सृजित ईमेल • अस्वीकृति के मामले में आगे की अनुवर्ती कार्रवाई करने तथा सुधारात्मक कार्रवाई की रिपोर्ट प्रदान करने के लिए सिस्टम सृजित ईमेल विक्रेताओं को अग्रेषित किए जाते हैं • सुपुर्दगी के लिए देय मदों के लिए अग्रिम ई-मेल • जागरूकता प्रशिक्षण प्रदान करना

पणधारक	संबंधित मामले	नियोजन की विधि	उनकी समस्याएं हम कैसे दूर करते हैं
रणनीतिक साझेदार	• निर्यात बाज़ार, प्रौद्योगिकी सहयोग तथा संयुक्त रूप से अनुसरित विशिष्ट प्रोग्राम सहित सह-विकास तथा उत्पादन, विपणन और कारोबारी विकास द्वारा पारस्परिक अनुलाभ • जोखिम विभाजन • ग्राहकों के लिए संयुक्त मूल्य सृजन • चयन के न्यायसंगत मानदंड	• वरिष्ठ प्रबंधन की आवधिक बैठकें • साझेदारी का प्रबंधन करने के लिए संयुक्त कार्य समितियां • संयुक्त विकास / संयुक्त उत्पादन के लिए परियोजना टीमें	• क्षमता, विशेषज्ञता और अनुभव, वित्तीय, तकनीकी और विपणन शक्तियों तथा प्रौद्योगिकी परिपक्वता के संबंध में संभावित साझेदारों का चयन करने में पूरी सावधानी सुनिश्चित की जाती है • जोखिम और लागत विभाजन
समुदाय	• कल्याण एवं विकास कार्य • पर्यावरणीय संधारणीयता	• साइनबोर्डों द्वारा जागरूकता • समुदाय / स्थानीय प्रशासन के साथ वार्ता • स्थल के दौरे और निरीक्षण • प्रभाव आकलन सर्वेक्षण	• सीएसआर एवं पर्यावरण नीति विद्यमान • कार्य योजना पर चर्चा करने के लिए आवश्यकता आधारित आकलन सर्वेक्षण तथा स्थानीय प्रशासन से आवश्यक अनुमोदन प्राप्त • समुदाय के प्रमुख पणधारकों के साथ नियमित संवाद सुनिश्चित • हितलाभियों द्वारा दी गई फीडबैक पर कार्रवाई • मंडल की सीएसआर समिति और सीएसआर निगरानी समिति द्वारा स्थल के निरीक्षण
सरकारी और विनियामक संस्थाएं	• लागू कानून, विनियमों का पालन • सामुदायिक विकास ओर कार्य चक्रानुक्रम • राष्ट्रीय आर्थिक विकास के लिए योगदान	• प्रदर्शनी • नियमित बैठकें और समीक्षाएं • सरकारी पहलों में सहभागिता	• लागू कानून, विनियमों और नीतियों का पालन • अवसंरचना विकास में निवेश द्वारा भारत के आर्थिक विकास में योगदान • अपने कार्यकलापों को 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी सरकारी पहलों के अनुरूप बनाना

हमारे प्रचालनीय वातावरण में जोखिमों को प्रभावी रूप से कम करना

तेजी से तकनीकी प्रगति, सरकारी नीतियों और नियामक ढांचे में बदलाव, भू-राजनीतिक तनाव और अन्य अप्रत्याशित प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं के साथ चिह्नित एक अस्थिर कारोबारी माहौल में संचालन करते समय, हम विभिन्न जोखिमों के संपर्क में हैं। हम अपने दृष्टिकोण, रणनीतिक लक्ष्यों और उद्देश्यों को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए उनके जोखिम और प्रभाव को कम करने की दिशा में प्रयास कर रहे हैं। हम इसके संभावित लाभों पर विचार करते हुए और उपयुक्त शमन उपायों को लागू करते हुए जोखिम प्रभाव का सक्रिय रूप से मूल्यांकन कर रहे हैं।

जोखिम प्रबंधन ढांचा/शासन

हमारे पास एक सुदृढ उद्यम जोखिम प्रबंधन (ईआरएम) ढांचा है जो जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसी) की सिफारिश और मंडल द्वारा अनुमोदित जोखिम प्रबंधन (आरएम) नीति के आधार पर नियोजित किया गया है। यह हमें पहचान, मूल्यांकन, प्राथमिकता और शमन के माध्यम से व्यापक जोखिम का पता लगाने में सक्षम बनाता है। हमारी आरएम नीति आरएम संरचना, कार्यक्षेत्र और उद्देश्यों, फोकस क्षेत्रों, और विभिन्न स्तरों पर आरएमसी की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों, जोखिम चैंपियन और अन्य संबंधित कर्मियों की रूपरेखा तैयार करती है। हमारे पास सभी व्यावसायिक यूनिटों, अनुसंधान एवं विकास केंद्रों और कार्यात्मक क्षेत्रों को कवर करते हुए एक त्रि-स्तरीय जोखिम प्रबंधन ढांचा है।

हमारा त्रि-स्तरीय ईआरएम ढांचा

जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसी)

(मंडल के प्रतिनिधि के रूप में)

उल्लेखनीय जोखिमों की समीक्षा करती है और अतिरिक्त चर्चा और यथोचित प्रशमन उपायों के अनुमोदन के लिए मंडल को इसकी सिफारिश करती है

कार्पोरेट जोखिम प्रबंधन समिति (सीआरएमसी)

कार्यशील निदेशक के निर्णय पर और सदस्यों के रूप में महाप्रबंधक स्तर पर कार्पोरेट के वरिष्ठ प्रबंधन द्वारा कंपनी स्तर पर निगरानी करती है। सीएमआरसी यूआरएमसी को रिपोर्ट की गई जोखिमों का भी विश्लेषण करती है।

यूनिट जोखिम प्रबंधन समितियां (यूआरएमसी)

ये समितियां एसबीयू और अनु. व वि. स्तर पर गठित की जाती हैं जिसमें संबंधित प्रमुख और समन्वयक के रूप में जोखिम चैम्पियन प्रमुख होते हैं। यूआरएमसी प्रचालनीय जोखिम आकलन करती है और जोखिमों की समीक्षा तथा उन्हें कम करने के उपाय तिमाही रूप से करती हैं और जिसका अनुमोदन प्रबंधन / मंडल से प्राप्त किया जाता है। विश्लेषण के लिए जोखिमों की रिपोर्ट सीआरएमसी को की जाती है और उन्हें कम करने के उपायों की सिफारिश करने के लिए आरएमसी (जिसका कंपनी भर में प्रभाव होता है) को की जाती है।

प्रौद्योगिकी जोखिम

रक्षा और एयरोस्पेस खंड विशिष्ट और प्रतिबंधित प्रौद्योगिकियों का उपयोग करता है। उभरती प्रौद्योगिकियों में गतिशील परिवर्तन से प्रौद्योगिकी अंतराल हो सकता है और उत्पादों के लिए बाजार में अधिक समय लग सकता है।

शमन क्रिया

क) संस्थागत विकास, राष्ट्रीय अनुसंधान एवं विकास संस्थानों, शिक्षाजगत और स्टार्ट-अप के साथ संयुक्त विकास के माध्यम से महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के विकास पर ध्यान दें।

ख) अपेक्षित प्रौद्योगिकियों के विकास/अधिग्रहण के लिए नए मॉडलों का अन्वेषण करें।

प्रतिस्पर्धी परिदृश्य जोखिम

उदारीकृत रक्षा उत्पादन नीतियों ने घरेलू रक्षा औद्योगिक आधार में वृद्धि को सक्षम बनाया है। इसके परिणामस्वरूप बढ़ी हुई प्रतिस्पर्धा है जो कुछ क्षेत्रों में कंपनी की बाजार स्थिति को प्रभावित कर सकती है।

शमन क्रिया

क) सह-विकास, निर्माण आदि के लिए रणनीतिक साझेदारी।

ख) उच्च मूल्य वर्धित, उच्च प्रौद्योगिकी उत्पादों/रणनीतिक प्रणालियों पर अधिक ध्यान देना।

ग) निर्यात बाजारों सहित उत्पाद और बाजार विविधीकरण।

वित्तीय पूँजी

सतत मूल्य सृजन के लिए विवेकपूर्ण तरीके से वित्त का प्रबंधन

वित्तीय पूंजी हमारी व्यावसायिक गतिविधियों का समर्थन करने और ऐसे प्रमुख अवसरों में निवेश करने के लिए महत्वपूर्ण है जहां हम विकास देखते हैं। हम पूंजी आवंटन और वित्त प्रबंधन में दक्षता और विवेक सुनिश्चित करते हैं। इसने हमें एक ठोस तुलन-पत्र की स्थिति बनाने में सक्षम बनाया है जो बाजार चक्रों के खिलाफ लचीलापन प्रदान करता है और हमारे दीर्घकालिक विकास का समर्थन करता है।

8 DECENT WORK AND ECONOMIC GROWTH

हमारा विवेकपूर्ण वित्तीय प्रबंधन

बीईएल में, हमारी विवेकपूर्ण वित्तीय प्रबंधन प्रथाओं ने सभी मापदंडों की निरंतर वृद्धि में योगदान दिया है। पिछले पांच वर्षों (वित्त वर्ष 2016-17 से वित्त वर्ष 2021-22 तक) में, हमारा कुल कारोबार (बिक्री और सेवाएं) 11% सीएजीआर से बढ़कर 15,044 करोड़ रुपये हो गया है। इस अवधि के दौरान आदेश बही 31 मार्च 2017 को 40,242 करोड़ रुपये से बढ़कर 31 मार्च 2022 को 57,570 करोड़ रुपये हो गई है।

साथ ही, हमने केंद्रित लागत नियंत्रण उपायों और व्यापक स्वदेशीकरण प्रयासों को सुनिश्चित किया है जिससे लाभप्रदता में सुधार हुआ है। पिछले पांच वर्षों में, हमारा ईबीआईटीडीए 13.43% के सीएजीआर से बढ़कर 3,309 करोड़ रुपये और पीएटी 8.7% बढ़कर 2,349 करोड़ रुपये हो गया है। वित्त वर्ष 2021-22 के लिए हमारा ईबीआईटीडीए मार्जिन 22% था, और आमतौर पर वर्ष के दौरान बेचे गए उत्पाद मिश्रण की प्रकृति के आधार पर 21-23% के बीच होता है।

सक्षम पूंजी आवंटन सुनिश्चित करना

हम अपनी पूंजी आवंटन रणनीति में बहुत अनुशासित और मजबूत रहे हैं, चाहे परियोजना में निवेश के मामले में, अनुसंधान एवं विकास या व्यापार वृद्धि में अधिशेष वापस करने के मामले में हो। इसने वित्त वर्ष 2016-17 में 21% से वित्त वर्ष 2021-22 में 30% तक की पूंजी नियोजित पर हमारे रिटर्न में योगदान दिया है।

कार्यशील पूँजी का प्रबंधन

परिचालन खर्चों के प्रबंधन में हमारी उच्च उत्पादकता और दक्षता हमें महत्वपूर्ण परिचालन लाभ प्रदान करती है। पिछले पांच वर्षों में, हमारी सारी कार्यशील पूंजी पूरी तरह से आंतरिक स्रोतों से पूरी हुई। यह परिचालन से एक मजबूत नकदी प्रवाह द्वारा सक्षम है जो 31 मार्च 2017 को (108 रुपये) करोड़ से बढ़कर 31 मार्च 2022 तक 4,160 करोड़ रुपये हो गया। इसके अलावा, शीर्ष पंक्ति में महत्वपूर्ण वृद्धि के बावजूद, हमारी वस्तुसूची कुल कारोबार (उत्पादन के मूल्य का दिनों की संख्या) 31 मार्च 2017 को 206 दिनों से 31 मार्च 2022 तक 133 दिनों तक काफी कम हो गया है। इसी तरह, प्राप्य कारोबार भी 31 मार्च 2017 को 180 दिनों से घटकर 31 मार्च 2022 को 148 दिन हो गया है।

शेयरधारकों के लिए सृजित मूल्य

एक ठोस व्यापार मॉडल और रणनीति के नेतृत्व में, जो नकदी प्रवाह और मूल्य सृजन में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित करता है, बीईएल ने हमेशा अपने शेयरधारकों को पुरस्कृत किया है। पिछले पांच वर्षों में घोषित लाभांश वित्त वर्ष 2016-17 में 225% से बढ़कर वित्त वर्ष 2021-22 में 450% हो गया है। परिणामस्वरूप लाभांश भुगतान वित्त वर्ष 2016-17 में 503 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2021-22 में 1,096 करोड़ रुपये हो गया है। हमारे निरंतर कार्य-निष्पादन और दीर्घकालिक मूल्य सृजन के लिए एक मजबूत दृष्टिकोण को शेयरधारकों द्वारा अच्छी तरह से प्राप्त किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप बाजार पूंजीकरण 31 मार्च 2021 को 30,482 करोड़ रुपये से बढ़कर 31 मार्च 2022 को 51,375 करोड़ रुपये हो गया है।

ईबीआईटीडीए

₹ 3,309 करोड़

सीएजीआर **13.43%**

पीएटी

₹ 2,349 करोड़

सीएजीआर **8.7%**

कुल कारोबार (₹ करोड में)



आदेश बही (₹ करोड में)



निवल मालियत (₹ करोड में)



निर्यात (यूएसडी मिलियन)



ईबीआईटीडीए और ईबीआईटीडीए मार्जिन



पीएटी और पीएटी मार्जिन



आर एंड डी निवेश (₹ करोड में)



प्रति शेयर अर्जन (₹ में)



लाभांश वितरण (₹ करोड में)



निर्मित पूँजी

प्रचालनीय उत्कृष्टता और विश्व स्तरीय विनिर्माण क्षमताएं

हमारे विनिर्माण क्षमता को गहरी क्षमताओं में उदाहरण दिया गया है जिसे हमने प्रमुख प्रौद्योगिकियों में स्थापित किया है और हमारी गुणवत्ता उत्कृष्टता प्रक्रियाओं में सुधार और लोगों को प्रशिक्षण के माध्यम से प्राप्त हुई है। यह हमारी क्षमता को बढ़ाता है और भारत के रक्षा क्षेत्र और विश्व स्तर पर अन्य ग्राहकों के लिए एक महत्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता के रूप में हमारी प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाता है। हम स्वदेशीकरण में एक प्रमुख कंपनी बनने के लिए प्रौद्योगिकी और उत्पाद विकास के अनुरूप अपनी विनिर्माण और परीक्षण सुविधाओं का लगातार आधुनिकीकरण कर रहे हैं।

विश्व स्तरीय विनिर्माण अवसंरचना

हमारे पास 24 एसबीयू में संगठित नौ विनिर्माण सुविधाएं हैं। हम उनके अवसंरचना और प्रक्रियाओं/प्रणालियों को लगातार अद्यतन करते हैं और रक्षा और चुनिंदा गैर-रक्षा खंडों में इलेक्ट्रॉनिक्स में वैश्विक कंपनी बनने के लिए नई क्षमता का निर्माण करते हैं।

हमारी विनिर्माणी यूनिटें

	प्रमुख ध्यान केंद्रित क्षेत्र
बेंगलूरु, कर्नाटक	• मिसाइल प्रणाली (थल एवं नौसेना) • भू-आधारित रेडार प्रणाली • नौसैनिक प्रणालियाँ (सोनार, संप्रेषण प्रणाली, रेडार और एफसीएस) • मिलिटरी संचार • इलेक्ट्रॉनिक वारफेर एवं एवियोनिक्स • होम लैंड सेक्योरिटी एवं स्मार्ट सिटी • ईवीएम/वीवीपैट • मानवरहित सिस्टम • सोलार सिस्टम एवं सॉल्यूशन • अंतरिक्ष इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सिस्टम • स्ट्रैटेजिक घटक / उपकरण • मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स • साइबर एवं नेटवर्क सुरक्षा • सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन एवं एआई • हथियार एवं गोलाबारुद • सीकर्स



एनएफटीआर की सुविधा

प्रमुख ध्यान केंद्रित क्षेत्र	
गाज़ियाबाद, उत्तरप्रदेश	• रेडार सिस्टम • नेटवर्क केंद्रित सिस्टम • सैटकॉम एवं सेल्युलर कम्यूनिकेशन • एंटेना सिस्टम • एयर ट्रैफिक मैनेजमेंट सोल्यूशन
पुणे, महाराष्ट्र	• ऊर्जा भंडारण • लेज़र प्रॉडक्ट • फ्यूस • एएफवी के लिए सहयोग सिस्टम • हथियार एवं गोलाबारुद
मचिलिपट्नम, आंध्र प्रदेश	• इलेक्ट्रो ऑप्टिक उपकरण और प्रणाली • एंटी ड्रोन सिस्टम
पंचकूला, हरियाणा	• टैक्टिकल कम्यूनिकेशन • जैमर • एवियोनिक्स (एचयूडी) • ईवी चार्जिंग स्टेशन
चेन्नै, तमिल नाडु	• टैंक इलेक्ट्रॉनिक्स • गन उन्नयन • एयरबोर्न ईओ पेलोड्स • लैंड नेवीगेशन सिस्टम • गन कंट्रोल सिस्टम
कोटद्वार, उत्तराखंड	• टेलीकॉम उत्पाद / सिस्टम • वीसीसीएस सॉल्यूशन • रेल/मेट्रो सॉल्यूशन
हैदराबाद, तेलंगाना	• इलेक्ट्रॉनिक वारफेर सिस्टम
नवी मुंबई, महाराष्ट्र	• शेल्टर सिस्टम • पॉवर सिस्टम • मास्ट सिस्टम • कंपोसिट • ब्लास्ट डोर / वाल्व



उन्नत ईएमआई / ईएमसी परीक्षण सुविधा

टीआरएम के लिए स्वचालित असेंबली

रोबोटिक / ऑटोमेटिक वेल्डिंग सुविधा

बीईएल की गुणता मानक

आईएसओ 9001:2015
और आईएसओ 14001:2015
सभी यूनिटें / एसबीयू / प्रभाग

आईएसओ 13485:2016
निर्यात विनिर्माण एसबीयू, बेंगलूरु

आईएसओ 27001:2013
10 यूनिटें/एसबीयू / प्रभाग

आईएसओ 45001:2018
गाज़ियाबाद यूनिट

आईएसओ 20000-1
साफ्टवेयर एसबीयू-बेंगलूरु

एएस 9100डी
19 यूनिटें/एसबीयू

CMMi स्तर 5
साफ्टवेयर एसबीयू-बेंगलूरु, हैदराबाद यूनिट और सीआरएल-गाज़ियाबाद

CMMi स्तर 3
चेन्नै यूनिट, डीसीसीएस और एनसीएस एसबीयू - गाज़ियाबाद यूनिट

सुदृढ़ गुणता आश्वासन प्रक्रियाओं, अत्यंत कुशल और योग्य टीम तथा अत्याधुनिक परीक्षण सुविधाओं से आश्वस्त

पुरस्कृत और मान्यता प्राप्त गुणता

- बेंगलुरू यूनिट ने 2018 में सीआईआई एक्सिम बैंक बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड और रोल मॉडल ऑर्गनाइजेशन के लिए प्रशस्ति पत्र जीता है। गाजियाबाद और हैदराबाद यूनिटों को प्लेटिनम स्तर की मान्यता मिली है।
- गाजियाबाद, चेन्नै, मचिलिपट्टनम और हैदराबाद यूनिटों को 2019 में सीआईआई से कारोबारी उत्कृष्टता के लिए प्लेटिनम स्तर की मान्यता प्राप्त हुई है।
- चेन्नै यूनिट ने सीआईआई कुल लागत प्रबंधन (टीसीएम) स्तर 3 पुरस्कार प्राप्त किया।
- 19 यूनिट/एसबीयू द्वारा निर्मित 50 उत्पादों की आपूर्ति के लिए डीजीक्यूए से 16 ग्रीन चैनल स्टैटस प्रमाणपत्र
- चेन्नै और हैदराबाद यूनिटों को 2021 में सीआईआई से कारोबारी उत्कृष्टता के लिए प्लेटिनम स्तर की मान्यता प्राप्त हुई है।

बौद्धिक पूँजी

नवोन्मेष के साथ प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाना

आर एंड डी हमारी मुख्य ताकत है। यह अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी, उच्चतम स्तर की गुणता और विश्वसनीयता के साथ हमारे उत्पादों और प्रणालियों में स्वदेशीकरण और मूल्य को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण प्रवर्तक है। हम अपनी वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के लिए संस्थागत टीम और सहयोग के माध्यम से अपनी आर एंड डी दक्षताओं का लगातार पोषण कर रहे हैं।

7 AFFORDABLE AND CLEAN ENERGY 8 DECENT WORK AND ECONOMIC GROWTH 9 INDUSTRY, INNOVATION AND INFRASTRUCTURE 11 SUSTAINABLE CITIES AND COMMUNITIES 12 RESPONSIBLE CONSUMPTION AND PRODUCTION

आर एंड डी दृष्टिकोण

बीईएल में, हमारे पास अधिक से अधिक परिणाम सुनिश्चित करने के लिए बहु-स्तरीय आर एंड डी संरचना है। इसमें केंद्रीय अनुसंधान प्रयोगशालाएं (सीआरएल), उत्पाद विकास एवं नवोन्मेष केंद्र (पीडी एंड आईसी), उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) और सभी यूनिटों में एसबीयू से जुड़े विकास और इंजीनियरिंग (डी एंड ई) समूह शामिल हैं। हमारे सभी आर एंड डी केंद्र वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर) के तहत पंजीकृत हैं, और तीन वर्ष की आर एंड डी योजनाओं के आधार पर पहचाने गए प्रौद्योगिकी और उत्पाद क्षेत्रों पर काम करते हैं।

हमारे आर एंड डी केंद्र और उनका प्रचालनीय मॉडल

अनु. व वि. केंद्र	मुख्य कार्य क्षेत्र
सीआरएल, बेंगलूरु और गाज़ियाबाद	• प्रतिस्पर्धी प्रौद्योगिकियां विकसित करने के लिए ब्लू स्काई रिसर्च • प्रौद्योगिकी के मुख्य क्षेत्रों में व्यावहारिक अनुसंधान
सीओई (सैन्य संचार प्रणाली, रेडार और शस्त्र प्रणाली और इलेक्ट्रॉनिक युद्धपद्धति तथा फोटोनिक्स के लिए)	• भारतीय रक्षा बलों की मेक-II परियोजनाओं को पूरा करना • सिस्टम विन्यास तथा मुख्य प्रौद्योगिकी मॉड्यूलों की उत्पाद, सिस्टम और सिस्टम ऑफ सिस्टम में अभियांत्रिकी
केंद्रीकृत पीडी एंड आईसी, बेंगलूरु	• नव उत्पाद विकास (एनपीडी)
डी एंड ई	• हार्डवेयर और साफ्टवेयर मॉड्यूलों सहित अंतिम प्रयोक्ताओं के लिए कारोबार से संबंधित सिस्टम और सिस्टम ऑफ सिस्टम का विकास • प्रौद्योगिकी मॉड्यूल तथा सब-सिस्टम विकसित करने, मूल्यांकन व प्रायोगिक परीक्षण के लिए सीआरएल, पीडी एंड आईसी, सीओई और सहयोगी अनु. व वि. साझेदारों की सहायता लेना और अप्रचलन प्रबंधन सहित तकनीकी सहायता बढ़ाना

आर एंड डी ध्यान-केंद्रित क्षेत्र

भविष्य के विकास में आर एंड डी में ध्यान केंद्रित क्षेत्रों को निम्नलिखित तरीकों से वर्गीकृत किया गया है-

बीईएल के कारोबार खंडों के लिए वर्तमान प्रौद्योगिकी क्षेत्र- मिसाइल सिस्टम, रेडार, इलेक्ट्रॉनिक युद्धपद्धति, वैमानिकी, मिलिटरी संप्रेषण, नौसैनिक प्रणाली, सोनार, सी4आई प्रणाली, इलेक्ट्रो-ऑप्टिक्स और लेजर, टैंक इलेक्ट्रॉनिक्स, गन उन्नयन, नागरिक उपकरण, गृहभूमि सुरक्षा, चिकित्सा इलेक्ट्रॉनिक्स और घटक आदि।

रक्षा- अगली पीढ़ी के स्वदेशी एसएएम प्रणाली, एयरबोर्न रेडार, हथियार और गोला बारूद और विस्फोटक पदार्थ, आरएफ सीकर, इमेजिंग इन्फ्रा-रेड (आईआईआर) सीकर, रणनीतिक इलेक्ट्रॉनिक्स, मानव रहित प्रणाली, रात्रि दृश्य उपकरणों के लिए थर्मल इमेजिंग डिटेक्टर, भारतीय क्षेत्रीय नेविगेशन सैटेलाइट प्रणाली (आईआरएनएसएस) आधारित इनर्शल नेविगेशन सिस्टम (आईएनएस) और समाधान, लेजर-आधारित निर्देशित ऊर्जा हथियार, हेलमेट माउंटेड डिस्प्ले सिस्टम (एचएमडीएस), विमानों और हेलीकाप्टरों के लिए प्रत्यक्ष इन्फ्रारेड काउंटर उपाय, सेवा के रूप में सॉफ्टवेयर, नेटवर्क और साइबर सुरक्षा, कंपोजिट आदि।

गैर-रक्षा- हवाई यातायात नियंत्रक रेडार, एंटी ड्रोन सिस्टम, स्पेस/सैटेलाइट इलेक्ट्रॉनिक्स, स्पेस लॉन्च व्हीकल, सैटेलाइट कम्युनिकेशन सर्विसेज, स्पेस ग्रेड सोलर सेल, सैटेलाइट असेंबली एंड इंटीग्रेशन, सोलर बिजनेस, रेलवे और मेट्रो समाधान सहित नागरिक उड्डयन क्षेत्र के लिए समाधान, सेवा के रूप में सॉफ्टवेयर, इलेक्ट्रिक वाहन, गृहभूमि सुरक्षा और स्मार्ट सिटी कारोबार, ऊर्जा प्रणाली, चिकित्सा इलेक्ट्रॉनिक्स और स्वास्थ्य सामधान की एक श्रृंखला, बैद्धिक ट्रैफिक प्रबंधन प्रणाली आदि।

उभरती हुई प्रौद्योगिकियां- क्वांटम क्रिप्टोग्राफी, फोटोनिक्स आधारित रेडार और ईएसएम, उच्च शक्ति वाले लेजर, भू-स्थानिक विश्लेषिकी, एलआईडीएआरएस का उपयोग करते हुए इमेज प्रोफाइलिंग, 5जी संचार, ओएफसी आधारित पीआईडीएस, 400जी ऑप्टिकल संचार, ड्रोन गार्ड सिस्टम, बिग डेटा एनालिटिक्स, इंटेलिजेंट प्रोसेस ऑटोमेशन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता -आधारित उत्पाद, मानवरहित प्रणाली आदि।

आर एंड डी के लिए रणनीतिक सहयोग

हमारी आरएंडडी क्षमताओं को मजबूत करने और नए उत्पादों में विशेष तकनीकों का तेजी से उपयोग करने के लिए सहयोग महत्वपूर्ण हैं। यह हमें संपूर्ण समाधान और प्लेटफॉर्म प्रदान करने के लिए ग्राहकों की आवश्यकता को पूरा करने में मदद करता है, जिससे हमारी बाजार पहुंच में वृद्धि होती है और नए बाजारों में प्रवेश की सुविधा होती है। वर्ष के दौरान, हमने रक्षा अनुसंधान प्रयोगशालाओं, राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं, डीपीएसयू, डीआईओ आईडीएक्स, शिक्षा जगत, स्टार्टअप, विशिष्ट प्रौद्योगिकी कंपनियों, प्रतिष्ठित वैश्विक ओईएम और भारतीय कंपनियों/एजेंसियों के साथ सफलतापूर्वक सहयोग बढ़ाया है।

हमरे कुछ प्रमुख आर एंड डी साझेदार

रक्षा पीएसयू / रक्षा

- डीआरडीओ
- राष्ट्रीय तकनीकी अनुसंधान संगठन
- इसरो
- डबल्यूईएसईई/भारतीय नौसेना
- आर्मी प्रौद्योगिकी बोर्ड
- भारतीय वायुसेना
- भारतीय थलसेना
- हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड
- हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड

कंपनियां/अन्य

- सैफरान इंजीनियरिंग एंड डिफेंस
- माइक्रोवेव आईसी, रूस
- डीएमआरसी
- एएआई
- बीपीएल मेडिकल टेक्नालॉजीस
- रिनालिक्स हेल्थ सिस्टम्स
- मोटोरोला साल्यूशन्स इंडिया
- एनएचएआई
- बॉश
- एसबीआई
- एसएफसी एनर्जी एजी

शिक्षा जगत

- आईआईएससी
- आईआईटी मद्रास
- आईआईटी कानपुर
- आईआईटी रुड़की
- आईआईटी खड़गपुर
- राष्ट्रीय डिज़ाइन संस्थान, अहमदाबाद
- आईआईआईटी हैदराबाद
- आईआईटी रोपड़
- आईआईआईटी बेंगलूरु
- आईआईआईटी जबलपुर
- आईआईटी धारवाड़

वित्त वर्ष 2021-22 में हमारी अनुसंधान एवं विकास पहल

- हाई आइसोलेशन ट्रांस-रिसीव एंटेना डिजाइन करने की विधि
- इंटरफेरर्स की उपस्थिति में ड्रोन सिग्नल डिटेक्शन के लिए सिस्टम और विधि
- रेडार डिटेक्शन के लिए हिट-मैप क्लस्टर्स को लेबल करने की विधि
- होलो शाफ्ट के लिए पुल प्रकार सोलनॉइड सक्रिय विफल-सुरक्षित यांत्रिक ब्रेक
- वॉल रेडार टार्गेट के माध्यम से स्वचालित रूप से वर्गीकृत करने की विधि
- सैटेलाइट इमेजरी से स्वचालित लक्ष्य पहचान और वर्गीकरण के लिए हाइब्रिड विधि
- मल्टी-ऑक्टेव फास्ट स्विचिंग, बेहतर आइसोलेशन जीएएस एमएमआईसी रिफ्लेक्टिव सिंगल पोल डबल थ्रो स्विच
- न्यूनतम चरण बदलाव के साथ मल्टी-ऑक्टेव कम बिजली की खपत जीएएस एमएमआईसी 5 बिट डिजिटल एटेन्यूएटर
- अडेप्टिव गेटेड पोजिशनिंग तकनीक का इस्तेमाल करते हुए अंतर्जलीय स्थिति निर्धारण के लिए विधि और प्रणाली
- अन-टेथर्ड अंतर्जलीय वाहन की गहराई से सहायता प्राप्त स्थिति निर्धारण के लिए विधि और प्रणाली
- शेयर्ड अपर्चर डुअल बैंड डुअल फंक्शन एंटेना
- वेंटिलेटर के लिए इलेक्ट्रॉनिक एयर ऑक्सीजन ब्लेंडर

उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए सक्षमता

- उभरती प्रौद्योगिकियों में पीएचडी और एम.टेक कार्यक्रमों के लिए प्रायोजन
- परियोदना प्रबंधन पेशेवर (709), प्रमाणित गुणता इंजीनियर (385), प्रमाणित गुणता इंजीनियर (335), प्रमाणित गुणता/प्रचालनीय उत्कृष्टता के प्रबंधक (124), प्रमाणित सॉफ्टवेयर गुणता इंजीनियर (72), प्रमाणित पूर्तिकर्ता गुणता पेशेवर (14) और प्रमाणित कारोबार विश्लेषण और डाटा प्रबंधन (41) जैसे इंजीनियरों के लिए प्रमाणीकरण कार्यक्रम
- एआई, बिग डेटा एनालिटिक्स, आईओटी, 5जी वायरलेस संप्रेषण, रोबोटिक्स और कंप्यूटर विज़न, एआर/वीआर, क्वांटम क्रिप्टोग्राफी, हथियार एवं गोला बारुद, मानव रहित सिस्टम में केंद्रित विकास समूह

78%

वित्त वर्ष 2021-22 में कुल कारोबार का स्वदेशी प्रौद्योगिकी से उत्पन्न है

मानव पूंजी

अत्यधिक कुशल, भविष्य के लिए तैयार कार्यबल का विकास करना

प्रतिभाशाली और विविध कार्यबल हमें प्रतिस्पर्धा में बढ़त प्रदान करने में प्रमुख होते हैं क्योंकि हम अग्रणी प्रौद्योगिकी क्रांति और विश्व स्तर तक पहुँचने के लिए तत्पर हैं। हम सर्वोत्तम प्रतिभाओं को आकर्षित करने और उन्हें बनाए रखने तथा उन्हें भविष्य के लिए तैयार कौशल के साथ सशक्त बनाने के लिए एक सुदृढ कर्मचारी प्रस्ताव का निर्माण कर रहे हैं। हम अधिक से अधिक परिणाम प्राप्त करने के लिए कार्य निष्पादन-चलित संस्कृति पर भी जोर देते हैं।

3 GOOD HEALTH AND WELL-BEING | 5 GENDER EQUALITY | 8 DECENT WORK AND ECONOMIC GROWTH | 10 REDUCED INEQUALITIES

ज्ञानार्जन एवं विकास

एक ऐसे व्यवसाय में शामिल होना जिसमें उच्च स्तरीय और विकसित प्रौद्योगिकियों पर काम करने की आवश्यकता होती है, व्यक्तिगत और टीम स्तर पर कर्मचारियों का निरंतर विकास आवश्यक है। हमने सभी श्रेणी के कार्यपालकों के लिए आंतरिक रूप से और प्रमुख प्रशिक्षण संस्थानों के माध्यम से विभिन्न प्रबंधन विकास, प्रौद्योगिकी विशिष्ट और गुणता संबंधी कार्यक्रमों को लागू किया है। कार्यक्रम में हमारे विविधीकरण विकास योजना से संबंधित विभिन्न प्रौद्योगिकी क्षेत्र को शामिल करते हैं।

हमारी कुछ प्रमुख ज्ञानार्जन और विकास पहलों में शामिल हैं-

बीईएल उत्कृष्टता अकादमी (नालंदा)- यह आईआईटी, आईआईएम, आईआईएससी, आईईटीई, आईएसआई और एएसक्यू जैसे प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से डिजाइन किए गए गुणता, प्रौद्योगिकी और नेतृत्व के तीन प्रमुख क्षेत्रों में प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करता है।

ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र- यह बेंगलुरु यूनिट के गैर-कार्यपालक और शिक्षुता प्रशिक्षुओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है और इसमें एक कौशल विकास केंद्र भी है।

यूनिट एचआरडी- यह संबंधित यूनिटों की प्रशिक्षण आवश्यकता को पूरा करता है जो कार्यपालक और गैर-कार्यपालक दोनों को शामिल करते हुए यूनिटों / एसबीयू के विशिष्ट कारोबार की ओर उन्मुख हैं।

कॉर्पोरेट एचआरडी- यह सभी श्रेणी और यूनिट के कार्यपालकों के रणनीतिक प्रशिक्षण और विकास की जरूरतों को पूरा करता है। यह ऑनलाइन विकास केंद्र, वरिष्ठ अधिकारियों के लिए कार्यपालक कोचिंग आदि जैसी विकासात्मक पहलों को भी चलाता है। इसके अलावा कर्मचारी नियोजन एवं संतुष्टि सर्वेक्षण करता है जो कर्मचारियों की मनोदशा को समझने और आवश्यक कार्यों को लागू करने में मदद करता है।

92%

कर्मचारी 6.86 प्रति कर्मचारी के औसत श्रम घंटों के साथ वित्त वर्ष 2021-22 में प्रशिक्षित किए गए।

कर्मचारी नियोजन एवं खुशहाली

व्यस्त और अभिप्रेरित कर्मचारी उत्पादकता बढ़ाने, संसक्ति बढ़ाने और संगठन की रणनीति हासिल करने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। हम विभिन्न कर्मचारी नियोजन और स्वस्थ पहल करते हुए यह सुनिश्चित करते हैं.

बीईएल ऑफिसर्स क्लब एक ऐसी पहल है जिससे कर्मचारियों और उनके परिवारों को विभिन्न मनोरंजन और जीवन शैली की सुविधाएं प्रदान करते हुए कर्मचारी संतुष्टि लाई जाती है। बीईएल के 85% कार्यपालक इस क्लब के सदस्य हैं। इसके अलावा, कर्मचारियों के बीच संबंध प्रगाढ़ बनाने के लिए मासिक सांस्कृतिक कार्यक्रम,

स्पर्धाएं, वार्षिक समारोह और खेल कार्यक्रम और टूर्नामेंट आयोजित किए जाते हैं और उनका मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य सुनिश्चित किया जाता है। कर्मचारियों को सामाजिक और पर्यावरणीय बेहतरी के लिए योगदान देने के मंच प्रदान करते हुए उन्हें सामाजित परिवर्तन लाने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है। इसके अलावा, हम कर्मचारी नियोजन और संतुष्टि सर्वेक्षण भी कराते हैं जिससे कर्मचारियों की मानसिकता समझने और आवश्यक कार्रवाई करने में मदद मिलती है।

96%

वित्त वर्ष 2020-21 में कर्मचारियों ने कर्मचारी नियोजन और संतुष्टि सर्वेक्षण में भाग लिया और नियोजन अंक 81% है।

i

सर्वेक्षण के बारे में संक्षिप्त विवरण-

1. सर्वेक्षण में 9,019 कर्मचारियों में से 8,645 कर्मचारियों ने भाग लिया जिसमें सभी स्थायी कर्मचारी शामिल थे।
2. सर्वेक्षण ऑनलाइन प्रश्नावली के माध्यम से किया गया था।
3. कर्मचारी का अनुभव, संतुष्टि, प्रेरणा और मनोबल सभी संगठन में विभिन्न कारकों द्वारा संचालित होते हैं। यह सब समझने का एकमात्र तरीका कर्मचारी नियोजन और संतुष्टि सर्वेक्षण (ईईएस) है। ईईएस सर्वेक्षण सफलता और लक्ष्यों की पूर्ति का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं जब उन्हें प्रभावी ढंग से संचालित किया जाता है। इसका समग्र उद्देश्य कर्मचारियों के संगठन के प्रति संबंध को मापना और इसे प्रभावित करने वाले कारकों की जांच करना है।

कार्य-निष्पादन प्रबंधन

हमारे पास एक मजबूत कार्य-निष्पादन प्रबंधन प्रणाली (पीएमएस) है जो बीईएल व्यवहार योग्यता मॉडल के साथ एकीकृत है। यह कार्य-निष्पादन पर निरंतर संवाद और सुधार के उपायों की पहचान करने के साथ-साथ व्यक्तियों के कार्यों को संगठनात्मक लक्ष्यों के साथ संरेखित करने में सक्षम बनाता है। मापने योग्य उद्देश्यों पर ध्यान केंद्रित किया गया है जिसे व्यक्ति प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं, यह विकास, पदोन्नति, कार्यवर्तन और कार्यपालकों की नियुक्ति के लिए महत्वपूर्ण इनपुट प्रदान करता है। यह प्रमुख जिम्मेदारी क्षेत्रों (केआरए) और प्रमुख प्रदर्शन संकेतक (केपीआई) को बेहतर ढंग से परिभाषित करने में सहायता करता है जिससे व्यक्तियों को कार्य प्रदर्शन के बेहतर मानकों को प्राप्त करने में मदद मिलती है।

विविधता और समावेशन

हम एक समावेशी कार्यस्थल होने पर सक्रिय रूप से ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जहां सभी पृष्ठभूमि, लिंग और जातीयता के व्यक्ति अपने विविध ज्ञान और विचारों के साथ संगठनात्मक विकास को चलाने के लिए एक साथ आते हैं। हम सभी, विशेषकर महिलाओं के लिए समान अवसर और सुरक्षित कार्यस्थल सुनिश्चित करते हुए इसे प्राप्त करते हैं। कर्मचारी प्रतिधारण को प्रोत्साहित करने के लिए हमारे पास विभिन्न नीतियां हैं। हमारे प्रयासों ने पणधारकों के एक विविध प्रकार के प्रतिनिधित्व में अनुवाद किया है, जो हमें परिवर्तनों में सबसे आगे रहने और सही रणनीति तैयार करने में सक्षम बना रहा है।

बीईएल में विविधता

बीईएल में विविधता



- कार्यपालक 5,712
- गैर-कार्यपालक 2,786
- टीसी 355

कर्मचारी, लिंग के आधार पर



- महिला 1,927
- पुरुष 6,926

कर्मचारी, संघठन के आधार पर



- आर एंड डी 2,540
- उत्पादन 1,487
- विपणन 650
- गुणता और परीक्षण 768
- एचआर 179
- वित्त 296
- समर्थन सेवाएं 2,933

कर्मचारी, सामाजिक-आर्थिक समूहों के आधार पर



- सामान्य 4,560
- अन्य पिछड़ा वर्ग 2,161
- अनुसूचित जाति 1,613
- अनुसूचित जनजाति 519

सामाजिक और संबंध पूंजी

समुदायों का समग्र विकास सुनिश्चित करना

हम दृढ़ता से मानते हैं कि मूल्य का सृजन करने की हमारी क्षमता समाज के लिए हमारे द्वारा सृजित किए गए मूल्य से जुड़ी हुई है। हम समग्र सामुदायिक विकास, संस्था निर्माण और संधारणीयता से संबंधित पहलों सहित सामाजिक जिम्मेदारियों को पूरा करने का प्रयास करते हैं। यूएन एसडीजी के साथ निकटता से जुड़े हमारे मध्यवर्तन क्षमता निर्माण और वंचितों के सशक्तिकरण के माध्यम से समावेशी और समान विकास में योगदान करते हैं।

बेहतर शिक्षा को सक्षम करना

बीईएल 35 सुदूर स्थित सरकारी स्कूलों में अध्ययन के लिए अनुकूल माहौल तैयार कर रहा है। समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लगभग 15,000 ग्रामीण छात्र इससे लाभान्वित होंगे।

स्वास्थ्य देखभाल और स्वच्छता अवसंरचना को बढ़ाना

बीईएल ने सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य की अवसंरचना में सुधार करने और 125 से अधिक सरकारी स्कूलों में स्वच्छता सुविधाओं में में मदद की, जिससे लगभग 15 लाख और 17,000 छात्रों की ग्रामीण आबादी को लाभ होगा।

ग्रामीण विकास को सुगम बनाना

बीईएल ने गोद लिए गए 9 गांवों में विकासात्मक और संधारणीय मध्यवर्तन किया, जिससे लगभग 1.25 लाख ग्रामीण आबादी लाभान्वित होगी।

कौशल निर्माण को बढ़ावा देना

बीईएल ने कौशल भारत को प्राथमिकता दी, और 10 गोद लिए गए सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में अवसंरचना को बढ़ाने का कदम उठाया। 5,000 युवाओं को तकनीकी कौशल, रोजगार योग्यता कौशल पर प्रशिक्षित किया गया और उन्हें बेहतर आजीविका सुरक्षित करने में मदद करने के लिए उद्योग का अनुभव दिया गया।

महामारी के दौरान राष्ट्र का समर्थन

चूंकि कोविड-19 महामारी वित्त वर्ष 2021-22 में जारी रही और स्वास्थ्य और पोषण की तत्काल आवश्यकता को पूरा करने के लिए, हमने, बीईएल में, अपने राहत प्रयासों को जारी रखा। हमने पूरे भारत में विषयगत सीएसआर कार्यों और कोविड-19 सहायता परियोजनाओं के लिए 16.30 करोड़ रुपये की प्रतिबद्धता जताई। हमने लखनऊ, उत्तर प्रदेश में कोविड़ अस्पताल के निर्माण के लिए 5 करोड़ रुपये का योगदान दिया।

हमने 6 राज्यों के 12 सरकारी अस्पतालों में ऑक्सीजन की आवश्यकता को पूरा करने और देश में ऑक्सीजन संकट को कम करने में मदद करने के लिए मेडिकल ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र स्थापित किए हैं। सुदूर सरकारी अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य के अवसंरचना को बढ़ाया गया। यादगीर आकांक्षी जिले के सरकारी अस्पतालों में बाल चिकित्सा आईसीयू में वेंटिलेटर दान किए गए। कर्नाटक के रायचूर और यादगीर के आकांक्षी जिलों में विकलांग व्यक्तियों को उनकी गतिशीलता को सुविधाजनक बनाने के लिए सहायता और उपकरण प्रदान किए गए।

बीईएल ने मंधाना गांव में सामुदायिक विकास और संस्था निर्माण का कार्य किया।

₹ 2 करोड़

निवेश

मध्यवर्तन के प्रमुख क्षेत्र

सरकार सीनियर माध्यमिक विद्यालय की अवसंरचना आवर्द्धन

- नया स्कूल भवन
- मौजूदा कक्षा और पुस्तकालय, रसोई, असेंबली क्षेत्र का उन्नयन
- फर्नीचर, व्हाइट बोर्ड और पीसी उपलब्ध कराना
- पानी की टंकी, पीने का पानी, स्वच्छता और हाथ धोने की सुविधा
- चारदीवारी और गेट
- छात्रों के लिए वर्दी, बैग, जूते और स्टेशनरी

ग्रामीण विकास

- सड़कों, नालियों का निर्माण और दीवार प्रतिधारण
- पंचायत प्लेटफॉर्म और बस स्टैंड
- सौर स्ट्रीट लाइट

प्रभाव बनाया

2,500

7 गांवों के लोग लाभान्वित

शिक्षा में सुधार



बीईएल ने बेंगलुरु में दोड्डबोम्मसांद्रा झील का पुनर्नवीकरण किया

₹ 13.5 करोड़

निवेश

मध्यवर्तन का क्षेत्र- 10 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी)

बीईएल ने एक अग्रणी पहल में कर्नाटक सरकार के नियामक निकायों के साथ साझेदारी में 10 एमएलडी एसटीपी की स्थापना और कमीशनिंग की।

राजस्व विभाग (भूमि के स्वामी), ब्रुहत बेंगलुरु महानगर पालिके (झील का संरक्षक) और कर्नाटक झील संरक्षण और विकास प्राधिकरण (झीलों पर अंतिम प्राधिकरण) निर्बाध परियोजना निष्पादन के लिए शामिल थे।

प्रभाव बनाया

3 लाख से अधिक

लोग लाभान्वित

पारिस्थितिकी और जैव विविधता में सुधार



प्राकृतिक पूंजी

जिम्मेदारी से काम करने के लिए प्रतिबद्ध

हम आर्थिक, पारिस्थितिक और सामाजिक जिम्मेदारी के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अपने कारोबार को पर्यावरण की दृष्टि से अधिक टिकाऊ बनाने और एक स्थायी दुनिया की दिशा में योगदान देने के लिए आगे बढ़ने के लिए सक्रिय रूप से कार्रवाई कर रहे हैं। हमारी सभी यूनिट पर्यावरण के अनुकूल प्रक्रियाओं को बनाए रख रही हैं और वर्षा जल संचयन, ऊर्जा संरक्षण और कचरे में कमी के माध्यम से प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में सक्रिय रूप से शामिल हैं।

6 CLEAN WATER AND SANITATION | 7 AFFORDABLE AND CLEAN ENERGY | 9 INDUSTRY, INNOVATION AND INFRASTRUCTURE | 12 RESPONSIBLE CONSUMPTION AND PRODUCTION | 13 CLIMATE ACTION

स्वच्छ प्रौद्योगिकियों में निवेश

हम स्वच्छ विनिर्माण प्रौद्योगिकियों में लगातार निवेश कर रहे हैं और हमने घटकों और प्रक्रियाओं को पर्यावरण के अनुकूल बनाने की दिशा में आर एंड डी प्रयासों को दिशा दी है जिससे प्रदूषण में काफी कमी आई है। संधारणीय सामग्री, घटकों और निर्माण प्रक्रियाओं के उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए कुछ खतरनाक पदार्थों (आरओएचएस) अभ्यास का वैश्विक सर्वोत्तम मानक प्रतिबंध लागू है। वित्त वर्ष 2021-22 में, 47 नए आरओएचएस-अनुरूप घटकों को पेश किया गया और 63 मानकों को संशोधित किया गया, जिससे इलेक्ट्रॉनिक/इलेक्ट्रिकल/मैकेनिकल घटकों के लिए हमारे कुल 689 आरओएचएस-अनुपालन मानकों को पूरा किया गया।

स्वच्छ और कम कार्बन उत्सर्जन सुनिश्चित करना

वायु उत्सर्जन की निगरानी और नियंत्रण के लिए हमारे संयंत्रों में वायु प्रदूषण नियंत्रण उपकरण हैं। हमने उत्सर्जन को कम करने के लिए कई परिचालन नियंत्रणों को अपनाया है जैसे मामूली वैक्यूम (नेगेटीव) दबाव के साथ ऑपरेटिंग पेंट बूथ और प्लेटिंग बाथ, गीले स्क्रबर्स का उपयोग और सोल्डर धुएं को आकर्षित करने के लिए चूषण फिल्टर का उपयोग करना।

इसके अलावा, हरित ऊर्जा और ऊर्जा संरक्षण पर जोर दिया जाता है। हमारे पास 13.9 मेगावाट पवन ऊर्जा क्षमता और 5101 केडब्ल्यूपी संचयी ग्रिड से जुड़ी रूफटॉप सौर ऊर्जा क्षमता है, जो एक साथ हमारी कुल ऊर्जा आवश्यकता का 49.36% योगदान करती है

और इसके परिणामस्वरूप वित्त वर्ष 2021-22 के लिए 26,205.46 मेट्रिक टन CO2 उत्सर्जन समकक्ष से बचा जाता है। ऊर्जा कुशल एलईडी और अन्य कुशल प्रकाश व्यवस्था के उपयोग से ऊर्जा की खपत को कम करने में मदद मिली है। सभी नए भवनों के लिए ग्रीन बिल्डिंग अवधारणा का पालन किया जा रहा है। भविष्य के सभी भवनों के लिए, गृह रेटिंग (एकीकृत आवास मूल्यांकन के लिए ग्रीन रेटिंग) को लक्षित किया जाएगा। हम वित्त वर्ष 2022-23 में 4 मेगावाट पवन ऊर्जा क्षमता जोड़ने का इरादा रखते हैं।

अपशिष्ट जल का पुनर्चक्रण और पुन: उपयोग

हम सुनिश्चित करते हैं कि उत्पन्न सभी अपशिष्ट जल को कम रासायनिक खपत के साथ प्रभावी विषहरण के माध्यम से उपचारित किया जाता है और उत्पादन में पुन: उपयोग किया जाता है। नोन-पोर्टबल एप्लिकेशन के लिए पुनर्नवीनीकरण पानी के प्रभावी उपयोग के लिए नए भवन दोहरी प्लंबिंग प्रणाली से सज्ज हैं। हमारे फाइव स्टार गृह-रेटेड बीईएल उत्कृष्टता अकादमी और सी-टाइप आवासीय क्षेत्र इससे सुसज्जित हैं। हमारे बेंगलूरु कॉम्प्लेक्स में जल सकारात्मक सुविधा है।

प्रभावी ढंग से कचरे का प्रबंधन

हानिकारक अपशिष्ट प्रबंधन

हम हानिकारक कचरे को कम करने, पुन: उपयोग करने, पुनर्प्राप्त करने और पुनर्चक्रण पर ध्यान केंद्रित करते हैं। उपयुक्त रसायनों और प्रक्रियाओं का उपयोग जो अपशिष्ट जल विषहरण प्रक्रिया, साइनाइड मुक्त गैल्वनाइजिंग और कॉपर प्लेटिंग प्रक्रियाओं में कम हानिकारक कीचड़ उत्पन्न करते हैं, और सौर संयंत्रों में आईपीए के उपयोग को समाप्त करने में योगदान दे रहे हैं। हमने कचरे के सुरक्षित भंडारण के लिए एक विशेष, अच्छी तरह से संरक्षित जगह भी बनाई है। इसके अलावा, ठोस हानिकारक कचरे के निपटान / पुनर्चक्रण के लिए विभिन्न राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीसीबी) के अधिकारियों के साथ गठजोड़ किया गया है।

ई-कचरा प्रबंधन

कंप्यूटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं जैसे जीवन के अंत सहित सभी ई-कचरे को वैज्ञानिक प्रसंस्करण, पुनर्प्राप्ति और पुनर्चक्रण के लिए अधिकृत पीसीबी एजेंसियों को अलग, संग्रहीत और सौंप दिया जाता है। ईवीएम को विस्तारित उत्पादक जिम्मेदारी पहल के तहत वापस प्राप्त किया जाता है और वैज्ञानिक रूप से निपटाया जाता है। हम हानिकारक घटकों को आरओएचएस-अनुपालन वाले घटकों से बदलने के लिए भी निरंतर प्रयास करते हैं। इसके अलावा, हम अपने इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के उपयोगकर्ताओं को हैंडलिंग और सुरक्षित निपटान दिशानिर्देश प्रदान करने का वचन देते हैं।

बायोमेडिकल अपशिष्ट

बीईएल अस्पताल और चिकित्सा केंद्रों में उत्पन्न बायोमेडिकल कचरे को एकत्र किया जाता है और वैज्ञानिक रूप से नियामक आवश्यकताओं के अनुसार निपटाया जाता है।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन

हमने कचरे के उचित प्रबंधन के लिए स्रोत पृथक्करण प्रणाली स्थापित की है। हमारे पास 1.0 टन जैविक अपशिष्ट परिवर्तक है जो जैव-निम्नीकरणीय भोजन और कॉलोनी के हरे कचरे को कम्पोस्ट करने के लिए है। इस प्रकार उत्पन्न खाद का उपयोग हमारी संपत्ति में बागवानी के लिए किया जाता है। हरे कचरे को प्राकृतिक रूप से खाद बनाया जाता है और इसकी मात्रा को कम करने के लिए लीफ श्रेडर का उपयोग किया जाता है। खाना पकाने के लिए बायोगैस उत्पन्न करने हेतु 2 टन बायो-मीथेनेशन संयंत्र में कैंटीन खाद्य अपशिष्ट को संसाधित किया जाता है जो लगभग 50 एससीएम पीएनजी बचाता है। लैंडफिल करने योग्य कचरे को बेंगलुरु में ठोस अपशिष्ट उपचार सुविधा में संसाधित किया जाता है।

जल प्रबंधन - जीवन बचा रहा है

हमने पानी की आपूर्ति और बोरवेल से पानी निकालने का स्वचालन, शॉवर-आधारित नल और कुशल डिशवाशिंग सिस्टम, पानी बचाने के लिए ऑटो लेवल कंट्रोलर का उपयोग किया है। जल संरक्षण के लिए वायु उत्तेजन द्वारा जल शुद्धीकरण। यूनिटों में भूजल पुनर्भरण और वर्षा जल के पुन: उपयोग के लिए वर्षा जल संचयन की सुविधा है। आरओ जल उत्पन्न करने के लिए वित्त वर्ष 2021-22 में 745 घन मीटर वर्षा जल का संचयन किया गया था।

पारिस्थितिक संधारणीयता

हम बेंगलुरु में अपने 685 हेक्टर के हरित परिसर में लगभग 4,94,000 एम2 लॉन, 25,200 मीटर की हेज और 1,500 से अधिक प्रकार के 1,40,500 पेड़ों का रखरखाव करते हैं। विभिन्न पक्षियों और अन्य जीवों का घर, यह ग्रीन कार्पेट धूल को रोकने में मदद करता है, गर्मी को अवशोषित करता है, कार्बन सिंक बनाता है और ताजा ऑक्सीजन छोड़ता है।

दशक के दौरान कार्य-निष्पादन की स्थिरता

(₹ करोड़ में)

विवरण	2012-13	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22
बिक्री और सेवाएं	6,012	6,174	6,695	7,541	8,825	10,085	11,789	12,608	13,818	15,044
उत्पादन मूल्य	6,290	6,127	6,659	7,775	9,244	9,670	11,921	12,348	13,947	15,321
अन्य आय	610	428	478	537	471	200	170	102	126	234
सामग्री	4,085	3,584	3,745	4,061	4,832	5,104	6,080	6,846	7,957	9,179
कर्मचारी अनुलाभ व्यय	1,111	1,030	1,263	1,257	1,548	1,772	1,879	2,057	1,941	2,109
मूल्यह्रास / परिशोधन	131	142	154	172	192	251	316	350	366	380
ब्याज/वित्त लागत	1	3	1	5	12	1	12	3	6	5
अन्य व्यय	572	774	674	1,240	1,417	1,110	1,396	1,028	1,114	993
कर पूर्व लाभ	1,115	1,175	1,467	1,732	2,029	1,948	2,703	2,479	2,935	3,158
कर के लिए प्रावधान	225	243	299	425	482	549	776	685	869	809
कर पश्चात लाभ	890	932	1,167	1,307	1,548	1,399	1,927	1,794	2,065	2,349
लाभांश(राशि)	178	186	234	408	503	491	828	682	975	1,096
लाभांश (%)	223	233	292	170	225	200	340	280	400	450
इक्विटी शेयर पूंजी	80	80	80	240	223	244	244	244	244	244
अन्य इक्विटी	6,224	6,937	7,805	8,744	7,285	7,517	8,775	9,609	10,564	11,741
ऋण निधियाँ	0.01	-	-	-	50	67	33	8	-	-
सकल ब्लॉक	2,073	2,227	2,485	1,147	1,617	2,220	3,013	3,795	4,118	4,534
संचयी मूल्यह्रास / परिशोधन	1,498	1,576	1,714	170	362	613	929	1,275	1,638	2,010
वस्तुसूची	3,271	3,370	3,427	4,177	4,905	4,739	4,455	3,963	4,955	5,567
व्यापार लेनदारी	3,335	4,129	3,786	3,712	4,355	5,050	5,369	6,733	6,552	6,103
कार्यशील पूंजी	5,445	6,077	6,910	7,373	5,305	4,366	5,376	5,817	6,812	7,625
नियोजित पूंजी	6,020	6,728	7,681	8,349	6,560	5,973	7,461	8,336	9,292	10,149
निवल मालियत	6,304	7,017	7,885	8,984	7,509	7,761	9,019	9,853	10,808	11,984
प्रति शेयर अर्जन (₹ में)	3.37	3.53	4.42	4.95	6.03	5.70	7.91	7.36	8.48	9.64
प्रति शेयर पुस्त मूल्य (₹ में)	26.27	29.24	32.85	37.43	33.62	31.85	37.01	40.44	44.36	49.18
कर्मचारियों की संख्या	10,305	9,952	9,703	9,848	9,716	9,726	9,612	9,279	9,172	8,853

बोर्ड की रिपोर्ट

सेवा में सदस्यगण,

आपके निदेशकों को 31 मार्च 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए अपनी रिपोर्ट और लेखा परीक्षित वित्तीय विवरण, सांविधिक लेखापरीक्षकों और भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है।

वित्तीय परिणाम और निष्पादन विशिष्टताएं

कंपनी के वित्तीय परिणाम और निष्पादन विशिष्टताएं इस प्रकार हैं:

(₹ लाख में)

विवरण	2021-22	2020-21
उत्पादन का मूल्य	15,32,064	13,94,749
कारोबार	15,04,367	13,81,816
मूल्यह्रास, ब्याज और कर पूर्व लाभ	3,54,283	3,30,722
वित्तीय लागत	485	608
मूल्यह्रास और परिशोधन	38,018	36,633
कर पूर्व लाभ	3,15,780	2,93,481
कर के लिए प्रावधान	80,887	86,939
कर पश्चात लाभ	**2,34,893**	**2,06,542**
अन्य समग्र आय / (हानि)	(14,921)	(8,709)
कुल समग्र आय	2,19,972	1,97,833
लाभांश का भुगतान	1,02,337	1,02,337
लाभांश पर कर	-	-
सामान्य रिजर्व में अंतरण	40,000	40,000
अन्य इक्विटी (रिजर्व और अधिशेष सहित)	11,74,060	10,56,423
कुल मूल्य	11,98,426	10,80,789
प्रति शेयर आय (₹ में)	9.64	8.48
प्रति शेयर बुक वैल्यू (₹ में)	49.18	44.36

वित्त वर्ष 2021-22 के लिए उत्पादन के मूल्य का वितरण नीचे दिया गया है-

(₹ लाख में)

विवरण	राशि	प्रतिशत
सामग्री	9,17,947	59.92%
कर्मचारी लागत	2,10,939	13.77%
अन्य व्यय (निवल)	49,380	3.22%
मूल्यह्रास और परिशोधन	38,018	2.48%
कर के लिए प्रावधान	80,887	5.28%
कर पश्चात लाभ	2,34,893	15.33%
कुल	**15,32,064**	**100.00%**

वर्ष 2021-22 के लिए कंपनी का कारोबार 2020-21 में ₹ 13,81,816 लाख से बढ़कर ₹ 15,04,367 लाख हो गया, जिसमें 8.87% की वृद्धि दर्ज की गई। पिछले वर्ष के ₹ 2,06,542 लाख की तुलना में इस वर्ष के लिए कर पश्चात लाभ (पीएटी) ₹ 2,34,893 लाख है। स्वदेशी रूप से विकसित उत्पादों का कारोबार 78% था। रक्षा आपूर्ति के लिए योगदान पिछले वर्ष 78% की तुलना में 2021-22 में कारोबार का 90% था।

लाभांश

सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 43ए के अनुसरण में, कंपनी के निदेशक मंडल ने सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015, कंपनी अधिनियम, 2013, जारी कंपनी के लिए लागू सीमा तक सेबी, डीपीई, दीपम, वित्त मंत्रालय और अन्य दिशानिर्देशों द्वारा दिशानिर्देशों के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए लाभांश वितरण नीति तैयार की। नीति को कंपनी की वेबसाइट https://www.bel-india.in/ContentPage.aspx?MId=17&CId=527&LId=1&link=527 पर रखा गया है।

निदेशक मंडल ने वर्ष 2021-22 के लिए ₹ 1.50/- प्रति इक्विटी शेयर (150%) के अंतिम लाभांश की राशि ₹ 36,548.89 लाख की सिफारिश की है। वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए शेयरधारकों को पहला अंतरिम लाभांश ₹ 1.50 प्रति इक्विटी शेयर (150%) और दूसरा अंतरिम लाभांश ₹ 1.50 प्रति इक्विटी शेयर (150%) का भुगतान किया गया है। इस प्रकार, वर्ष 2021-22 के लिए कुल लाभांश ₹ 4.50/- प्रति इक्विटी शेयर (450%) है, जो ₹ 1,09,646 लाख है।

रिजर्व में अंतरण

वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए सामान्य रिज़र्व में ₹ 40,000 लाख की राशि अंतरित की गई है।

शेयर पूंजी

31 मार्च 2022 को कंपनी की अधिकृत पूंजी ₹ 25,000 लाख (₹ 1/- के 2,50,00,00,000 इक्विटी शेयर) थी और चुकता शेयर पूंजी ₹ 24,366 लाख (₹ 1-1/- के पूरी तरह से चुकता 2,43,65,92,943 इक्विटी शेयर) थी। वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान कंपनी की अधिकृत / चुकता शेयर पूंजी में कोई बदलाव नहीं हुआ।

निष्पादित प्रमुख आदेश

एएफएनईटी प्रदर्शन/सुरक्षा संवर्धन और सैटकॉम नेटवर्क, एकीकृत परिधि सुरक्षा प्रणाली (आईपीएसएस), वाहन आधारित आश्रय नेटवर्क (सम्युकता), इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूट, केरला फाइबर ऑप्टिक नेटवर्क (के-एफओएन), उन्नत/एकीकृत संचार प्रणाली, आर्टिलरी कॉम्बैट कमांड और नियंत्रण प्रणालियां, संचार प्रणाली, स्मार्ट सिटी परियोजनाएं रक्षा बलों के लिए मिसाइल, नियंत्रण और निगरानी प्रणालियों की आपूर्ति और समर्थन सहित ऊर्जा स्टोरेज परियोजनाएं निष्पादित की गईं।

निर्यात

आपकी कंपनी नागरिक बाजार की जरूरतों को पूरा करने के लिए होमलैंड सिक्योरिटी सॉल्यूशंस, सीमा सुरक्षा प्रणालियों और अत्याधुनिक प्रणालियों और समाधानों और पेशेवर इलेक्ट्रॉनिक्स सहित रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों और प्रणालियों की निर्यात क्षमता का दोहन करने की दिशा में तेजी से ध्यान केंद्रित कर रही है, जो इसका मूल व्यापार क्षेत्र है।

बीईएल विदेशों और वैश्विक ओईएम को विभिन्न उत्पादों और प्रणालियों का निर्यात करता रहा है। अपने वर्तमान और संभावित ग्राहकों के साथ स्वस्थ संबंध स्थापित करने और उनकी आवश्यकताओं के आधार पर बीईएल नियमित रूप से विभिन्न उत्पादों और प्रणालियों की आपूर्ति के लिए विदेश मंत्रालय (एमईए) और रक्षा मंत्रालय (एमओडी) के साथ बातचीत करता रहता है।

बीईएल विकसित, विकासशील और तीसरी दुनिया के देशों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-आधारित समाधान, विभिन्न नागरिक परियोजनाओं के लिए सॉफ्टवेयर विकास, आईओटी सेंसर, सेंसर फ्यूजन और प्रबंधन प्रणाली, एकीकृत डेटा एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म सिस्टम जैसे उत्पाद और समाधान, स्मार्ट हब, वीवीआईपी क्षेत्रों के लिए सुरक्षा पैकेज, स्मार्ट सिटी, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे का विकास, सौर ऊर्जा उत्पादन परियोजनाएं आदि के साथ नागरिक और चिकित्सा उपकरण बाजार की तलाश कर रहा है।

बीईएल रक्षा खरीद प्रक्रिया में शामिल ऑफसेट नीति के कारण रक्षा मंत्रालय के विभिन्न आरएफपी में ऑफसेट दायित्वों को पूरा करने में ओईएम की मदद करने के क्षेत्र में अवसरों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इसके लिए कंपनी विभिन्न प्रमुख विदेशी एयरोस्पेस और रक्षा कंपनियों के साथ मिलकर काम कर रही है और साझेदारी कर रही है। बीईएल ग्राहकों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सिद्ध उत्पादों और प्रणालियों की पेशकश भी कर रहा है। बीईएल ने उभरते निर्यात अवसरों के नए क्षेत्रों के रूप में संविदा निर्माण (बिल्ड टू प्रिंट और बिल्ड टू स्पेक) और नवीनतम प्रणालियों और समाधान के प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की पहचान की है। इसके अलावा, वैश्विक खिलाड़ियों के साथ दीर्घकालिक आपूर्ति शृंखला कनेक्ट स्थापित करने के प्रयास जारी हैं।

बीईएल मुख्य रूप से विभिन्न 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इसने प्रमुख प्लेटफॉर्म ओईएम और उनके टियर-I आपूर्तिकर्ताओं को अपने विभिन्न उत्पादों और सेवाओं की पेशकश की है। इसने बीईएल को न केवल भारतीय कार्यक्रमों के लिए बल्कि वैश्विक आवश्यकताओं के लिए भी बीईएल में उत्पादों के निर्माण और बीईएल की सेवाओं के उपयोग के लिए विभिन्न ओईएम के साथ सह-विकास, सह-उत्पादन और इसी तरह की व्यवस्था के लिए साझेदारी का लाभ उठाने में मदद की है।

दुनिया भर में कोविड-19 महामारी के बावजूद, कंपनी ने विभिन्न वैश्विक ग्राहकों जैसे अमेरिका, फ्रांस, स्विट्जरलैंड, इज़राइल, स्वीडन, आसियान देशों, मॉरीशस और श्रीलंका से 2021-22 के दौरान यूएसडी 179.05 मिलियन का निर्यात ऑर्डर हासिल किया। इसके साथ, 1 अप्रैल 2022 को निर्यात ऑर्डर 269 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गया। ईडब्ल्यू / एवियोनिक्स के लिए प्रमुख ऑर्डर मेसर्स एयरबस डीएस, स्पेन और मेसर्स थेल्स, फ्रांस से प्राप्त हुए हैं।

वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान विभिन्न देशों जैसे स्विट्जरलैंड, अमेरिका, फ्रांस, इज़राइल, स्वीडन, सेशेल्स, मालदीव, श्रीलंका, आसियान देशों और विभिन्न एसईजेड को 33.30 मिलियन अमेरिकी डॉलर की निर्यात बिक्री हासिल की गई। निर्यात किए गए प्रमुख उत्पाद / प्रणालियां तटीय निगरानी प्रणाली रेडार, रेडार और ईडब्ल्यू सिस्टम की उप प्रणालियां, डेटा लिंक II, केबल लूम, यांत्रिक पुर्जे, संचार उपकरण, आईएफएफ-इंटेरोगेटर, रेडार फिंगर प्रिंटिंग सिस्टम, ईओएस, पावर स्रोत, रेडार स्पेयर्स आदि थे।

विदेश मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय और ग्राहकों के साथ निरंतर और केंद्रित चर्चा, नए और पूर्ण सिस्टम की पेशकश करके ग्राहकों के साथ एक सक्रिय दृष्टिकोण और प्रक्रियाओं, ग्राहकों के आधार में वृद्धि, नई, अनुकूलित और महत्वपूर्ण परियोजनाओं को लेना और ग्राहकों की आवश्यकता के अनुसार उन्हें समय पर प्रदान करना जैसी नई निर्यात पहलों के साथ निर्यात बिक्री हासिल की गई थी। अनुकूलित समाधान और भावी खतरों और अवसरों को विकसित करने के लिए ग्राहकों को प्रदान की गई सहायता / सेवाओं में अधिक प्रयास किए गए थे।

वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान उत्पादों और सेवाओं के लिए नए बाजारों के विकास द्वारा निर्यात बढ़ाने के लिए की गई पहल:

❖ 2021-22 में की गई प्रमुख पहलें इस प्रकार हैं

- एक्ज़िम / क्रेता ऋण परियोजना - विभिन्न देशों के लिए बाजार में बढ़त के प्रयास।
- केन्या, चिली, सूरीनाम, मलेशिया, नेपाल, बांग्लादेश में नए स्थानीय भागीदारों के साथ सहयोग।
- विभिन्न पड़ोसी देशों में G2G अवसरों की तलाश।
- ओईएम के साथ वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला भागीदार के रूप में बीईएल के पैनल में बढ़ोतरी करके संविदा निर्माण पोर्टफोलियो में वृद्धि।
- सुरक्षित वातावरण के तहत सॉफ्टवेयर क्षमताओं और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आधार पर टर्नकी समाधान के क्षेत्र में कारोबार का पता लगाना।
- भारतीय प्लेटफॉर्म निर्माताओं के साथ रणनीतिक गठबंधन और देश के भीतर मजबूत सपोर्ट बनाने के लिए प्रमुख भारतीय प्लेटफॉर्म निर्माताओं के साथ समझौतों पर हस्ताक्षर करने के लिए चर्चा और प्रक्रियाएं शुरू करना।
- सर्वोत्तम मूल्य प्रस्ताव की पेशकश करके वैश्विक बाजारों में जगह बनाने के लिए विदेशी ओईएम के साथ प्रस्तावित रणनीतिक गठबंधन।
- विदेशों में सरकारी निविदाओं में भागीदारी बढ़ाने के प्रयास।
- भू-स्थानिक पहुंच का तेजी से विस्तार करने के लिए बीईएल के विदेशी प्रतिनिधि/विपणन कार्यालयों (18 देशों) के माध्यम से भारत के रक्षा उद्योगों के विभिन्न उत्पादों और प्रणालियों के विपणन के प्रयास।

- बीईएल नियमित रूप से भारत के मित्र देशों को क्रेडिट लाइन (एलओसी)/अनुदान के तहत उत्पादों / प्रणालियों की आपूर्ति के लिए विदेश मंत्रालय, भारतीय उच्चायोग, रक्षा अटैची और एमओडी, भारत के साथ बातचीत।

❖ विदेशों/ग्राहकों को पेश किए जाने वाले निम्नलिखित उत्पादों और प्रणालियों के लिए प्रमुख लीड पाइप लाइन में -

- तटीय रेडार प्रणाली
- रेडार सिस्टम और समाधान
- नौसेना रेडार और सोनार का उन्नयन
- अनुबंध विनिर्माण
- संचार उपकरण
- इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर एवियोनिक्स

❖ 2021-22 के दौरान ऑफसेट कारोबार की गुंजाइश निम्नलिखित थी-

- डेटा लिंक II
- आईएफएफ - इंटरोगेटर
- रेडार फिंगर प्रिंटिंग सिस्टम
- ईओएस कम्पास
- ईडब्ल्यू और रेडार सब-असेंबली बिल्ट टू प्रिंट आधार पर
- मिसाइल सिस्टम और समाधान

सरकार के साथ समझौता ज्ञापन

आपकी कंपनी डीपीई से जारी दिशा-निर्देशों के आधार पर हर साल रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के साथ समझौता (एमओयू) एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करती रही है। वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए कंपनी के निष्पदान को “बहुत अच्छा” के रूप में दर्जा दिया गया है। सरकार द्वारा वित्त वर्ष 2021-22 के लिए एमओयू रेटिंग की समीक्षा की जा रही है।

ऑर्डर बुक की स्थिति

1 अप्रैल 2022 तक कंपनी की ऑर्डर बुक 57,570 करोड़ है। ऑर्डर बुक में मिसाइल सिस्टम, कमांड और कंट्रोल सिस्टम, एयरक्राफ्ट अपग्रेड, इलेक्ट्रॉनिक्स वोटिंग मशीन, शिप अपग्रेड, रेडार और फायर कंट्रोल सिस्टम, सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो, थर्मल इमेजर्स, केरला फाइबर ऑप्टिक नेटवर्क (केएफओएन), एएफएनईटी निष्पादन और सुरक्षा संवर्धन और सैटकॉम नेटवर्क, स्मार्ट सिटी परियोजनाएं, नौसेना प्रणाली आदि जैसे प्रमुख कार्यक्रम शामिल हैं।

वित्त

आपकी कंपनी अपने वित्त के प्रबंधन में विवेकपूर्ण रही है। वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान, कंपनी ने अपनी सभी कैपेक्स और चल पूंजी आवश्यकताओं को आंतरिक संचय के माध्यम से पूरा किया है। आपकी कंपनी अपने परिचालन खर्चों के प्रबंधन में उत्पादक और कुशल रही है। कंपनी का पीबीटी वित्त वर्ष 2020-21 में 2,93,481 लाख रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 21-22 में 3,15,780 लाख रुपये हो गया है। चालू वित्त वर्ष 21-22 के दौरान ईपीएस बढ़कर ₹ 9.64 हो गया जो पिछले वित्त वर्ष 2020-21 में ₹ 8.48 था। बीईएल का निवल मूल्य ₹ 10,80,789 लाख (वित्त वर्ष 2020-21) से बढ़कर ₹ 11,98,426 लाख हो गया है और संबंधित बुक वैल्यू प्रति शेयर (बीवीपीएस) ₹ 44.36 (वित्त वर्ष 20-21) से बढ़कर ₹ वित्तीय वर्ष 2021-22 में 49.18 हो गया है।

वित्त वर्ष 2020-21 में कारोबार ₹ 13,81,816 लाख से बढ़कर वित्त वर्ष 2021-22 में ₹ 15,04,367 लाख हो जाने के बावजूद, प्राप्य व्यापार ₹ 6,55,154 लाख से घटकर ₹ 6,10,339 लाख हो गया है। इसके अलावा, व्यापार प्राप्य कुल दिनों के कारोबार के रूप में वित्त वर्ष 2020-21 में कारोबार के 173 दिनों से घटकर वित्त वर्ष 2021-22 में कारोबार के 148 दिन रह गया है। दिनों की संख्या में कमी मुख्य रूप से प्रबंधन द्वारा की गई पहल और पुनर्गठन के कारण हुई थी।

हमारा निरंतर निष्पादन और दीर्घकालिक मूल्य सृजन कंपनी द्वारा वितरित किए जा रहे लाभांश की मात्रा में परिलक्षित होता है। चालू वित्त वर्ष 21-22 के दौरान, बीईएल ने ₹ 73,098 लाख की राशि के 150% के 2 अंतरिम लाभांश वितरित किए हैं। निदेशक मंडल ने वर्ष 2021-22 के लिए ₹ 1.50 प्रति इक्विटी शेयर (150%) के अंतिम लाभांश की राशि ₹ 36,548.89 लाख की सिफारिश की है। इस प्रकार, वर्ष 2021-22 के लिए कुल लाभांश ₹ 4.50 प्रति इक्विटी शेयर (450%) है, जो ₹ 1,09,646 लाख है।

जमा

कंपनी के पास वर्तमान में कोई सार्वजनिक जमा योजना नहीं है। हालांकि, कंपनी के पास परिपक्व सार्वजनिक जमा राशि (फरवरी 2006 से पहले एकत्र) 31 मार्च 2022 को ₹ 36.95 लाख थी। इसमें से ₹ 36. 50 लाख की राशि की 34 जमा राशियों का दावा नहीं किया गया है या भुगतान नहीं किया गया है क्योंकि कर्नाटक लोकायुक्त की सलाह पर इन खातों को फ्रीज कर दिया गया था। जमाकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत अपर्याप्त दस्तावेजों/अभिलेखों के कारण 31 मार्च, 2022 को 0.45 लाख रु. की शेष परिपक्व जमाराशियों का भुगतान नहीं किया गया है।

अनुसंधान एवं विकास

बीईएल का आर एंड डी दर्शन अनुसंधान और विकास के माध्यम से रक्षा और व्यावसायिक इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए उत्पादों / सेवाओं में अपनी श्रेष्ठता बढ़ाने के लिए है। बीईएल का अनुसंधान एवं विकास अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी मॉड्यूल के साथ निर्मित नए उत्पादों के विकास के लिए प्रयासरत है। ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरी तरह से पूरा करते हुए, बीईएल द्वारा विकसित उत्पाद अत्याधुनिक, प्रतिस्पर्धी और उच्चतम स्तर की गुणवत्ता और विश्वसनीयता वाले हैं।

अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) बीईएल की मुख्य ताकतों में से एक रहा है जिसे आंतरिक और सहयोगी अनुसंधान एवं विकास मोड के माध्यम से बढ़ाया जा रहा है। बीईएल के विभिन्न प्रभाग सामरिक घटकों, प्रौद्योगिकी मॉड्यूल, उप-प्रणालियों, उत्पादों, प्रणालियों और प्रणालियों की प्रणालियों के विकास में शामिल हैं।

बीईएल की तीन स्तरीय अनुसंधान एवं विकास संरचना है, अर्थात् केंद्रीय अनुसंधान प्रयोगशालाएं (सीआरएल); उत्पाद विकास और नवोन्मेष केंद्र (पीडी एंड आईसी) और उत्कृष्टता केंद्र (सीओई); और रणनीतिक व्यापार यूनिटों (एसबीयू)/ यूनिटों से जुड़े विकास और इंजीनियरिंग (डी एंड ई) समूह। वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर) के साथ पंजीकृत बीईएल के अनुसंधान एवं विकास केंद्र, भारत भर में विभिन्न स्थानों पर कार्यरत हैं: प्रत्येक एसबीयू और यूनिटों डी एंड ई अर्थात् बेंगलुरु, चेन्नई, गाजियाबाद, हैदराबाद, कोटद्वार, मछलीपट्टनम, नवी मुंबई, पंचकुला और पुणे में; बेंगलुरू में पीडी और आईसी; और बेंगलूरु और गाजियाबाद में सीआरएल। आरएंडडी लैब्स (सीआरएल / पीडी एंड आईसी / सीओई / डी एंड ई) तीन साल की आरएंडडी योजनाओं के आधार पर और सक्षम प्राधिकारी द्वारा फंड/समय के उचित अनुमोदन के बाद, निर्धारित प्रौद्योगिकी और उत्पाद क्षेत्रों में काम करती हैं।

आंतरिक प्रयासों के अलावा, बीईएल आरएंडडी इंजीनियर्स डीआरडीओ, इसरो, सीएसआईआर, अन्य अनुसंधान प्रयोगशालाओं, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय शिक्षाविदों, अनुसंधान संस्थानों, ओईएम / उद्योग, विशेषज्ञों / सलाहकारों, एमएसएमई और आला प्रौद्योगिकियों में स्टार्ट-अप के साथ सहयोग करते हैं। बीईएल ने कई व्यावसायिक क्षेत्रों में उत्पाद/समाधान विकसित करने के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाया है।

एसबीयू/यूनिटों में डी एंड ई समूह अंतिम उपयोगकर्ताओं को सिस्टम और सिस्टम ऑफ सिस्टम्स समाधान प्रदान करते हैं। इस दिशा में, वे सीआरएल, पीडी एंड आईसी, सीओई और सहयोगी आर एंड डी भागीदारों के माध्यम से विकसित आवश्यक प्रौद्योगिकी मॉड्यूल और सबसिस्टम प्राप्त करते हैं। वे इन प्रणालियों को सेवा में शामिल करने की प्रक्रिया में आवश्यक सभी मूल्यांकन और परीक्षण करते हैं। वे पूरे उत्पाद जीवन-चक्र के दौरान तकनीकी सहायता भी प्रदान करते हैं और अप्रचलन प्रबंधन का भी ध्यान रखते हैं।

वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान शुरू की गई डी एंड ई परियोजनाएं: वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान आंतरिक विकास और सहयोगात्मक प्रयासों (मुख्य रूप से डीआरडीओ के साथ) दोनों के माध्यम से कई आरएंडडी परियोजनाएं शुरू की गई हैं। वित्त वर्ष 2021-22 में शुरू की गई प्रमुख परियोजनाएं एलएमजी के लिए डे टेलीस्कोपिक साइट-6एक्स, एनओपीवी के लिए एलवाईएनएक्स यू2 सिस्टम, जहाजों के तलवार और तेग वर्ग, एसडीआर-एनसी के प्लेटफॉर्म सॉफ्टवेयर एन्हांसमेंट और सीडीएसी से दीर्घकालिक सपोर्ट, डीएमआरसी के लिए सुपर स्काडा, 5G नोडँ समाधान, बीएमपी अपग्रेड के लिए साइटिंग और एफसीएस सिस्टम-811 सिस्टम, वाइडबैंड जीएएन पीए, ए बैंड डीडब्ल्यूआर अपग्रेड, आईएफ / आईएके लिए 1 कि.वा. एचएफ एसडीआर, 1 कि.वा. नैरो लाइन चौड़ाई लेजर, इको साउंडर्स, लेजर टारगेट डिज़ाइनर, आकाश मिसाइल सिस्टम के लिए डेको सिस्टम, डी4 सिस्टम, आर्मर पियर्सिंग फिन स्टेबलाइज्ड डिस्कार्डिंग सबोट (एपीएफएसडीएस), सीबीटीसी रेडियो सिस्टम, एएयू के लिए जीएएन आधारित मॉड्यूल, 80 एमएम रॉकेट, मल्टी फंक्शन रेडार-वीएलएसआरएसएएम, क्वांटम की डिस्ट्रीब्यूशन, डीएमआरसी के लिए आईएटीएस और आईएफएफ एमके- XII-ए हैं।

वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान कार्यान्वित डी एंड ई परियोजनाएं- वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान कार्यान्वित / पूरी की गई कुछ प्रमुख परियोजनाओं में आकाश-एनजी सिस्टम, रिकॉर्ड और रीप्ले ऑपरेशन, सिंगल कॉम्बैट व्हीकल, कॉम्पैक्ट जीएफसीएस (एलवाईएनएक्स यू 3 जीएफसीएस), मल्टी टारगेट ट्रैकिंग रेडार, एमबीटी अर्जुन के लिए बीएमपी ईओ अपग्रेड, एजीएमएस और सीपीएस, स्पॉटरस्कोप, स्पेस सिचुएशनल अवेयरनेस, आईएफएफ ऑर्डर फॉर 7 एसक्यूएन ऑफ आकाश मिसाइल सिस्टम (एएमएस), रेवती स्टेबलाइज्ड प्लेटफॉर्म, सीएमएस16ए, गाए आधारित सी-बैंड एमएमआईसी, एमएमजी के लिए अनकूल्ड टीआई वेपन साइट्स और असॉल्ट राइफल, सामान्य प्रयोजन के बमों के लिए रेंज एक्सटेंशन किट, एमआरएसएएम-सेना के लिए कमांड पोस्ट, लंबी दूरी की निगरानी के लिए सक्रिय रेंज गेटिंग कैमरा, बेस्ट बसों के लिए एचएचटी का विकास, टी -90 के लिए गनर टीआई साइट, लेजर डैज़लर, डी 4 सिस्टम, फाइबर ऑप्टिक सेंसर पैकेज और आईपीएसएस पठानकोट के लिए टीओटी।

वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान प्राप्त महत्वपूर्ण अनुसंधान एवं विकास पुरस्कार/मान्यताएं

- दो बीईएल वैज्ञानिकों (सीआरएल-बीजी) को आईईटीई-आईआरएसआई युवा वैज्ञानिक पुरस्कार
- आईईटीई - बीईएल सॉफ्टवेयर एसबीयू के लिए सॉफ्टवेयर (बड़े उद्यम) के विकास में प्रदर्शन के लिए कॉर्पोरेट पुरस्कार
- गोल्डन स्टार - डी (आर एंड डी) बीईएल के लिए उत्कृष्ट आर एंड डी लीडरशिप अवार्ड इनडिविजुअल।

बीईएल ने वित्त वर्ष 2021-22 के लिए आरएंडडी के सभी एमओयू मापदंडों को समय पर पूरा करते हुए निम्न को पूरा किया है:

क्रमांक	परियोजनाओं का विवरण	एसबीयू/यूनिट/ पीडीआईसी/सीओई/ सीआरएल	स्थिति
1	एआई आधारित पैरामीटर- क) सोशल मीडिया एनालिटिक्स के हिस्से के रूप में एआई सक्षम फेक न्यूज डिटेक्टर: विकास, परीक्षण और स्वतंत्र मूल्यांकन ख) एआई आधारित पैसिव टीडब्ल्यूएस (ट्रैक जबकि स्कैन) प्रणाली: विकास, परीक्षण और स्वतंत्र मूल्यांकन	 क) सॉफ्टवेयर एसबीयू ख) सीआरएल-बीजी	पूर्ण
2	एसडीआर-टीएसी परियोजना के लिए नेटवर्क टाइम सर्वर (एनटीएस) का डिजाइन और विकास: आंतरिक मूल्यांकन और परीक्षण पूर्ण	मिलकॉम	पूर्ण
3	लॉन्ग वेव इन्फ्रारेड (एलडब्ल्यूआईआर) निरंतर ज़ूम लेंस का डिजाइन और विकास- आंतरिक मूल्यांकन और परीक्षण पूर्ण	बीईएल-एमसी	पूर्ण
4	डीएमआरसी के लिए स्वदेशी स्वचालित ट्रेन पर्यवेक्षण (आईएटीएस) प्रणाली का विकास और एनसी-एनसी परीक्षण के लिए ग्राहक को पेशकश	बीईएल-कोट	पूर्ण
5	सागर-III परियोजना के लिए बिग डेटा विश्लेषणात्मक सॉफ्टवेयर का विकास- आंतरिक मूल्यांकन और परीक्षण पूर्ण	सीआरएल-बीजी	पूर्ण
6	निर्यात के लिए सीबीआरएन (ट्रैक्ड) एमके II के लिए रिमोट कंट्रोल वेपन स्टेशन (आरसीडब्ल्यूएस) का विकास पूरा करना- आंतरिक मूल्यांकन और परीक्षण पूर्ण	चेन्नै	पूर्ण

कोच्चि में बीईएल आर एंड डी सेल ने प्रोटोटाइप साइड स्कैन सोनार (इलेक्ट्रॉनिक्स और सिस्टम सॉफ्टवेयर) और इमरजेंसी पिंजर (पीओसी) के लिए कोर टेक्नोलॉजी मॉड्यूल को कार्यान्वित किया है।

आईआईटी मद्रास रिसर्च पार्क में बीईएल आर एंड डी सेल ने आईआईटी-एमआरपी इनक्यूबेटेड स्टार्ट-अप्स के सहयोग से गोला-बारूद, रॉकेट, क्वांटम क्रिप्टोग्राफी, डिस्ट्रिब्यूटेड सेंसिंग के क्षेत्रों में कोर टेक्नोलॉजी मॉड्यूल के विकास की शुरुआत की है।

वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान आंतरिक विकास प्रयासों के माध्यम से विकसित नए उत्पाद हैं:

i. लेजर फेन्स प्रणाली

ii. सक्रिय टैंक सुरक्षा प्रणाली के लिए आईआर जैमर

iii. टेथर्ड यूएवी के लिए जिम्बल

iv. ड्रेनेज घुसपैठ खोज प्रणाली

v. आकाश एनजी/क्यूआरएसएएम के लिए सॉलिड स्टेट पावर कंट्रोलर कार्ड (28 वाल्ट 16 और 32 चैनल)

4. दिव्यांग स्थायी कर्मचारियों की संख्या बताएं : 205
5. क्या आपके यहां प्रबंधन द्वारा मान्यता प्राप्त कर्मचारी संघ है?: हाँ
6. आपके कितने प्रतिशत स्थायी कर्मचारी इस मान्यता प्राप्त कर्मचारी संघ के सदस्य हैं?: 90.77%

6. कृपया पिछले वित्तीय वर्ष में बाल श्रम, जबरन मजदूरी, अनैच्छिक श्रम, यौन उत्पीड़न से संबंधित और वित्तीय वर्ष के अंत तक लंबित शिकायतों की संख्या इंगित करें:

क्रमांक	श्रेणी	1 अप्रैल 2021 को लंबित शिकायतों की संख्या	2021-22 के दौरान दर्ज शिकायतों की संख्या	2021-22 के दौरान हल की गई शिकायतों की संख्या	31 मार्च 2022 तक लंबित शिकायतों की संख्या
1.	बाल श्रम / जबरन श्रम / अनैच्छिक श्रम	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
2.	यौन उत्पीड़न	शून्य	01	01	शून्य
3.	भेदभावपूर्ण रोजगार	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य

7. पिछले वर्ष में आपके निम्नलिखित कर्मचारियों में से कितने प्रतिशत को सुरक्षा और कौशल उन्नयन प्रशिक्षण दिया गया था?

क्रमांक	श्रेणी	सुरक्षा पहलुओं पर प्रशिक्षण के माध्यम से कवर किए गए कर्मचारियों का %	कौशल उन्नयन पर प्रशिक्षण के माध्यम से कवर किए गए कर्मचारियों का%
1.	स्थायी कर्मचारी	30%	92%
2.	स्थायी महिला कर्मचारी	32%	91%
3.	आकस्मिक/अस्थायी/संविदात्मक कर्मचारी	65%	18%
4.	दिव्यांग कर्मचारी	23%	89%

सिद्धांत 4

1. क्या कंपनी ने अपने आंतरिक और बाहरी हितधारकों की मैपिंग की है?

   हाँ

2. उपरोक्त में से, क्या कंपनी ने वंचित, कमजोर और पिछड़े हितधारकों की पहचान की है?

   हाँ

   i. एससी/एसटी कर्मचारी

   ii. दिव्यांग कर्मचारी

   iii. महिला कर्मचारी

3. क्या कंपनी द्वारा वंचित, कमजोर और पिछड़े हितधारकों के साथ जुड़ने के लिए कोई विशेष पहल की गई है? यदि हां, तो उसका विवरण लगभग 50 शब्दों में उपलब्ध कराएं।

   <u>अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कर्मचारियों और उनके बच्चों के लिए विशेष पहल:</u> अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कर्मचारियों के मेधावी बच्चों को प्रोत्साहित करने और वित्तीय सहायता प्रदान करने की दृष्टि से, प्रबंधन ने स्वर्गीय प्रधान मंत्री श्री जवाहरलाल नेहरू के नाम पर आईटीआई प्रमाणित पाठ्यक्रम सहित डिप्लोमा/प्रमाणित पाठ्यक्रमों के अलावा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति शुरू की है।

   अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों के उन बच्चों के उत्थान के लिए एक अध्ययन सुविधा केंद्र शुरू किया गया है, जिनके पास माता-पिता की अपर्याप्त देखभाल है और जिनके घरों में पढ़ने के लिए उचित सुविधाएं नहीं हैं। प्रबंधन द्वारा कक्षाओं, फर्नीचर, पुस्तकालय आदि जैसी सुविधाओं के साथ एक नया भवन बनाया गया है।

   इसके अलावा, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों और उनके बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग, कंप्यूटर प्रशिक्षण आदि जैसी विभिन्न सुविधाएं प्रदान की गई हैं।

   <u>महिला कर्मचारियों के लिए विशेष पहल:</u> बीईएल अपनी महिला कर्मचारियों को विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है, "सार्वजनिक क्षेत्र में महिला" मंच के माध्यम से महिला कर्मचारियों के बीच बातचीत और विचारों और समस्याओं के आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करता है। फोरम महिला कर्मचारियों के बीच जागरूकता पैदा करने की दिशा में भी काम करता है और संगठन के भीतर स्वस्थ कामकाजी माहौल को बढ़ावा देने की दिशा में काम करता है।

   बीईएल महिला कर्मचारियों के बीच स्वास्थ्य जागरूकता पैदा करने से संबंधित कई कार्यक्रम आयोजित करता रहा है। अन्य अस्पतालों के सहयोग से नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच की जाती है। इसके अलावा, पोषण, आहार, जीवन शैली प्रबंधन आदि पर जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

   दिव्यांग कर्मचारियों के लिए विशेष पहल:

   बीईएल दिव्यांग व्यक्तियों के लिए विशेष भत्ता और सुविधाएं प्रदान करती है जिसमें कंपनी परिवहन का उपयोग नहीं करने वाले शारीरिक रूप से दिव्यांग कर्मचारियों के लिए वाहन भत्ता, दिव्यांग व्यक्तियों की आवाजाही के लिए कारखाने के भीतर जहां आवश्यक हो वहां विशेष रैंप, विशेष शौचालयों की व्यवस्था की गई है, उपस्थिति दर्ज करने के लिए अनुग्रह समय और वाहनों को कार्यस्थल तक ले जाने के लिए अनुमति दी गई है। दिव्यांग, श्रवण और दृष्टिहीनों के लिए श्रवण यंत्र, कैलीपर्स, एल्युमिनियम फोल्डिंग स्टिक आदि जैसे उपकरण भी उपलब्ध कराए गए हैं।

सिद्धांत 5

1. क्या मानव अधिकारों पर कंपनी की नीति केवल कंपनी को कवर करती है या समूह/संयुक्त उद्यमों/आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों/गैर सरकारी संगठनों/अन्य तक विस्तारित है?

   कंपनी में उपयोग की जाने वाली सभी नीतियों, प्रणालियों और प्रक्रियाओं में मानवाधिकारों को शामिल किया गया है। मानवाधिकार आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों/गैर सरकारी संगठनों और अन्य के साथ कंपनी की सभी नीतियों, बातचीत और व्यावसायिक उपक्रमों (समूह/संयुक्त) का मौलिक सिद्धांत है। इस प्रकार मानवाधिकारों का सम्मान कंपनी में सभी व्यावसायिक प्रक्रियाओं का एक अविभाज्य पहलू है और कंपनी की व्यावसायिक गतिविधियों के पूरे स्पेक्ट्रम को कवर करता है।

2. पिछले वित्तीय वर्ष में कितनी हितधारक शिकायतें प्राप्त हुई हैं और प्रबंधन द्वारा कितने प्रतिशत का संतोषजनक ढंग से हल किया गया है?

   वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए शिकायतों का सारांश:

पंजीकृत शिकायतों की संख्या	हल की गई शिकायतों की संख्या	लंबित शिकायतों की संख्या
12,939	11,712 (90.52%)	1,227 (9.48%)

सिद्धांत 6

1. क्या सिद्धांत 6 से संबंधित नीति केवल कंपनी को कवर करती है या समूह/संयुक्त उद्यमों/आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों/गैर सरकारी संगठनों/अन्य तक विस्तारित है।

   यह केवल कंपनी को कवर करती है। इसके अलावा, कंपनी अपने उत्पादों के उपयोग के दौरान पर्यावरण पर प्रभाव को कम करने के लिए पर्यावरण प्रबंधन में ग्राहक जागरूकता को बढ़ावा देती है। कंपनी अपने व्यावसायिक भागीदारों/आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों को डिजाइन से निपटान तक पर्यावरण अनुकूल प्रक्रियाओं की ओर बढ़ने के लिए राजी करती है और प्रोत्साहित करती है।

2. क्या कंपनी के पास जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग आदि जैसे वैश्विक पर्यावरणीय मुद्दों के समाधान के लिए रणनीति/पहल है? हां / नहीं

   हाँ। कंपनी प्रभावी ऊर्जा प्रबंधन उपायों और अक्षय ऊर्जा स्रोतों को अपनाने के माध्यम से जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग जैसे मुद्दों को हल करती है। ऊर्जा-कुशल चिलर, प्रकाश प्रबंधन प्रणाली, भवन प्रबंधन प्रणाली और डेलाइट हार्वेस्टिंग जैसी ऊर्जा-बचत पहलों का पालन किया जाता है। ऊर्जा उत्पादन और सीमित खपत के लिए पवन और सौर जैसे अक्षय ऊर्जा स्रोतों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहन दिया जाता है। कंपनी शुद्ध शून्य ग्रिड ऊर्जा के चरण को प्राप्त करने का लक्ष्य लेकर चल रही है।

3. क्या कंपनी संभावित पर्यावरणीय जोखिमों की पहचान करती है और उनका आकलन करती है? हां / नहीं

   हाँ। यह आईएसओ 14001 मानकों पर आधारित पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली के एक भाग के रूप में सुस्थापित है। कार्यान्वयन की प्रभावशीलता को सत्यापित करने के लिए नियमित आंतरिक और बाहरी ऑडिट भी किए जाते हैं।

4. क्या कंपनी के पास स्वच्छ विकास तंत्र से संबंधित कोई परियोजना है? यदि हां, तो उसका विवरण दें। साथ ही, यदि हां, तो क्या कोई पर्यावरण अनुपालन रिपोर्ट दाखिल की गई है?

   हाँ। कर्नाटक राज्य के दावणगेरे में 2.5 मेगावाट और 8.4 मेगावाट क्षमता के पवन ऊर्जा बिजली संयंत्रों और हासन में 3 मेगावाट क्षमता की पवन चक्की के माध्यम से पवन ऊर्जा (हरित ऊर्जा) का उत्पादन किया जाता है।

   वर्ष 2021-22 के दौरान दावणगेरे और हासन में पवन ऊर्जा संयंत्रों से प्राप्त विद्युत ऊर्जा, अर्जित कार्बन क्रेडिट आदि के विवरण और इनकी स्थापना से संचयी विवरण नीचे दिए गए हैं:

दावणगेरे का 2.5 मेगावाट पवन ऊर्जा बिजली संयंत्र (0.5 मेगावाट X 5 संयंत्र)

क.	2021-22 के दौरान कुल उत्पादन	22,15,575 किलोवाट घंटा
ख.	2021-22 के दौरान कुल चक्रीय ऊर्जा	19,86,925 किलोवाट घंटा
ग.	CO_2 उत्सर्जन में कमी	1,925 टन CO_2 समतुल्य
घ.	कार्बन क्रेडिट	15,856 सीईआर
ङ.	शुरूआत से संचयी ऊर्जा	4,68,28,538 किलोवाट घंटा
च.	संचयी CO_2 उत्सर्जन में कमी	49,805.98 टन CO_2 समतुल्य

हासन का 3.0 मेगावाट पवन ऊर्जा ऊर्जा संयंत्र (1.5 मेगावाट X 2 संयंत्र)

क.	2021-22 के दौरान कुल उत्पादन	44,84,400 किलोवाट घंटा
ख.	2021-22 के दौरान कुल चक्रीय ऊर्जा	40,15,000 किलोवाट घंटा
ग.	CO_2 उत्सर्जन में कमी	3,913 टन CO_2 समतुल्य
घ.	कार्बन क्रेडिट	यूएनएफसीसी के साथ पंजीकृत
ङ.	स्थापना से संचयी ऊर्जा	6,50,74,524 किलोवाट घंटा
च.	संचयी CO_2 उत्सर्जन में कमी	74,363 टन CO_2 समतुल्य

दावणगेरे का 8.4 मेगावाट पवन ऊर्जा ऊर्जा संयंत्र (2.1 मेगावाट X 4 नग)

क.	2021-22 के दौरान कुल उत्पादन	1,66,17,800 किलोवाट घंटा
ख.	2021-22 के दौरान कुल चक्रीय ऊर्जा	1,50,36,583 किलोवाट घंटा
ग.	CO_2 उत्सर्जन में कमी	15,185 टन CO_2 समतुल्य
घ.	कार्बन क्रेडिट	यूएनएफसीसी के साथ पंजीकृत होना बाकी है
ङ.	स्थापना से संचयी ऊर्जा	9,70,89,357 किलोवाट घंटा
च.	संचयी CO_2 उत्सर्जन में कमी	1,02,471 टन CO_2 समतुल्य

5. क्या कंपनी ने स्वच्छ प्रौद्योगिकी, ऊर्जा दक्षता, नवीकरणीय ऊर्जा आदि पर कोई अन्य पहल की है? हां / नहीं। यदि हाँ, तो कृपया वेब पेज आदि के लिए हाइपरलिंक दें।

   हाँ। प्रदूषण को रोकने के लिए विनिर्माण प्रक्रिया में स्वच्छ प्रौद्योगिकी की अवधारणा का पालन किया जाता है। बीईएल हमेशा स्रोत पर ही प्रदूषण की रोकथाम पर अधिक ध्यान देता है। इस तरह के प्रयास में मौजूदा प्रक्रियाओं में कई सुधार और संशोधन शामिल किए गए हैं। पीसीबी निर्माण और धातु परिष्करण प्रक्रियाओं में कुछ खतरनाक पदार्थ (आरओएचएस) उपयोग करने वाली प्रक्रियाओं पर कई प्रतिबंध लगाए

गए हैं। पर्यावरण के अनुकूल लो स्मोक हैलोजन केबल, निम्न वीओसी धातु फिनिश (पॉलीयूरेथेन), साइनाइड मुक्त चांदी, जस्ता और तांबा चढ़ाना, और त्रिकोणीय क्रोमियम-आधारित क्रोमेट रूपांतरण कोटिंग जैसी अतिरिक्त सामग्री शामिल की गई है। फास्टनरों और स्क्रू के लिए आरओएचएस उपयोग करने वाले कैडमियम प्लेटिंग विकल्प पर दस्तावेजों की तकनीकी शृंखला प्रकाशित की गई है। यह बीईएल के विभिन्न डी एंड ई और गुणवत्ता इंजीनियरों के बीच आरओएचएस उपयोग करने के विकल्पों के बारे में जागरूकता फैलाने और अनुपालन में मदद करता है। आइसो-प्रोपाइल अल्कोहल के उपयोग की जगह जलीय आधारित क्लीनर का उपयोग करके प्रिंटेड वायरिंग असेंबली की पर्यावरण अनुकूल स्वचालित सफाई प्रक्रिया के लिए नया मानक जारी किया गया है।

बीईएल ने 13.9 मेगावाट क्षमता वाला पवन ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया है। 2021-22 के दौरान बीईएल के स्वामित्व वाले पवन ऊर्जा संयंत्र से प्राप्त कुल हरित ऊर्जा 210.38 लाख यूनिट है। इसके अलावा, ग्रिड से जुड़े सौर ऊर्जा संयंत्र की कुल संचयी क्षमता 5101 केडब्ल्यूपी है, जिसने 54 लाख यूनिट उत्पन्न की हैं जो सभी बीईएल यूनिटों के विभिन्न भवनों की छतों पर स्थापित हैं। पवन ऊर्जा का योगदान 39% और सौर का योगदान 10% है। कुल अक्षय ऊर्जा योगदान लगभग 49% है। इसके परिणामस्वरूप CO2 के 25,1161 एमटी समतुल्य उत्सर्जन से बचा जा सका है ।

इसके अलावा निम्नलिखित ऊर्जा संरक्षण उपाय किए गए हैं, ऊर्जा-कुशल रेट्रोफिटिंग-एलईडी लाइट्स, डीएएलआई (डिजिटल एड्रेसेबल लाइटिंग इंटरफेस) लाइटिंग कंट्रोल सिस्टम, डेलाइट हार्वेस्टिंग के लिए स्काई लाइट पाइप, कार्बन फुटप्रिंट और वाटर फुटप्रिंट को कम करना। सभी नए भवनों में हरित भवन की अवधारणा शुरू की गई है और भावी सभी भवन जीआरआईएचए रेटिंग (ग्रीन रेटिंग फॉर इंटीग्रेटेड हैबिटेट असेसमेंट) को पूरा करेंगे।

6. क्या कंपनी द्वारा उत्पन्न उत्सर्जन/अपशिष्ट वित्तीय वर्ष के लिए सीपीसीबी/एसपीसीबी द्वारा दी गई अनुमत सीमा के भीतर रिपोर्ट किया जा रहा है?

   हाँ। इस पर कड़ी नजर रखी जा रही है और इसकी सूचना दी जा रही है।

7. वित्तीय वर्ष के अंत तक सीपीसीबी/एसपीसीबी से प्राप्त कारण बताओ/कानूनी नोटिसों की संख्या जो लंबित हैं (अर्थात संतुष्टि के अनुसार समाधान नहीं):

   शून्य, कंपनी का पर्यावरण प्रबंधन और अनुपालन का अच्छा रिकॉर्ड है।

सिद्धांत 7

1. क्या आपकी कंपनी किसी व्यापार और चैंबर या एसोसिएशन की सदस्य है? यदि हां, तो केवल उन्हीं प्रमुख कंपनियों के नाम बताएं जिनसे आपका व्यवसाय संबंधित है:

   क. फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की)

   ख. भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई)

   ग. एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम)

   घ. सार्वजनिक उद्यमों का स्थायी सम्मेलन (स्कोप)

2. क्या आपने सार्वजनिक कल्याण की उन्नति या सुधार के लिए उपरोक्त संघों के माध्यम से वकालत की है/पैरवी की है? हां नहीं; यदि हां, तो विस्तृत क्षेत्र निर्दिष्ट करें (ड्रॉप बॉक्स: गवर्नेंस और प्रशासन, आर्थिक सुधार, समावेशी विकास नीतियां, ऊर्जा सुरक्षा, जल, खाद्य सुरक्षा, सतत व्यापार सिद्धांत, अन्य)।

   हां, जब भी नीतिगत दिशा-निर्देश जारी किए जाते हैं, सुझाव दिए जाते हैं। इसके अलावा, नीतियों पर हमारे दृष्टिकोण को सुगम बनाने के लिए संगोष्ठियों/कार्यशालाओं में भी भाग लिया जाता है।

सिद्धांत 8

1. क्या कंपनी के पास सिद्धांत 8 से संबंधित नीति के अनुसरण में निर्दिष्ट कार्यक्रम/पहल/परियोजनाएं हैं? यदि हां, तो उसका विवरण दें।

   हाँ।

   कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 और कंपनी (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) नियम, 2014 के प्रावधानों के अनुसार कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) द्वारा जारी विभिन्न स्पष्टीकरणों, संशोधनों के साथ एक कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीति तैयार की है। सीएसआर परियोजनाओं को कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची-VII के अनुरूप लिया जाता है, जिसे कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीति में विधिवत रूप से शामिल किया गया है और यह हमारे सभी सीएसआर कार्यक्रमों के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत बनाता है।

   हमारे कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व में समग्र सामुदायिक विकास, संस्था निर्माण और टिकाऊपन से संबंधित पहलें शामिल हैं। हमारे कार्यक्रम क्षमता निर्माण उपायों, पिछड़े और वंचित वर्गों/समुदायों के सशक्तिकरण के माध्यम से समाज में समावेशी विकास और समान विकास में योगदान करते हैं।

मुख्य फोकस क्षेत्रों में शामिल है:

(i) **शिक्षा** - दूरस्थ सरकारी स्कूलों में सीखने के लिए अनुकूल माहौल की सुविधा।

(ii) **स्वास्थ्य सेवा और स्वच्छता** - सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को बढ़ाना और सरकारी स्कूलों में स्वच्छता सुविधाएं।

(iii) **ग्रामीण विकास** - गोद लिए गए गांवों में विकासात्मक कार्यक्रम शुरू करना।

(iv) **व्यावसायिक कौशल विकास** - समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के युवाओं को तकनीकी कौशल, रोजगार योग्यता कौशल प्रदान करना और उद्योग का अनुभव प्रदान करना।

(v) पर्यावरण का सतत विकास।

सामुदायिक विकास पर केंद्रित सीएसआर कार्यक्रमों/परियोजनाओं की रणनीति बनाने, योजना बनाने, अनुमोदन करने, कार्यान्वयन, निगरानी और रिपोर्टिंग के लिए दो स्तरीय संगठन संरचना मौजूद है।

2. फाउंडेशन/बाहरी एनजीओ/सरकारी संरचनाएं/कोई अन्य संगठन?

कंपनी की सीएसआर पहल इन-हाउस टीमों के माध्यम से की जाती है।

3. क्या आपने अपनी पहल का कोई प्रभाव मूल्यांकन किया है?

हाँ। कंपनी ने एक स्वतंत्र एजेंसी के माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन के तहत बीईएल द्वारा निर्मित शौचालयों का प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन किया है। प्रभाव आकलन रिपोर्ट के लिए अनुलग्नक-2, सीएसआर गतिविधियों पर रिपोर्ट देखें।

4. सामुदायिक विकास परियोजनाओं में आपकी कंपनी का प्रत्यक्ष योगदान आईएनआर में कितना है और शुरू की गई परियोजनाओं का विवरण क्या है?

वर्ष 2021-22 के दौरान कंपनी द्वारा विभिन्न सीएसआर कार्यक्रमों/परियोजनाओं के लिए ₹ 5329.19 लाख की राशि आवंटित की गई थी। वर्ष के दौरान शुरू की गई सीएसआर परियोजनाओं का विवरण अनुलग्नक 2 - सीएसआर गतिविधियों पर रिपोर्ट में दिया गया है।

5. क्या आपने यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं कि समुदाय द्वारा इस सामुदायिक विकास पहल को सफलतापूर्वक अपनाया जाए? कृपया स्पष्ट करें।

हाँ। कंपनी ने सामुदायिक विकास पर केंद्रित सीएसआर परियोजनाओं/कार्यक्रमों की पहचान करने और उन्हें लागू करने के लिए एक व्यापक प्रक्रिया स्थापित की है। कोई भी सीएसआर कार्यक्रम एक क्रॉस-फंक्शनल इन-हाउस टीम द्वारा आवश्यकता मूल्यांकन के साथ शुरू होता है। आवश्यकताओं पर समुदाय के साथ विचार-विमर्श किया जाता है, स्थानीय प्रशासन के परामर्श से प्राथमिकता दी जाती है और आवश्यक मंजूरी प्राप्त की जाती है। अनुमोदित सीएसआर परियोजनाओं के निष्पादन के दौरान, बीईएल टीमें अपने प्रमुख हितधारकों (स्थानीय समुदायों/लाभार्थियों, पंचायत, जिला प्रशासन आदि) के साथ नियमित संवाद और परामर्श करती हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सीएसआर परियोजनाओं के पूरा होने पर इच्छित लाभ प्राप्त हो गए हैं, इस प्रकार, यह समुदाय द्वारा सीएसआर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक अपनाने का तरीका है।

कंपनी ने मानवता की सेवा के अपने सिद्धांतों और कोविड-19 महामारी के दौरान सामाजिक प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए सीएसआर कार्यक्रमों को शुरू किया है, जिसने सीधे समुदाय को प्रभावित किया। ऑक्सीजन की आवश्यकता को पूरा करने और देश में ऑक्सीजन संकट को कम करने में मदद करने के लिए 6 राज्यों के 12 सरकारी अस्पतालों में मेडिकल ऑक्सीजन जेनरेशन प्लांट स्थापित किए गए। दूरस्थ सरकारी अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को संवर्धित किया गया था। यादगीर आकांक्षी जिले के सरकारी अस्पतालों में बाल चिकित्सा आईसीयू को वेंटिलेटर दान किए गए। कर्नाटक में रायचूर और यादगीर आकांक्षी जिलों में दिव्यांग व्यक्तियों को उनकी गतिशीलता को सुविधाजनक बनाने वाले उपकरणों और उपकरणों के साथ सहायता करके राहत प्रयासों में शामिल किया गया था।

सिद्धांत 9

1. वित्तीय वर्ष के अंत तक कितने प्रतिशत ग्राहक शिकायतें/उपभोक्ता मामले लंबित हैं।

31 मार्च 2022 तक कुल 12,939 शिकायतों में से कुल 1,227 ग्राहक शिकायतें लंबित हैं। यह दर्ज की गई कुल शिकायतों का 9.48% है। ग्राहकों की शिकायतों का निपटान एक सतत प्रक्रिया है। कंपनी दोषों को इस तरह से दूर करेगी कि उत्पाद/सिस्टम का डाउन टाइम न्यूनतम हो। हमारी उत्पाद सहायता टीमें उत्पादों/ प्रणालियों के बहुत करीब स्थित हैं और कम समय में उन तक पहुंच जाती हैं। 31 मार्च 2022 तक कोई कानूनी मामला लंबित नहीं है।

2. क्या कंपनी स्थानीय कानूनों के अनुसार अनिवार्य रूप से उत्पाद की जानकारी को उत्पाद लेबल पर प्रदर्शित करती है? हां/नहीं/नहीं/टिप्पणियां (अतिरिक्त जानकारी)

नहीं।

3. क्या पिछले पांच वर्षों के दौरान अनुचित व्यापार प्रथाओं, गैर-जिम्मेदार विज्ञापन और/या प्रतिस्पर्धा-विरोधी व्यवहार के संबंध में किसी भी हितधारक द्वारा कंपनी के खिलाफ कोई मामला दायर किया गया है और वित्तीय वर्ष के अंत तक लंबित है? यदि हां, तो उसका विवरण दें।

शून्य।

4. क्या आपकी कंपनी ने कोई उपभोक्ता सर्वेक्षण किया/उपभोक्ता संतुष्टि प्रवृत्तियों का पता लगाया?

हाँ। इस वर्ष कंपनी ने अंतिम उपयोगकर्ता (उत्पाद सर्वेक्षण) के संबंध में ग्राहकों की समग्र धारणाओं को समझने के लिए ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण आयोजित किया है। प्रश्नावली वितरित की जाती है और विभिन्न विश्लेषणात्मक तकनीकों का उपयोग करके बाहरी सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा ग्राहकों की प्रतिक्रिया प्राप्त की जाती है और उनका विश्लेषण किया जाता है। वर्ष के दौरान संगठन को उत्कृष्टता ग्राहक संतुष्टि सूचकांक 84% और शुद्ध प्रमोटर स्कोर 59.06 प्राप्त हुआ है।

बोर्ड की ओर से

आनंदी रामलिंगम
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
(अतिरिक्त प्रभार)

बेंगलूरु
28 जुलाई 2022

स्वतंत्र लेखा परीक्षक का प्रतिवेदन

प्रतिष्ठा में, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के सदस्य

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की लेखा-परीक्षा पर रिपोर्ट

अभिमत

हमने भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ("कंपनी") के संलग्न स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की लेखा-परीक्षा की है, जिसमें 31 मार्च, 2022 तक का तुलन पत्र, लाभ और हानि का विवरण (अन्य व्यापक आय सहित), इक्विटी में परिवर्तन का विवरण और समाप्त वर्ष के लिए नकदी प्राप्ति का विवरण और वित्तीय विवरणों की टिप्पणियां, जिसमें महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों और अन्य व्याख्यात्मक जानकारी का सारांश शामिल है (जिसे यहाँ इसके बाद "स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण"कहा गया है) जिनमें गाज़ियाबाद, पंचकूला, कोटद्वार, पुणे, नवी मुंबई और मछिलिपट्टणम में स्थित कंपनी की शाखाओं के शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षित, उस तारीख को समाप्त वर्ष की विवरणियाँ शामिल हैं ।

हमारी राय में और जहां तक हमारी जानकारी है और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, उक्त स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण कंपनी अधिनियम, 2013 ("एक्ट") द्वारा आवश्यक सूचना अपेक्षित ढंग से देते हैं और अधिनियम की धारा 133 जिसे कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015, यथा संशोधित ("भारतीय ए.एस.") के साथ पढ़ा जाना है तथा भारत में सामान्य रूप से स्वीकृत अन्य लेखा सिद्धांतों में वर्णित भारतीय लेखा मानकों के अनुरूप सच्ची और उचित स्थिति प्रस्तुत करते हैं-

क. तुलन-पत्र के मामले में, 31 मार्च 2022 को कंपनी के कार्यकलाप;

ख. लाभ व हानि विवरण के मामले में, उस तारीख को समाप्त वर्ष के लाभ और कुल व्यापक आय;

ग. इक्विटी में परिवर्तन के विवरण के मामले में, उस तारीख को समाप्त वर्ष की इक्विटी में परिवर्तन तथा

घ. नकदी प्राप्ति विवरण के मामले में, उस तारीख को समाप्त वर्ष की नकदी प्राप्ति।

अभिमत का आधार

हमने अधिनियम की धारा 143 (10) के तहत निर्दिष्ट लेखा मानकों ("एस.ए.") के अनुसार अपनी स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा की है। उन मानकों के तहत हमारी जिम्मेदारियों को हमारी रिपोर्ट के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा के लिए लेखा परीक्षकों की जिम्मेदारियों खंड में अतिरिक्त रूप से बतया गया है। हम नैतिक अपेक्षाएँ जो अधिनियम और उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों के तहत स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के साथ-साथ भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान ("आईसीआई") द्वारा जारी नैतिक आचार संहिता के अनुसार कंपनी से स्वतंत्र हैं, और हमने इन अपेक्षाओं तथा आईसीएआई की आचार संहिता के अनुसार अपनी अन्य नैतिक जिम्मेदारियों को पूरा किया है। हमारा विश्वास है कि स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों पर हमने जो लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त किए हैं, वे हमारे अभिमत का आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हैं।

लेखा परीक्षा के प्रमुख मामले

लेखा परीक्षा के प्रमुख मामले वे हैं जो हमारे पेशेवर निर्णय में, वर्तमान अवधि के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा परीक्षा में सबसे अधिक महत्वपूर्ण थे । स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की हमारे लेखा परीक्षा के संदर्भ में इन मामलों पर संपूर्ण रूप से विचार किया गया और उन पर हमारी राय निर्धारित करने में, हम इन मामलों पर एक अलग राय प्रदान नहीं करते हैं। हमने अपनी रिपोर्ट में सूचित किए जाने वाले लेखा-परीक्षा के प्रमुख मामलों के रूप में नीचे वर्णित मामलों का निर्धारण किया है

क्र. सं.	लेखा परीक्षा के प्रमुख मामले	लेखा परीक्षक के उत्तर
1	भारतीय लेखा मानक 115 - ग्राहकों की संविदा से राजस्व के प्रति राजस्व तथा संबंधित शेषों का अभिचिह्नन, मापन, प्रस्तुति और प्रकटण की सटीकता । इस मानक के अनुप्रयोग में सुस्पष्ट कार्य-निष्पादन देयताओं की पहचान, प्रत्येक अभिचिह्नित कार्य-निष्पादन देयता के लिए लेनदेन कीमत का निर्धारण, समय के दौरान या किसी निश्चित समय ऐसी कार्य-निष्पादन देयताओं को पूरा करना सुनिश्चित करने के लिए प्रयुक्त निर्णयों का आंकलन शामिल है। इसके अतिरिक्त, इस मानक के अनुप्रयोग में संविदा को प्राप्त करने या उसे पूरा करने में उपगत लागत की राशि को अभिचिह्नित करने में प्रयुक्त निर्णय और वे अवधियाँ भी शामिल होती हैं जिनमें रिपोर्टिंग की तारीख के बाद कार्य-निष्पादन की देयताएँ पूरी की जाती हैं। ठेकों से कंपनी के राजस्व में मुख्यत: रक्षा इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और प्रणालियों की आपूर्ति शामिल है। (स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की टिप्पणी संख्या 23 देखें और लेखा नीतियों का क्र.सं. 5 देखें)	**लेखा परीक्षा की प्रमुख प्रक्रियाएँ** हमारी लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं में आंतरिक नियंत्रणों तथा इस मानक के अनुप्रयोग के संबंध में उनकी प्रचालनीय प्रभावशीलता की पहचान शामिल है। हमने ऐसे लेनदेनों की सारभूत जाँच भी की है। क. हमने लागू भारतीय लेखा मानकों से तुलना करते हुए राजस्व निर्धारण नीतियों की उपयुक्तता का आकलन किया है। ख. चालू संविदाओं और नए संविदाओं के नमूने का चयन किया और कार्य-निष्पादन देयताओं की पहचान की और उसकी तुलना कंपनी द्वारा अभिचिह्नित कार्य-निष्पादन देयता के साथ की। ग. संविदा में विशिष्ट रूप से उल्लेख न किए जाने पर अभिचिह्नित कार्य-निष्पादन देयता हेतु लेनदेन कीमत के आबंटन के आधार का सत्यापन किया। घ. कार्य-निष्पादन देयता पूरी करना निर्धारित करने के आधार की पहचान की गई और उसकी तुलना कंपनी द्वारा समय के दौरान या किसी निश्चित समय पर कार्य-निष्पादन देयता पूरी करना निर्धारित करने में प्रयुक्त निर्णयों के साथ की गई। ङ. वचनबद्ध माल या सेवाओं के लिए कार्य-निष्पादन देयता पूरी करना निर्धारित करने हेतु विचार किए गए उचित साक्ष्यों का सत्यापन किया गया। च. ऐसी संविदाओं के संबंध में जहाँ कार्य-निष्पादन देयता पूरा करना समय पर निर्भर है, हमने राजस्व को अभिचिह्नित करने क लिए कंपनी द्वारा अभिचिह्नित विधि का सत्यापन किया और यह सुनिश्चित किया कि ऐसी विधियाँ कार्य-निष्पादन देयता की प्रकृति पर विचार करते हुए उपयुक्त हैं। छ. ऐसी लागतों की पहचान करने के लिए कंपनी द्वारा प्रयुक्त निर्णयों का सत्यापन किया जो संविदा को प्राप्त करने या पूरा करने में उपगत हुईं और जिस अवधि में ऐसी लागतों को परिशोधित किया जाएगा। ज. शेष कार्य-निष्पादन देयताओं को पूरा करने के लिए कंपनी के पास उपलब्ध योजना की समीक्षा की जिन्हें ऐसी अवधियों से संबंधित प्रकटण तैयार करने हेतु ग्राहक के आदेश में निर्धारित सुपुर्दगी शर्तों के आधार पर अभिचिह्नित किया गया जिनमें शेष पूरी न की गई या आंशिक रूप से पूरी की गई कार्य-निष्पादन देयताएँ रिपोर्टिंग तिथि के बाद पूरी की जानी हैं। झ. बिल और होल्ड व्यवस्थाओं के मामले में शर्त रहित विनियोजन के तहत कार्य-निष्पादन देयता की पहचान करने के लिए कंपनी द्वारा प्रयुक्त निर्णयों का सत्यापन किया।

क्र. सं.	लेखा परीक्षा के प्रमुख मामले	लेखा परीक्षक के उत्तर
2	दुर्वह संविदाओं के संबंध में महत्वपूर्ण अनुमान- ऐसी संविदाएँ जो दुर्वह बन गई हैं, के संबंध में कार्य-निष्पादन देयताएँ पूरी करने हेतु अपरिहार्य लागतों का प्राक्कलन करना महत्वपूर्ण है। कार्य-निष्पादन देयताओं को पूरा करने के लिए अपरिहार्य लागत जो लेखा प्राक्कलन है, प्राक्कलन की अनिश्चितता के अधीन है। (स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की टिप्पणी संख्या 21 और लेखा नीतियों का क्र. सं. 23 देखें)	**लेखा परीक्षा की प्रमुख प्रक्रिया** हमने दुर्वह संविदाओं तथा ऐसी संविदाओं को पूरा करने की लागत की पहचान करने के लिए उपलब्ध आंतरिक नियंत्रणों के संबंध में कंपनी के प्रबंधन से पूछताछ की है । क. चालू तथा नए ठेकों के नमूनों का चयन किया और किसी विशेष ठेके की लागत निर्धारित करने के लिए विद्यमान नियंत्रण और उसमें पूरी न की गई / आंशिक रूप से पूरी की गई कार्य-निष्पादन देयताओं को पूरा करने की लागत के प्राक्कलन की प्रभावशीलता की जांच की। ख. नियंत्रणों और दुर्वह संविदाओं के लिए अपरिहार्य लागतों के प्राक्कलन निर्धारित करने की समुचित प्रक्रियाओं की जाँच की। ग. कार्य-निष्पादन देयताओं को पूरा करने और उसमें आई लागत को पूरा करने के लिए जारी क्रय / सेवा आदेशों का सत्यापन किया। घ. संबंधित संविदाओं पर उपगत लागतों की पहचान करने के लिए आंतरिक नियंत्रणों का सत्यापन किया और यह सुनिश्चित किया गया कि संविदा की संबंधित लागत ही दर्ज की जाती है। ङ. जुर्माने, संविदा में संशोधनों के संबंध में शेष कार्य-निष्पादन देयताओं के प्रति संविदा कीमत में संभावित कटौतियों का सत्यापन
3	समय के दौरान कार्य-निष्पादन देयता को पूरा करने की अनुमानित लागत के संबंध में महत्वपूर्ण प्राक्कलन किए गए । इस प्राक्कलन में कार्य-निष्पादन देयताओं को पूरा करने की लागत का अनुमान लगाने की निश्चितता की अंतर्निहित सीमा है। (स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की टिप्पणी संख्या 23 और लेखा नीतियों का क्र. सं. 5 देखें)	**लेखा परीक्षा की प्रमुख प्रक्रिया-** हमने ऐसी संविदाओं की पहचान करने के लिए उपलब्ध आंतरिक नियंत्रणों के संबंध में कंपनी के प्रबंधन से पूछताछ की है जहाँ समय के दौरान कार्य-निष्पादन देयता पूरी की गई हैं- क. चालू तथा नए ठेकों के नमूनों का चयन किया और किसी विशेष ठेके की लागत निर्धारित करने के लिए विद्यमान नियंत्रण और उसमें पूरी न की गई / आंशिक रूप से पूरी की गई कार्य-निष्पादन देयताओं को पूरा करने की लागत के प्राक्कलन की प्रभावशीलता की जांच की। ख. नियंत्रणों और संविदा को पूरा करने के लिए किए गए प्राक्कलन निर्धारित करने की समुचित प्रक्रियाओं की जाँच की। ग. कार्य-निष्पादन देयताओं को पूरा करने और उसमें आई लागत को पूरा करने के लिए जारी क्रय / सेवा आदेशों का सत्यापन किया। घ. संबंधित संविदाओं पर उपगत लागतों की पहचान करने के लिए आंतरिक नियंत्रणों का सत्यापन किया और यह सुनिश्चित किया गया कि संविदा की संबंधित लागत ही दर्ज की जाती है। ङ. जुर्माना, ठेका संशोधनों के संबंध में शेष कार्य-निष्पादन देयताओं के ठेका मूल्य में संभावित कटौतियों का सत्यापन किया। च. कंपनी के प्रबंधन के साथ चर्चा की और इस बात का विश्लेषण किया कि प्राक्कलित लागत ऐसे कार्यों के लिए है जो कार्य-निष्पादन देयता को पूरा करने के लिए लंबित है।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण और उन पर लेखा परीक्षक की रिपोर्ट के अलावा अन्य जानकारी

कंपनी का निदेशक मंडल अन्य सूचनाओं की तैयारी के लिए जिम्मेदार है । अन्य सूचना में बोर्ड की रिपोर्ट शामिल है जिसमें इसके अनुलग्नक, कॉर्पोरेट गवर्नेंस और शेयरधारकों की सूचना शामिल है, लेकिन इसमें स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण और उन पर हमारे लेखा परीक्षक की रिपोर्ट शामिल नहीं है।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों पर हमारी राय में अन्य जानकारी शामिल नहीं है और हम उन पर किसी भी प्रकार का आश्वासन निष्कर्ष व्यक्त नहीं करते हैं।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की हमारे लेखा परीक्षा के संबंध में, हमारी जिम्मेदारी अन्य जानकारी को पढ़ना और ऐसा करते समय यह विचार करना है कि क्या अन्य जानकारी वास्तविक रूप से स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के असंगत है या हमारी लेखा परीक्षा के दौरान प्राप्त हमारा ज्ञान या अन्यथा वास्तविक रूप से गलत बताया गया है या नहीं।

यदि हमारे द्वारा किए गए कार्य के आधार पर, हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि ऐसी अन्य जानकारी में वास्तविक रूप से गलत कथन दिए गए हैं तो हमें ऐसे तथ्य की रिपोर्ट करनी होगी। इस संबंध में हम कोई रिपोर्ट नहीं करते हैं ।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन और गवर्नेंस का कार्य सौंपे गए लोगों का उत्तरदायित्व

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण भारत में सामान्य रूप से स्वीकृत भारतीय एसएस और अन्य लेखा सिद्धांतों के अनुसार कंपनी की वित्तीय स्थिति, वित्तीय कार्य-निष्पादन, कुल व्यापक आय, स्टैंडअलोन इक्विटी में परिवर्तन तथा नकदी प्राप्तियों की सच्ची और सही स्थिति प्रदान करते हैं, तैयार करने के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(5) में बताए गए मामलों के लिए कंपनी का निदेशक मंडल उत्तरदायी है । कंपनी का प्रबंधन कंपनी की परिसंपत्तियों को सुरक्षित रखने के लिए तथा धोखाधड़ी या अन्य अनियमितताओं से रोकथाम करने और उनका पता लगाने; उचित लेखा नीतियों का चयन और लागू करने; उचित और दूरदर्शी निर्णय लेने और अनुमान लगाने; और समुचित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण तैयार करने, लागू करने और बनाए रखने जो स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण, जो सच्ची और सही स्थिति दर्शाते हैं और महत्वपूर्ण मिथ्याकथनों से मुक्त हैं, चाहे कपट या त्रुटि से क्यों न हों, जिसका उपयोग यथा उपरोक्त कंपनी के निदेशकों द्वारा स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के प्रयोजन के लिए किया गया, को तैयार करने और प्रस्तुत करने से संबंधित, लेखा अभिलेखों की सटीकता और संपूर्णता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रूप से प्रचालित हो रहे थे, के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार समुचित लेखा अभिलेख रखने के लिए उत्तरदायी है।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण तैयार करने में, कंपनी के प्रबंधन सक्रिय व लाभप्रद कारोबार को जारी रखने में योग्यता का आंकलन करने, सक्रिय व लाभप्रद कारोबारी से संबंधित मामलों का यथा लागू प्रकटण करने और लेखों का सक्रिय व लाभप्रद कारोबार के आधार का उपयोग करने के लिए उत्तरदायी है जब तक कि प्रबंधन का आशय कंपनी को परिसमाप्त करना न हो या कामकाज बंद करना न हो या ऐसा करने के अलावा कोई अन्य विकल्प न हो ।

निदेशक मंडल कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया का पर्यवेक्षण करने के लिए भी उत्तरदायी है।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा के लिए लेखा परीक्षक के उत्तरदायित्व

हमारा उद्देश्य इस संबंध में औचित्यपूर्ण आश्वासन प्राप्त करना है कि क्या ये स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण पूर्णत: महत्वपूर्ण मिथ्याकथन से मुक्त हैं, चाहे वे कपट या त्रुटि के कारण हों, और अपने विचार के समर्थन में लेखा परीक्षक की रिपोर्ट जारी करना है । औचित्यपूर्ण आश्वासन उच्च स्तर का आश्वासन होता है परंतु यह इस बात की गारंटी नहीं है कि एस.ए. के अनुसार की गई लेखा परीक्षा विद्यमान होने पर हमेशा किसी महत्वपूर्ण मिथ्याकथन का पता लगाएगी। मिथ्याकथन कपट या त्रुटि से उत्पन्न हो सकते हैं और उन्हें वैयक्तिक रूप से या सकल रूप से महत्वपूर्ण माने जाने पर, वे इन स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के आधार पर प्रयोक्ताओं द्वारा लिए गए आर्थिक निर्णयों को पर्याप्त रूप से प्रभावित कर सकते हैं।

एस.ए. के अनुसार लेखा परीक्षा के भाग के रूप में, हमने पेशेवर निर्णय लिया है और संपूर्ण लेखा परीक्षा के दौरान पेशेवर संशयवाद बनाए रखा है । हमने -

- कपट या त्रुटि, डिज़ाइन के कारण इन स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के महत्वपूर्ण मिथ्याकथनों के जोखिमों की पहचान भी की है और उनका आंकलन भी किया है और ऐसे जोखिमों को कम करने वाली लेखा परीक्षा प्रक्रियाएँ पूरी की है और हमारे विचार का आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और समुचित लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त किया है। कपट के परिणामस्वरूप किसी महत्वपूर्ण मिथ्याकथन का पता न लगा पाने का जोखिम त्रुटि के परिणामस्वरूप होने वाले मिथ्याकथन से अधिक होता है क्योंकि कपटपूर्ण कार्य में मिली-भगत, धोखाधड़ी, जानबूझकर विलोपन, गलत-बयानी या आंतरिक नियंत्रण का उल्लंघन शामिल होता है।
- परिस्थितियों के लिए उचित लेखा परीक्षा प्रक्रियाएँ तैयार करने के उद्देश्य से लेखा परीक्षा के संगत आंतरिक वित्तीय नियंत्रण को भी समझा है। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(3)(i) के तहत, हम इस पर भी अपने विचार व्यक्त करने के लिए उत्तरदायी हैं कि, क्या कंपनी के पास स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण के संदर्भ में समुचित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली मौजूद है और क्या ऐसे नियंत्रण प्रभावी से कार्यान्वित किए जा रहे हैं।
- प्रबंधन द्वारा प्रयुक्त लेखा नीतियों की उपयुक्तता तथा लेखा प्राक्कलनों तथा संबंधित प्रकटणों की औचित्यता का भी मूल्यांकन किया है।
- लेखांकन के सक्रिय व लाभप्रद कारोबार आधार के प्रबंधन के उपयोग की उपयुक्कतता का भी निष्कर्ष निकाला है और लेखा परीक्षा से प्राप्त साक्ष्य के आधार पर, चाहे कार्यशील संस्था के रूप में जारी रहने की ग्रूप और उसके संबद्ध की क्षमता पर उल्लेखनीय संदेह पैदा करने वाली घटनाओं या परिस्थितियों से संबंधित कोई महत्वपूर्ण अनिश्चितता हो या न हो । यदि हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि महत्वपूर्ण निश्चितता है, तो हमें स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों में संबंधित प्रकटणों के लिए अपनी लेखा परीक्षक की

रिपोर्ट में ध्यान आकृष्ट करना होगा या यदि ऐसे प्रकटण समुचित नहीं हैं तो अपने विचार में संशोधन करना होगा। हमारे निष्कर्ष हमारे लेखा परीक्षक की रिपोर्ट की तारीख तक प्राप्त लेखा परीक्षा साक्ष्य पर आधारित हैं। बहरहाल, भावी घटनाएँ या परिस्थितियाँ ग्रूप और उसके संबद्ध को कार्यशील संस्था के रूप में जारी रखना समाप्त कर सकती हैं।

- प्रकटण सहित स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के समग्र प्रस्तुतीकरण, संरचना एवं सामग्री का मूल्यांकन भी किया है और इस बात का भी मूल्यांकन किया है कि क्या ये स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण अंतर्निहित लेनदेनों और घटनाओं को उस तरह से दर्शाते हैं कि उनका उचित प्रस्तुतीकरण किया जा सके।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों में मिथ्याकथनों की मात्रा की महत्ता होती है जो वैयक्तिक रूप से या सकल रूप से इसकी संभावना बनाते हैं कि इन स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों का उचित ज्ञान रखने वाले प्रयोक्ता के आर्थिक निर्णय प्रभावित हो सकते हैं। हमने (i) अपनी लेखा परीक्षा के कार्यक्षेत्र की योजना बनाने और अपने कार्य के परिणामों का मूल्यांकन करने में; और (ii) स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों में किसी अभिचिह्नित मिथ्याकथन के प्रभाव का आंकलन करने में प्रमात्रात्मक महत्ता और गुणात्मक कारकों पर विचार किया है।

हमने अपनी लेखा परीक्षा के दौरान पाई गई आंतरिक नियंत्रण की किसी उल्लेखनीय कमी सहित, लेखा परीक्षा और उल्लेखनीय लेखा परीक्षा के उल्लेखनीय परिणामों के योजित कार्यक्षेत्र और समय के संबंध में, अन्य बातों के साथ-साथ, ऐसे लोग जिन्हें गवर्नेंस का कार्य सौंपा गया है, से बातचीत की है ।

हमने गवर्नेंस का कार्य सौंपे गए लोगों को ऐसे विवरण भी प्रदान किए हैं कि हमने स्वतंत्रता संबंधी संगत नैतिक आवश्यकताओं का पालन किया है और उन्हें ऐसे सभी संबंधों तथा अन्य मामलों के बारे में बताया है जिन्हें हमारी स्वतंत्रता से उचित से संबद्ध माना जा सकता है और जहाँ लागू हो, संबंधित बचाव किए गए हैं।

गवर्नेंस का कार्य सौंपे गए लोगों को बताए गए मामलों में से, हमने ऐसे मामलों को लिया जो चालू अवधि के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा में सर्वाधिक महत्वपूर्ण थे, इसलिए लेखा परीक्षा के प्रमुख मामले हैं। इन मामलों का वर्णन हमने अपनी लेखा परीक्षक रिपोर्ट में किया है जब तक कि ऐसे मामले का प्रकटण कानून या विनियम द्वारा प्रतिबंधित नहीं किया जाता है या जब अत्यंत दुर्लभ परिस्थितियों में, हम यह तय करते हैं कि मामले की सूचना हमारी रिपोर्ट में दी जानी चाहिए क्योंकि ऐसा करने के प्रतिकूल परिणाम ऐसी सूचना के लोक हित अनुलाभ से महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं।

हमने स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों पर अपने विचार तय करने में कंपनी के शाखा लेखा परीक्षक द्वारा लेखा परीक्षित छ: शाखाओं की लेखा परीक्षा रिपोर्ट पर विचार किया है।

अन्य मामले

1. हमने कंपनी के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों में शामिल छ: शाखाओं के वित्तीय विवरण की लेखा परीक्षा नहीं की है जिनके वित्तीय विवरण 31 मार्च, 2022 को रु. 5,98,940 लाख की कुल परिसंपत्तियाँ और उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए रु. 5,16,364 लाख के कुल राजस्व को दर्शाते हैं जैसा कि इन स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों में विचार किया गया है। इन शाखाओं के वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा भारत के नियंत्रक व महा लेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा की गई है जिनकि रिपोर्ट हमें दी गई है और जहां तक हमारे विचार इन शाखाओं के संबंध में शामिल राशियों और प्रकटणों से संबंधित हैं, पूरी तरह ऐसे शाखा लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर आधारित हैं।

2. 31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी की तुलनात्मक वित्तीय सूचना जिसे भारतीय ए.एस. के अनुसार तैयार किया गया है और इन स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों में शामिल किया गया है, की लेखा परीक्षा पूर्ववर्ती लेखा परीक्षक द्वारा किया गया है जिसमें अधिसूचना दिनांक 24 मार्च 2021 की अनुसूची III के खंड II में दिए गए संशोधितों के संबंध में प्रस्तुती और प्रकटण संबंधी तुलनात्मक सूचना शामिल नहीं है। तुलनात्मक वित्तीय सूचना पर पूर्ववर्ती लेखा परीक्षक की रिपोर्ट दिनांक 17 अगस्त 2021 पर हमारा विचार संशोधित नहीं है ।

अन्य विधिक एवं विनियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट

1. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 की उप-धारा (11) के संदर्भ में भारत के केंद्र सरकार द्वारा जारी कंपनी (लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट) आदेश, 2020 ("ऑर्डर") में की गई अपेक्षा अनुसार, अनुलग्नक-'क' में हमने लागू सीमा तक उक्त आदेश के अनुच्छेद 3 और 4 में निर्दिष्ट मामलों पर एक विवरण प्रस्तुत किया है।

2. अधिनियम की धारा 143(3) में बताई गई आवश्यकता अनुसार, हमारी लेखा परीक्षा के अनुसार हम रिपोर्ट करते हैं कि-

   क. हमने ऐसी सभी सूचनाएँ और स्पष्टीकरण की मांग की और प्राप्त किया जो जहाँ तक हमारी जानकारी और विश्वास है, हमारी उक्त स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों की लेखा परीक्षा के प्रयोजनार्थ आवश्यक थे।

   ख. हमारे विचार से, जहाँ तक खाता बहियों के हमारे परीक्षण से प्रतीत होता है, कंपनी ने कानून द्वारा यथा आवश्यक, उचित लेखा बहियाँ रखी हैं। यूनिटों (बेंगलूरु कॉमप्लेक्स, हैदराबाद और चेन्नै) तथा कार्पोरेट कार्यालय के खातों की लेखा परीक्षा हमारे द्वारा की गई जबकि गाज़ियाबाद, पंचकूला, कोटद्वार, पुणे, नवी मुंबई और मछिलिपट्टणम यूनिटों की लेखा परीक्षा संबंधित शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा की गई। हमने अपनी रिपोर्ट तैयार करते समय इन शाखा लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर विचार किया। न्यू यॉर्क, सिंगापुर और अन्य कार्यालयों के मामले में, जिनका दौरा हमने नहीं किया, उक्त कार्यालयों से प्राप्त विवरणियाँ / अभिलेख का सत्यापन किया गया और हमारी लेखा परीक्षा के प्रयोजनार्थ उन्हें समुचित पाया गया।

ग. अधिनियम की धारा 143(8) के तहत शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षित कंपनी के शाखा कार्यालयों के लेखों की रिपोर्ट (गाज़ियाबाद, पंचकूला, कोटद्वार, पुणे, नवी मुंबई और मछिलिपट्टणम यूनिटों के संबंध में) हमें भेजी गई और इस रिपोर्ट को तैयार करने में उस पर उचित रूप से विचार किया गया।

घ. इस रिपोर्ट में व्यवहरित तुलन पत्र, लाभ व हानि की विवरणी, अन्य व्यापक आय, इक्विटी में परिवर्तन की विवरणी तथा नकदी प्राप्ति विवरणी कंपनी द्वारा रखी गई लेखा बहियों और कार्यालय जिनकी लेखा परीक्षा हमने नहीं किया, से प्राप्त विवरणियों के अनुरूप हैं ।

ङ. हमारे विचार से, उक्त स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण अधिनियम की धारा 133 जिसे कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 7 के साथ पढ़ा जाना है, में निर्दिष्ट भारतीय लेखा मानकों का पालन करते हैं।

च. चूँकि कंपनी सरकारी कंपनी है, निदेशकों की अनर्हता के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164(2) के प्रावधान लागू नहीं होते हैं।

छ. कंपनी की स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की पर्याप्तता और ऐसे नियंत्रणों की प्रचालनीय प्रभावशीलता के संबंध में, **"अनुलग्नक-ख"** में हमारी अलग रिपोर्ट देखें, जो कंपनी की लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट के आधार पर है।

ज. कंपनी अधिनियम, 2013, यथा संशोधित, की धारा 197(16) की अपेक्षाओं के अनुसार लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले अन्य मामलों के संबंध में -

हमारी राय में जहाँ तक हमारी जानकारी है चूँकि यह कंपनी सरकारी कंपनी है, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 197 जिसे अनुसूची V के साथ पढ़ा जाना है, के प्रावधानों के अनुसार प्रबंधकीय पारिश्रमिक के भुगतान से संबंधित प्रावधान लागू नहीं होते हैं।

झ. कंपनी (लेखा परीक्षा एवं लेखा परीक्षक) नियम, 2014, यथा संशोधित के नियम 11 के अनुसार लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले अन्य मामलों के संबंध में, हमारे विचार से तथा जहाँ तक हमारी जानकारी है और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार -

ञ. कंपनी ने 31 मार्च 2022 के अपने स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों में अपनी वित्तीय स्थिति पर लंबित मुकदमों के प्रभाव को प्रकट किया है - स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की टिप्पणी सं. 30(8) देखें।

ii. कंपनी ने दीर्घकालीन संविदाओं पर महत्वपूर्ण पूर्वानुमान योग्य हानि, यदि कोई हो, के लिए लागू कानून या लेखा मानकों के तहत यथा अपेक्षित प्रावधान किए हैं - स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की टिप्पणी सं. 21 देखें। कंपनी में कोई व्युत्पन्नी संविदा नहीं है - स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की टिप्पणी सं. 30(15) देखें।

iii. कंपनी द्वारा निवेशक शिक्षा एवं संरक्षा निधि को अंतरित की जाने वाली राशि में कोई विलंब नहीं किया गया।

iv. क) प्रबंधन ने बताया है कि जहां तक उसकी जानकारी और विश्वास है, कंपनी द्वारा विदेशी स्वत्व ("मध्यस्थ") सहित किसी अन्य व्यक्ति या स्वत्व में या उसे इस समझौते के साथ, चाहे लिखित रूप में या अन्यथा दर्ज हो, कोई निधि (जो वैयक्तिक रूप से या सम्मिलित रूप से महत्वपूर्ण है) अग्रेषित नहीं की गई है या कर्ज पर नहीं दी गई है या निवेश नहीं की गई है (उधार ली गई निधि से या शेयर प्रीमियम से या किसी अन्य स्रोत से या निधियों के रूप में) कि मध्यस्थ कंपनी ("अंतिम हितलाभी") द्वारा या कंपनी की ओर से किसी भी तरीके से अभिचिह्नित अन्य व्यक्तियों या स्वत्वों में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कर्ज नहीं देंगे या उनमें निवेश नहीं करेंगे या अंतिम हितलाभी की ओर से कोई गारंटी, प्रतिभूति या सदृश्य प्रदान नहीं करेंगे;

ख) प्रबंधन ने बताया है कि जहां तक उसकी जानकारी और विश्वास है, कंपनी द्वारा विदेशी स्वत्व ("वित्तपोषण पक्षकार") सहित किसी अन्य व्यक्ति या स्वत्व से इस समझौते के साथ, चाहे लिखित रूप में या अन्यथा दर्ज हो, कोई निधि (जो वैयक्तिक रूप से या सम्मिलित रूप से महत्वपूर्ण है) प्राप्त नहीं की गई है कि वित्तपोषण पक्षकार ("अंतिम हितलाभी") द्वारा या उसकी ओर से किसी भी तरीके से अभिचिह्नित अन्य व्यक्तियों या स्वत्वों में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कर्ज नहीं देंगे या उनमें निवेश नहीं करेंगे या अंतिम हितलाभी की ओर से कोई गारंटी, प्रतिभूति या सदृश्य प्रदान नहीं करेंगे;

ग) लेखा परीक्षा की प्रक्रियाओं के आधार पर जिन्हें हमने परिस्थितियों में उचित और उपयुक्त पाया है, हमारे संज्ञान में ऐसी कोई बात नहीं आई है जिसके कारण हमें यह विश्वास करना पड़े कि उक्त (क) और (ख) में बताए गए अनुसार, नियम 11(ई) के उप-खंड (i) और (ii) में दिए गए अभ्यावेदन में कोई महत्वपूर्ण मिथ्याकथन है।

v. स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की टिप्पणी 30(18) में बताए गए अनुसार

क) पिछले वर्ष में प्रस्तावित अंतिम लाभांश जिसे कंपनी द्वारा वर्ष के दौरान घोषित और अदा किया गया, अधिनियम की यथा लागू धारा 123 के अनुसार है।

ख) कंपनी द्वारा वर्ष के दौरान तथा इस रिपोर्ट की तारीख तक घोषित और अदा किया गया अंतरिम लाभांश अधिनियम की धारा 123 के अनुसार है।

ग) कंपनी के निदेशक मंडल ने वर्ष के अंतिम लाभांश का प्रस्ताव किया है जो आगामी वार्षिक आम बैठक में सदस्यों के अनुमोदन के अधीन है। प्रस्तावित लाभांश की राशि अधिनियम की यथा लागू धारा 123 के अनुसार है।

vi. लेखा बहियों के रख-रखाव के लिए लेखा साफ्टवेयर पर रिपोर्टिंग उत्तरदायित्व अगले वित्तीय वर्ष के लिए आस्थगित रखा गया है।

3. अधिनियम की धारा 143(5) में की गई अपेक्षा अनुसार, हमने भारत के नियंत्रक व महालेखा परीक्षक द्वारा जारी निर्देशों, उन पर की गई कार्रवाई और **"अनुलग्नक-ग"** में कंपनी के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों पर उनके प्रभाव पर विचार किया है।

कृते गुरु एंड जना
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं.- 006826एस
अनंत प्रसाद बी आर
साझेदार
सदस्यता सं. -218145
यूडीआईएन - 22218145AJLRUO1188

वाराणसी
23 मई 2022

स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की समान तारीख की रिपोर्ट का "अनुलग्नक-क"

(भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के सदस्यों की हमारी इसी तारीख की रिपोर्ट के "अन्य विधिक एवं विनियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट" खंड के तहत अनुच्छेद 1 में संदर्भित)

जहां तक हमारी जानकारी है और कंपनी द्वारा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों और लेखा परीक्षा के सामान्य क्रम में हमारे द्वारा जांची गई लेखा बहियों और अभिलेखों के अनुसार, हम सूचित करते हैं कि -

i. कंपनी की संपत्ति, संयंत्र व उपकरणों तथा अमूर्त परिसंपत्तियों के संबंध में -

क. क. कंपनी ने सामान्य रूप से उचित अभिलेख रखे हैं जिनमें संपत्ति, संयंत्र व उपकरणों के परिमाणात्मक विवरण और स्थिति तथा उपयोग के अधिकार की परिसंपत्तियों के संबंधित विवरण सहित, पूर्ण विवरण दर्शाए गए हैं।

ख. कंपनी ने अपनी अचल परिसंपत्तियों के प्रमात्रात्मक विवरण और परिस्थितियाँ सहित पूर्ण विवरण दर्शाते हुए सामान्य रूप से उचित अभिलेख रखे हैं।

ख. वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा संपत्ति, संयंत्र व उपकरणों का भौतिक सत्यापन किया गया और ऐसे सत्यापन में कोई महत्वपूर्ण विसंगति देखने को नहीं मिली।

ग. अचल संपत्तियों के हक विलेख कंपनी के नाम पर हैं सिवाय ऐसी संपत्ति के जिसका उल्लेख स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की टिप्पणी सं. 1 (xiv) में किया गया है।

घ. कंपनी ने वर्ष के दौरान अपनी संपत्ति, संयंत्र व उपकरण, उपयोग के अधिकार की परिसंपत्तियों तथा अमूर्त परिसंपत्तियों का पुनर्मूल्यांकन नहीं किया है।

ङ. बेनामी लेनदेन (निषेध) अधिनियम, 1988 (2016 में यथा संशोधित) और उसके तहत बनाए गए नियमों के तहत किसी बेनामी संपत्ति को धारित करने के लिए 31 मार्च 2022 को कंपनी के समक्ष वर्ष के दौरान कोई कार्यवाही शुरु नहीं की गई या लंबित नहीं है।

ii. क. कंपनी ने उचित अंतराल में वस्तुसूची का भौतिक सत्यापन किया है और हमारे विचार में, कंपनी द्वारा किए गए ऐसे सत्यापन की परिधि और प्रक्रिया उचित है; इसके अलावा, वस्तुसूची के प्रत्येक वर्ग के कुल में 10% या उससे अधिक की विसंगति नहीं थी, इसलिए, हम इस विषय पर कोई टिप्पणी नहीं कर रहे हैं।

उप-ठेकेदारों के पास की सामग्री के संबंध में, अधिकांश पुष्टिकरण प्राप्त किए गए और लेखा बहियों के साथ उनका समाधान किया गया। बहरहाल, ऐसी मदों के मामले में जहां पुष्टिकरण प्राप्त नहीं हुए हैं और जो उल्लेखनीय नहीं हैं, कंपनी लेखा बहियों में आवश्यक प्रावधान करते हुए ऐसे मामलों से निपटती है।

ख. कंपनी ने चालू परिसंपत्तियों की प्रतिभूति के आधार पर बैंकों से कुल पांच करोड़ रु. से अधिक की कार्यशील पूंजी सीमा स्वीकृत की है। किसी भी वित्तीय संस्थान से कोई कार्यशील पूंजी सीमा नहीं ली गई है। ऐसे बैंकों में कंपनी द्वारा दाखिल तिमाही विवरणी या विवरण कंपनी की लेखा बहियों के अनुरूप है।

iii. कंपनी ने कर्मचारियों को ऋण की प्रकृति में दिए गए ऋण और अग्रिम राशि को छोड़कर, किसी कंपनी, फर्म, सीमित दायित्व वाली साझेदारी या किसी अन्य पक्षकार के साथ कोई निवेश नहीं किया है, ऋण, रक्षित या अरक्षित की प्रकृति की कोई गारंटी या प्रतिभूति प्रदान नहीं की है या अग्रिम प्रदान नहीं किया है।

क. वर्ष के दौरान, कंपनी ने कर्मचारियों को ऋण की प्रकृति के ऋण व अग्रिम को छोड़कर किसी अन्य स्वत्व को ऋण की प्रकृति के ऋण, अग्रिम प्रदान नहीं किया है या इसके लिए गारंटी या प्रतिभूति नहीं दी है -

(₹ लाख में)

विवरण	गारंटी	प्रतिभूति	ऋण	ऋण की प्रकृति के अग्रिम
कर्मचारियों को वर्ष के दौरान स्वीकृत/ प्रदान की गई कुल राशि	कुछ नहीं	कुछ नहीं	113.85	340.06
उक्त के संबंध में तुलन-पत्र की तारीख में शेष बकाया	कुछ नहीं	कुछ नहीं	560.33	241.35

ख. यदि ऋण की प्रकृति के स्वीकृत ऋण और अग्रिम कंपनी के हित के प्रतिकूल नहीं है।

ग. ऋण की प्रकृति के स्वीकृत ऋण और अग्रिम के मामले में, मूलधन के चुकतान और ब्याज के भुगतान की अनुसूची निर्दिष्ट है और चुकतान / प्राप्तियां नियमित हैं।

घ. नीचे दी गई राशियों के अलावा, ऋण की प्रकृति के स्वीकृत ऋण और अग्रिम के संबंध में, 90 दिनों से अधिक की अवधि की अतिदेय राशि नहीं है।

(₹ लाख में)

मामलों की सं.	अतिदेय मूलधन	अतिदेय ब्याज	कुल अतिदेय	अभ्युक्ति (यदि कोई हो)
1	0.51	-	0.51	

इसके अलावा, कंपनी द्वारा अतिदेय राशि की वसूली के लिए किए गए उपाय समुचित हैं।

ङ. ऋण की प्रकृति के प्रदान किए गए कोई ऋण / अग्रिम जो वर्ष के दौरान देय थे, को समान पक्षकारों को दिए गए मौजूदा ऋण के अतिदेय को निपटाने के लिए नवीकृत नहीं किया गया या विस्तारित नहीं किया गया अथवा नए ऋण नहीं दिए गए।

च. कंपनी ने मांग पर चुकौती योग्य अथवा चुकतान की शर्त या अवधि को निर्दिष्ट किए बिना ऋण की प्रकृति का कोई ऋण या अग्रिम नहीं प्रदान किया है।

iv. चूँकि कंपनी सरकारी कंपनी है, ऋण, निवेश, गारंटी और प्रतिभूति के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 185 और 186 के प्रावधान लागू नहीं होते हैं।

v. कंपनी ने भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी निर्देशों तथा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 73 से 76 या कोई अन्य संबंधित प्रावधान और उनके तहत बनाए गए नियमों के अनुसार कंपनी ने चालू वर्ष में सार्वजनिक से कोई जमा राशि स्वीकार नहीं की है। हमें सूचित किया गया कि कंपनी विधि बोर्ड या राष्ट्रीय कंपनी विधि ट्रिब्यूनल या भारतीय रिज़र्व बैंक या किसी न्यायालय अथवा किसी अन्य ट्रिब्यूनल द्वारा कोई आदेश पारित नहीं किया गया ।

सभी जमा राशियाँ परिपक्व हो गई हैं उनका निपटान कर दिया गया है सिवाय रु. 36.95 लाख के, जिसमें से रु. 36.50 लाख को लोकायुक्त, बेंगलूरु के गारनिशी आदेश के अनुसार रोक रखा गया है और शेष रु. 0.45 लाख हालांकि परिपक्व हो गया है, कानूनी मामलों के कारण अदत्त है।

vi. हमने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 (1) (डी) के तहत लागत अभिलेख रखने के लिए केंद्र सरकार द्वारा वर्णित कंपनी (लागत अभिलेख व लेखा परीक्षा) नियम, 2014 के तारतम्य में कंपनी द्वारा रखी गई लागत संबंधी सामग्री, श्रम व अन्य मदों से संबंधित लेखा बहियों की व्यापक समीक्षा की है और हमारा विचार है कि प्रथम दृष्टया, निर्धारित लेखे और अभिलेख बनाए और रखे गए हैं। बहरहाल, वे सटीक या संपूर्ण हैं यह निर्धारित करने की दृष्टि से हमने लागत अभिलेखों का विस्तृत परीक्षण नहीं किया है।

vii. सांविधिक देयों के संबंध में -

क. हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार तथा लेखा बहियों और अभिलेखों के हमारे परीक्षण के आधार पर, कंपनी समुचित प्राधिकारियों को माल व सेवा कर, भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा, आय कर, विक्रय कर, सेवा कर, उत्पाद कर, सीमा शुल्क, मूल्य वर्धित कर, उपकर तथा अन्य अन्य सांविधिक देयों सहित अविवादित सांविधिक देयों को जमा करने में सामान्य रूप से नियमित रही है। 31 मार्च 2022 को उक्त के संबंध में बकाया राशि के रूप में देय कोई अविवादित राशि नहीं थी जो उनके देय होने की तारीख से छ महीनों से अधिक अवधि के लिए देय थी।

ख. उप-खंड (ए) में संदर्भित सांविधिक देय जो विवाद के कारण 31 मार्च 2022 को जमा नहीं किए गए थे, के ब्यौरे नीचे दिए गए हैं -

सांविधि की प्रकृति	देय राशि की प्रकृति	राशि (₹ लाख में)	अवधि जिससे राशि संबंधित है	फोरम जहाँ विवाद लंबित है
आय कर अधिनियम, 1961	कर निर्धारण आदेशों के अनुसार अस्वीकृतियाँ	2,765.37	2008-09, 2009-10, 2011-12 से 2013-14, 2015-16 से 2017-18	आय कर आयुक्त (अपील)
वित्त अधिनियम, 1994 का अध्याय V	सेवा कर	206.75	2011-12	सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय ट्रिब्यूनल (सीईएसटीएटी)
केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1944	मोडवैट क्रेडिट	23.65	1991-92	आयुक्त अपील
केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1944	उत्पाद शुल्क पर ब्याज	243.87	2011-12 और 2012-13	सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय ट्रिब्यूनल (सीईएसटीएटी)
सीमा शुल्क अधिनियम, 1962	सीमा शुल्क	25.45	2012-13	सीमा शुल्क आयुक्त (अपील)

सांविधि की प्रकृति	देय राशि की प्रकृति	राशि (₹ लाख में)	अवधि जिससे राशि संबंधित है	फोरम जहाँ विवाद लंबित है
केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1944	उत्पाद शुल्क	6.04	1991-92	आयुक्त (अपील)
विक्रय कर अधिनियम, बिहार	बिहार विक्रय कर के तहत विवादित कर	66.44	1995-96 से 1997-98	वाणिज्यिक कर आयुक्त (अपील), चिरकुंडा, बिहार
आंध्र प्रदेश राज्य वैट अधिनियम	विक्रय कर	21.66	2009-10	वाणिज्यिक कर अधिकारी, नामपल्ली, हैदराबाद
वित्त अधिनियम, 1994 का अध्याय V	सेवा कर	713.31	2014-15 और 2015-16	सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय ट्रिब्यूनल (सीईएसटीएटी)
सीमा शुल्क अधिनियम, 1962	सीमा शुल्क	427.80	2015-16	सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय ट्रिब्यूनल (सीईएसटीएटी)
वाणिज्यिक कर	वाणिज्यिक कर	31.83	2011-12 और 2013-14	सीटीओ, राजस्थान सरकार
केंद्रीय विक्रय कर अधिनियम, 1956	केंद्रीय विक्रय कर	2,728.91	2016-17	वाणिज्यिक कर- अपील के संयुक्त आयुक्त
कर्नाटक मूल्य वर्धित कर, 2003	कर्नाटक मूल्य वर्धित कर	291.93	2016-17	वाणिज्यिक कर- अपील के संयुक्त आयुक्त
मध्य प्रदेश मूल्य वर्धित कर, 2002	मूल्य वर्धित कर तथा प्रवेश कर	48.37	2010-11	एम.पी. वाणिज्यिक कर अपीलीय बोर्ड
सीमा शुल्क अधिनियम, 1962	सीमा शुल्क	1,540.46	2020-21	सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय ट्रिब्यूनल (सीईएसटीएटी)
सीमा शुल्क अधिनियम, 1962	सीमा शुल्क	0.20	2020-21	सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय ट्रिब्यूनल (सीईएसटीएटी)
आय कर अधिनियम, 1961	स्रोत पर काटा गया कर	40.13	2007-08 से 2017-18	टीडीएस सर्किल, एलटीयू
केंद्रीय विक्रय कर अधिनियम, 1956	केंद्रीय विक्रय कर	162.87	2020-21	उपायुक्त, वाणिज्यिक कर (डीसीसीटी)
कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948	कर्मचारी राज्य बीमा देय	45.73	2006-2011	अपील का दाखिल किया जाना लंबित
सीमा शुल्क अधिनियम, 1962	सीमा शुल्क	68.98	2021-22	सीमा शुल्क के अपर आयुक्त
वित्त अधिनियम, 1994 का अध्याय V	सेवा कर	10.58	2007-08	सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय ट्रिब्यूनल (सीईएसटीएटी)
तमिलनाडु सामान्य विक्रय कर अधिनियम, 1959	विक्रय कर	48.00	2007-08 से 2009-10	विक्रय कर ट्रिब्यूनल
वित्त अधिनियम, 1994 का अध्याय V	सेवा कर	515.90	2010-11 से 2015-16	सीईएसटीएटी, चेन्नै
वित्त अधिनियम, 1994 का अध्याय V	सेवा कर	30.93	2016-17 से 2017-18	सीईएसटीएटी, चेन्नै
तमिलनाडु सामान्य विक्रय कर अधिनियम	विक्रय कर	106.64	2015-16	विक्रय कर ट्रिब्यूनल
तमिलनाडु सामान्य विक्रय कर अधिनियम	विक्रय कर	30.97	2016-17	विक्रय कर ट्रिब्यूनल
वित्त अधिनियम, 1994 का अध्याय V	सेवा कर	211.57	2005-06 से 2008-09	सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय ट्रिब्यूनल (सीईएसटीएटी) बेंगलूरु
उत्तर प्रदेश मूल्य वर्धित कर अधिनियम, 2008	मूल्य वर्धित कर	22.54	2014-15	अपर आयुक्त, अधिनियम, 2008 श्रेणी-2 (अपील) - IV, गाज़ियाबाद
वित्त अधिनियम, 1994 का अध्याय V	सेवा कर	60.93	30 जून 2017 तक	अधीक्षक, 2017 रेंज 34, मंडल VII, गाज़ियाबाद

सांविधि की प्रकृति	देय राशि की प्रकृति	राशि (₹ लाख में)	अवधि जिससे राशि संबंधित है	फोरम जहाँ विवाद लंबित है
कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948	विलंब जमा के लिए ब्याज और क्षतिपूर्ति	3.52	2000-01	पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय, चंडीगढ़
वित्त अधिनियम, 1994 का अध्याय V	सेवा कर	6.18	2005-06 से 2008-09	सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय ट्रिब्यूनल (सीईएसटीएटी) बेंगलुरु
उत्तराखंड मूल्य वर्धित कर अधिनियम, 2005	व्यापार कर व ब्याज	220.08	2001-02	उत्तराखंड उच्च न्यायालय अधिनियम, नैनीताल
वित्त अधिनियम, 1994 का अध्याय V	सेवा कर	1.01	2005-06 से 2008-09	सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय ट्रिब्यूनल (सीईएसटीएटी) बेंगलूरु
कंपनी का निर्यात आय ज्यादातर एक निर्यात अर्जक विदेशी मुद्रा खाते (ईईएफसी) में प्रेषण द्वारा महसूस होता है, जिसका उपयोग विदेशी मुद्रा में किए जाने वाले भुगतानों के लिए किया जाता है, जिससे निर्यात पर मुद्रा जोखिम को कम किया जा सकता है। लगभग 8% (8%) वार्षिक विदेशी मुद्रा के बाहर जाने का आयात संबंधित ग्राहक संविदा में विनिमय दर भिन्नता (ईआरवी) खंड द्वारा कवर नहीं किया गया है और इसलिए यह मुद्रा जोखिम के लिए खुला होता है। इन आयातों को मामले दर मामले के आधार पर नीति और जोखिम को कवर करने के लिए उचित निर्णय मामले के आधार पर मानदंड किया जाता है। जहां भी जरूरत हो, कंपनी की मुद्रा जोखिम नीति आगे की आवश्यकता के मुताबिक जोखिम को कम करने के लिए बचाव व्यवस्था संविदा का समर्थन करती है।

यथा 31 मार्च 2022 को, कोई बकाया वायदा संविदा नहीं है।

लेखों की टिप्पणियां

(₹ लाख में)

प्रमुख मुद्राओं के संबंध में विदेशी मुद्रा जोखिम हेतु कंपनी एक्सपोज़र नीचे दिए गए है -

विवरण	यथा 31 मार्च 2022					यथा 31 मार्च 2021				
	USD	EURO	GBP	CHF	J Yen	USD	EURO	GBP	CHF	J Yen
व्यापार प्रदेय	626	203	10	10	11	615	158	22	11	117
व्यापार प्राप्य / संविदा संपत्ति	134	-	-	-	-	275	20	-	-	-
निवल एक्सपोज़र	**492**	**203**	**10**	**10**	**11**	**340**	**138**	**22**	**11**	**117**

iv) विदेशी मुद्रा संवेदनशीलता

विनिमय दर में होने वाले लाभ या हानियों की संवेदनशीलता मुख्य रूप से विदेशी मुद्रा में निहित वित्तीय साधनों से होती है । प्रमुख मुद्राओं के संबंध में संवेदनशीलता की विविधता नीचे दी गई है । यह विश्लेषण स्पष्ट करता है कि अन्य सभी परिवर्तनशील लगातार बने रहते हैं।

विवरण	लाभ पर प्रभाव	
	यथा 31 मार्च 2022	यथा 31 मार्च 2021
USD – 5% बढ़ोत्तरी	1,885	1,264
USD – 5% कमी	(1,885)	(1,264)
EURO – 5% बढ़ोत्तरी	874	604
EURO – 5% कमी	(874)	(604)
GBP – 5% बढ़ोत्तरी	51	113
GBP – 5% कमी	(51)	(113)
CHF – 5% बढ़ोत्तरी	42	44
CHF – 5% कमी	(42)	(44)
J Yen – 5% बढ़ोत्तरी	-	4
J Yen – 5% कमी	-	(4)

v) ब्याज दर जोखिम

ब्याज दर जोखिम या तो उचित मूल्य ब्याज दर जोखिम या नकदी प्रवाह ब्याज दर जोखिम हो सकता है। उचित मूल्य ब्याज दर जोखिम ब्याज दरों में उतार-चढ़ाव के कारण निश्चित ब्याज वाले निवेश के उचित मूल्यों में होने वाले बदलावों का जोखिम है। नकदी प्रवाह ब्याज दर जोखिम वह जोखिम है ताकि बाजार में ब्याज दर में उतार-चढ़ाव की वजह से चलायमान ब्याज वाले उपकरणों के भविष्य के नकदी प्रवाह में उतार-चढ़ाव होगा।

vi) परिवर्तनीय दर उधार

इसके अलावा कंपनी को 4,00,000 की कार्यशील पूँजी की सीमा को मंजूरी दी गई है। स्वीकृत सीमा में निधि आधारित सीमा 50,000 रुपये और गैर-आधारित आधार सीमा ₹3,50,000 शामिल हैं। वर्ष के दौरान ₹50,000 की निधि आधारित सीमा का उपयोग नहीं किया गया है [31 मार्च 2022 तक बकाया शून्य है (31 मार्च 2021 शून्य है)]। गैर-निधि आधारित सीमा के संबंध में 31.03.2022 को बकाया राशि ₹ 2,69,500 (₹ 2,80,322) है। यह ब्याज एसबीआई की 1 वर्ष की एमसीएलआर दर के आधार पर देय है। चूंकि ऋण लेना शून्य है, इसलिए ब्याज दरों में संभावित बदलाव का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

vii) इक्विटी मूल्य जोखिम

इक्विटी मूल्य जोखिम के संबंध में कंपनी का निवेश नगण्य है क्योंकि इसके औचित्य निवेश (सहायक व सहयोगी के अलावा) नगण्य है।

viii) चलनिधि जोखिम

चलनिधि जोखिम वह जोखिम है कि कंपनी को वित्तीय देनदारियों से जुड़ी दायित्वों को पूरा करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है, नकदी और अन्य वित्तीय संपत्ति या जोखिम के जरिये कंपनी को अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए आवश्यक वित्तीय संसाधनों को बढ़ाने में कठिनाई का सामना करना होगा। लिक्विडिटी जोखिम के लिए कंपनी का अनावरण बहुत कम है क्योंकि इसमें एक विवेकपूर्ण चलनिधि जोखिम प्रबंधन प्रक्रिया होती है, जिसकी वजह

लेखों की टिप्पणियां

(₹ लाख में)

से पर्याप्त दायित्वों का भुगतान करने के लिए पर्याप्त नकदी और बिक्री योग्य प्रतिभूतियां बनाए रखता है। जब आवश्यक हो वित्तपोषण की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए, कंपनी को बैंक ओवरड्राफ्ट सुविधा, नकद ऋण सुविधा और अल्पकालिक उधार की प्रकृति में अपनी चालू कार्यशील पूँजी आवश्यकताओं और विकास की जरूरतों के लिए उपयोग किया जाता है।

कंपनी अपनी चलनिधि आवश्यकताओं को पूरा करती है मुख्य रूप से आंतरिक रूप से उत्पन्न नकदी प्रवाहों के माध्यम से जो कि राजकोष द्वारा मुख्य बिन्दु पर निगरानी रखी जाती है। विभिन्न ऑपरेटिंग यूनिटों से नकद पूर्वानुमान के रोलिंग की एक स्थापित प्रक्रिया है जो देयताओं को पूरा करने के लिए अपेक्षित नकदी प्रवाह को अंकित करने का आधार बनाती है।

नीचे दी गई तालिका में कंपनी की वित्तीय देनदारियों का विश्लेषण किया गया है, जो उनके संविदा संबंधी परिपक्वता पर आधारित हैं। दर्शित राशि संविदात्मक और रियायती नकदी प्रवाह है।

यथा 31 मार्च 2022

विवरण	3 महीनों से कम	3 से 6 महीने	6 महीनों से 1 वर्ष	1 से 2 वर्षों के बीच	2 से 5 वर्षों के बीच	5 वर्षों से अधिक	कुल
उधार	-	-	-	-	-	-	-
व्यापार प्रदेय	3,10,782	11,751	14,063	-	34	-	3,36,630
व्यापार प्रदेय पर दावे एवं प्रोद्भूत ब्याज	14	-	-	-	-	-	14
पट्टे की देयता	275	36	46	245	676	3,992	5,270
अन्य वित्तीय देयताएँ	72,295	2,894	20,232	2,266	59	-	97,744

यथा 31 मार्च 2021

विवरण	3 महीनों से कम	3 से 6 महीने	6 महीनों से 1 वर्ष	1 से 2 वर्षों के बीच	2 से 5 वर्षों के बीच	5 वर्षों से अधिक	कुल
उधार	-	-	-	-	-	-	-
व्यापार प्रदेय	3,13,490	13,106	3,058	29	-	-	3,29,683
व्यापार प्रदेय पर दावे एवं प्रोद्भूत ब्याज	6	-	-	-	-	-	6
पट्टे की देयता	36	33	66	68	38	11	252
अन्य वित्तीय देयताएँ	74,187	5,246	16,105	501	170	-	96,209

31 मार्च 2022को कंपनी में कोई बकाया व्युत्पन्नी नहीं है।

ix) ऋण जोखिम

ऋण जोखिम ऐसे जोखिम को दर्शाता है जिससे कारण प्रति-पक्षकार द्वारा अपने संविदा संबंधी दायित्वों पर चूक करने के परिणामस्वरूप कंपनी को वित्तीय नुकसान होता है । ग्राहकों से ऋण जोखिम, बैंकों के साथ नकदी और नकद समकक्ष, सुरक्षा जमा और ऋण से ऋण जोखिम उत्पन्न होता है।

कंपनी के ऋण जोखिम को जोखिम प्रबंधन समिति द्वारा एक कॉरपोरेट स्तर पर प्रबंधित किया जाता है जिसने अपने ग्राहकों और अन्य प्राप्तियों के लिए क्रेडिट नीति मानदंडों की स्थापना की है। व्यापार प्राप्तियों की महत्वपूर्ण मात्रा सरकारी / सरकारी विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों (पीएसयू) की वजह से होती है जिसके परिणामस्वरूप कंपनी को ऐसी प्राप्तियों के साथ जुड़े क्रेडिट जोखिम नहीं मिलता है। गैर सरकारी व्यापार प्राप्तियों के मामले में, आम तौर पर बिक्री ग्राहक द्वारा स्थापित साख-पत्र के आधार पर किया जाता है जिससे क्रेडिट जोखिम कम हो जाता है।

कुछ मामलों में, ग्राहक की शोधन क्षमता का आकलन करने के बाद और ऋण योग्यता को निर्धारित करने के लिए आवश्यक कारणों से बाजार की स्थितियों के आधार पर ग्राहकों के ऋण को बढ़ाया जाता है। अग्रिम भुगतान बैंक गारंटी के प्रतिकूल किए जाते हैं जो इस तरह के भुगतान से जुड़े क्रेडिट जोखिम को सुरक्षित रखते हैं। वित्तीय परिसंपत्तियों पर नुकसान हानि (जो मुख्य रूप से विलंबित सुपुर्दगियों तथा अन्य अस्वीकृतियों के लिए उगाही योग्य निर्णीत हर्जाने को दर्शाते हैं) संविदा के नियमों आदि कारकों और अन्य संकेतकों के बाद किया गया है।

बैंकों के साथ नकद और नकद समकक्ष 1 वर्ष तक की परिपक्वता अवधि के परिप्रेक्ष्य अवधि के साथ अल्पकालिक जमा के रूप में हैं। कंपनी की एक अच्छी तरह से संरचित जोखिम निवारण नीति है जिसके तहत प्रत्येक बैंक के लिए अपनी कुल मूल्य और कमाई क्षमता के आधार पर निर्धारित सीमाएं हैं, जो कि आवधिक आधार पर समीक्षा की जाती हैं। कंपनी ने जमाओं पर बैंकों से चूक के कारण किसी भी प्रकार की हानि नहीं की है ।

लेखों की टिप्पणियां

(₹ लाख में)

अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों के संबंध में ऋण जोखिम नगण्य है क्योंकि वे ज्यादातर सरकारी विभाग / पक्षकारों के कारण होते हैं।

बेलॉप (100% सहायक कंपनी) से (यथा 31.03.2022 को) कुछ नहीं (₹ 381) का ऋण बकाया है। सहायक कंपनी अपनी देय राशि (ब्याज और मूलधन) के पुनर्भुगतान में नियमित रूप से रही है और ऋण राशि की चुकाने के संदर्भ में कोई ऋण जोखिम नहीं है।

x) पूँजी प्रबंधन

कंपनी का पूँजी प्रबंधन का उद्देश्य शेयरधारकों को पर्याप्त रिटर्न प्रदान करने के लिए एक मजबूत पूँजी आधार बनाए रखना है और कंपनी की क्षमता बढ़ती चिंता के रूप में जारी रखने की क्षमता सुनिश्चित करना है। कंपनी के पास ऋण के माध्यम से पूँजी जुटाने के लिए एक रूढ़िवादी दृष्टिकोण है, लेकिन यह उचित समय पर इस विकल्प का लाभ उठाने और इष्टतम पूँजी संरचना को बनाए रखने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

कंपनी के पास एक अच्छी तरह से निर्धारित लाभांश वितरण नीति है जो भविष्य के विकास और शेयर धारकों के धन को बढ़ाने के लिए अधिशेष के लाभांश और प्रतिधारण के भुगतान के लिए रूपरेखा तैयार करती है। कंपनी को बैंकों के साथ उधार की सीमा को 4,00,000 की मंजूरी दी गई है।

गियरिंग अनुपात -

विवरण	यथा 31 मार्च 2022	यथा 31 मार्च 2021
निवल ऋण	-	-
कुल इक्विटी	11,98,426	10,80,789
निवल ऋण से इक्विटी का अनुपात	-	-

टिप्पणी 35 - सुरक्षा हेतु गिरवी परिसंपत्तियाँ

मियादी ऋण एवं चालू पूँजी उधार राशियाँ के लिए सुरक्षा हेतु गिरवी परिसंपत्तियाँ का स्वीकृत राशि -

विवरण	यथा 31 मार्च 2022	यथा 31 मार्च 2021
(i) वस्तुसूचियाँ	5,53,956	4,91,529
(ii) व्यापार प्राप्य	6,10,339	6,55,154
(iii) नकद एवं नकद समतुल्य	1,23,857	3,01,452
(iv) बैंक शेष [उपर्युक्त (iii) के अलावा]	6,24,300	1,98,000
(v) ऋण	148	1,946
(vi) अन्य वित्तीय परिसंपत्तियाँ	10,231	4,566
(vii) अन्य चालू परिसंपत्तियाँ	7,48,517	6,64,576
सुरक्षा हेतु गिरवी कुल चालू परिसंपत्तियाँ	**26,71,348**	**23,17,223**

उधार राशियाँ के विवरण हेतु टिप्पणी 18 देखें ।

टिप्पणी 36 - महत्वपूर्ण प्राक्कलन और फैसले

वित्तीय विवरणों की तैयारी करते समय, प्रबंधन ने कुछ निर्णय, प्राक्कलन और धारणाएं बनाई हैं जो लेखांकन नीतियों के अनुप्रयोग और परिसंपत्तियों, देनदारियों, आय और व्यय की रिपोर्ट की मात्रा को प्रभावित करती हैं। वास्तविक परिणाम इन अनुमानों से अलग हो सकते हैं।

अनुमान और अंतर्निहित मान्यताओं की निरंतर आधार पर समीक्षा की जाती है। लेखांकन अनुमानों के लिए संशोधनों को भविष्य में मान्यता प्राप्त है।

लेखा नीतियों को कार्यान्वित करते समय लिए गए फैसले वित्तीय विवरणों में मान्यता प्राप्त राशि पर महत्वपूर्ण प्रभाव है जिसके तहत सामग्री समायोजन में जिसके परिणामस्वरूप होने का एक महत्वपूर्ण जोखिम इस प्रकार है -

लेखों की टिप्पणियां

(₹ लाख में)

i. अनुसंधान और विकास व्यय - लेखा नीति सं. 10 (टिप्पणी संख्या 5 एवं 12 देखें)

नहीं लागत नहीं प्रतिबद्धता (एनसीएनसी) परियोजनाओं और संयुक्त विकास परियोजनाओं के संबंध में किए गए विकास संबंधी व्यय जो कि विकास साझेदार द्वारा पूरी तरह से क्षतिपूरण नहीं किए जाते हैं, परियोजना के पूरा होने तक आगे किए जा रहे हैं।

ii. निर्धारित लाभ दायित्व का अनुमान - मुख्य बीमांकिक मान्यताएं - (टिप्पणी संख्या 21 देखें)

iii. वारंटी दावों के प्रावधान का आकलन (टिप्पणी संख्या 21 देखें)

वारंटी प्रावधान गणना में प्रवृत्ति आधारित विश्लेषण के आधार पर औसत वारंटी लागत का आकलन शामिल है। यदि विविध अनुमान लगाया जाए, तो यह उसी मान्य व्यय को प्रभावित करेगा।

iv. राजस्व का अभिचिह्नन - (टिप्पणी संख्या 23 देखें)

पूर्णता विधि का प्रतिशत संविदा पूरा करने के लिए अनुमानित कुल लागतों के वास्तविक लागत के आधार पर पूरा होने के चरण का अनुमान लगाता है। अगर विविध अनुमान लगाए जाए, तो यह उसी संबंधित राजस्व को प्रभावित करेगा।

v. अमूर्त परिसंपत्तियाँ - (टिप्पणी संख्या 4 और 5 देखें)

अन्य अमूर्त परिसंपत्ति और विकास के तहत अमूर्त परिसंपत्ति के रूप में आगे की गई राशि को भविष्य के आर्थिक लाभों की निश्चितता के संबंध में प्रतिवर्ष हानि के लिए परीक्षण किया जाता है।

vi. पट्टा (टिप्पणी 1 देखें)

यदि भारतीय ए.एस. 116 की अपेक्षाओं के अनुसार कोई करार पट्टे के रूप में योग्य बनता है तो कंपनी इसका मूल्यांकन करती है। पट्टे की पहचान करना निर्णायक होता है। कंपनी पट्टे के निबंधन (प्रत्याशित नवीकरणों सहित) और लागू बट्टा दर का मूल्यांकन करने में महत्वपूर्ण निर्णय लेती है।

बट्टे की दर सामान्य रूप से मूल्यांकन किए जा रहे पट्टे की वृद्धिशील उधार दर पर आधारित होती है।

टिप्पणी 37 - हाल में की गई लेखांकन घोषणाएँ

कार्पोरेट कार्य मंत्रालय ("एमसीए") समय-समय पर जारी कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियमों के तहत मौजूदा मानकों में नए मानक या उनके संशोधन अधिसूचित करता है। 23 मार्च, 2022 को एमसीए ने नीचे दिए गए अनुसार कंपनी (भारतीय लेखा मानक) संशोधन नियम, 2022 में संशोधन किया है।

भारतीय एएस 16 - संपत्ति, संयंत्र और उपकरण - इस संशोधन में यह स्पष्ट किया गया है कि परीक्षण लागत, यदि कोई हो, पर निर्मित मदों की बिक्री से निवल प्राप्ति से अतिरेक राशि को लाभ या हानि में निर्धारित नहीं किया जाएगा लेकिन उसकी कटौती संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की मद की लागत के भाग के रूप में माने जाने वाली प्रत्यक्ष स्रोतजन्य लागत से की जाएगी। इस संशोधन को अपनाने की प्रभावी तारीख 1 अप्रैल, 2022 को या उसके बाद शुरु होने वाली वार्षिक अवधियां हैं। कंपनी ने इस संशोधन का आंकलन किया है और इसके समेकित वित्तीय विवरणों पर इसका कोई प्रभाव नहीं है।

भारतीय एएस 37 - प्रावधान, आकस्मिक देयताएं और आकस्मिक परिसंपत्तियां - इस संशोधन में यह बताया गया है कि एक ठेके को 'पूरा करने की लागत' में 'ठेके से प्रत्यक्ष संबंधित लागतें' शामिल होती हैं। ठेके से प्रत्यक्ष रूप से संबंधित लागतें उस ठेके को पूरा करने की वृद्धिशील लागत हो सकती हैं (जैसे प्रत्यक्ष श्रम, सामग्री) या ऐसी अन्य लागतों का आबंटन हो सकता है जो ठेके पूरा करने से सीधे संबंधित हो सकते हैं (जैसे ठेके को पूरा करने में प्रयुक्त संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की मद के लिए मूल्यह्रास प्रभार का आबंटन)। इस संशोधन को अपनाने की प्रभावी तारीख 1 अप्रैल, 2022 को या उसके बाद शुरु होने वाली वार्षिक अवधियां हैं, हालांकि इसे पहले अपनाने की अनुमति है। कंपनी ने इस संशोधन का आंकलन किया है और इसका प्रभाव महत्वपूर्ण होना अपेक्षित नहीं है।

भारतीय लेखा मानक स्टैन्डअलोन वित्तीय विवरणों पर उल्लेखनीय लेखा नीतियाँ

कार्पोरेट सूचना

साथ में दिए गए वित्तीय विवरणों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (कंपनी) के वित्तीय विवरण हैं। कंपनी भारत में स्थित एक सरकारी कंपनी है और भारत में लागू कंपनी अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत निगमित है। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के शेयर भारत में दो मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध हैं। कंपनी का पंजीकृत कार्यालय और इसके कारोबार का मुख्य स्थान बेंगलूरु, कर्नाटक, भारत में स्थित है ।

कंपनी रक्षा उत्पादन विभाग, रक्षा मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन एक सरकारी क्षेत्र का उद्यम है। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड रक्षा क्षेत्र के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और प्रणालियों का निर्माण और आपूर्ति करती है। रक्षा क्षेत्र के अलावा, कंपनी असैनिक बाजार में भी सीमित स्तर तक मौजूद है।

उल्लेखनीय लेखा नीतियाँ

1. तैयार करने का आधार

वित्तीय विवरण भारत में आम तौर पर मान्य लेखा सिद्धांतों (जीएएपी) के अनुसार तैयार किए जाते हैं और प्रस्तुत किए जाते हैं जिनमें अनिवार्य भारतीय लेखा मानक (भारतीय एएस) [कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 जिसे कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 के नियम 3 के साथ पढ़ा जाना है, के तहत यथा अधिसूचित], समय-समय पर यथा संशोधित, और जो जहाँ तक लागू हैं, कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधान शामिल हैं और इन्हें निरंतरता के साथ लागू किया गया है।

2. प्राक्कलनों का प्रयोग

जीएएपी के अनुरूप वित्तीय विवरण की तैयारी के लिए प्रबंधन के लिए यह आवश्यक होता है कि वह ऐसे अनुमान और पूर्वानुमान लगाए जो वित्तीय विवरणों की तारीख पर रिपोर्ट की गई परिसंपत्तियों और देनदारियों की रिपोर्ट की गई राशियों, आकस्मिक देयता और आकस्मिक परिसंपत्तियों के प्रकटण को प्रभावित करते हैं। यद्यपि ऐसे अनुमान सभी उपलब्ध सूचनाओं को ध्यान में रखते हुए औचित्यपूर्ण और दूरदर्शी आधार पर किए जाते हैं, तथापि वास्तविक परिणाम इन अनुमानों से भिन्न हो सकते हैं और ऐसे अंतरों को उस अवधि में निर्धारित किया जाता है जिसमें परिणाम अभिनिश्चित किए जाते हैं।

3. मापन का आधार

वित्तीय विवरणों को ऐतिहासिक लागत के आधार पर तैयार किया गया है सिवाय निम्नलिखित परिसंपत्तियों और दायित्वों के, जिन्हें उचित मूल्य पर मापा गया है-

- व्युत्पन्नी वित्तीय विलेख, यदि कोई हो
- वित्तीय परिसंपत्तियाँ और देयताएँ जो उचित मूल्य पर मापे जाने योग्य हैं
- निर्धारित अनुलाभ परिसंपत्ति / देयता को निर्धारित अनुलाभ देयता के वर्तमान मूल्य में से योजित परिसंपत्तियों के उचित मूल्य को घटाकर निर्धारित किया जाता है ।

4. कार्यात्मक और प्रस्तुति मुद्रा

वित्तीय विवरण भारतीय रुपए (आईएनआर) में प्रस्तुत किए जाते हैं जो कंपनी की कार्यात्मक और प्रस्तुति मुद्रा है ।

5. राजस्व का निर्धारण

क) ग्राहकों के साथ ठेका से राजस्व

i. राजस्व को तब निर्धारित किया जाता है जब (या जैसे) कंपनी ग्राहक को वचनबद्ध माल या सेवाओं (जैसे परिसंपत्ति) को अंतरित करते हुए कार्य-निष्पादन की देयता को पूरी करती है ।

ii. समय के साथ कार्य-निष्पादन देयता को पूरा करना

क. राजस्व को ऐसे समय के दौरान निर्धारित किया जाता है जहाँ उस कार्य-निष्पादन देयता की पूर्ति के लिए हुई प्रगति को मापते हुए समय के साथ माल या सेवाओं का नियंत्रण अंतरित किया जाता है यदि निम्न से कोई भी एक मानदंड पूरा किया जाता हो-

- कंपनी के कार्य-निष्पादन से ग्राहक को कंपनी के कार्य-निष्पादन करने के साथ-साथ अनुलाभ प्राप्त करने और उनका उपभोग करने का हक मिलता है।
- कंपनी के कार्य-निष्पादन से किसी परिसंपत्ति को तैयार किया जाता है या बढ़ाया जाता है जिसे ग्राहक परिसंपत्ति सृजित करने या बढ़ने के साथ-साथ नियंत्रित करता है।
- कंपनी के कार्य-निष्पादन से कंपनी के वैकल्पिक उपयोग के साथ परिसंपत्ति तैयार नहीं की जाती और कंपनी को यथातिथि पूर्ण किए गए कार्य-निष्पादन के लिए भुगतान का प्रवर्तनीय हक होता है।

ख. कार्य-निष्पादन देयता को पूर्ण करने के लिए की हुई प्रगति का आंकलन रिपोर्टिंग की तारीख तक संविदा पर उपगत वास्तविक लागत से संविदा को पूरा करने के लिए अपेक्षित कुल प्राक्कलित लागत के अनुपात के आधार पर किया जाता है। यदि कार्य-निष्पादन देयता के परिणाम का विश्वसनीय अनुमान नहीं लगाया जा सकता है और जहां यह संभव है कि लागत की वसूली हो जाएगी, राजस्व को उपगत लागत की सीमा तक निर्धारित किया जाता है ।

ग. एएमसी संविदाओं के मामले में जहाँ समय विस्तारण कार्य-निष्पादन देयताओं को पूर्ण करने का एक मापदंड होता है, राजस्व को निर्गत पद्धति के अनुसार निर्धारित किया जाता है।

iii. किसी निश्चित समय में कार्य-निष्पादन देयता को पूर्ण करना

क. ऐसे मामलों में जहाँ नियंत्रण का अंतरण समय के साथ नहीं होता है, कंपनी उस समय बिंदु पर राजस्व को निर्धारित करती है जब कार्य-निष्पादन देयताएँ पूरी की जाती हैं।

ख. कार्य-निष्पादन देयता को तब पूरा माना जाता है जब ग्राहक परिसंपत्ति का नियंत्रण प्राप्त करता है। नियंत्रण को अंतरित करने के सूचकों में निम्नलिखित शामिल हैं -

- कंपनी ने परिसंपत्ति के भौतिक स्वामित्व का अंतरण किया है
- ग्राहक के पास परिसंपत्ति का न्यायिक अधिकार है
- ग्राहक ने परिसंपत्ति को स्वीकार किया है
- जब कंपनी को परिसंपत्ति पर भुगतान का वर्तमान अधिकार है
- ग्राहक के पास परिसंपत्ति के स्वामित्व का महत्वपूर्ण जोखिम और प्रतिफल है। महत्वपूर्ण जोखिम और प्रतिफल स्वामित्व के अंतरण का आंकलन संविदाओं के अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक शर्तों (इन्को-टर्म) के आधार पर किया जाता है ।

कारखाना बाह्य संविदा- कारखाना बाह्य संविदाओं के मामले में, राजस्व तब निर्धारित किया जाता है, जब पूर्व निरीक्षण और स्वीकृति, यदि आवश्यक हो, के बाद निर्दिष्ट माल को किसी शर्त के बिना विनियोजित किया जाता है।

एफ.ओ.आर. संविदाएँ- एफ.ओ.आर. संविदाओं के मामले में, राजस्व को तब निर्धारित किया जाता है, जब माल पूर्व निरीक्षण और स्वीकृति यदि निर्दिष्ट हो, के बाद वाहक को खरीददार तक पारेषित करने के लिए सौंप दिया जाता है, और एफ.ओ.आर. गंतव्य संविदाओं के मामले में, यदि इस बात की उचित अपेक्षा हो कि माल लेखांकन अवधि के भीतर गंतव्य तक पहुंच जाएगा।

ग. बिल और होल्ड बिक्री

बिल और होल्ड बिक्री को तब निर्धारित किया जाता है जब निम्नलिखित मानदंडों को पूरा किया जाता है-

- बिल और होल्ड बिक्री का समुचित कारण है
- उत्पाद की अलग से पहचान की गई है कि वह ग्राहक का है
- उत्पाद वर्तमान में ग्राहक को भौतिक हस्तांतरण के लिए तैयार है
- कंपनी उत्पाद का उपयोग करने या किसी अन्य ग्राहक को निर्देशित करने में असमर्थ है।

iv. मापन

क. राजस्व को लेनदेन मूल्य की ऐसी राशि में निर्धारित किया जाता है जो कार्य-निष्पादन देयता के लिए आबंटित की गई है।

लेन-देन की कीमत उस प्रतिफल की राशि है, जिसके लिए कंपनी को उम्मीद है कि वह तीसरे पक्ष की ओर से एकत्र की गई राशि को छोड़कर, किसी ग्राहक को वचनबद्ध माल या सेवाओं को स्थानांतरित करने के बदले में हकदार होगी।

मूल्य वृद्धि और ईआरवी के मामले में, राजस्व का निर्धारण संविदाजन्य शर्तों के अनुसार ग्राहक से वसूल की जाने वाली सर्वाधिक संभावित राशि पर किया जाता है ।

ख. जहां संविदाओं में कई कार्य-निष्पादन देयताएँ शामिल हैं, कंपनी संबंधित स्टैंड-अलोन बिक्री मूल्य के आधार पर प्रत्येक कार्य-निष्पादन दायित्व के लिए लेनदेन मूल्य आबंटित करती है।

संयुक्त संविदाएँ - संयुक्त संविदा के मामले में, जहां संस्थापना और कार्यारंभ या अलग से निर्धारित किए जाने वाले किसी अन्य घटक के लिए अलग शुल्क निर्धारित नहीं है, कंपनी लेनदेन के अलग से पहचाने जाने योग्य घटकों (माल की बिक्री, संस्थापना और कार्यारंभ आदि) का निर्धारण मानदंड लागू करती है और राजस्व को इन घटकों को स्टैंडअलोन बिक्री दर के आधार पर आबंटित करती है।

एकाधिक तत्व - ऐसे मामलों में जहाँ संस्थापना और कार्यारंभ अथवा कोई अलग से निर्धारित किए जाने वाला घटक निर्दिष्ट किया गया है जिसकी कीमत पर अलग से सहमति हुई है, तो कंपनी ऐसे लेनदेन के अलग से निर्धारित किए जाने योग्य घटक (माल की बिक्री तथा संस्थापना एवं कार्यारंभ आदि) पर निर्धाण मानदंड लागू करती है और ऐसे अलग घटकों की स्टैंडअलोन बिक्री कीमत के आधार पर उनके लिए राजस्व आबंटित करती है।

ग. अगर स्टैंड-अलोन बिक्री कीमत उपलब्ध नहीं है तो कंपनी स्टैंड-अलोन बिक्री कीमत का अनुमान लगाती है।

v. जुर्माना

संविदा में निर्दिष्ट जुर्माने (सुपुर्दगी में देरी के लिए निर्णीत हर्जाने सहित) को लेनदेन की कीमत दर का अंतर्निहित हिस्सा नहीं माना जाता यदि उसकी उगाही ग्राहक के समीक्षाधीन हो।

vi. महत्वपूर्ण वित्तीय घटक

रक्षा संबंधी परियोजनाओं के निष्पादन के लिए प्राप्त अग्रिमों को महत्वपूर्ण वित्तपोषण घटक निर्धारित करने के लिए विचार में नहीं लिया जाता क्योंकि इसका उद्देश्य संविदा में शामिल पक्षकारों के हितों की रक्षा करना है।

अन्य संविदाओं के लिए, महत्वपूर्ण वित्तपोषण घटक की विद्यमानता की समीक्षा मामला-दर-मामला आधार पर की जाती है।.

ख. अन्य आय

अन्य आय का निर्धारण इस प्रकार किया जाता है-

i. ब्याज आय

ब्याज आय को प्रभावी ब्याज दर विधि का उपयोग करते हुए निर्धारित किया जाता है ।

ii. लाभांश आय

कंपनी द्वारा भुगतान प्राप्त करने का अधिकार स्थापित होने पर लाभांश आय को निर्धारित किया जाता है।

iii. किराए की आय

प्रचालनीय पट्टों से होने वाली किराए की आय का परिकलन पट्टे की अवधि पर सीधी रेखा आधार पर किया जाता है, जब तक किराए में वृद्धि अपेक्षित मुद्रास्फीति के अनुरूप नहीं होती है या अन्यथा उचित होती है।

iv. शुल्क की कमियां

निर्यात पर शुल्क की कमी के दावों का परिकलन प्रोद्भूत आधार पर किया जाता है।

v. अन्य आय

अन्य आय जिसे ऊपर विशिष्ट रूप से नहीं बताया गया है, को प्रोदभूत आधार निर्धारित किया जाता है।

6. संपत्ति, संयंत्र और उपकरण, पूंजीगत चालू कार्य

संपत्ति, संयंत्र और उपकरण को शुरू में लागत पर मापा जाता है और बाद में लागत में से संचित मूल्यह्रास और संचयी अनर्जक हानि, यदि कोई हो, को घटाकर मापा जाता है । इस उद्देश्य के लिए लागत में परिसंपत्ति को उसके स्थान और स्थिति में लाने से संबंधित सभी लागत शामिल किए जाते हैं। यदि किसी प्रावधान के लिए निर्धारण मानदंडों को पूरा किया जाता है, तो परिसंपत्ति को इसके उपयोग के बाद समाप्त करने के लिए अपेक्षित लागत का वर्तमान मूल्य संबंधित परिसंपत्ति की लागत में शामिल किया जाता है।

संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर की लागत जो प्रत्येक रिपोर्टिंग तारीख पर उनके आशयित उपयोग के लिए तैयार नहीं है, को पूंजीगत चालू कार्य के रूप में प्रकट किया जाता है।

पूंजीगत चालू कार्य में आपूर्ति-सह-निर्माण संविदाएं, स्थल पर प्राप्त एवं स्वीकृत पूंजी और मार्गस्थ एवं निरीक्षणाधीन पूंजीगत माल शामिल होते हैं।

7. अमूर्त परिसंपत्तियाँ, विकासाधीन अमूर्त परिसंपत्ति

आंतरिक उपयोग के लिए अर्जित साफ्टवेयर (जो संबंधित हार्डवेयर का एक अभिन्न हिस्सा नहीं है) और जिससे भविष्य में महत्वपूर्ण आर्थिक लाभ अपेक्षित है, उपयोग के लिए तैयार होने पर उसकी लागत को लेखा बहियों में एक अमूर्त परिसंपत्ति के रूप में निर्धारित किया जाता है। अमूर्त परिसंपत्तियाँ जो रिपोर्ट करने की तारीख तक अपने आशयित उपयोग के लिए तैयार नहीं हैं, को "विकासाधीन अमूर्त परिसंपत्ति" के रूप में वर्गीकृत किया जाता है ।

पूरे किए गए विकास कार्य की लागत, जहाँ कहीं अर्ह हो, को अमूर्त परिसंपत्ति के रूप में निर्धारित किया जाता है।

विकासाधीन कार्य की लागत, जहाँ कहीं अर्ह हो, को "विकासाधीन अमूर्त परिसंपत्तियाँ" के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

विकासाधीन अमूर्त परिसंपत्ति में विकास परियोजनाओं के लिए बाहरी एजेँसियों को कंपनी द्वारा वित्त पोषित राशि और कंपनी द्वारा सामग्री की लागत, कर्मचारी लागत तथा अन्य प्रत्यक्ष व्यय पर उपगत व्यय शामिल होते हैं।

अमूर्त परिसंपत्तियों को प्रारंभिक रूप से लागत पर और उसके बाद लागत में से संचित परिशोधन और संचित अनर्जक हानि, यदि कोई हो, को घटाकर मापा जाता है।

अमूर्त परिसंपत्ति को निपटान पर या जब उसके उपयोग अथवा निपटान से कोई भावी आर्थिक अनुलाभ अपेक्षित नहीं होते हैं, निर्धारण से बाहर किया जाता है। अमूर्त परिसंपत्तियों को निर्धारण से बाहर किए जाने से होने वाली लब्धि या हानि, यदि कोई हो, को लाभ व हानि के विवरण में निर्धारित किया जाता है।

8. मूल्यह्रास / परिशोधन

मूल्यह्रास का परिकलन परिसंपत्तियों के अनुमानित उपयोगी जीवन पर सीधी रेखा आधार पर किया जाता है। तकनीकी आकलन के आधार पर कंपनी भवन, संयंत्र और उपकरण की कुछेक मदों तथा परिसंपत्तियों के अन्य वर्गों का मूल्यह्रास प्राक्कलित उपयोगी जीवन पर करती है जो कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II में वर्णित उपयोगी जीवनकाल से अलग होते हैं। प्रबंधन का मानना है कि ये प्राक्कलित उपयोगी जीवनकाल वास्तविक हैं और उस अवधि के निष्पक्ष अनुमान को प्रतिबिंबित करते हैं जिन पर संपत्ति का उपयोग होने की संभावना है।

जहाँ परिसंपत्ति के किसी भाग की लागत उस परिसंपत्ति की कुल लागत के लिए उल्लेखनीय होती है और उस भाग का प्राक्कलित उपयोगी जीवनकाल शेष परिसंपत्ति के अनुमानित उपयोगी जीवनकाल से अलग होता है तो ऐसे उल्लेखनीय भाग के प्राक्कलित उपयोगी जीवनकाल का अलग से निर्धारण किया जाता है और उल्लेखनीय भाग को उसके प्राक्कलित

उपयोगी जीवनकाल पर सीधी-रेखा पद्धति आधार पर मूल्यह्रास किया जाता है।

संपत्ति, संयंत्र और उपकरणों के अवशिष्ट मूल्य, उपयोगी जीवन और मूल्यह्रास की विधियों की समीक्षा प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में की जाती है और यदि उपयुक्त हो, तो भविष्यलक्षी रूप से समायोजित किया जाता है।

अमूर्त परिसंपत्तियों को उनके उपयोग के लिए उपलब्ध होने की तारीख से, उनके वैयक्तिक प्राक्कलित उपयोगी जीवनकाल पर सीधी रेखा पद्धति आधार पर परिशोधित किया जाता है। अवशिष्ट मूल्य, उपयोगी जीवन और परिशोधन के तरीकों की समीक्षा प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में की जाती है और उपयुक्त होने पर भविष्यलक्षी रूप से समायोजित किया जाता है।

9. संपत्ति, संयंत्र और उपकरण का निपटान

संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की कोई मद तथा उसका कोई भाग जिसे प्रारंभ में निर्धारित किया जाता है, को उनके निपटान पर या जब उनके उपयोग या निपटान से भविष्य में कोई आर्थिक अनुलाभ अपेक्षित नहीं होता है, को निर्धारण से बाहर किया जाता है। संपत्ति, संयंत्र और उपकरण को निर्धारण से बाहर करने के कारण प्राप्त लब्धि या हानि (जिसका परिकलन निवल निपटान प्राप्ति, यदि कोई हो, और संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की वहनीय राशि के बीच के अंतर के रूप में किया जाता है) को संपत्ति, संयंत्र और उपकरण को निर्धारण से बाह करने पर लाभ व हानि के विवरण में शामिल किया जाता है।

10. अनुसंधान और विकास व्यय

(i) अनुसंधान गतिविधि पर व्यय को उसके खर्चे की अवधि के दौरान व्यय के रूप में निर्धारित किया जाता है ।

(ii) विकास व्यय (ग्राहक के अनुरोध पर शुरू किए गए विशिष्ट विकास-सह-बिक्री संविदा और विकास संबंधी परियोजनाओं के अलावा), को उपगत होने पर व्यय के रूप में प्रभारित किया जाता है। विकास-सह-बिक्री संविदाओं और विकास संबंधी परियोजनाएं जो, ग्राहक के अनुरोध पर शुरू किए जाते हैं, पर विकास संबंधी व्यय को अन्य बिक्री संविदाओं के समान माना जाता है।

संयुक्त विकास परियोजनाओं के संबंध में किए गए विकास व्यय, जो विकास साझेदार द्वारा पूरी तरह से प्रतिपूर्ति नहीं किए गए हैं, आगे ले जाया जाते हैं जहां कंपनी को उत्पादन एजेंसी के रूप में नामित किया गया है और जिनसे भविष्य के आर्थिक लाभ की उम्मीद है।

विकास परियोजनाओं की आवधिक समीक्षा की जाती है और अग्रेनीत राशि, यदि कोई हो, को ग्राहक द्वारा आदेश के लिए किसी प्रतिबद्धता के बिना परियोजना को बंद घोषित किए जाने पर शुल्क लिया जाता है।

(iii) अन्य विकास कार्यों से संबंधित व्यय (बाहरी एजेंसियों के सहयोग से किए जाने वाले संयुक्त विकास कार्य सहित) जहाँ अनुसंधान के परिणामों या अन्य ज्ञान का उपयोग नए या वर्धिक उत्पादों या प्रक्रियाओं को विकसित करने के लिए किया जाता है, को अमूर्त परिसंपत्ति के रूप में निर्धारित किया जाता है यदि भारतीय एएस 38 में दिए निर्धारण मानदंड पूरे किए जाते हों और जब विकसित उत्पाद या प्रक्रिया को तकनीकी और वाणिज्यिक रूप से उपयोग करने की अपेक्षा हो, कंपनी के पास इसको पूर्ण रूप से विकसित कर इस अमूर्त परिसंपत्ति का उपयोग करने या बिक्री करने के लिए पर्याप्त संसाधन हों और वह उत्पाद या प्रक्रिया से भावी आर्थिक अनुलाभ प्राप्त होने की संभावना हो।

(iv) ग्राहक से प्राप्त कोटेशन के अनुरोध के आधार पर, लागत नहीं, प्रतिबद्धता नहीं (एनसीएनसी) परीक्षणों में भाग लेने के लिए विकास संबंधी परियोजनाओं पर किए गए खर्च को परीक्षण समाप्त होने तक आगे ले जाया जाता है और इन्हें आदेशों के प्राप्त होने पर परिशोधित किया जाता है।

यदि ग्राहक का आदेश तुरंत प्राप्त नहीं होने वाला है -

- राशि पूँजीकृत कर दी जाती है यदि उसके उपयोग से अतिरिक्त आर्थिक अनुलाभ अपेक्षित हो, या
- परियोजना को ग्राहक / अंतिम प्रयोक्ता द्वारा आदेश देने की किसी प्रतिबद्धता के बिना बंद किए जाने पर राशि प्रभारित कर दी जाती है।

11. तकनीकी जानकारी पर व्यय

तकनीकी जानकारी पर किए गए खर्च को ऐसे खर्च के उपगत होने पर लाभ व हानि के विवरण में प्रभारित किया जाता है जब तक कि वह पृथक रूप से स्वयं या अन्य परिसंपत्तियों / व्ययों के संयोजन से एक अमूर्त परिसंपत्ति के रूप में निर्धारित करने के लिए अर्ह नहीं बन जाता है ।

12. निवेश संपत्ति

निवेश संपत्तियों को प्रारंभ में लेनदेन लागत सहित लागत पर मापा जाता है। प्रारंभिक निर्धारण के बाद निवेश संपत्तियों को लागत में से संचित मूल्यह्रास और संचित हानि के नुकसान, यदि कोई हो, पर मापा जाता है।

13. गैर-वित्तीय परिसंपत्तियों का ह्रास

कंपनी प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर यह मूल्यांकन करती है कि क्या किसी परिसंपत्ति के ह्रास होने के कोई संकेत तो नहीं है। अगर कोई संकेत मौजूद है, या जब परिसंपत्ति के लिए वार्षिक हानि जांच की आवश्यकता होती है, तो कंपनी परिसंपत्ति की वसूली योग्य राशि का अनुमान लगाती है। एक परिसंपत्ति की वसूली योग्य राशि उसे माना जाता है जो परिसंपत्ति या नकद-पैदा करने वाली यूनिट (सीजीयू) के उचित मूल्य में से उसके निपटान लागत और उपयोग के दौरान उसके मूल्य को घटाकर जो राशि बचती है, उससे अधिक हो। किसी वैयक्तिक परिसंपत्ति की वसूल योग्य राशि निर्धारित की जाती है जब तक कि परिसंपत्ति द्वारा ऐसी नकदी प्राप्ति नहीं होती जो अन्य परिसंपत्तियों या परिसंपत्ति के समूह से उत्पन्न नकदी प्रवाह से अधिकतर स्वतंत्र नहीं है। जब किसी परिसंपत्ति या सीजीयू की

वहनीय राशि इसकी वसूली योग्य राशि से अधिक होती है, तो परिसंपत्ति को ह्रासमान माना जाता है और उसे उसकी वसूली योग्य राशि से बट्टे खाते में डाल दिया जाता है।

उपयोग के दौरान मूल्य का आंकलन करने में प्राक्कलित भावी नकदी प्रवाह को उस समय प्रचलित बाज़ार मूल्यांकन को और उचित मूल्य में से निपटान की लागत को घटाकर उसे निर्धारित करने में परिसंपत्ति विशिष्ट जोखिम को प्रतिबिंबित करने वाले कर-पूर्व डिस्काउंट दर का उपयोग करते हुए उसके वर्तमान मूल्य पर बट्टा दिया जाता है।

ह्रास के प्रावधान को तब व्युत्क्रमित किया जाता है जब किसी परिसंपत्ति या नकद सृजित करने वाली यूनिट (सीजीयू) की प्राक्कलित सेवा संभाव्यता में, ऐसी परिसंपत्ति के ह्रास को अंतिम बार निर्धारित करने की तारीख के बाद, पुनर्मूल्यांकन पर, उपयोग या बिक्री से, बढ़ोत्तरी होती हो।

14. पट्टे

पट्टेदार के रूप में कंपनी-

तृतीय पक्षकारों की संविदाएँ जिनसे कंपनी को किसी परिसंपत्ति के उपयोग का अधिकार प्राप्त होता है, का परिकलन भारतीय ए.एस. 116 - पट्टे के प्रावधानों के अनुसार किया जाता है, यदि लेखा मानक में निर्दिष्ट निर्धारण मानदंड पूरे होते हों।

अल्पकालिक पट्टों से और कम मूल्य की परिसंपत्तियों से संबंधित पट्टों के भुगतान को पट्टे की अवधि पर सीधी रेखा आधार पर या अन्य क्रमबद्ध आधार, जो लागू हो, पर व्ययों के रूप में प्रभारित किया जाता है।

प्रारंभ की तारीख पर, “प्रयोग का अधिकार” के मूल्य को पट्टे के बकाया मूल्य के वर्तमान मूल्य तथा अंतर्निहित परिसंपत्ति को अलग करने या हटाने तथा जिसे संयंत्र, संपत्ति और उपकरण के भाग के रूप में प्रस्तुत किया गया है, की किसी प्रारंभिक प्रत्यक्ष लागत या प्राक्कलित लागत, यदि कोई हो, पर पूँजीकृत किया जाता है।

इसके बाद प्रयोग का अधिकार परिसंपत्ति का मापन लागत मॉडल द्वारा किया जाता है।

पट्टे की देयता उस राशि के लिए सृजित की जाती है जो पट्टे के बकाया भुगतान के वर्तमान मूल्य के समतुल्य हो और उसे उधार के रूप में दर्शाया जाता है।

पट्टे के प्रत्येक भुगतान को सृजित देयता और वित्त लागत के बीच आबंटित किया जाता है। वित्त लागत को पट्टे की अवधि पर लाभ व हानि के विवरण में प्रभारित किया जाता है ताकि इससे प्रत्येक अवधि के लिए देयता की शेष राशि पर ब्याज की स्थिर आवधिक दर प्राप्त हो सके।

प्रयोग के अधिकार की परिसंपत्ति का मूल्यह्रास परिसंपत्ति के उपयोगी जीवनकाल से कम अवधि पर और सीधी रेखा आधार पर पट्टे की अवधि पर किया जाता है ।

पट्टे के भुगतान को पट्टे में निहित ब्याज दर का उपयोग कर भुनाया जाता है यदि इसकी दर निर्धारित की जा सकती हो या कंपनी की वृद्धिशील उधार दर पर भुनाया जाता है।

पट्टे के संशोधन, यदि कोई हो, का परिकलन अलग पट्टे के रूप में किया जाता है यदि मानक में निर्दिष्ट मानदंड पूरे किए जाते हों।

पट्टाकर्ता के रूप में कंपनी-

पट्टों को भारतीय ए.एस. 116 - पट्टे में निर्दिष्ट निर्धारण मानदंडों के आधार पर प्रचालन पट्टे या वित्त पट्टे के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

क) वित्तीय पट्टा -

प्रारंभ की तारीख में, “पट्टे में निवल निवेश” के समतुल्य राशि लेनदारी के रूप में दर्शाई जाती है। “पट्टे में निवल निवेश” के मूल्य का मापन करने के लिए अंतर्निहित ब्याज दर का उपयोग किया जाता है।

पट्टे के प्रत्येक भुगतान को सृजित लेनदारी और वित्त आय के बीच आबंटित किया जाता है। वित्त लागत को पट्टे की अवधि पर लाभ व हानि के विवरण में निर्धारित किया जाता है ताकि पट्टे में निवल निवेश पर प्राप्ति की स्थिर आवधिक दर दर्शाई जा सके।

परिसंपत्ति की जाँच विनिर्धारण और भारतीय ए.एस. 109 - वित्तीय विलेख के अनुसार अनर्जकता की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए की जाती है।

पट्टे के संशोधन, यदि कोई हों, का परिकलन अलग पट्टे के रूप में किया जाता है यदि उक्त मानक में निर्दिष्ट निर्धारण मानदंड पूरे किए जाते हों।

ख) प्रचालनीय पट्टा -

कंपनी प्रचालनीय पट्टों के पट्टे के भुगतान को सीधी-रेखा आधार या किसी दूसरे क्रमबद्ध आधार, यदि आवश्यक हो, पर आय के रूप में निर्धारित करती है।

पट्टे के संशोधन, यदि कोई हों, का परिकलन अलग पट्टे के रूप में किया जाता है यदि उक्त मानक में निर्दिष्ट निर्धारण मानदंड पूरे किए जाते हों।

15. उधार की लागत

उधार की लागतें प्रत्यक्ष रूप से ऐसी परिसंपत्ति के अधिग्रहण, निर्माण या उत्पादन के कारण होती है जिसमें उसके आशयित उपयोग के लिए तैयार होने की सारभूत अवधि आवश्यक रूप से लगती है या बिक्री को परिसंपत्ति की लागत के भाग के रूप में पूँजीकृत किया जाता है । उधार की सामान्य लागतों को उस परिसंपत्ति पर खर्च की पूँजीकरण दर का उपयोग करते हुए अर्हक परिसंपत्तियों में पूँजीकृत किया जाता है । पूँजीकरण की दर विशिष्ट उधार को छोड़कर, सामान्य उधार बकाया पर लागू उधार की

लागतों का भारित औसत होती है । उधार की अन्य सभी लागतों के व्यय उस अवधि में किए जाते हैं जिसमें वे उपगत होते हैं । उधार की लागतों में ब्याज और ऐसी अन्य लागतें शामिल होती है जो एक निकाय निधियों के उधार के संबंध में उपगत करता है । उधार की लागत में विनिमय के ऐसे अंतर भी शामिल होते हैं जहाँ तक उन्हें उधार की लागतों का समायोजन माना जाता है ।

16. सरकारी अनुदान

सरकार से प्राप्त अनुदान उचित मूल्य पर मापे जाते हैं जिन्हें शुरू में आस्थगित आय के रूप में निर्धारित किया जाता है।

अचल परिसंपत्ति के अधिग्रहण के कारण आस्थगित आय में उपलब्ध राशि को संबंधित परिसंपत्ति का ह्रास मूल्य के अनुपात में अधिग्रहण के लिए उपयोग किए जाने वाले सरकारी अनुदानों तक सीमित करते हुए लाभ और हानि विवरण में स्थानांतरित किया जाता है।

राजस्व व्यय के कारण आस्थगित आय में उपलब्ध राशि को कुल मंजूर लागत और वित्त-पोषण के अनुपात अनुमान के अनुसार व्यय और सरकारी अनुदान तक सीमित रखते हुए वहित लाभ और हानि विवरण में स्थानांतरित किया जाता है।

17. संयुक्त उद्यम और एसोसिएट में निवेश

कम्पनी अपने सहयोगियों और संयुक्त उद्यमों में अपने हितों को लागत के अनुसार अलग-अलग वित्तीय विवरण में दर्शाता है।

18. वस्तुसूचियां

प्रयोज्य रद्दी को छोड़कर कंपनी के सभी वस्तु सूचियां मूल्य या निवल वसूली योग्य मूल्य में से कम पर मूल्यित किए जाते है। रद्दी अनुमानित निवल प्राप्य मूल्य पर मूल्यित किया जाता है। सामग्री की लागत का भारित औसत लागत सूत्र का उपयोग करते हुए पता लगाया जाता है।

कार्य प्रगति और तैयार माल की लागत में सामग्री, प्रत्यक्ष श्रम और उपयुक्त उपरी प्रभार शामिल हैं।

वस्तु सूचियों के लिए पर्याप्त प्रावधान किया जाता है जो पांच वर्ष से अधिक पुराना हो, जो आगे उपयोग के लिए आवश्यक नहीं हो सकता है।

19. आय कर

आयकर में मौजूदा और आस्थगित कर शामिल हैं।

(i) वर्तमान आय कर

वर्तमान कर परिसंपत्तियां और देनदारियां कराधान प्रधिकारियों से अपेक्षित वसूली की या भुगतान की राशि पर मापे जाते है। इस राशि की गणना करने के लिए प्रयुक्त कर की दरें और कर कानून उन रिपोर्टिंग तारीखों पर अधिनियमित या मूल रूप से अधिनियमित होते हैं। ऐसी मदों से संबंधिक चालू कर जिसे प्रत्यक्ष रूप से अन्य व्यापक आय में निर्धारित किया जाता है या इक्विटी को अन्य व्यापक आय में या इक्विटी में निर्धारित किया जाता है, लाभ और हानि के विवरण में नहीं।

(ii) आस्थगित कर

आस्थगित कर रिपोर्टिंग तिथि पर वित्तीय रिपोर्टिंग प्रयोजनों के लिए परिसंपत्तियों और देनदारियों के कर आधारों के बीच अस्थायी अंतर और उनकी आगे लाई गई राशि के साथ तुलन-पत्र विधि का उपयोग करते हुए प्रदान किया जाता है।

आस्थगित कर परिसंपत्तियों को सभी कटौती योग्य अस्थायी अंतर, अप्रयुक्त कर क्रेडिट को आगे ले जाते हुए और अप्रयुक्त कर हानियों के लिए निर्धारित किया जाता है जहाँ तक कि इस बात की संभावना हो कि कर योग्य लाभ उपलब्ध होगा जिसके समक्ष कटौती योग्य अस्थायी अंतर का उपयोग किया जा सकता है।

आस्थगित कर परिसंपत्तियों की मात्रा प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर समीक्षा की जाती है और इस हद तक कम हो जाती है कि यह अब संभव नहीं है कि आस्थगित कर संपत्ति के सभी या हिस्से का उपयोग करने के लिए पर्याप्त कर योग्य लाभ उपलब्ध होगा।

20. वारंटियों के लिए प्रावधान

कार्य-निष्पादन की गारंटी और बेचे गए माल के प्रतिस्थापन / मरम्मत के कारण व्यय का प्रावधान प्रवृत्ति आधारित अनुमानों के आधार पर किया जाता है।

ऐसे मामले में जहाँ प्रवृत्ति का पता लगाने योग्य नहीं है, प्रबंधन के सर्वोत्तम अनुमानों के आधार पर वारंटी का प्रावधान किया जाता है।

21. विदेशी मुद्राएं के लेनदेन और रूपांतरण

विदेशी मुद्राओं में लेन-देन शुरू में कंपनी द्वारा उस तारीख की संबंधित मुद्रा विनिमय दरों पर दर्ज किया जाता है जिस तारीख में ऐसे लेनदेन निर्धारित करने के लिए पहले अर्ह होते हैं। विदेशी मुद्रा में मूल्यवर्गित मौद्रिक परिसंपत्तियों और देयताओं को रिपोर्टिंग की तारीख में अंतिम मुद्रा-विनिमय दर का प्रयोग करते हुए कार्यशील मुद्रा में रपांतरित किया जाता है। मौद्रिक मदों के निपटान या रूपांतरण से आने वाले अंतर को लाभ व हानि के विवरण में निर्धारित किया जाता है। गैर-मौद्रिक मदें जिन्हें विदेशी मुद्रा में ऐतिहासिक लागत के परिप्रेक्ष्य में मापा जाता है, को प्रारंभिक लेनदेन की तारीखों की मुद्रा-विनिमय दर का प्रयोग करते हुए रूपांतरित किया जाता है।

22. कर्मचारी हितलाभ

(i) संबंधित सेवाएँ प्रदान करने के बारह महीनों के भीतर पूरी तरह देय सभी कर्मचारी हितलाभों को अल्पावधि कर्मचारी हितलाभ के रूप में वर्गीकृत किया जाता है और उनमे मुख्य रूप से शामिल हैं (क) मजदूरी और वेतन; (ख) अल्पकालिक प्रतिपूरक अनुपस्थिति; (ग) लाभ-भाजन, प्रोत्साहन और बोनस और (घ) गैर-मौद्रिक लाभ

जैसे चिकित्सा देखभाल, सहायता-प्राप्त परिवहन, कैंटीन सुविधाएं आदि, जिन्हें बट्टारहित आधार पर मूल्यांकित किया जाता है और संबंधित सेवाएं प्रदान करने की अवधि के दौरान निर्धारित किया जाता है।

(ii) दीर्घकालीन प्रतिपूरक अनुपस्थितियाँ जैसे वार्षिक छुट्टी, बीमारी छुट्टी और आधा वेतन छुट्टी को प्रक्षेपित यूनिट क्रेडिट विधि का प्रयोग करते हुए बीमांकिक आधार पर वार्षिक रूप से निर्धारित देयता के वर्तमान मूल्य तथा तुलन-पत्र में किए गए प्रावधान के वहनीय मूल्य के बीच के अंतर के रूप में निर्धारित किया जाता है और इसका प्रावधान किया जाता है।

(iii) कर्मचारियों को उपदान और कर्मचारी भविष्य निधि के भुगतान के लिए वृद्धिशील देयता का निर्धारण प्रक्षेपित यूनिट क्रेडिट विधि का प्रयोग करते हुए बीमांकिक आधार पर वार्षिक रूप से निर्धारित देयता के वर्तमान मूल्य और इस प्रयोजनार्थ स्थापित अनुमोदित ट्रस्ट जिसके लिए भविष्य निधि के मामले में मासिक अंशदान किए जाते हैं और उपदान के मामले में एकमुश्त अंशदान दिए जाते हैं, में वित्त-पोषित योजित परिसंपत्तियों के उचित मूल्य के बीच के अंतर के रूप में निर्धारित की जाती है।

(iv) बीईएल सेवानिवृत्त कर्मचारी अंशदायी स्वास्थ्य योजना (बीईआरईसीएचएस) के तहत वृद्धिशील देयता का निर्धारण प्रक्षेपित यूनिट क्रेडिट विधि का प्रयोग करते हुए बीमांकिक आधार पर वार्षिक रूप से किया जाता है और इसका प्रावधान किया जाता है।

(v) वर्ष की बीमांकिक देयता का निर्धारण प्रत्येक वर्ष जनवरी के अंत में कर्मचारियों के संदर्भ में किया जाता है।

(vi) बीमांकिक लाभ और हानि और योजित परिसंपत्तियों (ब्याज को छोड़कर) पर प्राप्ति और परिसंपत्ति की ऊपरी सीमा का प्रभाव (यदि कोई हो, ब्याज को छोड़कर) का निर्धारण अन्य व्यापक आय (ओसीआई) में तुरंत किया जाता है। निवल निर्धारित देयता (परिसंपत्ति) पर निवल ब्याज व्यय (आय) का परिकलन बट्टे की दर लागू करते हुए किया जाता है जिसका प्रयोग वर्ष के दौरान अंशदान और अनुलाभ भुगतानों के परिणामस्वरूप, किसी परिवर्तन को ध्यान में रखने के बाद, वित्तीय वर्ष के प्रारंभ में निवल निर्धारित देयता (परिसंपत्ति) में निवल निर्धारित देयता (परिसंपत्ति) को मापने में किया जाता है। निर्धारित अनुलाभ योजनाओं से संबंधित निवल ब्याज व्यय तथा अन्य व्ययों को लाभ व हानि के विवरण में निर्धारित किया जाता है।

जब किसी योजना का लाभ बदल जाता है या जब कोई योजना कम की जाती है, तो अनुलाभ में परिणामी परिवर्तन जो पिछली सेवा से या ऐसी कटौती पर लब्धि या हानि से संबंधित होता है, को लाभ व हानि के विवरण में तुरंत निर्धारित किया जाता है।

(vii) स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति अनुलाभों का भुगतान होने पर उसे राजस्व को प्रभारित किया जाता है।

(viii) निर्धारित अंशदान योजना

कंपनी अपने कर्मचारियों के लिए कर्मचारी पेंशन योजना और अधिवार्षिता पेंशन योजना संचालित करती है जिन्हें निर्धारित योगदान योजनाओं के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। निर्धारित अंशदान योजनाओं के लिए, कंपनी कर्मचारियों के वेतन के एक निश्चित प्रतिशत पर स्वतंत्र रूप से संचालित निधियों में अंशदान देती है। इन योगदानों को लाभ व हानि के विवरण में दर्ज किया गया है। कंपनी की देयता इन योजनाओं में दिए गए अंशदान की सीमा तक ही सीमित है।

23. प्रावधान

क. प्रावधान

प्रावधान तब निर्धारित किए जाते हैं जब किसी पिछली घटना के परिणामस्वरूप कंपनी की वर्तमान देयता (कानूनी या प्रलक्षित) होती है, हो सकता है कि आर्थिक लाभों में शामिल संसाधनों का बहिर्वाह देयता के निपटान के लिए आवश्यक हो और ऐसी देयता की राशि का विश्वसनीय अनुमान लगाया जा सकता हो। जब कंपनी कुछ या सभी प्रावधानों की प्रतिपूर्ति की अपेक्षा करती है, उदाहरण के लिए, बीमा संविदा के तहत, प्रतिपूर्ति एक अलग परिसंपत्ति के रूप में निर्धारित की जाती है, लेकिन केवल तभी, जब प्रतिपूर्ति लगभग निश्चित हो। ऐसे प्रावधान से संबंधित व्यय किसी भी प्रतिपूर्ति के निवल के रूप में लाभ व हानि के विवरण में दर्शाया जाता है।

दुर्वह संविदाओं का प्रावधान तब निर्धारित किया जाता है जब संविदा से कंपनी को प्राप्त होने वाले अपेक्षित अनुलाभ संविदा के तहत इसकी देयताओं को पूरा करने की अपरिहार्य लागत से कम होते हैं। ऐसे प्रावधान को संविदा समाप्त होने की अपेक्षित लागत से कम के वर्तमान मूल्य और संविदा जारी रखने की अपेक्षित निवल लागत से मापा जाता है। प्रावधान स्थापित करने से पहले, कंपनी ऐसी संविदा से जुड़ी परिसंपत्तियों पर किसी प्रकार की अनर्जक हानि को निर्धारित करती है।

यदि धन के समय मूल्य का प्रभाव महत्वपूर्ण होता है तो चालू कर-पूर्व दर जो विनियोजित होने पर देयता के लिए विशिष्ट जोखिम दर्शाता है, का प्रयोग करते हुए ऐसे प्रावधानों को भुनाया जाता है। जब ऐसी भुनाई का उपयोग किया जाता है, तो समय बीतने के कारण प्रावधान में बढ़ोत्तरी को वित्त लागत के रूप में निर्धारित किया जाता है।

ख. आकस्मिक देयताएं / परिसंपत्तियाँ

आकस्मिक देनदारियों / परिसंपत्तियों को प्रबंधन की जानकारी तक वित्तीय विवरणों की टिप्पणियों के माध्यम से प्रकट किया जाता है।

24. नकद प्राप्ति विवरण

नकद प्राप्ति का विवरण भारतीय एएस 7 - नकदी प्राप्ति विवरण में वर्णित अप्रत्यक्ष विधि के अनुसार तैयार किया जाताहै।

25. उचित मूल्य का मापन

कंपनी कुछ वित्तीय विलेखों को अपने वित्तीय विवरणों में प्रत्येक रिपोर्टिंग तारीख पर उचित मूल्य पर मापती है जैसे व्युत्पन्नी तथा अन्य मदें।

सभी परिसंपत्तियां और देनदारियां जिनके लिए उचित मूल्य को वित्तीय विवरणों में मापा या प्रकट किया गया है, को निम्नतम स्तर इनपुट जो संपूर्ण रूप से उचित मूल्य के मापन के लिए महत्वपूर्ण है, के आधार पर उचित मूल्य के पदानुक्रम में वर्गीकृत किया जाता है -

स्तर 1 - समरूप परिसंपत्तियों या देयताओं के लिए सक्रिय बाजार में कोट की गई कीमतें (असमायोजित)।

स्तर 2 - स्तर 1 में शामिल कोट की गई कीमतों के अलावा अन्य निविष्टियाँ जो प्रत्यक्ष रूप से या परोक्ष रूप से परिसंपत्ति या देयता के लिए प्रेक्षणीय है (यानी कीमतों से व्युत्पन्न)।

स्तर 3 - ऐसी परिसंपत्तियों या देयताओं की निविष्टियाँ जो प्रेक्षणीय बाज़ार आंकड़ों पर आधारित नहीं हैं (अप्रेक्षणीय निविष्टियां)।

उचित मूल्य प्रकटीकरण के प्रयोजनार्थ, कंपनी ने प्रकृति, विशेषताओं और परिसंपत्तियों या देयताओं के जोखिमों और उचित मूल्य पदानुक्रम के स्तर के आधार पर परिसंपत्तियों और देयताओं के वर्गों का निर्धारण किया है।

26. वित्तीय परिसंपत्तियां

(i) प्रारंभिक निर्धारण और मापन

सभी वित्तीय परिसंपत्तियां शुरू में उचित मूल्य पर निर्धारित की जाती हैं। यदि वित्तीय परिसंपत्तियों को लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर दर्ज नहीं किया जाता है, तो लेनदेन की लागत वित्तीय परिसंपत्ति के अधिग्रहण के कारण होती है जिसे परिसंपत्ति की लागत में शामिल किया जाता है।

(ii) अनुवर्ती मापन

अनुवर्ती माप के प्रयोजनार्थ, वित्तीय परिसंपत्तियों को चार श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है-

- परिशोधित लागत पर मापे गए ऋण विलेख,
- अन्य व्यापक आय (एफवीटीओसीआई) के माध्यम से उचित मूल्य पर मापे गए ऋण विलेख,
- लाभ या हानि (एफवीटीपीएल) के माध्यम से उचित मूल्य पर मापे गए ऋण विलेख, व्युत्पन्नी और इक्विटी विलेख,
- अन्य व्यापक आय (एफवीटीओसीआई) के माध्यम से उचित मूल्य पर मापे गए इक्विटी विलेख।

(iii) विनिर्धारण

किसी वित्तीय परिसंपत्ति या उसका हिस्से को तब विनिर्धारित किया जाता है जब परिसंपत्ति से नकदी प्राप्त करने के अधिकार की समय सीमा समाप्त हो जाती है।

(iv) व्यापार और अन्य लेनदारियां

लेनदारियों को प्रारम्भ में उचित मूल्य पर निर्धारित किया जाता है, जो ज्यादातर मामलों में मामूली मूल्य के लगभग होता है। यदि ऐसा कोई अनुवर्ती संकेत हो कि उन परिसंपत्तियों का ह्रास हो सकता है, तो हानि के लिए उनकी समीक्षा की जाती हैं।

27. वायदा संविदाएं

कंपनी अपने विदेशी मुद्रा जोखिमों का बचाव करने के लिए वायदा मुद्रा संविदा जैसे व्युत्पन्नी वित्तीय विलेखों का उपयोग करती है। ऐसे व्युत्पन्न वित्तीय विलेखों को प्रारंभ में उस तारीख को उचित मूल्य पर निर्धारित किया जाता है जिस पर व्युत्पन्नी संविदा की जाती है और बाद में उचित मूल्य पर फिर से मापा जाता है। व्युत्पन्नी को वित्तीय संपत्ति के रूप में लिया जाता है जब उचित मूल्य धनात्मक होता है और वित्तीय देयताओं के रूप में उचित मूल्य ऋणात्मक होता है ।

28. अंतर्निहित व्युत्पन्नी

आवश्यकता पड़ने पर अंतर्निहित व्युत्पन्नी को समूह संविदा से अलग किया जाता है और उचित मूल्य पर मापा जाता है।

29. नकद और नकद समतुल्य

नकद में हस्तस्थ नकद और मांग जमा शामिल हैं। नकद समतुल्य तीन महीने या उससे कम की मूल परिपक्वता के अत्यधिक अल्पकालिक चलनिधि निवेश होते हैं जो नकदी की ज्ञात राशि में आसानी से परिवर्तनीय होते हैं और जो मूल्य में परिवर्तन के मामूली जोखिम के अधीन होता है।

बैंक ओवरड्राफ्ट, यदि कोई हो, को तुलन-पत्र में चालू देयताओं के तहत उधार के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

30. वित्तीय परिसंपत्तियों का ह्रास

भारतीय ए.एस. 109 के अनुसार, कंपनी ऋण जोखिम वाली वित्तीय परिसंपत्तियों के ह्रास के मापन एवं निर्धारण के लिए प्रत्याशित क्रेडिट हानि (ईसीएल) पद्धति का उपयोग करती है।

क. सरकार / सरकारी विभागों / सरकारी कंपनियों से कालातीत बकाया राशि को आम तौर पर ऐसी वित्तीय परिसंपत्तियों के क्रेडिट जोखिम में वृद्धि नहीं माना जाता है।

ख. यदि देय कानूनी कार्यवाही में विवादित होते हैं तो वहां प्रावधान किया जाता है अगर कोई निर्णय कंपनी के खिलाफ दिया जाता है, भले ही इसके लिए उच्चतर प्राधिकारियों / न्यायालयों में अपील की गई हो।

ग. समय की महत्वपूर्ण अवधि के बकाया देय की समीक्षा की जाती है और मामला-दर-मामला आधार पर प्रावधान किया जाता है।

हानि भत्ता (या व्युत्क्रमण) को लाभ व हानि के विवरण में व्यय / आय के रूप में निर्धारित किया जाता है ।

31. वित्तीय देयताएं

(i) प्रारंभिक निर्धारण और मापन

वित्तीय देयताओं को ऋण, उधार, प्रदेय या व्युत्पन्नी, के रूप में लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य में, जैसा उपयुक्त हो, पर वर्गीकृत किया जाता है ।

ऋण, उधार और प्रदेय को लेनदेनों की ऐसी निवल लागत उन पर दर्शाया जाता है जो प्रत्यक्ष रूप से उनके कारण सृजित होते हैं।

(ii) अनुवर्ती मापन

वित्तीय देयताओं का मापन नीचे बताए गए अनुसार उनके वर्गीकरण पर निर्भर करता है-

लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय देयताएं-

लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय देयताओं में लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य में प्रारंभिक निर्धारण पर दी गई वित्तीय देयताएं शामिल हैं। इस श्रेणी में कंपनी द्वारा तैयार किए गए ऐसे व्युत्पन्नी वित्तीय विलेख भी शामिल हैं, जिन्हें भारतीय ए.एस. 109 में परिभाषित बचाव संबंधों में बचाव विलेख के रूप में निर्दिष्ट नहीं किया गया है। विलगित अंतर्निहित व्युत्पन्नों को भी व्यापार के लिए धारित के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, जब तक कि उन्हें प्रभावी बचाव विलेख नहीं कहा जाता है। व्यापार के लिए धारित देयताओं पर लाभ या हानि को लाभ व हानि के विवरण में निर्धारित किया जाता है ।.

(iii) ऋण और उधार

प्रारंभिक निर्धारण के बाद, ब्याजयुक्त ऋणों और उधार को कबाद में प्रभावी ब्याज दर पद्धति (ईआईआर) का उपयोग करते हुए परिशोधित लागत पर मापा जाता है। लाभ और हानि को लाभ या हानि के रूप में तब निर्धारित किया जाता है जब देयताओं को ईआईआर परिशोधन प्रक्रिया के साथ-साथ विनिर्धारित किया जाता है ।

वित्तीय देयता को तब विनिर्धारित किया जाता है जब देयता के तहत दायित्व का निर्वहन किया जाता है या उसे रद्द या समाप्त किया जाता है।

(iv) व्यापार और अन्य देय

देयताओं का निर्धारण प्राप्त माल या सेवाओं के लि भविष्य में अदा की गई राशि के लिए किया जाता है चाहे वे आपूर्तिकर्ता द्वारा बिल किए गए हों या न हों।

32. वित्तीय विलेखों का पुन: वर्गीकरण

कंपनी प्रारंभिक निर्धारण पर वित्तीय परिसंपत्तियों और देनदारियों का वर्गीकरण निर्धारित करती है। प्रारंभिक निर्धारण के बाद, वित्तीय परिसंपत्तियों के लिए कोई पुनर्वितरण नहीं किया जाता है जो इक्विटी उपकरण और वित्तीय देनदारियां हैं। वित्तीय साधनों के लिए जो ऋण के साधन हैं, एक पुनर्वर्गीकरण केवल तभी किया जाता है जब उन परिसंपत्तियों के प्रबंधन के लिए व्यापार मॉडल में बदलाव होता है। यदि कंपनी वित्तीय परिसंपत्तियों का पुनर्वर्गीकरण करती है, ऐसा पुनर्वर्गीकरण भविष्यलक्षी रूप से किया जाता है।

33. वित्तीय विलेखों का समंजन

वित्तीय परिसंपत्तियों और वित्तीय देयताओं का समंजन किया जाता है और निवल राशि की रिपोर्ट तुलन-पत्र में की जाती है यदि वर्तमान में निर्धारित राशियों को समंजित करने का कानूनी अधिकार प्रवर्तनीय हो और परिसंपत्तियों को वसूल करने और देयताओं को एक साथ निपटाने के लिए, निवल आधार पर निपटाने का आशय हो।

34. इक्विटी धारकों को नकद लाभांश और गैर-नकद वितरण

कंपनी इक्विटी धारकों को नकद या गैर नकद वितरण करने के लिए देयता निर्धारित करती है जब ऐसा वितरण अधिकृत हो और कंपनी के विवेकाधिकार में न हो।

35. त्रुटियां और अनुमान

यदि भारतीय ए.एस. में परिवर्तन के कारण या यदि परिवर्तन करने से वित्तीय विवरणओं के उपयोगकर्ताओं को अधिक संगत और विश्वसनीय सूचना मिलती है, तो कंपनी अपनी लेखांकन नीतियों का संशोधन करती है। लेखा नीतियों में परिवर्तन पूर्वव्यापी रूप से किए जाते हैं जब तक कि ऐसा करना अव्यवहार्य न हो ।

लेखा अनुमान में बदलाव, जिसके परिणामस्वरूप निर्धारित परिसंपत्तियों या देयताएं की मात्रा में परिवर्तन या लाभ और हानि का ब्यौरा परिवर्तन की अवधि (ओं) में भविष्यलक्षी रूप से लागू किया जाता है।

महत्वपूर्ण त्रुटियों की खोज पूर्वावधि, जिसमें ऐसी त्रुटि ज्ञात हुई की परिसंपत्तियो, देयताओं और इक्विटी की तुलनात्मक राशियों को दोबारा दर्शते हुए पूर्व प्रभावी रूप से पुनरीक्षण में परिणामित होती हैं । पूर्व की अवधि के प्रारंभिक शेषों को भी दोबारा बताया जाता है ।

36. प्रति शेयर अर्जन

कंपनी अपने साधारण शेयरों के लिए मूल एवं परिवर्तन प्रति शेयर अर्जन डेटा दर्शाती है। प्रति शेयर मूल आय की गणना कंपनी के साधारण इक्विटी धारकों के लिए लाभ या हानि को विभाजित कर सामान्य शेयरधारकों की भारित औसत संख्या द्वारा, उस समय के दौरान बकाया साधारण शेयरों से की जाती है, जो अपने शेयरों के लिए समायोजित होते हैं। परिवर्तित प्रति शेयर अर्जत कमाई सामान्य इक्विटी धारकों के लिए मुनाफे या हानि का समायोजन करते हुए और बकाया साधारण शेयरों की भारित औसत संख्या, सभी शेयरों के लिए समायोजित, सभी परिवर्तित संभावित साधारण शेयरों के प्रभावों के लिए निर्धारित करते हुए निर्धारित की जाती है।

37. रिपोर्टिंग अवधि के बाद की घटनाएं

समायोजनीय घटनाएं ऐसी घटनाएं होती हैं जो रिपोर्टिंग अवधि के अंत में मौजूद परिस्थितियों का अतिरिक्त साक्ष्य प्रदान करती हैं । ऐसी घटनाओं के लिए वित्तीय विवरणों को जारी करने के प्राधिकरण से पहले समायोजित किया जाता है।

गैर-समायोजन घटनाएं ऐसी घटनाएं हैं जो रिपोर्टिंग अवधि के अंत तक उत्पन्न होने वाली स्थिति की संकेतक हैं। रिपोर्टिंग की तारीख के बाद गैर-समायोजन घटनाओं को हिसाब में नहीं लिया गया है, परंतु उन्हें प्रकट किया गया है।

हमारी संलग्न समान दिनांक की रिपोर्ट के अनुसार।

कृते गुरु एंड जना
सनदी लेखाकार
फर्म पंजी. सं.006826एस

अनंत प्रसाद वी आर
साझेदार
सदस्यता सं. 218145

वाराणसी
23 मई 2022

आनंदी रामलिंगम
अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक
(अतिरिक्त प्रभार)

दिनेश कुमार बत्रा
निदेशक (वित्त) एवं सीएफओ

एस श्रीनिवास
कंपनी सचिव

स्वतंत्र लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन

सेवा में, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के सदस्यों के लिए

समेकित वित्तीय विवरणों की लेखा-परीक्षा पर रिपोर्ट

अभिमत

हमने भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ("धारक कंपनी") और उसकी सहायक कंपनियों (धारक कंपनी और उसकी सहायक कंपनियों को मिलकर "समूह" कहा गया है) और उसकी संबद्ध कंपनियों के संलग्न समेकित वित्तीय विवरणों का लेखा-परीक्षा किया है, जिसमें 31 मार्च, 2022 तक का समेकित तुलन पत्र, लाभ और हानि का समेकित विवरण (अन्य व्यापक आय सहित), इक्विटी में परिवर्तन का समेकित विवरण और समाप्त वर्ष के लिए नकदी प्राप्ति का समेकित विवरण और समेकित वित्तीय विवरणों की टिप्पणियां, जिसमें महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों और अन्य व्याख्यात्मक जानकारी (जिन्हें यहाँ इसके बाद "समेकित वित्तीय विवरण" कहा गया है) का सारांश शामिल है ।

हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, भारत में आमतौर पर स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप उपरोक्त समेकित वित्तीय विवरण कंपनी अधिनियम, 2013 ("एक्ट") द्वारा आवश्यक जानकारी अपेक्षित ढंग से प्रदान करते हैं तथा सच्ची और निष्पक्ष जानकारी प्रदान करते हैं-

क) समेकित तुलन-पत्र के मामले में, 31 मार्च 2022 को ग्रुप और उसके संबंद्ध कंपनी के कार्यकलाप;

ख) लाभ व हानि के समेकित विवरण के मामले में, उस तारीख को समाप्त वर्ष के लाभ और कुल व्यापक आय;

ग) इक्विटी में परिवर्तन के समेकित विवरण के मामले में, उस तारीख को समाप्त वर्ष की इक्विटी में परिवर्तन तथा

घ) नकदी प्राप्ति समेकित विवरण के मामले में, उस तारीख को समाप्त वर्ष की नकदी प्राप्ति।

अभिमत का आधार

हमने अधिनियम की धारा 143 (10) के तहत निर्दिष्ट लेखा मानकों (" एस.ए.") के अनुसार अपनी समेकित वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा की है। उन मानकों के तहत हमारी जिम्मेदारियों को हमारी रिपोर्ट के समेकित वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा के लिए लेखा परीक्षकों की जिम्मेदारियों खंड में अतिरिक्त रूप से बतया गया है। हम नैतिक अपेक्षाएँ जो अधिनियम और उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों के तहत समेकित वित्तीय विवरणों के साथ-साथ भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान ("आईसीएआई") द्वारा जारी नैतिक आचार संहिता के अनुसार ग्रूप और उसके संबद्ध कंपनी से स्वतंत्र हैं, और हमने इन अपेक्षाओं तथा आईसीएआई की आचार संहिता के अनुसार अपनी अन्य नैतिक जिम्मेदारियों को पूरा किया है।

हमारा विश्वास है कि समेकित वित्तीय विवरणों पर हमने जो लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त किए हैं, वे हमारे अभिमत का आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हैं।

लेखा परीक्षा के प्रमुख मामले

लेखा परीक्षा के प्रमुख मामले वे हैं जो हमारे पेशेवर निर्णय में, वर्तमान अवधि के समेकित वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा परीक्षा में सबसे अधिक महत्वपूर्ण थे । समेकित वित्तीय विवरणों की हमारे लेखा परीक्षा के संदर्भ में इन मामलों पर संपूर्ण रूप से विचार किया गया और उन पर हमारी राय निर्धारित करने में, हम इन मामलों पर एक अलग राय प्रदान नहीं करते हैं। हमने अपनी रिपोर्ट में सूचित किए जाने वाले लेखा-परीक्षा के प्रमुख मामलों के रूप में नीचे वर्णित मामलों का निर्धारण किया है।

क्रम. सं.	लेखा परीक्षा के प्रमुख मामले	लेखा परीक्षक के उत्तर
1	भारतीय लेखा मानक 115 - ग्राहकों की संविदा से राजस्व के प्रति राजस्व तथा संबंधित शेषों का अभिचिह्नन, मापन, प्रस्तुति और प्रकटण की सटीकता । इस मानक के अनुप्रयोग में सुस्पष्ट कार्य-निष्पादन देयताओं की पहचान, प्रत्येक अभिचिह्नित कार्य-निष्पादन देयता के लिए लेनदेन कीमत का निर्धारण, समय के दौरान या किसी निश्चित समय ऐसी कार्य-निष्पादन देयताओं को पूरा करना सुनिश्चित करने के लिए प्रयुक्त निर्णयों का आंकलन शामिल है। इसके अतिरिक्त, इस मानक के अनुप्रयोग में संविदा को प्राप्त करने या उसे पूरा करने में उपगत लागत की राशि को अभिचिह्नित करने में प्रयुक्त निर्णय और वे अवधियाँ भी शामिल होती हैं जिनमें रिपोर्टिंग की तारीख के बाद कार्य-निष्पादन की देयताएँ पूरी की जाती हैं। ठेकों से धारित कंपनी के राजस्व में मुख्यत: रक्षा इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और प्रणालियों की आपूर्ति शामिल है। (समेकित वित्तीय विवरणों की टिप्पणी संख्या 23 देखें और लेखा नीतियों का क्र. सं. 5 देखें)	**लेखा परीक्षा की प्रमुख प्रक्रियाएँ** हमारी लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं में आंतरिक नियंत्रणों तथा इस मानक के अनुप्रयोग के संबंध में उनकी प्रचालनीय प्रभावशीलता की पहचान शामिल है। हमने ऐसे लेनदेनों की सारभूत जाँच भी की है। क) हमने लागू भारतीय लेखा मानकों से तुलना करते हुए राजस्व निर्धारण नीतियों की उपयुक्तता का आकलन किया है। ख) चालू संविदाओं और नए संविदाओं के नमूने का चयन किया और कार्य-निष्पादन देयताओं की पहचान की और उसकी तुलना घारित कंपनी द्वारा अभिचिह्नित कार्य-निष्पादन देयता के साथ की। ग) संविदा में विशिष्ट रूप से उल्लेख न किए जाने पर अभिचिह्नित कार्य-निष्पादन देयता हेतु लेनदेन कीमत के आबंटन के आधार का सत्यापन किया। घ) कार्य-निष्पादन देयता पूरी करना निर्धारित करने के आधार की पहचान की गई और उसकी तुलना धारित कंपनी द्वारा समय के दौरान या किसी निश्चित समय पर कार्य-निष्पादन देयता पूरी करना निर्धारित करने में प्रयुक्त निर्णयों के साथ की गई । ङ) वचनबद्ध माल या सेवाओं के लिए कार्य-निष्पादन देयता पूरी करना निर्धारित करने हेतु विचार किए गए उचित साक्ष्यों का सत्यापन किया गया। च) ऐसी संविदाओं के संबंध में जहाँ कार्य-निष्पादन देयता पूरा करना समय पर निर्भर है, हमने राजस्व को अभिचिह्नित करने क लिए धारित कंपनी द्वारा अभिचिह्नित विधि का सत्यापन किया और यह सुनिश्चित किया कि ऐसी विधियाँ कार्य-निष्पादन देयता की प्रकृति पर विचार करते हुए उपयुक्त हैं। छ) ऐसी लागतों की पहचान करने के लिए धारित कंपनी द्वारा प्रयुक्त निर्णयों का सत्यापन किया जो संविदा को प्राप्त करने या पूरा करने में उपगत हुईं और जिस अवधि में ऐसी लागतों को परिशोधित किया जाएगा। ज) शेष कार्य-निष्पादन देयताओं को पूरा करने के लिए कंपनी के पास उपलब्ध योजना की समीक्षा की जिन्हें ऐसी अवधियों से संबंधित प्रकटण तैयार करने हेतु ग्राहक के आदेश में निर्धारित सुपुर्दगी शर्तों के आधार पर अभिचिह्नित किया गया जिनमें शेष पूरी न की गई या आंशिक रूप से पूरी की गई कार्य-निष्पादन देयताएँ रिपोर्टिंग तिथि के बाद पूरी की जानी हैं। झ) बिल और होल्ड व्यवस्थाओं के मामले में शर्त रहित विनियोजन के तहत कार्य-निष्पादन देयता की पहचान करने के लिए कंपनी द्वारा प्रयुक्त निर्णयों का सत्यापन किया।

क्रम. सं.	लेखा परीक्षा के प्रमुख मामले	लेखा परीक्षक के उत्तर
2	दुर्वह संविदाओं के संबंध में महत्वपूर्ण अनुमान- ऐसी संविदाएँ जो दुर्वह बन गई हैं, के संबंध में कार्य-निष्पादन देयताएँ पूरी करने हेतु अपरिहार्य लागतों का प्राक्कलन करना महत्वपूर्ण है। कार्य-निष्पादन देयताओं को पूरा करने के लिए अपरिहार्य लागत जो लेखा प्राक्कलन है, प्राक्कलन की अनिश्चितता के अधीन है। (समेकित वित्तीय विवरणों की टिप्पणी संख्या 21 और लेखा नीतियों का क्र.सं. 22 देखें)	**लेखा परीक्षा की प्रमुख प्रक्रिया** हमने दुर्वह संविदाओं तथा ऐसी संविदाओं को पूरा करने की लागत की पहचान करने के लिए उपलब्ध आंतरिक नियंत्रणों के संबंध में धारित कंपनी के प्रबंधन से पूछताछ की है । क) चालू तथा नए ठेकों के नमूनों का चयन किया और किसी विशेष ठेके की लागत निर्धारित करने के लिए विद्यमान नियंत्रण और उसमें पूरी न की गई / आंशिक रूप से पूरी की गई कार्य-निष्पादन देयताओं को पूरा करने की लागत के प्राक्कलन की प्रभावशीलता की जांच की। ख) नियंत्रणों और दुर्वह संविदाओं के लिए अपरिहार्य लागतों के प्राक्कलन निर्धारित करने की समुचित प्रक्रियाओं की जाँच की। ग) कार्य-निष्पादन देयताओं को पूरा करने और उसमें आई लागत को पूरा करने के लिए जारी क्रय / सेवा आदेशों का सत्यापन किया। घ) संबंधित संविदाओं पर उपगत लागतों की पहचान करने के लिए आंतरिक नियंत्रणों का सत्यापन किया और यह सुनिश्चित किया गया कि संविदा की संबंधित लागत ही दर्ज की जाती है। ङ) जुर्माने, संविदा में संशोधनों के संबंध में शेष कार्य-निष्पादन देयताओं के प्रति संविदा कीमत में संभावित कटौतियों का सत्यापन
3	समय के दौरान कार्य-निष्पादन देयता को पूरा करने की अनुमानित लागत के संबंध में महत्वपूर्ण प्राक्कलन किए गए । इस प्राक्कलन में कार्य-निष्पादन देयताओं को पूरा करने की लागत का अनुमान लगाने की निश्चितता की अंतर्निहित सीमा है। (समेकित वित्तीय विवरणों की टिप्पणी संख्या 23 और लेखा नीतियों का क्र.सं. 5 देखें)	**लेखा परीक्षा की प्रमुख प्रक्रिया -** हमने ऐसी संविदाओं की पहचान करने के लिए उपलब्ध आंतरिक नियंत्रणों के संबंध में धारित कंपनी के प्रबंधन से पूछताछ की है जहाँ समय के दौरान कार्य-निष्पादन देयता पूरी की गई हैं- क) चालू तथा नए ठेकों के नमूनों का चयन किया और किसी विशेष ठेके की लागत निर्धारित करने के लिए विद्यमान नियंत्रण और उसमें पूरी न की गई / आंशिक रूप से पूरी की गई कार्य-निष्पादन देयताओं को पूरा करने की लागत के प्राक्कलन की प्रभावशीलता की जांच की। ख) नियंत्रणों और संविदा को पूरा करने के लिए किए गए प्राक्कलन निर्धारित करने की समुचित प्रक्रियाओं की जाँच की। ग) कार्य-निष्पादन देयताओं को पूरा करने और उसमें आई लागत को पूरा करने के लिए जारी क्रय / सेवा आदेशों का सत्यापन किया। घ) संबंधित संविदाओं पर उपगत लागतों की पहचान करने के लिए आंतरिक नियंत्रणों का सत्यापन किया और यह सुनिश्चित किया गया कि संविदा की संबंधित लागत ही दर्ज की जाती है। ङ) जुर्माना, ठेका संशोधनों के संबंध में शेष कार्य-निष्पादन देयताओं के ठेका मूल्य में संभावित कटौतियों का सत्यापन किया। च) कंपनी के प्रबंधन के साथ चर्चा की और इस बात का विश्लेषण किया कि प्राक्कलित लागत ऐसे कार्यों के लिए है जो कार्य-निष्पादन देयता को पूरा करने के लिए लंबित है।

समेकित वित्तीय विवरण और उन पर लेखा परीक्षक की रिपोर्ट के अलावा अन्य जानकारी

धारित कंपनी का निदेशक मंडल अन्य सूचनाओं की तैयारी के लिए जिम्मेदार है। अन्य सूचना में बोर्ड की रिपोर्ट शामिल है जिसमें इसके अनुलग्नक, कॉर्पोरेट गवर्नेंस और शेयरधारकों की सूचना शामिल है, लेकिन इसमें समेकित वित्तीय विवरण और उन पर हमारे लेखा परीक्षक की रिपोर्ट शामिल नहीं है।

समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी राय में अन्य जानकारी शामिल नहीं है और हम उन पर किसी भी प्रकार का आश्वासन निष्कर्ष व्यक्त नहीं करते हैं।

समेकित वित्तीय विवरणों की हमारे लेखा परीक्षा के संबंध में, हमारी जिम्मेदारी अन्य जानकारी को पढ़ना और ऐसा करते समय यह विचार करना है कि क्या अन्य जानकारी वास्तविक रूप से समेकित वित्तीय विवरणों के असंगत है या हमारी लेखा परीक्षा के दौरान प्राप्त हमारा ज्ञान या अन्यथा वास्तविक रूप से गलत बताया गया है या नहीं।

यदि हमारे द्वारा किए गए कार्य के आधार पर, हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि ऐसी अन्य जानकारी में वास्तविक रूप से गलत कथन दिए गए हैं तो हमें ऐसे तथ्य की रिपोर्ट करनी होगी। इस संबंध में हम कोई रिपोर्ट नहीं करते हैं ।

समेकित वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन और गवर्नेंस का कार्य सौंपे गए लोगों का उत्तरदायित्व

समेकित वित्तीय विवरण जो अधिनियम की धारा 133 के तहत निर्दिष्ट लेखा मानकों सहित, भारत में सामान्य रूप से स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुसार ग्रूप और उसके संबद्ध की समेकित वित्तीय स्थिति, समेकित वित्तीय कार्य-निष्पादन, समेकित कुल व्यापक आय, समेकित इक्विटी में परिवर्तन तथा समेकित नकदी प्राप्तियों की सच्ची और सही स्थिति प्रदान करते हैं, तैयार करने के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(5) में बताए गए मामलों के लिए धारक कंपनी का निदेशक मंडल उत्तरदायी है । ग्रूप और उसकी संबद्ध कंपनियों में शामिल कंपनियों के संबंधित निदेशक मंडल ग्रूप और उसकी संबद्ध कंपनियों की परिसंपत्तियों को सुरक्षित रखने और धोखाधड़ी तथा अन्य अनियमितताओं से रोकथाम करने और उनका पता लगाने; उचित लेखा नीतियों का चयन और लागू करने; उचित और दूरदर्शी निर्णय लेने और अनुमान लगाने; और समुचित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण तैयार करने, लागू करने और बनाए रखने जो समेकित वित्तीय विवरण, जो सच्ची और सही स्थिति दर्शाते हैं और महत्वपूर्ण मिथ्याकथनों से मुक्त हैं, चाहे कपट या त्रुटि से क्यों न हों, जिसका उपयोग यथा उपरोक्त धारक कंपनी के निदेशकों द्वारा समेकित वित्तीय विवरणों के प्रयोजन के लिए किया गया, को तैयार करने और प्रस्तुत करने से संबंधित, लेखा अभिलेखों की सटीकता और संपूर्णता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रूप से प्रचालित हो रहे थे, के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार समुचित लेखा अभिलेख रखने के लिए उत्तरदायी हैं।

समेकित वित्तीय विवरण तैयार करने में, ग्रूप और उसकी संबद्ध कंपनियों में शामिल कंपनियों के संबंधित निदेशक मंडल एक कार्यशील संस्था के रूप में जारी रहने में ग्रूप और उसके संस्थान की क्षमता का मूल्यांकन करने, कार्यशील संस्था से संबंधित मामलों, जो लागू हो, का प्रकटण करने और लेखांकन के कार्यशील संस्था आधार का उपयोग करने के लिए उत्तरदायी है जब तक कि प्रबंधन का आशय ग्रूप को परिसमाप्त करना न हो या कामकाज बंद करना न हो या ऐसा करने के अलावा कोई अन्य विकल्प न हो ।

ग्रूप और उसकी संबद्ध कंपनियों से संबंधित निदेशक मंडल ग्रूप और उसके संबद्ध की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया का पर्यवेक्षण करने के लिए भी उत्तरदायी है।

समेकित वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा के लिए लेखा परीक्षक की जिम्मेदारी

हमारा उद्देश्य इस संबंध में औचित्यपूर्ण आश्वासन प्राप्त करना है कि क्या ये समेकित वित्तीय विवरण पूर्णत: महत्वपूर्ण मिथ्याकथन से मुक्त हैं, चाहे वे कपट या त्रुटि के कारण हों, और अपने विचार के समर्थन में लेखा परीक्षक की रिपोर्ट जारी करना है । औचित्यपूर्ण आश्वासन उच्च स्तर का आश्वासन होता है परंतु यह इस बात की गारंटी नहीं है कि एस.ए. के अनुसार की गई लेखा परीक्षा विद्यमान होने पर हमेशा किसी महत्वपूर्ण मिथ्याकथन का पता लगाएगी। मिथ्याकथन कपट या त्रुटि से उत्पन्न हो सकते हैं और उन्हें वैयक्तिक रूप से या सकल रूप से महत्वपूर्ण माने जाने पर, वे इन समेकित वित्तीय विवरणों के आधार पर प्रयोक्ताओं द्वारा लिए गए आर्थिक निर्णयों को पर्याप्त रूप से प्रभावित कर सकते हैं।

एस.ए. के अनुसार लेखा परीक्षा के भाग के रूप में, हमने पेशेवर निर्णय लिया है और संपूर्ण लेखा परीक्षा के दौरान पेशेवर संशयवाद बनाए रखा है । हमने -

- कपट या त्रुटि, डिज़ाइन के कारण इन समेकित वित्तीय विवरणों के महत्वपूर्ण मिथ्याकथनों के जोखिमों की पहचान भी की है और उनका आंकलन भी किया है और ऐसे जोखिमों को कम करने वाली लेखा परीक्षा प्रक्रियाएँ पूरी की है और हमारे विचार का आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और समुचित लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त किया है। कपट के परिणामस्वरूप किसी महत्वपूर्ण मिथ्याकथन का पता न लगा पाने का जोखिम त्रुटि के परिणामस्वरूप होने वाले मिथ्याकथन से अधिक होता है क्योंकि कपटपूर्ण कार्य में मिली-भगत, धोखाधड़ी, जानबूझकर विलोपन, गलत-बयानी या आंतरिक नियंत्रण का उल्लंघन शामिल होता है।

- परिस्थितियों के लिए उचित लेखा परीक्षा प्रक्रियाएँ तैयार करने के उद्देश्य से लेखा परीक्षा के संगत आंतरिक वित्तीय नियंत्रण को भी समझा है। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(3)(ग) के तहत, हम इस पर भी अपने विचार व्यक्त करने के लिए उत्तरदायी हैं कि क्या ग्रूप और उसके संबद्ध में समेकित वित्तीय विवरणों के संदर्भ के साथ समुचित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली मौजूद है और क्या ऐसे नियंत्रण प्रभावी ढंग से कार्यान्वित किए जा रहे हैं।

- प्रबंधन द्वारा प्रयुक्त लेखा नीतियों की उपयुक्तता तथा लेखा प्राक्कलनों तथा संबंधित प्रकटणों की औचित्यता का भी मूल्यांकन किया है।

- लेखांकन के कार्यशील संस्था आधार के प्रबंधन के उपयोग की उपयुक्तता का भी निष्कर्ष निकाला है और लेखा परीक्षा से प्राप्त साक्ष्य के आधार पर, चाहे कार्यशील संस्था के रूप में जारी रहने की ग्रूप और उसके संबद्ध की क्षमता पर उल्लेखनीय संदेह पैदा करने वाली घटनाओं या परिस्थितियों से संबंधित कोई महत्वपूर्ण अनिश्चितता हो या न हो । यदि हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि महत्वपूर्ण निश्चितता है, तो हमें समेकित वित्तीय विवरणों में संबंधित प्रकटणों के लिए अपनी लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में ध्यान आकृष्ट करना होगा या यदि ऐसे प्रकटण समुचित नहीं हैं तो अपने विचार में संशोधन करना होगा। हमारे निष्कर्ष हमारे लेखा परीक्षक की

रिपोर्ट की तारीख तक प्राप्त लेखा परीक्षा साक्ष्य पर आधारित हैं। बहरहाल, भावी घटनाएँ या परिस्थितियाँ ग्रूप और उसके संबद्ध को कार्यशील संस्था के रूप में जारी रखना समाप्त कर सकती हैं।

- प्रकटण सहित समेकित वित्तीय विवरणों के समग्र प्रस्तुतीकरण, संरचना एवं सामग्री का मूल्यांकन भी किया है और इस बात का भी मूल्यांकन किया है कि क्या ये समेकित वित्तीय विवरण अंतर्निहित लेनदेनों और घटनाओं को उस तरह से दर्शाते हैं कि उनका उचित प्रस्तुतीकरण किया जा सके।

समेकित वित्तीय विवरणों में मिथ्याकथनों की मात्रा की महत्ता होती है जो वैयक्तिक रूप से या सकल रूप से इसकी संभावना बनाते हैं कि इन वित्तीय विवरणों का उचित ज्ञान रखने वाले प्रयोक्ता के आर्थिक निर्णय प्रभावित हो सकते हैं। हमने (i) अपनी लेखा परीक्षा के कार्यक्षेत्र की योजना बनाने और अपने कार्य के परिणामों का मूल्यांकन करने में; और (ii) समेकित वित्तीय विवरणों में किसी अभिचिह्नित मिथ्याकथन के प्रभाव का आंकलन करने में प्रमात्रात्मक महत्ता और गुणात्मक कारकों पर विचार किया है।

हमने अपनी लेखा परीक्षा के दौरान पाई गई आंतरिक नियंत्रण की किसी उल्लेखनीय कमी सहित, लेखा परीक्षा और उल्लेखनीय लेखा परीक्षा के उल्लेखनीय परिणामों के योजित कार्यक्षेत्र और समय के संबंध में, अन्य बातों के साथ-साथ, धारक कंपनी, ऐसे अन्य संस्थान, जो इन समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल है और जिनके लिए हम स्वतंत्र लेखा परीक्षक हैं, के ऐसे लोग जिन्हें गवर्नेंस का कार्य सौंपा गया है, से बातचीत की है ।

हमने गवर्नेंस का कार्य सौंपे गए लोगों को ऐसे विवरण भी प्रदान किए हैं कि हमने स्वतंत्रता संबंधी संगत नैतिक आवश्यकताओं का पालन किया है और उन्हें ऐसे सभी संबंधों तथा अन्य मामलों के बारे में बताया है जिन्हें हमारी स्वतंत्रता से उचित ढंग से संबद्ध माना जा सकता है और जहाँ लागू हो, संबंधित बचाव किए गए हैं।

गवर्नेंस का कार्य सौंपे गए लोगों को बताए गए मामलों में से, हमने ऐसे मामलों को लिया जो चालू अवधि के समेकित वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा में सर्वाधिक महत्वपूर्ण थे, इसलिए लेखा परीक्षा के प्रमुख मामले हैं। इन मामलों का वर्णन हमने अपनी लेखा परीक्षक रिपोर्ट में किया है जब तक कि ऐसे मामले का प्रकटण कानून या विनियम द्वारा प्रतिबंधित नहीं किया जाता है या जब अत्यंत दुर्लभ परिस्थितियों में, हम यह तय करते हैं कि मामले की सूचना हमारी रिपोर्ट में दी जानी चाहिए क्योंकि ऐसा करने के प्रतिकूल परिणाम ऐसी सूचना के लोक हित अनुलाभ से महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं।

अन्य मामले

1. हमने दो सहायक कंपनियों के वित्तीय विवरण की लेखा परीक्षा नहीं की है जिनके वित्तीय विवरण 31 मार्च, 2022 को रु. 45,877 लाख की कुल परिसंपत्तियाँ और उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए रु. 9,822 लाख के कुल राजस्व और रु. 3,457 की निवल नकदी प्राप्ति दर्शाते हैं जैसा कि इन समेकित वित्तीय विवरणों में विचार किया गया है । समेकित वित्तीय विवरण में, वर्ष 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए सहायक कंपनियों के शेयर का निवल लाभ (अन्य व्यापक आय सहित) रु. 1,048 लाख शामिल है, जिनके वित्तीय विवरणों का हमारे द्वारा लेखा परीक्षा नहीं किया गया है ।

   समेकित वित्तीय विवरण सहायक कंपनी जिसके वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा हमारे द्वारा नहीं की गई है, में ₹ 23,392 लाख की निवल परिसंपत्तियां और ₹ 4,570 लाख के निवल लाभ (अन्य व्यापक आय सहित) के समूह के हिस्से को दर्शाते हैं।

   इन वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा की गई है जिनके रिपोर्ट प्रबंधन द्वारा हमें प्रस्तुत किए गए हैं और समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारा विचार, जहाँ तक वे इन सहायक कंपनियों और संबद्ध कंपनी के संबंध में शामिल राशियों और प्रकटणों से संबंधित हैं, और अधिनियम की धारा 143 की उप-धारा (3) और (11) के अनुसार हमारी रिपोर्ट में, जहाँ तक उक्त सहायक कंपनी और संबद्ध कंपनी से संबंधित है, ऐसे अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर एकमात्र रूप से आधारित हैं।

   समेकित वित्तीय विवरण पर हमारा विचार और नीचे दी गई अन्य कानूनी और नियामक आवश्यकताओं पर हमारी रिपोर्ट, किए गए कार्य और अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट तथा प्रबंधन द्वारा प्रमाणित वित्तीय विवरणों के आधार पर उक्त मामले के संबंध में हमारा विचार संशोधित नहीं है ।

2. 31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए ग्रूप की तुलनात्मक वित्तीय सूचना जिसे भारतीय ए.एस. के अनुसार तैयार किया गया है और इन समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल किया गया है, की लेखा परीक्षा पूर्ववर्ती लेखा परीक्षक द्वारा किया गया है जिसमें अधिसूचना दिनांक 24 मार्च 2021 की अनुसूची ।।। के खंड ।। में दिए गए संशोधितों के संबंध में प्रस्तुती और प्रकटण संबंधी तुलनात्मक सूचना शामिल नहीं है। तुलनात्मक वित्तीय सूचना पर पूर्ववर्ती लेखा परीक्षक की रिपोर्ट दिनांक 17 अगस्त 2021 पर हमारा विचार संशोधित नहीं है।

   इन मामलों पर हमारा विचार संशोधित नहीं है।

अन्य विधिक एवं विनियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट

1. लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में शामिल करने हेतु अधिनियम की धारा 143(11) के परिप्रेक्ष्य में, केंद्र सरकार द्वारा जारी कंपनी (लेखा परीक्षक की रिपोर्ट) आदेश, 2020 ("आर्डर" / "सी.ए.आर.ओ.") के अनुच्छेद 3(xxi) और 4 में निर्दिष्ट मामलों के संबंध में, हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरणों के अनुसार तथा इस समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल धारक कंपनी और उसकी सहायक कंपनियों जिनके लिए सी.ए.आर.ओ. के तहत रिपोर्टिंग लागू होती है, के लिए जारी सी.ए.आर.ओ. रिपोर्ट के आधार पर, हम रिपोर्ट करते हैं कि इन सी.ए.आर.ओ. रिपोर्ट की कोई अर्हता नहीं है या इनमें कोई प्रतिकूल टिप्पणी नहीं की गई है।

2. अधिनियम की धारा 143 (3) में बताई गई आवश्यकता अनुसार, हमारी लेखा परीक्षा के अनुसार जहाँ तक लागू है, हम रिपोर्ट करते हैं कि-

   क) हमने ऐसी सभी सूचनाएँ और स्पष्टीकरणों की मांग की और प्राप्त किया जो जहाँ तक हमारी जानकारी और विश्वास है, उक्त समेकित वित्तीय विवरण की लेखा परीक्षा के प्रयोजनार्थ आवश्यक थे।

   ख) हमारे विचार से, उपरोक्त समेकित वित्तीय विवरणों को तैयार करने के संबंध में कानून द्वारा यथा आवश्यक, उचित लेखा बहियाँ रखी गई हैं जैसा कि अन्य लेखा परीक्षकों की खाता बहियों और रिपोर्ट के हमारे परीक्षण से प्रतीत होता है ।

   ग) इस रिपोर्ट में व्यवहरित समेकित तुलन पत्र, लाभ व हानि की समेकित विवरणी (अन्य व्यापक आय सहित), इक्विटी में परिवर्तन की समेकित विवरणी तथा नकदी प्राप्ति समेकित विवरणी समेकित वित्तीय विवरणी तैयार करने के प्रयोजनार्थ लेखा बहियों, से प्राप्त विवरणियों के अनुरूप हैं ।

   घ) हमारे विचार से, उक्त समेकित वित्तीय विवरण अधिनियम की धारा 133 जिसे कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 7 के साथ पढ़ा जाना है, में निर्दिष्ट भारतीय लेखा मानकों का पालन करते हैं।

   ङ) चूँकि धारित कंपनी और उनकी सहायक कंपनी सरकारी कंपनी है, निदेशकों की अनर्हता के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164(2) के प्रावधान लागू नहीं होते हैं।

   भारत में निगमित सहायक कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट के आधार पर, सहायक कंपनी के कोई भी निदेशक अधिनियम की धारा 164(2) के परिप्रेक्ष्य में निदेशक के पद पर नियुक्त होने के लिए यथा 31 मार्च 2022 को अयोग्य नहीं हैं।

   च) ग्रूप और उसकी संबंद्ध कंपनियों की समेकित वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की पर्याप्तता और ऐसे नियंत्रणों की प्रचालनीय प्रभावशीलता के संबंध में, **"अनुलग्नक-क"** में हमारी अलग रिपोर्ट देखें, जो धारक कंपनी और उसकी सहायक कंपनियों की लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट के आधार पर है।

   छ) कंपनी अधिनियम, 2013, यथा संशोधित, की धारा 197(16) की अपेक्षाओं के अनुसार लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले अन्य मामलों के संबंध में -

   चूँकि धारक कंपनी और उसकी सहायक कंपनी सरकारी कंपनी होने के कारण और उसके संबद्ध निजी कंपनी होने के कारण, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 197 जिसे अनुसूची ꠲ के साथ पढ़ा जाना है, द्वारा अनिवार्य बनाए गए अनुसार प्रबंधकीय पारिश्रमिक के भुगतान से संबंधित प्रावधान लागू नहीं होते हैं।

   ज) कंपनी (लेखा परीक्षा एवं लेखा परीक्षक) नियम, 2014, यथा संशोधित के नियम 11 के अनुसार लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले अन्य मामलों के संबंध में, हमारे विचार से तथा जहाँ तक हमारी जानकारी है और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार -

   i. समेकित वित्तीय विवरणों में ग्रूप और उसके संबद्ध के वित्तीय स्थिति पर लंबित मुकदमों के प्रभाव को प्रकट किया गया है - समेकित वित्तीय विवरणों की टिप्पणी 30(10) देखें।

   ii. ग्रूप और उसकी संबद्ध कंपनी ने दीर्घकालीन संविदाओं पर महत्वपूर्ण पूर्वानुमान योग्य हानि, यदि कोई हो, के लिए लागू कानून या लेखा मानकों के तहत यथा अपेक्षित प्रावधान किए हैं - समेकित वित्तीय विवरणों की टिप्पणी सं. 21 देखें । ग्रूप और उसके संबद्ध में कोई व्युत्पन्नी संविदा नहीं है ।

   iii. ग्रूप और उसकी संबद्ध कंपनी द्वारा निवेशक शिक्षा एवं संरक्षा निधि को अंतरित की जाने वाली राशि के अंतरण में कोई विलंब नहीं किया गया।

   iv. क) कंपनी और उसकी सहायक कंपनियां जो भारत में निगमित कंपनियां हैं और जिनके वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा अधिनियम के तहत की गई है, के संबंधित प्रबंधन ने हमें बताया है कि जहां तक उसकी जानकारी और विश्वास है, धारक कंपनी या उसकी किसी सहायक कंपनी द्वारा किसी अन्य व्यक्ति या संस्थान में या को, जिसमें विदेशी संस्था ("मध्यस्थ") भी शामिल है, लिखित में दर्ज या अन्यथा किसी आशय के साथ कोई निधि (जो वैयक्तिक रूप से सम्मिलित रूप से महत्वपूर्ण है) अग्रेषित नहीं की गई या ऋण या निवेश के लिए नहीं दी गई (उधार की निधियों या या शेयर प्रीमियम से या किसी अन्य स्रोत से या किसी प्रकार की निधि से) कि प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से धारक कंपनी या उसकी किसी सहायक कंपनी ("अंतिम हितलाभी") द्वारा या उसकी ओर से किसी भी प्रकार से अभिचिह्नित अन्य व्यक्तियों या संस्थानों में उधार या निवेश नहीं करेंगे या अंतिम हितलाभियों की ओर से कोई गारंटी, जमानत या इसी तरह की अन्य सुविधा प्रदान नहीं करेंगे;

ख) कंपनी और उसकी सहायक कंपनियां जो भारत में निगमित कंपनियां हैं और जिनके वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा अधिनियम के तहत की गई है, के संबंधित प्रबंधन ने हमें बताया है कि जहां तक उनकी जानकारी और विश्वास है, धारक कंपनी या उसकी किसी सहायक कंपनी द्वारा किसी अन्य व्यक्ति या संस्थान से, जिसमें विदेशी संस्था ("वित्तपोषण पक्ष'') भी शामिल है, लिखित में दर्ज या अन्यथा किसी आशय के साथ कोई निधि (जो वैयक्तिक रूप से सम्मिलित रूप से महत्वपूर्ण है) प्राप्त नहीं की गई कि धारक कंपनी या उसकी किसी सहायक कंपनी वित्तपोषण पक्ष ("अंतिम हितलाभी") द्वारा या उसकी ओर से किसी भी प्रकार से अभिचिह्नित अन्य व्यक्तियों या संस्थानों में उधार या निवेश नहीं करेंगे या अंतिम हितलाभियों की ओर से कोई गारंटी, जमानत या इसी तरह की अन्य सुविधा प्रदान नहीं करेंगे;

ग) धारक कंपनी और उसकी सहायक कंपनियां जो भारत में निगमित कंपनियां हैं और जिनके वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा अधिनियम के तहत की गई है, के संबंध में हमारे द्वारा निष्पादित परिस्थितियों में हमारे द्वारा उचित और उपयुक्त समझी गई लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं के आधार पर, हमारी जानकारी में ऐसी कोई बात नहीं आई है जिसके कारण हमें यह विश्वास करना पड़ा हो कि नियम 11 (ई) के उप-खंड (i) और (ii) के तहत, जैसा कि ऊपर (क) और (ख) में बताया गया है, किए गए अभ्यावेदन में कोई महत्वपूर्ण मिथ्याकथन हो।

v. समेकित वित्तीय विवरणों की टिप्पणी 30(16) में बताए गए अनुसार

क) पिछले वर्ष में प्रस्तावित अंतिम लाभांश जिसे ग्रूप द्वारा वर्ष के दौरान घोषित और अदा किया गया, अधिनियम की यथा लागू धारा 123 के अनुसार है।

ख) ग्रूप द्वारा वर्ष के दौरान तथा इस रिपोर्ट की तारीख तक घोषित और अदा किया गया अंतरिम लाभांश अधिनियम की धारा 123 के अनुसार है।.

ग) धारित कंपनी के निदेशक मंडल ने वर्ष के अंतिम लाभांश का प्रस्ताव किया है जो आगामी वार्षिक आम बैठक में सदस्यों के अनुमोदन के अधीन है। प्रस्तावित लाभांश की राशि अधिनियम की यथा लागू धारा 123 के अनुसार है।

कृते गुरु एंड जना
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं.- 006826S

अनंत प्रसाद बी आर
साझेदार
सदस्यता सं.- 218145
यूडीआईएन- 22218145AJLRXT6019

वाराणसी
23 मई 2022

स्वतंत्र लेखा परीक्षक की इसी दिनांक की रिपोर्ट का "अनुलग्नक-क"

(भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के सदस्यों को इसी दिनांक की हमारी रिपोर्ट के "अन्य विधिक तथा विनियामक आवश्यकतों पर रिपोर्ट" खंड के तहत अनुच्छेद 2 (एफ) में संदर्भित)

कंपनी अधिनियम, 2013 ("एक्ट") की धारा 143 की उप-धारा 3 के खंड (i) के तहत समेकित वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर रिपोर्ट

हमने 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के समेकित वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा परीक्षा के संबंध में, हमने उक्त तारीख को भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ("धारक कंपनी") और उसकी सहायक कंपनियां, जो भारत में निगमित कंपनियाँ हैं, के समेकित वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखा परीक्षा की है।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लिए प्रबंधन की जिम्मेदारी

धारक कंपनी और उसकी सहायक कंपनियां जो भारत में निगमित हैं, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान ("आई.सी.ए.आई.") द्वारा जारी मार्गदर्शी टिप्पणी में उल्लिखित आंतरिक नियंत्रणों के आवश्यक घटकों पर विचार करते हुए संबंधित कंपनियों द्वारा स्थापित समेकित वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक नियंत्रण के आधार पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण संस्थापित करने और उन्हें बनाए रखने के लिए जिम्मेदार है। इन जिम्मेदारियों में ऐसे समुचित आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का अभिकल्प, कार्यान्वयन और अनुरक्षण शामिल है जो कंपनी के कारोबार को उचित और प्रभावी ढंग से करना सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी ढंग से किए जा रहे थे जिनमें कंपनी की नीतियों का पालन, उसकी परिसंपत्तियों की सुरक्षा, धोखाधड़ी और त्रुटियों का निवारण और पता लगाना, लेखा अभिलेखों की सटीकता और संपूर्णता और कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत अपेक्षित, विश्वसनीय वित्तीय सूचना समय पर तैयार करना शामिल हैं ।

लेखा परीक्षक की जिम्मेदारी

हमारी जिम्मेदारी हमारी लेखा परीक्षा के आधार पर धारक कंपनी और उसकी सहायक कंपनियों के समेकित वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर विचार व्यक्त करना है। हमने अपनी लेखा परीक्षा वित्तीय रिपोर्टिंग ("मार्गदर्शी नोट") पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण और आईसीएआई द्वारा जारी तथा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(10) के तहत वर्णित लेखा परीक्षा के मानक के अनुसार किया है जो जहां तक समेकित वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखा परीक्षा पर लागू होते हैं। इन मानकों और मार्गदर्शी टिप्पणी में यह आवश्यक बनाया गया है कि हम नैतिक अपेक्षाओं का पालन करें और इस बात का औचित्यपूर्ण आश्वासन प्राप्त करने के लिए लेखा परीक्षा की योजना बनाएँ और निष्पादित करें कि वित्तीय रिपोर्टिंग पर समुचित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण संस्थापित किए गए हैं और रखे गए हैं और क्या ऐसे नियंत्रण सभी महत्वपूर्ण पहलुओं में प्रभावी ढंग से प्रचालित हैं या नहीं।

हमारी लेखा परीक्षा में समेकित वित्तीय विवरणों की रिपोर्टिंग और उनकी प्रचालनीय पर्याप्तता के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता के बारे में लेखा परीक्षा के साक्ष्य प्राप्त करने हेतु निष्पादनीय प्रक्रियाएं शामिल हैं। समेकित वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की हमारी लेखा परीक्षा में समेकित वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों को समझना, किसी महत्वपूर्ण कमजोरी होने के जोखिम का आकलन करना और आकलित जोखिम के आधार पर आंतरकि नियंत्रण की डिज़ाइन और प्रचालनीय दक्षता का परीक्षण और आकलन करना शामिल है। लेखा परीक्षक के निर्णय के अनुसार चयनित प्रक्रियाएं जिनमें वित्तीय विवरणियों के महत्वपूर्ण मिथ्याकथन की जोखिम का आंकलन, चाहे धोखाधड़ी से हो या त्रुटि से हो, शामिल हैं।

हमारा विश्वास है कि हमारे द्वारा प्राप्त लेखा परीक्षा के साक्ष्य तथा नीचे दिए गए 'अन्य मामलों' के संदर्भ में उनकी रिपोर्ट के अनुसार अन्य लेखा परीक्षक द्वारा प्राप्त लेखा परीक्षा के साक्ष्य, धारक कंपनी और उसकी सहायक कंपनियों के समेकित वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के बारे में अपनी लेखा परीक्षा का विचार प्रस्तुत करने के लिए पर्याप्त और समुचित है।

समेकित वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का अर्थ

समेकित वित्तीय विवरणों पर कंपनी का आंतरिक वित्तीय नियंत्रण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसे सामान्य रूप से स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुसार बाहरी प्रयोजनों के लिए वित्तीय विवरण की विश्वसनीयता के संबंध में उचित आश्वासन प्रदान करने के लिए अभिकल्पित है। समेकित वित्तीय विवरणों पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में ऐसी नीतियाँ और प्रक्रियाएँ शामिल हैं जो -

1) ऐसे अभिलेखों के रख-रखाव से संबंधित है जो औचित्यपूर्ण विवरण में, कंपनी की परिसंपत्तियों के लेनदेन और निपटान को सटीक और न्यायोचित ढंग से प्रतिबिंबित करते हैं;

2) इस बात का उचित आश्वासन प्रदान करते हैं कि लेनदेन सामान्य रूप से स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुसार वित्तीय विवरणों को तैयार करना अनुमत करने हेतु यथा आवश्यक दर्ज किए जाते हैं और यह कि कंपनी की प्राप्तियाँ और खर्च कंपनी के प्रबंधन और निदेशों के प्राधिकरणों के अनुसार ही किए जा रहे हैं; तथा

3) कंपनी की परिसंतियों के अनधिकृत अधिग्रहण, उपयोग या निपटान की रोकथाम या समय पर पता लगने के संबंध में उचित आश्वासन प्रदान करते हैं जो वित्तीय विवरणों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते थे।

समेकित वित्तीय विवरणों पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतर्निहित सीमाएँ

समेकित वित्तीय विवरणों पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतर्निहित सीमाओं के कारण, जिसमें नियंत्रणों के टकराव या अनुचित प्रबंधन की अवहेलना की संभावना शामिल है, त्रुटि या धोखाधड़ी के कारण महत्वपूर्ण मिथ्याकथन हो सकते हैं जिनका पता नहीं चल सकता है। इसके अलावा, भावी अवधियों के लिए समेकित वित्तीय विवरणों पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के विकसित होने का पूर्वानुमान ऐसे जोखिम के अधीन होता है कि समेकित वित्तीय विवरणों पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण परिस्थितियों में परिवर्तन के कारण अपर्याप्त हो सकता है या नीतियों या प्रक्रियाओं के अनुपालन का स्तर क्षीण हो सकता है।

विचार

हमारे विचार में, जहाँ तक हमारी जानकारी है और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, धारक कंपनी और उसकी सहायक कंपनियां जो भारत में निगमित कंपनियां हैं, में सभी महत्वपूर्ण पहलुओं से, समेकित वित्तीय विवरणों के संदर्भ में समुचित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली मौजूद है और समेकित वित्तीय विवरणों पर ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखा परीक्षा पर मार्गदर्शी टिप्पणी में उल्लिखित आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों पर विचार करते हुए संबंधित कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदंडों पर आंतरिक नियंत्रण के आधार पर 31 मार्च, 2022 को प्रभावी रूप से प्रचालित थे ।

अन्य मामले

समेकित वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और प्रचालनीय दक्षता के बारे में अधिनियम की धारा 143(3) (i) के तहत हमारी उपरोक्त रिपोर्ट, जहाँ तक वे दो सहायक कंपनियाँ तथा एक सहयोगी कंपनी, जो भारत में निगमित कंपनियाँ हैं, से संबंधित हैं, भारत में निगमित उक्त कंपनियों की लेखा परीक्षक की संबंधित रिपोर्टों पर आधारित हैं।

अधिनियम की धारा 143(10) के तहत यथा निर्दिष्ट, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखा परीक्षा के मानकों के अनुसार, हमने धारक कंपनी के समेकित वित्तीय विवरणों की भी लेखा परीक्षा की है जिनमें 31 मार्च 2022 को समाप्त समेकित तुलन पत्र और लाभ व हानि का समेकित विवरण, इक्विटी में परिवर्तनों का समेकित विवरण और उस अवधि को समाप्त वर्ष की नकदी प्राप्ति का समेकित विवरण और उल्लेखनीय लेखा नीतियों का सार तथा अन्य व्याख्यात्मक सूचना तथा उन पर अनर्ह विचार व्यक्त करने वाली हमारा इसी दिनांक की रिपोर्ट शामिल हैं।

कृते गुरु एंड जना
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं.- 006826S

अनंत प्रसाद बी आर
साझेदार
सदस्यता सं.- 218145
यूडीआईएन- 22218145AJLRXT6019

वाराणसी
23 मई 2022

लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

स्पीड पोस्ट द्वारा
गोपनीय

सं./No. नि./बी.ई.एल.Accs 21-22/2022-23/149

प्रधान निदेशक वाणिज्यिक लेखापरीक्षा एवं पदेन सदस्य
लेखापरीक्षा बोर्ड का कार्यालय, बेंगलूर – 560 001.
OFFICE OF THE PRINCIPAL DIRECTOR OF COMMERCIAL AUDIT and ex-Officio MEMBER, AUDIT BOARD, BENGALURU - 560 001.

दिनांक/ DATE. 25 जुलाई 2022

सेवा में,
श्रीमती आनंदी रामालिंगम,
अध्यक्ष, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड,
बेंगलुरु - 560 045.

महोदया,

विषयः कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 143(6)(b) के तहत भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियाँ।

मैं 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के मेसर्स भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, बेंगलुरु के लेखाओ पर कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 143(6)(b) के तहत भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का "शून्य टिप्पणी प्रमाण पत्र " अग्रेषित करता हूँ|

कृपया सुनिश्चित करे कि टिप्पणिया:

1. बिना कोई संशोधन किये पूर्ण रूप से छापी जाये|
2. सूचि में उचित संकेत के साथ कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट में सांविधिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट के आगे रखा जाये|
3. कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 143(6)(b) के तहत वार्षिक सामान्य बैठक में रखा जाये।

कृपया पत्र की पावती भेजें|

भवदीय,
(अरुण कुमार वी.एम.)
निदेशक (रिपोर्ट्स)

संलग्नः यथोपरि

भारतीय लेखापरीक्षा तथा लेखा विभाग
INDIAN AUDIT & ACCOUNTS DEPARTMENT
प्रथम तल, बसव भवन, श्री बसवेश्वर रोड, बेंगलूर – 560 001.
1st Floor, Basava Bhavan, Sri Basavesware Road, Bengaluru - 560 001.

दू.भा./Phone : 2226 7646 / 2226 1168
Email : mabbangalore@cag.gov.in

फैक्स /Fax : 080-2226 2491

COMMENTS OF THE COMPTROLLER AND AUDITOR GENERAL OF INDIA UNDER SECTION 143(6)(b) READ WITH SECTION 129(4) OF THE COMPANIES ACT, 2013 ON THE CONSOLIDATED FINANCIAL STATEMENTS OF BHARAT ELECTRONICS LIMTED, BENGALURU FOR THE YEAR ENDED 31 MARCH 2022

The preparation of consolidated financial statements of **Bharat Electronics Limited, Bengaluru** for the year ended 31 March 2022 in accordance with the financial reporting framework prescribed under the Companies Act, 2013 (Act) is the responsibility of the management of the company. The statutory auditors appointed by the Comptroller and Auditor General of India under section 139(5) read with section 129(4) of the Act are responsible for expressing opinion on the financial statements under section 143 read with section 129(4) of the Act based on independent audit in accordance with the standards on auditing prescribed under section 143(10) of the Act. This is stated to have been done by them vide their Audit Report dated 23 May 2022.

I, on behalf of the Comptroller and Auditor General of India, have conducted a supplementary audit of the consolidated financial statements of **Bharat Electronics Limited, Bengaluru** for the year ended 31 March 2022 under section 143(6) (a) read with section 129(4) of the Act. We conducted a supplementary audit of the financial statements of **Bharat Electronics Limted, Bengaluru, BEL Thales Systems Limited, Begaluru and BEL Optronic Devices Limited, Pune** for the year ended on that date. **Further, section 139(5) and 143(6)(a) of the Act are not applicable to GE BE Private Limited, Bengaluru being private entity for appointment of their Statutory Auditor and for conduct of supplementary audit. Accordingly, Comptroller and Auditor General of India has neither appointed the Statutory Auditor nor conducted the supplementary audit of this company.** This supplementary audit has been carried out independently without access to the working papers of the statutory auditors and is limited primarily to inquiries of the statutory auditors and company personnel and a selective examination of some of the accounting records.

On the basis of my supplementary audit, nothing significant has come to my knowledge which would give raise to any comment upon or supplement to the statutory auditors' report under section 143(6)(b) of the Act.

For and on behalf of the
Comptroller & Auditor General of India

25/7/22

(Santosh Kumar)
Principal Director of Commercial Audit

Place: Bengaluru
Date: 25 July 2022

समेकित तुलन-पत्र

(₹ लाख में)

विवरण	टिप्पणी सं.	यथा 31 मार्च 2022	यथा 31 मार्च 2021
परिसंपत्तियाँ			
(1) गैर-चालू परिसंपत्तियाँ			
(क) संपत्ति, संयंत्र और उपकरण	1	2,50,937	2,48,550
(ख) पूँजीगत चालू कार्य	2	44,593	39,747
(ग) निवेश संपत्ति	3	7	8
(घ) अन्य अमूर्त परिसंपत्तियाँ	4	16,582	16,656
(ङ) विकासाधीन अमूर्त परिसंपत्तियाँ	5	56,011	48,521
(च) संबंद्ध कंपनी में निवेश		23,292	18,989
(छ) वित्तीय परिसंपत्तियाँ			
(i) निवेश	6	1,33,910	1,11,605
(ii) व्यापार प्राप्य	7	-	-
(iii) ऋण	8	728	736
(iv) अन्य वित्तीय परिसंपत्तियाँ	9	2,417	2,871
(ज) आस्थगित कर परिसंपत्तियाँ (निवल)	10	62,094	46,346
(झ) वस्तुसूचियाँ	11	2,734	3,938
(ञ) अन्य गैर-चालू परिसंपत्तियाँ	12	68,382	39,669
		6,61,687	**5,77,636**
(2) चालू परिसंपत्तियाँ			
(क) वस्तुसूचियाँ	11	5,59,190	4,96,798
(ख) वित्तीय परिसंपत्तियाँ			
(i) व्यापार प्राप्य	7	6,10,809	6,56,199
(ii) नकद और नकद समतुल्य	13	1,30,086	3,04,290
(iii) बैंक शेष [उपर्युक्त (ii) के अलावा]	14	6,26,288	2,03,086
(iv) ऋण	8	148	152
(v) अन्य वित्तीय परिसंपत्तियाँ	9	10,254	6,066
(ग) चालू कर परिसंपत्तियाँ (निवल)	15	14,474	13,364
(घ) अन्य चालू परिसंपत्तियाँ	12	7,78,122	6,91,376
		27,29,371	**23,71,331**
कुल परिसंपत्तियाँ		**33,91,058**	**29,48,967**
इक्विटी और देयताएं			
इक्विटी			
(क) इक्विटी शेयर पूँजी	16	24,366	24,366
(ख) अन्य इक्विटी		12,04,227	10,81,592
कंपनी के स्वामियों के कारण सृजित कुल इक्विटी		**12,28,593**	**11,05,958**
नियंत्रणेतर ब्याज		1,634	1,499
कुल इक्विटी		**12,30,227**	**11,07,457**

समेकित तुलन-पत्र

(₹ लाख में)

विवरण	टिप्पणी सं.	यथा 31 मार्च 2022	यथा 31 मार्च 2021
देयताएं			
(1) गैर-चालू देयताएँ			
(क) आस्थगित आय	17	14,843	16,499
(ख) वित्तीय देयताएँ			
(i) उधार	18	-	-
(iक) पट्टा देयताएं		5,151	117
(ii) व्यापार प्रदेय	19		
- सूक्ष्म उद्यमों एवं लघु उद्यमों के कुल बकाया देय; और		-	-
- सूक्ष्म उद्यमों एवं लघु उद्यमों के अलावा लेनदारों को कुल बकाया देय		34	29
(iii) अन्य वित्तीय देयताएँ	20	2,022	671
(ग) प्रावधान	21	1,80,532	1,41,203
(घ) अस्थगित कर देयताएँ (निवल)	10	145	36
(ङ) अन्य गैर-चालू देयताएँ	22	-	-
		2,02,727	**1,58,555**
(2) चालू देयताएँ			
(क) आस्थगित आय	17	1,654	1,711
(ख) वित्तीय देयताएँ			
(i) उधार	18	-	-
(iक) पट्टा देयताएं		119	135
(ii) व्यापार प्रदेय	19		
- सूक्ष्म उद्यमों एवं लघु उद्यमों के कुल बकाया देय; और		24,844	15,343
- सूक्ष्म उद्यमों एवं लघु उद्यमों के अलावा लेनदारों को कुल बकाया देय		3,12,086	3,14,547
(iii) अन्य वित्तीय देयताएँ	20	96,043	95,895
(ग) अन्य चालू देयताएँ	22	14,80,907	12,20,296
(घ) प्रावधान	21	42,382	35,028
(ङ) चालू कर देयताएँ (निवल)	15	69	-
		19,58,104	**16,82,955**
कुल इक्विटी और देयताएं		**33,91,058**	**29,48,967**

उल्लेखनीय लेखा नीतियाँ एवं साथ में दी गई टिप्पणियाँ वित्तीय विवरणों का अभिन्न हिस्सा हैं।

हमारी संलग्न समान दिनांक की रिपोर्ट के अनुसार।

कृते गुरु एंड जना
सनदी लेखाकार
फर्म पंजी. सं. 006826एस

आनंदी रामलिंगम
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
(अतिरिक्त प्रभार)

दिनेश कुमार बत्रा
निदेशक (वित्त) एवं सीएफओ

अनंत प्रसाद बी आर
साझेदार
सदस्यता सं. - 218145

एस श्रीनिवास
कंपनी सचिव

वाराणसी
23 मई 2022

लाभ व हानि का समेकित विवरण

(₹ लाख में)

क्र. सं.	विवरण	टिप्पणी सं.	31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए	31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए
I	प्रचालनों से राजस्व	23	15,36,818	14,10,869
II	अन्य आय	24	23,154	12,496
III	**कुल आय (I + II)**		**15,59,972**	**14,23,365**
IV	**व्यय**			
	क खपत सामग्री की लागत		8,09,336	6,67,816
	ख भंडार और खपत पुर्जों की लागत		3,059	3,936
	ग व्यापारगत स्टॉक की खपत		1,05,349	1,23,321
	घ तैयार माल, चालू कार्य और रद्दी की वस्तुसूचियाँ में परिवर्तन	25	(28,028)	(12,469)
	ङ कर्मचारी अनुलाभ व्यय	26	2,12,801	1,95,589
	च वित्त लागत	27	505	637
	छ मूल्यहास एवं परिशोधन व्यय	28	40,113	38,732
	ज अन्य व्यय	29	1,00,213	1,11,625
	कुल व्यय (क से ज)		**12,43,348**	**11,29,187**
V	**असाधारण मदों, इक्विटी विधि के तहत परिकलित एसोसिएट के निवल लाभ के हिस्से और कर से पहले लाभ (III - IV)**		**3,16,624**	**2,94,178**
VI	**असाधारण मदें**		-	-
VII	**इक्विटी विधि के तहत परिकलित एसोसिएट के निवल लाभ के हिस्से और कर से पहले लाभ (V - VI)**		**3,16,624**	**2,94,178**
VIII	**कर व्यय**	10		
	- चालू कर		91,431	82,654
	- पूर्व के वर्षों का कर		6	(2,492)
	- आस्थगित कर		(10,259)	7,082
	कराधान का कुल प्रावधान		**81,178**	**87,244**
IX	**इक्विटी विधि के तहत परिकलित एसोसिएट के निवल लाभ के हिस्से और कर से पहले लाभ (VII - VIII)**		**2,35,446**	**2,06,934**
X	इक्विटी विधि के तहत परिकलित एसोसिएट के निवल लाभ का हिस्से		4,576	3,042
XI	**वर्ष का लाभ (IX+X)**		**2,40,022**	**2,09,976**
XII	**अन्य व्यापक आय/(हानि)**			
	ऐसी मदें जिन्हें लाभ या हानि के बाद पुन:वर्गीकृत नहीं किया जाएगा			
	- निवल निर्धारित अनुलाभ देयता / परिसंपत्ति का पुनर्मापन		(19,926)	(11,703)
	- अन्य व्यापक आय द्वारा इक्विटी विलेख		1	1
	- इक्विटी विधि के तहत परिकलित एसोसिएट की कुल व्यापक आय का हिस्सा (निवल कर)		(6)	4
	- इन मदों से संबंधित आय कर		5,014	2,947
	कुल अन्य व्यापक आय /(हानि) (निवल कर)		**(14,917)**	**(8,751)**

लाभ व हानि का समेकित विवरण

(₹ लाख में)

क्र. सं.	विवरण	टिप्पणी सं.	31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए	31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए
XIII	वर्ष की कुल व्यापक आय (XI+XII) [वर्ष के लाभ तथा अन्य व्यापक आय सहित]		2,25,105	2,01,225
XIV	निम्नलिखित से संबंधित निवल लाभ/ (हानि)			
	क) कंपनी के स्वामी		2,39,887	2,09,894
	ख) नियंत्रण रहित हित		135	82
	निम्नलिखित से संबंधित अन्य व्यापक आय			
	क) कंपनी के स्वामी		(14,917)	(8,751)
	ख) नियंत्रण रहित हित		-	-
	निम्नलिखित से संबंधित कुल व्यापक आय			
	क) कंपनी के स्वामी		2,24,970	2,01,143
	ख) नियंत्रण रहित हित		135	82
XV	**प्रति इक्विटी शेयर आर्जन (₹ 1/- प्रत्येक का अंकित मूल्य) -**	30(1)		
	(1) मूल [आईएनआर में]		9.85	8.62
	(2) परिवर्तित [आईएनआर में]		9.85	8.62

उल्लेखनीय लेखा नीतियाँ एवं साथ में दी गई टिप्पणियाँ वित्तीय विवरणों का अभिन्न हिस्सा हैं।

हमारी संलग्न समान दिनांक की रिपोर्ट के अनुसार।

कृते **गुरु एंड जना**
सनदी लेखाकार
फर्म पंजी. सं. 006826एस

आनंदी रामलिंगम
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
(अतिरिक्त प्रभार)

दिनेश कुमार बत्रा
निदेशक (वित्त) एवं सीएफओ

अनंत प्रसाद बी आर
साझेदार
सदस्यता सं. - 218145

एस श्रीनिवास
कंपनी सचिव

वाराणसी
23 मई 2022

इक्विटी में परिवर्तन का समेकित विवरण

(₹ लाख में)

क. इक्विटी शेयर पूँजी

विवरण	टिप्पणी सं.	राशि
यथा 1 अप्रैल 2021 को शेष		24,366
वर्ष के दौरान इक्विटी शेयर पूँजी में परिवर्तन		
- शेयर जारी करना	16	-
- शेयरों की पुनर्खरीद		-
31 मार्च 2022 को शेष		**24,366**

विवरण	टिप्पणी सं.	राशि
यथा 1 अप्रैल 2020 को शेष		24,366
वर्ष के दौरान इक्विटी शेयर पूँजी में परिवर्तन		
- शेयर जारी करना	16	-
- शेयरों की पुनर्खरीद		-
31 मार्च 2021 को शेष		**24,366**

ख. अन्य इक्विटी

विवरण	टिप्पणी सं.	प्रारक्षण व अधिशेष					अन्य प्रारक्षण		नियंत्रण रहित हित	कुल अन्य इक्विटी
		पूँजीगत प्रारक्षण *	सहायक कंपनी के समेकन पर पूँजीगत प्रारक्षण *	पूँजी मोचन प्रारक्षण *	सामान्य प्रारक्षण	प्रतिधारित अर्जन	अन्य व्यापक आय के माध्यम से इक्विटी विलेख *	अन्य व्यापक आय *		
1 अप्रैल 2021 को शेष		**4,669**	**362**	**1,868**	**3,99,546**	**7,03,455**	**8**	**(28,316)**	**1,499**	**10,83,091**
वर्ष का लाभ		-	-	-	-	2,40,022	-	-	135	2,40,157
समेकन समायोजन		-	-	-	-	(135)	-	-	-	(135)
वर्ष के दौरान परिवर्धन		-	-	-	-	-	1	(14,918)	-	(14,917)
कुल		**4,669**	**362**	**1,868**	**3,99,546**	**9,43,342**	**9**	**(43,234)**	**1,634**	**13,08,196**
सामान्य प्रारक्षण को अंतरित राशि		-	-	-	40,000	(40,000)	-	-	-	-
पूँजीगत प्रारक्षण को अंतरित राशि		-	-	-	-	-	-	-	-	-
स्वामी के ओहदे में स्वामियों के साथ लेनदेन										
लाभांश	16	-	-	-	-	(1,02,335)	-	-	-	(1,02,335)
लाभांश वितरण कर	16	-	-	-	-	-	-	-	-	-
शेयर जारी करना	16	-	-	-	-	-	-	-	-	-
यथा 31 मार्च 2022को शेष		**4,669**	**362**	**1,868**	**4,39,546**	**8,01,007**	**9**	**(43,234)**	**1,634**	**12,05,861**

इक्विटी में परिवर्तन का समेकित विवरण

(₹ लाख में)

विवरण	टिप्पणी सं.	प्रारक्षण व अधिशेष					अन्य प्रारक्षण		नियंत्रण रहित हित	कुल अन्य इक्विटी
		पूँजीगत प्रारक्षण *	सहायक कंपनी के समेकन पर पूँजीगत प्रारक्षण *	पूँजी मोचन प्रारक्षण *	सामान्य प्रारक्षण	प्रतिधारित अर्जन	अन्य व्यापक आय के माध्यम से इक्विटी विलेख *	अन्य व्यापक आय *		
1 अप्रैल 2020 को शेष		**4,669**	**362**	**1,868**	**3,59,546**	**6,35,899**	**7**	**(19,564)**	**1,417**	**9,84,204**
वर्ष का लाभ		-	-	-	-	2,09,976	-	-	82	2,10,058
समेकन समायोजन		-	-	-	-	(82)	-	-	-	(82)
वर्ष के दौरान परिवर्धन		-	-	-	-	-	1	(8,752)	-	(8,751)
कुल		**4,669**	**362**	**1,868**	**3,59,546**	**8,45,793**	**8**	**(28,316)**	**1,499**	**11,85,429**
सामान्य प्रारक्षण को अंतरित राशि		-	-	-	40,000	(40,000)	-	-	-	-
पूँजीगत प्रारक्षण को अंतरित राशि		-	-	-	-	-	-	-	-	-
स्वामी के ओहदे में स्वामियों के साथ लेनदेन										
लाभांश	16	-	-	-	-	(1,02,338)	-	-	-	(1,02,338)
शेयर जारी करना	16	-	-	-	-	-	-	-	-	-
शेयरों की पुनर्खरीद	16	-	-	-	-	-	-	-	-	-
यथा 31 मार्च 2021 को शेष		**4,669**	**362**	**1,868**	**3,99,546**	**7,03,455**	**8**	**(28,316)**	**1,499**	**10,83,091**

* टिप्पणी 16 (ख) देखें

उल्लेखनीय लेखा नीतियाँ एवं साथ में दी गई टिप्पणियाँ वित्तीय विवरणों का अभिन्न हिस्सा हैं।

हमारी संलग्न समान दिनांक की रिपोर्ट के अनुसार।

कृते **गुरु एंड जना**
सनदी लेखाकार
फर्म पंजी. सं. 006826एस

आनंदी रामलिंगम
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
(अतिरिक्त प्रभार)

दिनेश कुमार बत्रा
निदेशक (वित्त) एवं सीएफओ

अनंत प्रसाद वी आर
साझेदार
सदस्यता सं. - 218145

एस श्रीनिवास
कंपनी सचिव

वाराणसी
23 मई 2022

समेकित नकदी प्राप्ति विवरण

(₹ लाख में)

विवरण	31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए	31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए
क. प्रचालनीय कार्यकलापों से नकदी प्राप्ति -		
संबंद्ध संस्थान के शेयर के बाद परंतु असाधरण मदों और कर से पहले लाभ	3,21,200	2,97,220
इनके लिए समायोजन		
मूल्यह्रास एवं परिशोधन व्यय	40,113	38,732
विकासाधीन अमूर्त परिसंपत्तियों का प्रावधान	-	7,213
विकासाधीन अमूर्त परिसंपत्तियाँ, जिन्हें प्रभारित किया गया	-	75
प्रभारित डबल्यूआईपी पूँजी	-	1,468
कार्पोरेट सामाजिक दायित्व	5,348	4,711
सरकारी अनुदान से अंतरण	(1,713)	(1,736)
ब्याज की आय	(17,645)	(6,050)
पट्टे की देयता पर ब्याज	306	24
वित्त लागत	199	613
संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की बिक्री पर लाभ	(45)	(121)
कार्यशील पूँजी में परिवर्तन से पहले प्रचालनीय लाभ	**3,47,763**	**3,42,149**
निम्नलिखित के कारण वृद्धि / (कमी)		
व्यापार प्राप्य	45,390	16,203
ऋण	12	4,079
अन्य वित्तीय लागत	(3,456)	(2,713)
अन्य परिसंपत्तिया	(1,15,459)	(90,272)
वस्तुसूचियाँ	(61,188)	(99,651)
व्यापार देय	7,045	84,886
अन्य वित्तीय देयताएँ	6,093	7,891
प्रावधान	26,755	14,650
अन्य देयताएँ	2,60,611	2,97,706
चालू कर परिसंपत्तियाँ	(12,415)	(12,299)
प्रचालनों से जनित नकद	**5,01,151**	**5,62,629**
अदा किया गया आय कर (निवल)	(80,429)	(53,307)
असाधारण मदों से पहले नकदी प्राप्ति	**4,20,722**	**5,09,322**
असाधारण मदें	-	-
प्रचालनीय कार्यकलापों से / (में प्रयुक्त) निवल नकद	**4,20,722**	**5,09,322**
ख. निवेश संबंधी कार्यकलापों से नकदी प्राप्ति-		
संपत्ति, संयंत्र और उपकरण तथा अन्य अमूर्त परिसंपत्तियों की खरीद	(55,456)	(46,925)
घटाएँ- अनुदान की प्राप्ति	-	-
संपत्ति, संयंत्र और उपकरण तथा अन्य अमूर्त परिसंपत्तियों की खरीद (निवल)	(55,456)	(46,925)
संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण की बिक्री से प्राप्ति	740	133
मियादी जमा तथा अन्य बैंक शेष से वृद्धि / (कमी)	(4,23,480)	(1,99,223)
अन्य निवेश	(26,615)	(19,557)
प्राप्त ब्याज	17,645	6,050
निवेश संबंधी कार्यकलापों से / (में प्रयुक्त) निवल नकदी	**(4,87,166)**	**(2,59,522)**

समेकित नकदी प्राप्ति विवरण

(₹ लाख में)

विवरण	31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए	31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए
ग. वित्त संबंधी कार्यकलापों से नकदी प्राप्ति-		
उधार से प्राप्ति / चुकौती (निवल)	-	(833)
कार्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) खर्च	(4,757)	(3,670)
अदा किया गया लाभांश (लाभांश कर सहित)	(1,02,331)	(1,02,274)
पट्टे की देयता पर ब्याज	(167)	(159)
पट्टे की देयता पर ब्याज	(306)	(24)
वित्त लागत	(199)	(613)
वित्त संबंधी कार्यकलापों से / (में प्रयुक्त) निवल नकदी	**(1,07,760)**	**(1,07,573)**
नकद और नकद समतुल्यों में निवल वृद्धि / (कमी) (क+ख+ग)	**(1,74,204)**	**1,42,227**
वर्ष के प्रारंभ में नकद और नकद समतुल्य	**3,04,290**	**1,62,063**
वर्ष के अंत में नकद और नकद समतुल्य	**1,30,086**	**3,04,290**

1. वित्त संबंधी कार्यकलापों के कारण देयताओं के संबंध में निर्धारित नकद-इतर परिवर्तन
   (i) मूल कंपनी - कुछ नहीं (कुछ नहीं)
   (ii) सहायक कंपनी बेलोप - कुछ नहीं (कुछ नहीं)
   (iii) सहायक कंपनी बीईएल-थेलेस - कुछ नहीं (कुछ नहीं)
2. उल्लेखनीय लेखा नीतियाँ एवं साथ में दी गई टिप्पणियाँ वित्तीय विवरणों का अभिन्न हिस्सा है ।

हमारी संलग्न समान दिनांक की रिपोर्ट के अनुसार।

कृते गुरु एंड जना
सनदी लेखाकार
फर्म पंजी. सं. 006826एस

आनंदी रामलिंगम
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
(अतिरिक्त प्रभार)

दिनेश कुमार बत्रा
निदेशक (वित्त) एवं सीएफओ

अनंत प्रसाद वी आर
साझेदार
सदस्यता सं. - 218145

एस श्रीनिवास
कंपनी सचिव

वाराणसी
23 मई 2022

लेखों की टिप्पणियाँ

(₹ लाख में)

टिप्पणी 1 - संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण

विवरण	सकल वहनीय राशि				मूल्यह्रास/परिशोधन				निवल वहनीय राशि	
	यथा 1 अप्रैल 2021	वर्ष के दौरान परिवर्धन/ समायोजन	वर्ष के दौरान कटौतियाँ / समायोजन	यथा 31 मार्च, 2022	यथा 1 अप्रैल 2021 को संचित मूल्यह्रास / परिशोधन	वर्ष का मूल्यह्रास / परिशोधन	वर्ष के दौरान कटौतियाँ / समायोजन	यथा 31 मार्च, 2022	यथा 31 मार्च, 2022	यथा 31 मार्च, 2021
स्वामित्व की परिसंपत्ति										
पूर्णस्वामित्व की भूमि	13,711	606	-	14,317	-	-	-	-	14,317	13,711
सड़क और पुलिया	2,216	55	-	2,271	396	117	-	513	1,758	1,820
इमारतें	82,826	5,718	-	88,544	12,158	3,400	-	15,558	72,986	70,668
संस्थापनाएँ	4,847	275	2	5,120	2,432	450	2	2,880	2,240	2,415
संयंत्र और मशीनरी	1,61,274	14,915	146	1,76,043	70,442	15,697	146	85,993	90,050	90,832
इलेक्ट्रॉनिक उपकरण	60,147	5,169	511	64,805	37,802	7,220	363	44,659	20,146	22,345
अनु. व वि. लैब के उपकरण	46,958	5,567	34	52,491	30,260	7,241	34	37,467	15,024	16,698
वाहन	875	271	50	1,096	540	136	32	644	452	335
कार्यालयीन उपकरण	12,260	1,882	51	14,091	7,837	1,750	51	9,536	4,555	4,423
फर्नीचर, फिक्सर तथा अन्य उपस्कर	9,439	802	63	10,178	5,014	940	62	5,892	4,286	4,425
प्रायोजित अनुसंधान के लिए अर्जित परिसंपत्तियाँ	65	-	-	65	65	-	-	65	-	-
परिसंपत्ति के उपयोग का अधिकार										
पट्टाधारित भूमि	20,839	757	541	21,055	203	163	13	353	20,702	20,636
अन्य परिसंपत्तियों का पट्टा	440	4,459	37	4,862	198	280	37	441	4,421	242
कुल	**4,15,897**	**40,476**	**1,435**	**4,54,938**	**1,67,347**	**37,394**	**740**	**2,04,001**	**2,50,937**	**2,48,550**

विवरण	सकल वहनीय राशि				मूल्यह्रास/परिशोधन				निवल वहनीय राशि	
यदि भारतीय ए.एस. 116 की अपेक्षाओं के अनुसार कोई करार पट्टे के रूप में योग्य बनता है तो कंपनी इसका मूल्यांकन करती है। पट्टे की पहचान करना निर्णायक होता है। कंपनी पट्टे के निबंधन (प्रत्याशित नवीकरणों सहित) और लागू बट्टा दर का मूल्यांकन करने में महत्वपूर्ण निर्णय लेती है।

बट्टे की दर सामान्य रूप से मूल्यांकन किए जा रहे पट्टे की वृद्धिशील उधार दर पर आधारित होती है।

टिप्पणी 37 - हाल ही में की गई लेखा उद्घोषणाएं

कार्पोरेट कार्य मंत्राचलय ("एमसीए") ने समय-समय पर जारी कंपनी (भारतीय लेखा मानक) के तहत मौजूदा मानकों में नए मानक या संशोधन अधिसूचित किए हैं। 23 मार्च, 2022 को एमसीए ने कंपनी (भारतीय लेखा मानक) संशोधन नियम, 2022 में निम्नानुसार संशोधन किया है-

भारतीय एएस 16 - संपत्ति, संयंत्र और उपकरण - इस संशोधन में स्पष्ट किया गया है कि परीक्षण की लागत पर निर्मित उत्पादों की निवल बिक्री प्राप्ति का अतिरेक, यदि कोई हो, लाभ या हानि में निर्धारित नहीं किया जाएगा बल्कि संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की मद की लागत के भाग के रूप में विचार की गई प्रत्यक्ष रूप से स्रोतजन्य लागतों से काटा जाएगा। इस संशोधन को अपनाने की प्रभावी तारीख 1 अप्रैल, 2022 के बाद से शुरु होने वाली वार्षिक अवधि होगी। कंपनी ने इस संशोधन का आकलन किया है और इसकी समेकित वित्तीय विवरणों पर इसका कोई प्रभाव नहीं है।

भारतीय एएस 37 - प्रावधान, आकस्मिक देयताएं और आकस्मिक परिसंपत्तियां - इस संशोधन में स्पष्ट किया गया है कि संविदा 'पूरी करने की लागत' में 'संविदा से प्रत्यक्ष रूप से संबंधित लागत' शामिल होगी। ऐसी लागत जो संविदा से प्रत्यक्ष रूप से संबंधित है उस लागत को पूरा करने की वृद्धिशील लागत हो सकती है (जैसे प्रत्यक्ष श्रम, सामग्री) या अन्य लागतों का आवंटन जो संविदा को पूरी करने से प्रत्यक्ष रूप से संबंधित होती हैं (जैसे संविदा पूरा करने में प्रयुक्त संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की मद के लिए मूल्यह्रास प्रभार का आवंटन)। इस संशोधन को अपनाने की प्रभावी तारीख 1 अप्रैल, 2022 के बाद से शुरु होने वाली वार्षिक अवधि होगी हालांकि इससे पहले अपनाने की अनुमति है। कंपनी ने इस संशोधन का आकलन किया है और इसका प्रभाव महत्वपूर्ण होना अपेक्षित नहीं है।

भारतीय लेखा मानक समेकित वित्तीय विवरणों पर उल्लेखनीय लेखा नीतियाँ

कार्पोरेट सूचना

साथ में दिए गए वित्तीय विवरणों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (धारक कंपनी) के वित्तीय विवरण हैं। कंपनी भारत में स्थित एक सरकारी कंपनी है और भारत में लागू कंपनी अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत निगमित है। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के शेयर भारत में दो मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध हैं। कंपनी का पंजीकृत कार्यालय और इसके कारोबार का मुख्य स्थान बेंगलूरु, कर्नाटक, भारत में स्थित है ।

कंपनी रक्षा उत्पादन विभाग, रक्षा मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन एक सरकारी क्षेत्र का उद्यम है। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड रक्षा क्षेत्र के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और प्रणालियों का निर्माण और आपूर्ति करती है। रक्षा क्षेत्र के अलावा, कंपनी असैनिक बाजार में भी सीमित स्तर तक मौजूद है।

उल्लेखनीय लेखा नीतियाँ

1. तैयार करने का आधार

वित्तीय विवरण भारत में आम तौर पर मान्य लेखा सिद्धांतों (जीएएपी) के अनुसार तैयार किए जाते हैं और प्रस्तुत किए जाते हैं जिनमें अनिवार्य भारतीय लेखा मानक (भारतीय एएस) [कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 जिसे कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 के नियम 3 के साथ पढ़ा जाना है], के तहत यथा अधिसूचित, समय-समय पर यथा संशोधित, और जो जहाँ तक लागू हैं, कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधान शामिल हैं और इन्हें निरंतरता के साथ लागू किया गया है।

2. प्राक्कलनों का प्रयोग

जीएएपी के अनुरूप वित्तीय विवरण की तैयारी के लिए प्रबंधन के लिए यह आवश्यक होता है कि वह ऐसे अनुमान और पूर्वानुमान लगाए जो वित्तीय विवरणों की तारीख पर रिपोर्ट की गई परिसंपत्तियों और देनदारियों की रिपोर्ट की गई राशियों, आकस्मिक देयता और आकस्मिक परिसंपत्तियों के प्रकटण को प्रभावित करते हैं। यद्यपि ऐसे अनुमान सभी उपलब्ध सूचनाओं को ध्यान में रखते हुए औचित्यपूर्ण और दूरदर्शी आधार पर किए जाते हैं, तथापि वास्तविक परिणाम इन अनुमानों से भिन्न हो सकते हैं और ऐसे अंतरों को उस अवधि में निर्धारित किया जाता है जिसमें परिणाम अभिनिश्चित किए जाते हैं।

3. मापन का आधार

वित्तीय विवरणों को ऐतिहासिक लागत के आधार पर तैयार किया गया है सिवाय निम्नलिखित परिसंपत्तियों और दायित्वों के, जिन्हें उचित मूल्य पर मापा गया है-

- व्युत्पन्नी वित्तीय विलेख, यदि कोई हो
- वित्तीय परिसंपत्तियाँ और देयताएँ जो उचित मूल्य पर मापे जाने योग्य हैं
- निर्धारित अनुलाभ परिसंपत्ति / देयता को निर्धारित अनुलाभ देयता के वर्तमान मूल्य में से योजित परिसंपत्तियों के उचित मूल्य को घटाकर निर्धारित किया जाता है ।

4. कार्यात्मक और प्रस्तुति मुद्रा

वित्तीय विवरण भारतीय रुपए (आईएनआर) में प्रस्तुत किए जाते हैं जो कंपनी की कार्यात्मक और प्रस्तुति मुद्रा है ।

5. राजस्व का निर्धारण

A. ग्राहकों के साथ ठेका से राजस्व

i. राजस्व को तब निर्धारित किया जाता है जब (या जैसे) कंपनी ग्राहक को वचनबद्ध माल या सेवाओं (जैसे परिसंपत्ति) को अंतरित करते हुए कार्य-निष्पादन की देयता को पूरी करती है ।

ii. **समय के साथ कार्य-निष्पादन देयता को पूरा करना**

क. राजस्व को ऐसे समय के दौरान निर्धारित किया जाता है जहाँ उस कार्य-निष्पादन देयता की पूर्ति के लिए हुई प्रगति को मापते हुए समय के साथ माल या सेवाओं का नियंत्रण अंतरित किया जाता है यदि निम्न से कोई भी एक मानदंड पूरा किया जाता हो-

- कंपनी के कार्य-निष्पादन से ग्राहक को कंपनी के कार्य-निष्पादन करने के साथ-साथ अनुलाभ प्राप्त करने और उनका उपभोग करने का हक मिलता है।
- कंपनी के कार्य-निष्पादन से किसी परिसंपत्ति को तैयार किया जाता है या बढ़ाया जाता है जिसे ग्राहक परिसंपत्ति सृजित करने या बढ़ने के साथ-साथ नियंत्रित करता है।
- कंपनी के कार्य-निष्पादन से कंपनी के वैकल्पिक उपयोग के साथ परिसंपत्ति तैयार नहीं की जाती और कंपनी को यथातिथि पूर्ण किए गए कार्य-निष्पादन के लिए भुगतान का प्रवर्तनीय हक होता है।

ख. कार्य-निष्पादन देयता को पूर्ण करने के लिए की हुई प्रगति का आंकलन रिपोर्टिंग की तारीख तक संविदा पर उपगत वास्तविक लागत से संविदा को पूरा करने के लिए अपेक्षित कुल प्राक्कलित लागत के अनुपात के आधार पर किया जाता है। यदि कार्य-निष्पादन देयता के परिणाम का विश्वसनीय अनुमान नहीं लगाया जा सकता है और जहां यह संभव है कि लागत की वसूली हो जाएगी, राजस्व को उपगत लागत की सीमा तक निर्धारित किया जाता है ।

ग. एएमसी संविदाओं के मामले में जहाँ समय विस्तारण कार्य-निष्पादन देयताओं को पूर्ण करने का एक मापदंड होता है, राजस्व को निर्गत पद्धति के अनुसार निर्धारित किया जाता है।

iii. **किसी निश्चित समय में कार्य-निष्पादन देयता को पूर्ण करना**

क. ऐसे मामलों में जहाँ नियंत्रण का अंतरण समय के साथ नहीं होता है, कंपनी उस समय बिंदु पर राजस्व को निर्धारित करती है जब कार्य-निष्पादन देयताएँ पूरी की जाती हैं।

ख. कार्य-निष्पादन देयता को तब पूरा माना जाता है जब ग्राहक परिसंपत्ति का नियंत्रण प्राप्त करता है। नियंत्रण को अंतरित करने के सूचकों में निम्नलिखित शामिल हैं -

- कंपनी ने परिसंपत्ति के भौतिक स्वामित्व का अंतरण किया है
- ग्राहक के पास परिसंपत्ति का न्यायिक अधिकार है
- ग्राहक ने परिसंपत्ति को स्वीकार किया है
- जब कंपनी को परिसंपत्ति पर भुगतान का वर्तमान अधिकार है
- ग्राहक के पास परिसंपत्ति के स्वामित्व का महत्वपूर्ण जोखिम और प्रतिफल है। महत्वपूर्ण जोखिम और प्रतिफल स्वामित्व के अंतरण का आंकलन संविदाओं के अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक शर्तों (इन्को-टर्म) के आधार पर किया जाता है ।

कारखाना बाह्य संविदा- कारखाना बाह्य संविदाओं के मामले में, राजस्व तब निर्धारित किया जाता है, जब पूर्व निरीक्षण और स्वीकृति, यदि आवश्यक हो, के बाद निर्दिष्ट माल को किसी शर्त के बिना विनियोजित किया जाता है।

एफ.ओ.आर. संविदाएँ- एफ.ओ.आर. संविदाओं के मामले में, राजस्व को तब निर्धारित किया जाता है, जब माल पूर्व निरीक्षण और स्वीकृति यदि निर्दिष्ट हो, के बाद वाहक को खरीददार तक पारेषित करने के लिए सौंप दिया जाता है, और एफ.ओ.आर. गंतव्य संविदाओं के मामले में, यदि इस बात की उचित अपेक्षा हो कि माल लेखांकन अवधि के भीतर गंतव्य तक पहुंच जाएगा।

ग. **बिल और होल्ड बिक्री**

बिल और होल्ड बिक्री को तब निर्धारित किया जाता है जब निम्नलिखित मानदंडों को पूरा किया जाता है-

- बिल और होल्ड बिक्री का समुचित कारण है
- उत्पाद की अलग से पहचान की गई है कि वह ग्राहक का है
- उत्पाद वर्तमान में ग्राहक को भौतिक हस्तांतरण के लिए तैयार है
- कंपनी उत्पाद का उपयोग करने या किसी अन्य ग्राहक को निर्देशित करने में असमर्थ है।

iv. मापन

क. राजस्व को लेनदेन मूल्य की ऐसी राशि में निर्धारित किया जाता है जो कार्य-निष्पादन देयता के लिए आबंटित की गई है।

लेन-देन की कीमत उस प्रतिफल की राशि है, जिसके लिए कंपनी को उम्मीद है कि वह तीसरे पक्ष की ओर से एकत्र की गई राशि को छोड़कर, किसी ग्राहक को वचनबद्ध माल या सेवाओं को स्थानांतरित करने के बदले में हकदार होगी।

मूल्य वृद्धि और ईआरवी के मामले में, राजस्व का निर्धारण संविदाजन्य शर्तों के अनुसार ग्राहक से वसूल की जाने वाली सर्वाधिक संभावित राशि पर किया जाता है ।

ख. जहां संविदाओं में कई कार्य-निष्पादन देयताएँ शामिल हैं, कंपनी संबंधित स्टैंड-अलोन बिक्री मूल्य के आधार पर प्रत्येक कार्य-निष्पादन दायित्व के लिए लेनदेन मूल्य आबंटित करती है।

संयुक्त संविदाएँ - संयुक्त संविदा के मामले में, जहां संस्थापना और कार्यारंभ या अलग से निर्धारित किए जाने वाले किसी अन्य घटक के लिए अलग शुल्क निर्धारित नहीं है, कंपनी लेनदेन के अलग से पहचाने जाने योग्य घटकों (माल की बिक्री, संस्थापना और कार्यारंभ आदि) का निर्धारण मानदंड लागू करती है और राजस्व को इन घटकों को स्टैंडअलोन बिक्री दर के आधार पर आबंटित करती है।

एकाधिक तत्व - ऐसे मामलों में जहाँ संस्थापना और कार्यारंभ अथवा कोई अलग से निर्धारित किए जाने वाला घटक निर्दिष्ट किया गया है जिसकी कीमत पर अलग से सहमति हुई है, तो कंपनी ऐसे लेनदेन के अलग से निर्धारित किए जाने योग्य घटक (माल की बिक्री तथा संस्थापना एवं कार्यारंभ आदि) पर निर्धाण मानदंड लागू करती है और ऐसे अलग घटकों की स्टैंडअलोन बिक्री कीमत के आधार पर उनके लिए राजस्व आबंटित करती है।

ग. अगर स्टैंड-अलोन बिक्री कीमत उपलब्ध नहीं है तो कंपनी स्टैंड-अलोन बिक्री कीमत का अनुमान लगाती है।

v. **जुर्माना**

संविदा में निर्दिष्ट जुर्माने (सुपुर्दगी में देरी के लिए निर्णीत हर्जाने सहित) को लेनदेन की कीमत दर का अंतर्निहित हिस्सा नहीं माना जाता यदि उसकी उगाही ग्राहक के समीक्षाधीन हो।

vi. **महत्वपूर्ण वित्तीय घटक**

रक्षा संबंधी परियोजनाओं के निष्पादन के लिए प्राप्त अग्रिमों को महत्वपूर्ण वित्तपोषण घटक निर्धारित करने के लिए विचार में नहीं लिया जाता क्योंकि इसका उद्देश्य संविदा में शामिल पक्षकारों के हितों की रक्षा करना है।

अन्य संविदाओं के लिए, महत्वपूर्ण वित्तपोषण घटक की विद्यमानता की समीक्षा मामला-दर-मामला आधार पर की जाती है।

ख. अन्य आय

अन्य आय का निर्धारण इस प्रकार किया जाता है -

i. ब्याज आय

ब्याज आय को प्रभावी ब्याज दर विधि का उपयोग करते हुए निर्धारित किया जाता है ।

ii. लाभांश आय

कंपनी द्वारा भुगतान प्राप्त करने का अधिकार स्थापित होने पर लाभांश आय को निर्धारित किया जाता है।

iii. किराए की आय

प्रचालनीय पट्टों से होने वाली किराए की आय का परिकलन पट्टे की अवधि पर सीधी रेखा आधार पर किया जाता है, जब तक किराए में वृद्धि अपेक्षित मुद्रास्फीति के अनुरूप नहीं होती है या अन्यथा उचित होती है।

iv. शुल्क की कमियां

निर्यात पर शुल्क की कमी के दावों का परिकलन प्रोद्भूत आधार पर किया जाता है।

v. अन्य आय

अन्य आय जिसे ऊपर विशिष्ट रूप से नहीं बताया गया है, को प्रोदभूत आधार निर्धारित किया जाता है।

6. संपत्ति, संयंत्र और उपकरण, पूंजीगत चालू कार्य

संपत्ति, संयंत्र और उपकरण को शुरू में लागत पर मापा जाता है और बाद में लागत में से संचित मूल्यह्रास और संचयी अनर्जक हानि, यदि कोई हो, को घटाकर मापा जाता है । इस उद्देश्य के लिए लागत में परिसंपत्ति को उसके स्थान और स्थिति में लाने से संबंधित सभी लागत शामिल किए जाते हैं। यदि किसी प्रावधान के लिए निर्धारण मानदंडों को पूरा किया जाता है, तो परिसंपत्ति को इसके उपयोग के बाद समाप्त करने के लिए अपेक्षित लागत का वर्तमान मूल्य संबंधित परिसंपत्ति की लागत में शामिल किया जाता है।

संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर की लागत जो प्रत्येक रिपोर्टिंग तारीख पर उनके आशयित उपयोग के लिए तैयार नहीं है, को पूंजीगत चालू कार्य के रूप में प्रकट किया जाता है।

पूंजीगत चालू कार्य में आपूर्ति-सह-निर्माण संविदाएं, स्थल पर प्राप्त एवं स्वीकृत पूंजी और मार्गस्थ एवं निरीक्षणाधीन पूंजीगत माल शामिल होते हैं।

7. अमूर्त परिसंपत्तियाँ, विकासाधीन अमूर्त परिसंपत्ति

आंतरिक उपयोग के लिए अर्जित साफ्टवेयर (जो संबंधित हार्डवेयर का एक अभिन्न हिस्सा नहीं है) और जिससे भविष्य में महत्वपूर्ण आर्थिक लाभ अपेक्षित है, उपयोग के लिए तैयार होने पर उसकी लागत को लेखा बहियों में एक अमूर्त परिसंपत्ति के रूप में निर्धारित किया जाता है। अमूर्त परिसंपत्तियाँ जो रिपोर्ट करने की तारीख तक अपने आशयित उपयोग के लिए तैयार नहीं हैं, को "विकासाधीन अमूर्त परिसंपत्ति" के रूप में वर्गीकृत किया जाता है ।

पूरे किए गए विकास कार्य की लागत, जहाँ कहीं अर्ह हो, को अमूर्त परिसंपत्ति के रूप में निर्धारित किया जाता है।

विकासाधीन कार्य की लागत, जहाँ कहीं अर्ह हो, को "विकासाधीन अमूर्त परिसंपत्तियाँ" के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

विकासाधीन अमूर्त परिसंपत्ति में विकास परियोजनाओं के लिए बाहरी एजें ंसियों को कंपनी द्वारा वित्त पोषित राशि और कंपनी द्वारा सामग्री की लागत, कर्मचारी लागत तथा अन्य प्रत्यक्ष व्यय पर उपगत व्यय शामिल होते हैं।

अमूर्त परिसंपत्तियों को प्रारंभिक रूप से लागत पर और उसके बाद लागत में से संचित परिशोधन और संचित अनर्जक हानि, यदि कोई हो, को घटाकर मापा जाता है।

अमूर्त परिसंपत्ति को निपटान पर या जब उसके उपयोग अथवा निपटान से कोई भावी आर्थिक अनुलाभ अपेक्षित नहीं होते हैं, निर्धारण से बाहर किया जाता है। अमूर्त परिसंपत्तियों को निर्धारण से बाहर किए जाने से होने वाली लब्धि या हानि, यदि कोई हो, को लाभ व हानि के विवरण में निर्धारित किया जाता है।

8. मूल्यह्रास / परिशोधन

मूल्यह्रास का परिकलन परिसंपत्तियों के अनुमानित उपयोगी जीवन पर सीधी रेखा आधार पर किया जाता है। तकनीकी आकलन के आधार पर कंपनी भवन, संयंत्र और उपकरण की कुछेक मदों तथा परिसंपत्तियों के अन्य वर्गों का मूल्यह्रास प्राक्कलित उपयोगी जीवन पर करती है जो कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची छ्में वर्णित उपयोगी जीवनकाल से अलग होते हैं। प्रबंधन का मानना है कि ये प्राक्कलित उपयोगी जीवनकाल वास्तविक हैं और उस अवधि के निष्पक्ष अनुमान को प्रतिबिंबित करते हैं जिन पर संपत्ति का उपयोग होने की संभावना है।

जहाँ परिसंपत्ति के किसी भाग की लागत उस परिसंपत्ति की कुल लागत के लिए उल्लेखनीय होती है और उस भाग का प्राक्कलित उपयोगी जीवनकाल शेष परिसंपत्ति के अनुमानित उपयोगी जीवनकाल से अलग होता है तो ऐसे उल्लेखनीय भाग के प्राक्कलित उपयोगी जीवनकाल का अलग से निर्धारण किया जाता है और उल्लेखनीय भाग को उसके प्राक्कलित उपयोगी जीवनकाल पर सीधी-रेखा पद्धति आधार पर मूल्यह्रास किया जाता है।

संपत्ति, संयंत्र और उपकरणों के अवशिष्ट मूल्य, उपयोगी जीवन और मूल्यह्रास की विधियों की समीक्षा प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में की जाती है और यदि उपयुक्त हो, तो भविष्यलक्षी रूप से समायोजित किया जाता है।

अमूर्त परिसंपत्तियों को उनके उपयोग के लिए उपलब्ध होने की तारीख से, उनके वैयक्तिक प्राक्कलित उपयोगी जीवनकाल पर सीधी रेखा पद्धति आधार पर परिशोधित किया जाता है। अवशिष्ट मूल्य, उपयोगी जीवन और परिशोधन के तरीकों की समीक्षा प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में की जाती है और उपयुक्त होने पर भविष्यलक्षी रूप से समायोजित किया जाता है।

9. संपत्ति, संयंत्र और उपकरण का निपटान

संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की कोई मद तथा उसका कोई भाग जिसे प्रारंभ में निर्धारित किया जाता है, को उनके निपटान पर या जब उनके उपयोग या निपटान से भविष्य में कोई आर्थिक अनुलाभ अपेक्षित नहीं होता है, को निर्धारण से बाहर किया जाता है। संपत्ति, संयंत्र और उपकरण को निर्धारण से बाहर करने के कारण प्राप्त लब्धि या हानि (जिसका परिकलन निवल निपटान प्राप्ति, यदि कोई हो, और संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की वहनीय राशि के बीच के अंतर के रूप में किया जाता है) को संपत्ति, संयंत्र और उपकरण को निर्धारण से बाह करने पर लाभ व हानि के विवरण में शामिल किया जाता है।

10. अनुसंधान और विकास व्यय

(i) अनुसंधान गतिविधि पर व्यय को उसके खर्चे की अवधि के दौरान व्यय के रूप में निर्धारित किया जाता है ।

(ii) विकास व्यय (ग्राहक के अनुरोध पर शुरू किए गए विशिष्ट विकास-सह-बिक्री संविदा और विकास संबंधी परियोजनाओं के अलावा), को उपगत होने पर व्यय के रूप में प्रभारित किया जाता है। विकास-सह-बिक्री संविदाओं और विकास संबंधी परियोजनाएं जो, ग्राहक के अनुरोध पर शुरू किए जाते हैं, पर विकास संबंधी व्यय को अन्य बिक्री संविदाओं के समान माना जाता है।

संयुक्त विकास परियोजनाओं के संबंध में किए गए विकास व्यय, जो विकास साझेदार द्वारा पूरी तरह से प्रतिपूर्ति नहीं किए गए हैं, आगे ले जाया जाते हैं जहां कंपनी को उत्पादन एजेंसी के रूप में नामित किया गया है और जिनसे भविष्य के आर्थिक लाभ की उम्मीद है।

विकास परियोजनाओं की आवधिक समीक्षा की जाती है और अग्रेनीत राशि, यदि कोई हो, को ग्राहक द्वारा आदेश के लिए किसी प्रतिबद्धता के बिना परियोजना को बंद घोषित किए जाने पर शुल्क लिया जाता है।

(iii) अन्य विकास कार्यों से संबंधित व्यय (बाहरी एजेंसियों के सहयोग से किए जाने वाले संयुक्त विकास कार्य सहित) जहाँ अनुसंधान के परिणामों या अन्य ज्ञान का उपयोग नए या वर्धिक उत्पादों या प्रक्रियाओं को विकसित करने के लिए किया जाता है, को अमूर्त परिसंपत्ति के रूप में निर्धारित किया जाता है यदि भारतीय एएस 38 में दिए निर्धारण मानदंड पूरे किए जाते हों और जब विकसित उत्पाद या प्रक्रिया को तकनीकी और वाणिज्यिक रूप से उपयोग करने की अपेक्षा हो, कंपनी के पास इसको पूर्ण रूप से विकसित कर इस अमूर्त परिसंपत्ति का उपयोग करने या बिक्री करने के लिए पर्याप्त संसाधन हों और वह उत्पाद या प्रक्रिया से भावी आर्थिक अनुलाभ प्राप्त होने की संभावना हो।

(iv) ग्राहक से प्राप्त कोटेशन के अनुरोध के आधार पर, लागत नहीं, प्रतिबद्धता नहीं (एनसीएनसी) परीक्षणों में भाग लेने के लिए विकास संबंधी परियोजनाओं पर किए गए खर्च को परीक्षण समाप्त होने तक आगे ले जाया जाता है और इन्हें आदेशों के प्राप्त होने पर परिशोधित किया जाता है।

यदि ग्राहक का आदेश तुरंत प्राप्त नहीं होने वाला है -

- राशि पूँजीकृत कर दी जाती है यदि उसके उपयोग से अतिरिक्त आर्थिक अनुलाभ अपेक्षित हो, या
- परियोजना को ग्राहक / अंतिम प्रयोक्ता द्वारा आदेश देने की किसी प्रतिबद्धता के बिना बंद किए जाने पर राशि प्रभारित कर दी जाती है।

11. तकनीकी जानकारी पर व्यय

तकनीकी जानकारी पर किए गए खर्च को ऐसे खर्च के उपगत होने पर लाभ व हानि के विवरण में प्रभारित किया जाता है जब तक कि वह पृथक रूप से स्वयं या अन्य परिसंपत्तियों / व्ययों के संयोजन से एक अमूर्त परिसंपत्ति के रूप में निर्धारित करने के लिए अर्ह नहीं बन जाता है ।

12. निवेश संपत्ति

निवेश संपत्तियों को प्रारंभ में लेनदेन लागत सहित लागत पर मापा जाता है। प्रारंभिक निर्धारण के बाद निवेश संपत्तियों को लागत में से संचित मूल्यह्रास और संचित हानि के नुकसान, यदि कोई हो, पर मापा जाता है।

13. गैर-वित्तीय परिसंपत्तियों का ह्रास

कंपनी प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर यह मूल्यांकन करती है कि क्या किसी परिसंपत्ति के ह्रास होने के कोई संकेत तो नहीं है। अगर कोई संकेत मौजूद है, या जब परिसंपत्ति के लिए वार्षिक हानि जांच की आवश्यकता होती है, तो कंपनी परिसंपत्ति की वसूली योग्य राशि का अनुमान लगाती है। एक परिसंपत्ति की वसूली योग्य राशि उसे माना जाता है जो परिसंपत्ति या नकद-पैदा करने वाली यूनिट (सीजीयू) के उचित मूल्य में से उसके निपटान लागत और उपयोग के दौरान उसके मूल्य को घटाकर जो राशि बचती है, उससे अधिक हो। किसी वैयक्तिक परिसंपत्ति की वसूल योग्य राशि निर्धारित की जाती है जब तक कि परिसंपत्ति द्वारा ऐसी नकदी प्राप्ति नहीं होती जो अन्य परिसंपत्तियों या परिसंपत्ति के समूह से उत्पन्न नकदी प्रवाह से अधिकतर स्वतंत्र नहीं है। जब किसी परिसंपत्ति या सीजीयू की वहनीय राशि इसकी वसूली योग्य राशि से अधिक होती है, तो परिसंपत्ति को ह्रासमान माना जाता है और उसे उसकी वसूली योग्य राशि से बट्टे खाते में डाल दिया जाता है।

उपयोग के दौरान मूल्य का आंकलन करने में प्राक्कलित भावी नकदी प्रवाह को उस समय प्रचलित बाज़ार मूल्यांकन को और उचित मूल्य में से निपटान की लागत को घटाकर उसे निर्धारित करने में परिसंपत्ति विशिष्ट जोखिम को प्रतिबिंबित करने वाले कर-पूर्व डिस्काउंट दर का उपयोग करते हुए उसके वर्तमान मूल्य पर बट्टा दिया जाता है।

ह्रास के प्रावधान को तब व्युत्क्रमित किया जाता है जब किसी परिसंपत्ति या नकद सृजित करने वाली यूनिट (सीजीयू) की प्राक्कलित सेवा संभाव्यता में, ऐसी परिसंपत्ति के ह्रास को अंतिम बार निर्धारित करने की तारीख के बाद, पुनर्मूल्यांकन पर, उपयोग या बिक्री से, बढ़ोत्तरी होती हो।

14. पट्टे

पट्टेदार के रूप में कंपनी-

तृतीय पक्षकारों की संविदाएँ जिनसे कंपनी को किसी परिसंपत्ति के उपयोग का अधिकार प्राप्त होता है, का परिकलन भारतीय ए.एस. 116 - पट्टे के प्रावधानों के अनुसार किया जाता है, यदि लेखा मानक में निर्दिष्ट निर्धारण मानदंड पूरे होते हों।

अल्पकालिक पट्टों से और कम मूल्य की परिसंपत्तियों से संबंधित पट्टों के भुगतान को पट्टे की अवधि पर सीधी रेखा आधार पर या अन्य क्रमबद्ध आधार, जो लागू हो, पर व्ययों के रूप में प्रभारित किया जाता है।

प्रारंभ की तारीख पर, "प्रयोग का अधिकार" के मूल्य को पट्टे के बकाया मूल्य के वर्तमान मूल्य तथा अंतर्निहित परिसंपत्ति को अलग करने या हटाने तथा जिसे संयंत्र, संपत्ति और उपकरण के भाग के रूप में प्रस्तुत किया गया है, की किसी प्रारंभिक प्रत्यक्ष लागत या प्राक्कलित लागत, यदि कोई हो, पर पूँजीकृत किया जाता है।

इसके बाद प्रयोग का अधिकार परिसंपत्ति का मापन लागत मॉडल द्वारा किया जाता है।

पट्टे की देयता उस राशि के लिए सृजित की जाती है जो पट्टे के बकाया भुगतान के वर्तमान मूल्य के समतुल्य हो और उसे उधार के रूप में दर्शाया जाता है।

पट्टे के प्रत्येक भुगतान को सृजित देयता और वित्त लागत के बीच आबंटित किया जाता है। वित्त लागत को पट्टे की अवधि पर लाभ व हानि के विवरण में प्रभारित किया जाता है ताकि इससे प्रत्येक अवधि के लिए देयता की शेष राशि पर ब्याज की स्थिर आवधिक दर प्राप्त हो सके।

प्रयोग के अधिकार की परिसंपत्ति का मूल्यह्रास परिसंपत्ति के उपयोगी जीवनकाल से कम अवधि पर और सीधी रेखा आधार पर पट्टे की अवधि पर किया जाता है ।

पट्टे के भुगतान को पट्टे में निहित ब्याज दर का उपयोग कर भुनाया जाता है यदि इसकी दर निर्धारित की जा सकती हो या कंपनी की वृद्धिशील उधार दर पर भुनाया जाता है।

पट्टे के संशोधन, यदि कोई हो, का परिकलन अलग पट्टे के रूप में किया जाता है यदि मानक में निर्दिष्ट मानदंड पूरे किए जाते हों।

पट्टाकर्ता के रूप में कंपनी-

पट्टों को भारतीय ए.एस. - पट्टे में निर्दिष्ट निर्धारण मानदंडों के आधार पर प्रचालन पट्टे या वित्त पट्टे के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

क. वित्तीय पट्टा -

प्रारंभ की तारीख में, "पट्टे में निवल निवेश" के समतुल्य राशि लेनदारी के रूप में दर्शाई जाती है। "पट्टे में निवल निवेश" के मूल्य का मापन करने के लिए अंतर्निहित ब्याज दर का उपयोग किया जाता है।

पट्टे के प्रत्येक भुगतान को सृजित लेनदारी और वित्त आय के बीच आबंटित किया जाता है। वित्त लागत को पट्टे की अवधि पर लाभ व हानि के विवरण में निर्धारित किया जाता है ताकि पट्टे में निवल निवेश पर प्राप्ति की स्थिर आवधिक दर दर्शाई जा सके।

परिसंपत्ति की जाँच विनिर्धारण और भारतीय ए.एस. 109 - वित्तीय विलेख के अनुसार अनर्जकता की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए की जाती है।

पट्टे के संशोधन, यदि कोई हों, का परिकलन अलग पट्टे के रूप में किया जाता है यदि उक्त मानक में निर्दिष्ट निर्धारण मानदंड पूरे किए जाते हों।

ख. प्रचालनीय पट्टा -

कंपनी प्रचालनीय पट्टों के पट्टे के भुगतान को सीधी-रेखा आधार या किसी दूसरे क्रमबद्ध आधार, यदि आवश्यक हो, पर आय के रूप में निर्धारित करती है।

पट्टे के संशोधन, यदि कोई हों, का परिकलन अलग पट्टे के रूप में किया जाता है यदि उक्त मानक में निर्दिष्ट निर्धारण मानदंड पूरे किए जाते हों।

15. उधार की लागत

उधार की लागतें प्रत्यक्ष रूप से ऐसी परिसंपत्ति के अधिग्रहण, निर्माण या उत्पादन के कारण होती है जिसमें उसके आशयित उपयोग के लिए तैयार होने की सारभूत अवधि आवश्यक रूप से लगती है या बिक्री को परिसंपत्ति की लागत के भाग के रूप में पूँजीकृत किया जाता है । उधार की सामान्य लागतों को उस परिसंपत्ति पर खर्च की पूँजीकरण दर का उपयोग करते हुए अर्हक परिसंपत्तियों में पूँजीकृत किया जाता है । पूँजीकरण की दर विशिष्ट उधार को छोड़कर, सामान्य उधार बकाया पर लागू उधार की लागतों का भारित औसत होती है । उधार की अन्य सभी लागतों के व्यय उस अवधि में किए जाते हैं जिसमें वे उपगत होते हैं । उधार की लागतों में ब्याज और ऐसी अन्य लागतें शामिल होती है जो एक निकाय निधियों के उधार के संबंध में उपगत करता है । उधार की लागत में विनिमय के ऐसे अंतर भी शामिल होते हैं जहाँ तक उन्हें उधार की लागतों का समायोजन माना जाता है ।

16. सरकारी अनुदान

सरकार से प्राप्त अनुदान उचित मूल्य पर मापे जाते हैं जिन्हें शुरू में आस्थगित आय के रूप में निर्धारित किया जाता है।

अचल परिसंपत्ति के अधिग्रहण के कारण आस्थगित आय में उपलब्ध राशि को संबंधित परिसंपत्ति का ह्रास मूल्य के अनुपात में अधिग्रहण के लिए उपयोग किए जाने वाले सरकारी अनुदानों तक सीमित करते हुए लाभ और हानि विवरण में स्थानांतरित किया जाता है।

राजस्व व्यय के कारण आस्थगित आय में उपलब्ध राशि को कुल मंजूर लागत और वित्त-पोषण के अनुपात अनुमान के अनुसार व्यय और

सरकारी अनुदान तक सीमित रखते हुए वहित लाभ और हानि विवरण में स्थानांतरित किया जाता है।

17. वस्तुसूचियां

प्रयोज्य रद्दी को छोड़कर कंपनी के सभी वस्तु सूचियां मूल्य या निवल वसूली योग्य मूल्य में से कम पर मूल्यित किए जाते है। रद्दी अनुमानित निवल प्राप्य मूल्य पर मूल्यित किया जाता है। सामग्री की लागत का भारित औसत लागत सूत्र का उपयोग करते हुए पता लगाया जाता है।

कार्य प्रगति और तैयार माल की लागत में सामग्री, प्रत्यक्ष श्रम और उपयुक्त उपरिव्यय शामिल हैं।

वस्तु सूचियों के लिए पर्याप्त प्रावधान किया जाता है जो पांच वर्ष से अधिक पुराना हो, जो आगे उपयोग के लिए आवश्यक नहीं हो सकता है।

18. आय कर

आयकर में मौजूदा और आस्थगित कर शामिल हैं।

(i) वर्तमान आय कर

वर्तमान कर परिसंपत्तियां और देनदारियां कराधान प्रधिकारियों से अपेक्षित वसूली की या भुगतान की राशि पर मापे जाते है। इस राशि की गणना करने के लिए प्रयुक्त कर की दरें और कर कानून उन रिपोर्टिंग तारीखों पर अधिनियमित या मूल रूप से अधिनियमित होते हैं। ऐसी मदों से संबंधिक चालू कर जिसे प्रत्यक्ष रूप से अन्य व्यापक आय में निर्धारित किया जाता है या इक्विटी को अन्य व्यापक आय में या इक्विटी में निर्धारित किया जाता है, लाभ और हानि के विवरण में नहीं।

(ii) आस्थगित कर

आस्थगित कर रिपोर्टिंग तिथि पर वित्तीय रिपोर्टिंग प्रयोजनों के लिए परिसंपत्तियों और देनदारियों के कर आधारों के बीच अस्थायी अंतर और उनकी आगे लाई गई राशि के साथ तुलन-पत्र विधि का उपयोग करते हुए प्रदान किया जाता है।

आस्थगित कर परिसंपत्तियों को सभी कटौती योग्य अस्थायी अंतर, अप्रयुक्त कर क्रेडिट को आगे ले जाते हुए और अप्रयुक्त कर हानियों के लिए निर्धारित किया जाता है जहाँ तक कि इस बात की संभावना हो कि कर योग्य लाभ उपलब्ध होगा जिसके समक्ष कटौती योग्य अस्थायी अंतर का उपयोग किया जा सकता है।

आस्थगित कर परिसंपत्तियों की मात्रा प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर समीक्षा की जाती है और इस हद तक कम हो जाती है कि यह अब संभव नहीं है कि आस्थगित कर संपत्ति के सभी या हिस्से का उपयोग करने के लिए पर्याप्त कर योग्य लाभ उपलब्ध होगा।

19. वारंटियों के लिए प्रावधान

कार्य-निषादन की गारंटी और बेचे गए माल के प्रतिस्थापन / मरम्मत के कारण व्यय का प्रावधान प्रवृत्ति आधारित अनुमानों के आधार पर किया जाता है। ऐसे मामलों में जहाँ ऐसी प्रवृत्ति अभिनिश्चित नहीं की जा सकती, प्रबंधन के सर्वोत्तम प्राक्कलनों के आधार पर वारंटी का प्रावधान किया जाता है।

20. विदेशी मुद्राएं के लेनदेन और रूपांतरण

विदेशी मुद्राओं में लेन-देन शुरू में कंपनी द्वारा उस तारीख की संबंधित मुद्रा विनिमय दरों पर दर्ज किया जाता है जिस तारीख में ऐसे लेनदेन निर्धारित करने के लिए पहले अर्ह होते हैं। विदेशी मुद्रा में मूल्यवर्गित मौद्रिक परिसंपत्तियों और देयताओं को रिपोर्टिंग की तारीख में अंतिम मुद्रा-विनिमय दर का प्रयोग करते हुए कार्यशील मुद्रा में रूपांतरित किया जाता है। मौद्रिक मदों के निपटान या रूपांतरण से आने वाले अंतर को लाभ व हानि के विवरण में निर्धारित किया जाता है। गैर-मौद्रिक मदें जिन्हें विदेशी मुद्रा में ऐतिहासिक लागत के परिप्रेक्ष्य में मापा जाता है, को प्रारंभिक लेनदेन की तारीखों की मुद्रा-विनिमय दर का प्रयोग करते हुए रूपांतरित किया जाता है।

21. कर्मचारी हितलाभ

(i) संबंधित सेवाएँ प्रदान करने के बारह महीनों के भीतर पूरी तरह देय सभी कर्मचारी हितलाभों को अल्पावधि कर्मचारी हितलाभ के रूप में वर्गीकृत किया जाता है और उनमे मुख्य रूप से शामिल हैं (क) मजदूरी और वेतन; (ख) अल्पकालिक प्रतिपूरक अनुपस्थिति; (ग) लाभ-भाजन, प्रोत्साहन और बोनस और (घ) गैर-मौद्रिक लाभ जैसे चिकित्सा देखभाल, सहायता-प्राप्त परिवहन, कैंटीन सुविधाएं आदि, जिन्हें बट्टारहित आधार पर मूल्यांकित किया जाता है और संबंधित सेवाएं प्रदान करने की अवधि के दौरान निर्धारित किया जाता है।

(ii) दीर्घकालीन प्रतिपूरक अनुपस्थितियाँ जैसे वार्षिक छुट्टी, बीमारी छुट्टी और आधा वेतन छुट्टी को प्रक्षेपित यूनिट क्रेडिट विधि का प्रयोग करते हुए बीमांकिक आधार पर वार्षिक रूप से निर्धारित देयता के वर्तमान मूल्य तथा तुलन-पत्र में किए गए प्रावधान के वहनीय मूल्य के बीच के अंतर के रूप में निर्धारित किया जाता है और इसका प्रावधान किया जाता है।

(iii) कर्मचारियों को उपदान और कर्मचारी भविष्य निधि के भुगतान के लिए वृद्धिशील देयता का निर्धारण प्रक्षेपित यूनिट क्रेडिट विधि का प्रयोग करते हुए बीमांकिक आधार पर वार्षिक रूप से निर्धारित देयता के वर्तमान मूल्य और इस प्रयोजनार्थ स्थापित अनुमोदित ट्रस्ट जिसके लिए भविष्य निधि के मामले में मासिक अंशदान किए जाते हैं और उपदान के मामले में एकमुश्त अंशदान दिए जाते हैं, में वित्त-पोषित योजित परिसंपत्तियों के उचित मूल्य के बीच के अंतर के रूप में निर्धारित की जाती है।

(iv) बीईएल सेवानिवृत्त कर्मचारी अंशदायी स्वास्थ्य योजना (बीईआरईसीएचएस) के तहत वृद्धिशील देयता का निर्धारण प्रक्षेपित यूनिट क्रेडिट विधि का प्रयोग करते हुए बीमांकिक आधार पर वार्षिक रूप से किया जाता है और इसका प्रावधान किया जाता है।

(v) वर्ष की बीमांकिक देयता का निर्धारण प्रत्येक वर्ष जनवरी के अंत में कर्मचारियों के संदर्भ में किया जाता है।

(vi) बीमांकिक लाभ और हानि और योजित परिसंपत्तियों (ब्याज को छोड़कर) पर प्राप्ति और परिसंपत्ति की ऊपरी सीमा का प्रभाव (यदि कोई हो, ब्याज को छोड़कर) का निर्धारण अन्य व्यापक आय (ओसीआई) में तुरंत किया जाता है। निवल निर्धारित देयता (परिसंपत्ति) पर निवल ब्याज व्यय (आय) का परिकलन बट्टे की दर लागू करते हुए किया जाता है जिसका प्रयोग वर्ष के दौरान अंशदान और अनुलाभ भुगतानों के परिणामस्वरूप, किसी परिवर्तन को ध्यान में रखने के बाद, वित्तीय वर्ष के प्रारंभ में निवल निर्धारित देयता (परिसंपत्ति) में निवल निर्धारित देयता (परिसंपत्ति) को मापने में किया जाता है। निर्धारित अनुलाभ योजनाओं से संबंधित निवल ब्याज व्यय तथा अन्य व्ययों को लाभ व हानि के विवरण में निर्धारित किया जाता है।

जब किसी योजना का लाभ बदल जाता है या जब कोई योजना कम की जाती है, तो अनुलाभ में परिणामी परिवर्तन जो पिछली सेवा से या ऐसी कटौती पर लब्धि या हानि से संबंधित होता है, को लाभ व हानि के विवरण में तुरंत निर्धारित किया जाता है।

(vii) स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति अनुलाभों का भुगतान होने पर उसे राजस्व को प्रभारित किया जाता है।

(नगग) निर्धारित अंशदान योजना

कंपनी अपने कर्मचारियों के लिए कर्मचारी पेंशन योजना और अधिवार्षिता पेंशन योजना संचालित करती है जिन्हें निर्धारित योगदान योजनाओं के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। निर्धारित अंशदान योजनाओं के लिए, कंपनी कर्मचारियों के वेतन के एक निश्चित प्रतिशत पर स्वतंत्र रूप से संचालित निधियों में अंशदान देती है। इन योगदानों को लाभ व हानि के विवरण में दर्ज किया गया है। कंपनी की देयता इन योजनाओं में दिए गए अंशदान की सीमा तक ही सीमित है।

22. प्रावधान

A. प्रावधान

प्रावधान तब निर्धारित किए जाते हैं जब किसी पिछली घटना के परिणामस्वरूप कंपनी की वर्तमान देयता (कानूनी या प्रलक्षित) होती है, हो सकता है कि आर्थिक लाभों में शामिल संसाधनों का बहिर्वाह देयता के निपटान के लिए आवश्यक हो और ऐसी देयता की राशि का विश्वसनीय अनुमान लगाया जा सकता हो। जब कंपनी कुछ या सभी प्रावधानों की प्रतिपूर्ति की अपेक्षा करती है, उदाहरण के लिए, बीमा संविदा के तहत, प्रतिपूर्ति एक अलग परिसंपत्ति के रूप में निर्धारित की जाती है, लेकिन केवल तभी, जब प्रतिपूर्ति लगभग निश्चित हो। ऐसे प्रावधान से संबंधित व्यय किसी भी प्रतिपूर्ति के निवल के रूप में लाभ व हानि के विवरण में दर्शाया जाता है।

दुर्वह संविदाओं का प्रावधान तब निर्धारित किया जाता है जब संविदा से कंपनी को प्राप्त होने वाले अपेक्षित अनुलाभ संविदा के तहत इसकी देयताओं को पूरा करने की अपरिहार्य लागत से कम होते हैं। ऐसे प्रावधान को संविदा समाप्त होने की अपेक्षित लागत से कम के वर्तमान मूल्य और संविदा जारी रखने की अपेक्षित निवल लागत से मापा जाता है। प्रावधान स्थापित करने से पहले, कंपनी ऐसी संविदा से जुड़ी परिसंपत्तियों पर किसी प्रकार की अनर्जक हानि को निर्धारित करती है।

यदि धन के समय मूल्य का प्रभाव महत्वपूर्ण होता है तो चालू कर-पूर्व दर जो विनियोजित होने पर देयता के लिए विशिष्ट जोखिम दर्शाता है, का प्रयोग करते हुए ऐसे प्रावधानों को भुनाया जाता है। जब ऐसी भुनाई का उपयोग किया जाता है, तो समय बीतने के कारण प्रावधान में बढ़ोत्तरी को वित्त लागत के रूप में निर्धारित किया जाता है।

ख. आकस्मिक देयताएं / परिसंपत्तियाँ

आकस्मिक देनदारियों / परिसंपत्तियों को प्रबंधन की जानकारी तक वित्तीय विवरणों की टिप्पणियों के माध्यम से प्रकट किया जाता है।

23. नकद प्राप्ति विवरण

नकद प्राप्ति का विवरण भारतीय एएस 7 - नकदी प्राप्ति विवरण में वर्णित अप्रत्यक्ष विधि के अनुसार तैयार किया जाताहै।

24. उचित मूल्य का मापन

कंपनी कुछ वित्तीय विलेखों को अपने वित्तीय विवरणों में प्रत्येक रिपोर्टिंग तारीख पर उचित मूल्य पर मापती है जैसे व्युत्पन्नी तथा अन्य मदें।

सभी परिसंपत्तियां और देनदारियां जिनके लिए उचित मूल्य को वित्तीय विवरणों में मापा या प्रकट किया गया है, को निम्नतम स्तर इनपुट जो संपूर्ण रूप से उचित मूल्य के मापन के लिए महत्वपूर्ण है, के आधार पर उचित मूल्य के पदानुक्रम में वर्गीकृत किया जाता है -

स्तर 1 - समरूप परिसंपत्तियों या देयताओं के लिए सक्रिय बाजार में कोट की गई कीमतें (असमायोजित)।

स्तर 2 - स्तर 1 में शामिल कोट की गई कीमतों के अलावा अन्य निविष्टियाँ जो प्रत्यक्ष रूप से (यानी कीमतों के रूप में) या परोक्ष रूप से (यानी कीमतों से व्युत्पन्न) परिसंपत्ति या देयता के लिए प्रेक्षणीय है।

स्तर 3 - ऐसी परिसंपत्तियों या देयताओं की निविष्टियाँ जो प्रेक्षणीय बाज़ार आंकड़ों पर आधारित नहीं हैं (अप्रेक्षणीय निविष्टियां)।

उचित मूल्य प्रकटीकरण के प्रयोजनार्थ, कंपनी ने प्रकृति, विशेषताओं और परिसंपत्तियों या देयताओं के जोखिमों और उचित मूल्य पदानुक्रम के स्तर के आधार पर परिसंपत्तियों और देयताओं के वर्गों का निर्धारण किया है।

25. वित्तीय परिसंपत्तियां

(i) प्रारंभिक निर्धारण और मापन

सभी वित्तीय परिसंपत्तियां शुरू में उचित मूल्य पर निर्धारित की जाती हैं। यदि वित्तीय परिसंपत्तियों को लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर दर्ज नहीं किया जाता है, तो लेनदेन की लागत वित्तीय परिसंपत्ति के अधिग्रहण के कारण होती है जिसे परिसंपत्ति की लागत में शामिल किया जाता है।

(ii) अनुवर्ती मापन

अनुवर्ती माप के प्रयोजनार्थ, वित्तीय परिसंपत्तियों को चार श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है-

- परिशोधित लागत पर मापे गए ऋण विलेख,
- अन्य व्यापक आय (एफवीटीओसीआई) के माध्यम से उचित मूल्य पर मापे गए ऋण विलेख,
- लाभ या हानि (एफवीटीपीएल) के माध्यम से उचित मूल्य पर मापे गए ऋण विलेख, व्युत्पन्नी और इक्विटी विलेख,
- अन्य व्यापक आय (एफवीटीओसीआई) के माध्यम से उचित मूल्य पर मापे गए इक्विटी विलेख।

(iii) विनिर्धारण

किसी वित्तीय परिसंपत्ति या उसका हिस्से को तब विनिर्धारित किया जाता है जब परिसंपत्ति से नकदी प्राप्त करने के अधिकार की समय सीमा समाप्त हो जाती है।

(iv) व्यापार और अन्य लेनदारियां

लेनदारियों को प्रारम्भ में उचित मूल्य पर निर्धारित किया जाता है, जो ज्यादातर मामलों में मामूली मूल्य के लगभग होता है। यदि ऐसा कोई अनुवर्ती संकेत हो कि उन परिसंपत्तियों का ह्रास हो सकता है, तो हानि के लिए उनकी समीक्षा की जाती हैं।

26. वायदा संविदाएं

कंपनी अपने विदेशी मुद्रा जोखिमों का बचाव करने के लिए वायदा मुद्रा संविदा जैसे व्युत्पन्नी वित्तीय विलेखों का उपयोग करती है। ऐसे व्युत्पन्न वित्तीय विलेखों को प्रारंभ में उस तारीख को उचित मूल्य पर निर्धारित किया जाता है जिस पर व्युत्पन्नी संविदा की जाती है और बाद में उचित मूल्य पर फिर से मापा जाता है। व्युत्पन्नी को वित्तीय संपत्ति के रूप में लिया जाता है जब उचित मूल्य धनात्मक होता है और वित्तीय देयताओं के रूप में उचित मूल्य ऋणात्मक होता है।

27. अंतर्निहित व्युत्पन्नी

आवश्यकता पड़ने पर अंतर्निहित व्युत्पन्नी को समूह संविदा से अलग किया जाता है और उचित मूल्य पर मापा जाता है।

28. नकद और नकद समतुल्य

नकद में हस्तस्थ नकद और मांग जमा शामिल हैं। नकद समतुल्य तीन महीने या उससे कम की मूल परिपक्वता के अत्यधिक अल्पकालिक चलनिधि निवेश होते हैं जो नकदी की ज्ञात राशि में आसानी से परिवर्तनीय होते हैं और जो मूल्य में परिवर्तन के मामूली जोखिम के अधीन होता है।

बैंक ओवरड्राफ्ट, यदि कोई हो, को तुलन-पत्र में चालू देयताओं के तहत उधार के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

29. वित्तीय परिसंपत्तियों का ह्रास

भारतीय ए.एस. 109 के अनुसार, कंपनी ऋण जोखिम वाली वित्तीय परिसंपत्तियों के ह्रास के मापन एवं निर्धारण के लिए प्रत्याशित क्रेडिट हानि (ईसीएल) पद्धति का उपयोग करती है।

क. सरकार / सरकारी विभागों / सरकारी कंपनियों से कालातीत बकाया राशि को आम तौर पर ऐसी वित्तीय परिसंपत्तियों के क्रेडिट जोखिम में वृद्धि नहीं माना जाता है।

ख. यदि देय कानूनी कार्यवाही में विवादित होते हैं तो वहां प्रावधान किया जाता है अगर कोई निर्णय कंपनी के खिलाफ दिया जाता है, भले ही इसके लिए उच्चतर प्राधिकारियों / न्यायालयों में अपील की गई हो।

ग. समय की महत्वपूर्ण अवधि के बकाया देय की समीक्षा की जाती है और मामला-दर-मामला आधार पर प्रावधान किया जाता है।

हानि भत्ता (या व्युत्क्रमण) को लाभ व हानि के विवरण में व्यय / आय के रूप में निर्धारित किया जाता है ।

30. वित्तीय देयताएं

(i) प्रारंभिक निर्धारण और मापन

वित्तीय देयताओं को ऋण, उधार, प्रदेय या व्युत्पन्नी, के रूप में लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य में, जैसा उपयुक्त हो, पर वर्गीकृत किया जाता है ।

ऋण, उधार और प्रदेय को लेनदेनों की ऐसी निवल लागत उन पर दर्शाया जाता है जो प्रत्यक्ष रूप से उनके कारण सृजित होते हैं।

(ii) अनुवर्ती मापन

वित्तीय देयताओं का मापन नीचे बताए गए अनुसार उनके वर्गीकरण पर निर्भर करता है-

लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय देयताएं-

लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय देयताओं में लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य में प्रारंभिक निर्धारण पर दी गई वित्तीय देयताएं शामिल हैं। इस श्रेणी में कंपनी द्वारा तैयार किए गए ऐसे व्युत्पन्नी वित्तीय विलेख भी शामिल हैं, जिन्हें भारतीय ए.एस. 109 में परिभाषित बचाव संबंधों में बचाव विलेख के रूप में निर्दिष्ट नहीं किया गया है। विलगित अंतर्निहित व्युत्पन्नों को भी व्यापार के लिए धारित के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, जब तक कि उन्हें प्रभावी बचाव विलेख नहीं कहा जाता है। व्यापार के लिए धारित देयताओं पर लाभ या हानि को लाभ व हानि के विवरण में निर्धारित किया जाता है ।

(iii) ऋण और उधार

प्रारंभिक निर्धारण के बाद, ब्याजयुक्त ऋणों और उधार को कबाद में प्रभावी ब्याज दर पद्धति (ईआईआर) का उपयोग करते हुए परिशोधित लागत पर मापा जाता है। लाभ और हानि को लाभ या हानि के रूप में तब निर्धारित किया जाता है जब देयताओं को ईआईआर परिशोधन प्रक्रिया के साथ-साथ विनिर्धारित किया जाता है ।

वित्तीय देयता को तब विनिर्धारित किया जाता है जब देयता के तहत दायित्व का निर्वहन किया जाता है या उसे रद्द या समाप्त किया जाता है।

(iv) व्यापार और अन्य देय

देयताओं का निर्धारण प्राप्त माल या सेवाओं के लि भविष्य में अदा की गई राशि के लिए किया जाता है चाहे वे आपूर्तिकर्ता द्वारा बिल किए गए हों या न हों।

31. वित्तीय विलेखों का पुन: वर्गीकरण

कंपनी प्रारंभिक निर्धारण पर वित्तीय परिसंपत्तियों और देनदारियों का वर्गीकरण निर्धारित करती है। प्रारंभिक निर्धारण के बाद, वित्तीय परिसंपत्तियों के लिए कोई पुनर्वितरण नहीं किया जाता है जो इक्विटी उपकरण और वित्तीय देनदारियां हैं। वित्तीय साधनों के लिए जो ऋण के साधन हैं, एक पुनर्वर्गीकरण केवल तभी किया जाता है जब उन परिसंपत्तियों के प्रबंधन के लिए व्यापार मॉडल में बदलाव होता है। यदि कंपनी वित्तीय परिसंपत्तियों का पुनर्वर्गीकरण करती है, ऐसा पुनर्वर्गीकरण भविष्यलक्षी रूप से किया जाता है।

32. वित्तीय विलेखों का समंजन

वित्तीय परिसंपत्तियों और वित्तीय देयताओं का समंजन किया जाता है और निवल राशि की रिपोर्ट तुलन-पत्र में की जाती है यदि वर्तमान में निर्धारित राशियों को समंजित करने का कानूनी अधिकार प्रवर्तनीय हो और परिसंपत्तियों को वसूल करने और देयताओं को एक साथ निपटाने के लिए, निवल आधार पर निपटाने का आशय हो।

33. इक्विटी धारकों को नकद लाभांश और गैर-नकद वितरण

कंपनी इक्विटी धारकों को नकद या गैर नकद वितरण करने के लिए देयता निर्धारित करती है जब ऐसा वितरण अधिकृत हो और कंपनी के विवेकाधिकार में न हो।

34. त्रुटियां और अनुमान

यदि भारतीय ए.एस. में परिवर्तन के कारण या यदि परिवर्तन करने से वित्तीय विवरणओं के उपयोगकर्ताओं को अधिक संगत और विश्वसनीय सूचना मिलती है, तो कंपनी अपनी लेखांकन नीतियों का संशोधन करती है। लेखा नीतियों में परिवर्तन पूर्वव्यापी रूप से किए जाते हैं जब तक कि ऐसा करना अव्यवहार्य न हो ।

लेखा अनुमान में बदलाव, जिसके परिणामस्वरूप निर्धारित परिसंपत्तियों या देयताएं की मात्रा में परिवर्तन या लाभ और हानि का ब्यौरा परिवर्तन की अवधि (ओं) में भविष्यलक्षी रूप से लागू किया जाता है।

महत्वपूर्ण त्रुटियों की खोज पूर्वावधि, जिसमें ऐसी त्रुटि ज्ञात हुई की परिसंपत्तियो, देयताओं और इक्विटी की तुलनात्मक राशियों को दोबारा दर्शाते हुए पूर्व प्रभावी रूप से पुनरीक्षण में परिणामित होती हैं । पूर्व की अवधि के प्रारंभिक शेषों को भी दोबारा बताया जाता है ।

35. प्रति शेयर अर्जन

कंपनी अपने साधारण शेयरों के लिए मूल एवं परिवर्तन प्रति शेयर अर्जन डेटा दर्शाती है। प्रति शेयर मूल आय की गणना कंपनी के साधारण इक्विटी धारकों के लिए लाभ या हानि को विभाजित कर सामान्य शेयरधारकों की भारित औसत संख्या द्वारा, उस समय के दौरान बकाया साधारण शेयरों से की जाती है, जो अपने शेयरों के लिए समायोजित होते हैं। परिवर्तित प्रति शेयर अर्जत कमाई सामान्य इक्विटी धारकों के लिए मुनाफे या हानि का समायोजन करते हुए और बकाया साधारण शेयरों की भारित औसत संख्या, सभी शेयरों के लिए समायोजित, सभी परिवर्तित संभावित साधारण शेयरों के प्रभावों के लिए निर्धारित करते हुए निर्धारित की जाती है।

36. रिपोर्टिंग अवधि के बाद की घटनाएं

समायोजनीय घटनाएं ऐसी घटनाएं होती हैं जो रिपोर्टिंग अवधि के अंत में मौजूद परिस्थितियों का अतिरिक्त साक्ष्य प्रदान करती हैं । ऐसी घटनाओं के लिए वित्तीय विवरणों को जारी करने के प्राधिकरण से पहले समायोजित किया जाता है।

गैर-समायोजन घटनाएं ऐसी घटनाएं हैं जो रिपोर्टिंग अवधि के अंत तक उत्पन्न होने वाली स्थिति की संकेतक हैं। रिपोर्टिंग की तारीख के बाद गैर-समायोजन घटनाओं को हिसाब में नहीं लिया गया है, परंतु उन्हें प्रकट किया गया है।

37. समेकन के सिद्धांत

धारक कंपनी के वित्तीय विवरण, उसकी सहायक कंपनियों और उप-अनुषंगी संस्थाओं के लेखा परीक्षित वित्तीय विवरणों के साथ, अंतर समूह के सभी शेषों और लेनदेनों को हटाने के बाद परिसंपत्तियों, देयताओं, आय और व्यय की सभी मदों को एक साथ जोड़ते हुए लाइन-दर-लाइन आधार पर संयोजित किया गया है। एसोसिएट के ब्याज का परिकलन इक्विटी विधि का प्रयोग करते हुए किया जाता है। इन्हें प्रारंभिक रूप से लागत पर निर्धारित किया जाता है जिसमें लेनदेन की लागत शामिल है। प्रारंभिक निर्धारण के बाद, समेकित वित्तीय विवरणों में ग्रूप के लाभ व हानि का हिस्सा तथा इक्विटी परिकलित निवेश-स्वीकर्ता की अन्य व्यापक आय उस तारीख तक शामिल की जाती है जिसमें महत्वपूर्ण प्रभाव समाप्त होते हैं।

प्रारक्षण के संबंध में दर्शित राशि में धारक कंपनी के तुलन-पत्र के अनुसार संबंधित प्रारक्षण की राशि और सहायक कंपनियों तथा उप-अनुषंगी कंपनी

की संबंधित बढ़ोत्तरी में अधिग्रहण के बाद की बढ़ोत्तरी में इसका हिस्सा शामिल है।

समेकित वित्तीय विवरणों को समान परिस्थितियों में सदृश्य लेनदेनों एवं अन्य घटनाओं की एक समान लेखांकन नीतियों का प्रयोग करते हुए तैयार किया गया है जिन्हें जहाँ तक संभव हो, धारक कंपनी के वित्तीय विवरणों की भांति प्रस्तुत किया गया है।

जिस तारीख को निवेश किए गए हैं, उस तारीख में सहायक कंपनियों तथा उप-अनुषंगी कंपनी की इक्विटी के इसके शेयर में सहायक कंपनियों तथा उप-अनुषंगी कंपनी में अपने निवेश हेतु कंपनी की लागत के अतिरेख को "समेकन पर सुनाम" रूप में निर्धारित किया गया है जो समेकित वित्तीय विवरणों में परिसंपत्ति मानी जाती है। वैकल्पिक रूप से, जहाँ निवेश की तारीख में सहायक कंपनियों तथा उप-अनुषंगी कंपनी में इक्विटी का हिस्सा धारक कंपनी के निवेश की लागत से अधिक हो, इसे "पूँजीगत प्रारक्षण" के रूप में निर्धारित किया जाता है और समेकित वित्तीय विवरणों में "प्रारक्षण एवं अधिशेष" शीर्ष के तहत दर्शाया जाता है।

हमारी संलग्न समान दिनांक की रिपोर्ट के अनुसार।

कृते गुरु एंड जना
सनदी लेखाकार
फर्म पंजी. सं. 006826एस

आनंदी रामलिंगम
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
(अतिरिक्त प्रभार)

दिनेश कुमार बत्रा
निदेशक (वित्त) एवं सीएफओ

अनंत प्रसाद वी आर
साझेदार
सदस्यता सं. - 218145

एस श्रीनिवास
कंपनी सचिव

वाराणसी
23 मई 2022

फार्म ए.ओ.सी.-I

(₹ लाख में)

भाग "क"- सहायक कंपनियां

क्र. सं.	विवरण		
1	सहायक कंपनी का नाम	बीईएल ऑप्ट्रॉनिक डिवाइसेस लिमिटेड	बीईएल थालेस सिस्टम्स लिमिटेड
2	संबंधित सहायक कंपनी की रिपोर्टिंग अवधि, यदि मूल कंपनी की रिपोर्टिंग अवधि से अलग हो	लागू नहीं	लागू नहीं
3	विदेशी सहायक कंपनियों के मामले में संबंधित वित्तीय वर्ष की अंतिम तारीख को रिपोर्टिंग मुद्रा और मुद्रा विनिमय दर	लागू नहीं	लागू नहीं
4	शेयर पूंजी	8,451	5,762
5	प्रारक्षण व अधिशेष	15,981	524
6	कुल परिसंपत्तियां	36,815	9,062
7	कुल देयताएं	12,383	2,776
8	निवेश	-	-
9	कुल कारोबार	4,586	3,901
10	कराधान से पूर्व लाभ	769	560
11	कराधान का प्रावधान	253	39
12	कराधान के बाद लाभ	516	521
13	प्रस्तावित लाभांश	155	116
14	शेयरधारण का %	100%	74%

1	सहायक कंपनियां जिन्होंने अब तक कामकाज शुरु नहीं किया है, के नाम	कुछ नहीं	कुछ नहीं
2	सहायक कंपनियां जिन्हें वर्ष के दौरान परिसमाप्त या बेच दिया गया है, के नाम	कुछ नहीं	कुछ नहीं

फार्म ए.ओ.सी.-I

(₹ लाख में)

भाग "ख"- सहयोगी कंपनियां और संयुक्त उद्यम

क्र. सं.	सहयोगी कंपनियों के नाम	जीई बीई प्राइवेट लिमिटेड	डिफेंस इन्नोवेशन ऑर्गेनाइज़ेशन
1	नवीनतम लेखा परीक्षित तुलन-पत्र की तारीख	31 मार्च 2022	31 मार्च 2022
2	कंपनी द्वारा वर्षांत में धारित सहयोगी कंपनी के शेयर		
	सं.	26,00,000	50
	सहयोगी कंपनी में निवेश की राशि	260	1
	धारण का %	26%	50%
3	उल्लेखनीय प्रभाव दर्शाने संबंधी विवरण	मतदान के अधिकार	मतदान के अधिकार
4	सहयोगी कंपनी का समेकन न करने का कारण	लागू नहीं	*
5	नवीनतम लेखा परीक्षित तुलन-पत्र के अनुसार शेयरधारण के कारण निवल मालियत	23,299	-
6	वर्ष का लाभ / की हानि		
	i. समेकन में विचार किया गया	4,570	-
	ii. समेकन में विचार नहीं किया गया	-	-

* कोई नियंत्रण नहीं किया और साथ ही, इक्विटी निवेश के अलावा परिवर्ती प्राप्तियों पर कोई अधिकार नहीं

1	सहयोगी कंपनियों के नाम जिन्होंने अभी कामकाज शुरु नहीं किया है	कुछ नहीं	कुछ नहीं
2	सहयोगी कंपनियों के नाम जिन्हें वर्ष के दौरान परिसमाप्त किया गया	कुछ नहीं	कुछ नहीं

इसी तारीख की संलग्न रिपोर्ट के अनुसार

कृते गुरु एंड जना
सनदी लेखाकार
फर्म पंजी. सं. 006826एस

आनंदी रामलिंगम
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
(अतिरिक्त प्रभार)

दिनेश कुमार बत्रा
निदेशक (वित्त) एवं सीएफओ

अनंत प्रसाद बी आर
साझेदार
सदस्यता सं. - 218145

एस श्रीनिवास
कंपनी सचिव

वाराणसी
23 मई 2022

टिप्पणियाँ

टिप्पणियाँ

टिप्पणियाँ

BHARAT ELECTRONICS
QUALITY, TECHNOLOGY, INNOVATION

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड
(रक्षा मंत्रालय के अधीन भारत सरकार का उद्यम)
सीआईएन- L32309KA1954GOI000787

पंजीकृत और कार्पोरेट कार्यालय
आउटर रिंग रोड, नागवारा,
बेंगलूरु - 560 045, भारत
फोन : +91-80-2503 9300
: +91-80-6700 9300
फैक्स : +91-80-2503 9266
ई-मेल : secretary@bel.co.in
वेबसाइट : www.bel-india.in
टोल फ्री : 1800 425 0433

Concept, Content & Design WYATT Prism COMMUNICATIONS (info@wyatt.co.in)